सूर्योदय : 5:59
सूर्यास्त : 6:22
अधिकतम तापमान : 36.0
न्यूनतम : 22.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-289 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया


लखनऊ, रविवार, 31 मार्च 2024
20 रमजान, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक

# अवधनामा

www.avadhnama.com






20 रमजान 31.03.2024

सुन्नी हज़रात

| सेहरी | इफ्तार |
|---|---|
| 04:33 | 06:25 |

शिया हज़रात

| सेहरी | इफ्तार |
|---|---|
| 04:31 | 06:35 |

**उमरा, ज़ियारत**
उमरा और ईरान-ईराक़, शाम की जियारत के लिये संपर्क करें
**अलजवाद टूर्स एण्ड ट्रेवेल्स**
लखनऊ
**मौलाना सलीम अब्बास ज़ैदी**
मो. 9897328277
7905439594

# मेरठ से लोकसभा चुनाव का शंखनाद करेंगे पीएम मोदी

**चुनाव प्रचार**

- एनडीए के सभी नेता होंगे शामिल
- चार सौ पार का टारगेट में सबसे अहम है यूपी
- सुरक्षा की दृष्टि से सभी तैयारियां पूरी



**मेरठ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को उत्तर प्रदेश में अपने लोकसभा चुनाव अभियान की शुरुआत मेरठ में एक रैली से करेंगे, जहां भाजपा ने टीवी धारावाहिक रामायण से मशहूर हुए अभिनेता अरुण गोविल को अपना उम्मीदवार बनाया है। उत्तर प्रदेश के मेरठ में कल सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में पीएम मोदी की सार्वजनिक रैली की तैयारी चल रही है। पीएम मोदी की कल मेरठ में होने वाली रैली पर डीएम मेरठ का कहना है, सुरक्षा की दृष्टि से भी सभी तैयारियां पूरी हैं।

पीएम मोदी की कल मेरठ में होने वाली रैली पर यूपी बीजेपी अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने कहा कि पीएम मोदी कल एक सार्वजनिक कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। पहले चरण के लिए चुनाव प्रचार शुरू हो गया है...पीएम मोदी एक जनसभा को संबोधित करेंगे और अपनी सरकार के पिछले 10 साल का लेखा-जोखा बताएंगे। यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि पीएम मोदी का आगमन हमारे लिए खुशी की बात है...पश्चिम से लेकर पूरब तक बीजेपी की लहर है। हम देश में 400 और यूपी में सभी 80 सीटों का लक्ष्य हासिल करेंगे। कल मेरठ में पीएम मोदी की रैली में एनडीए के सभी सहयोगी शामिल होंगे। अपना दल की अनुप्रिया पटेल, आरएलडी के जयन्त चौधरी, सुभासपा के ओपी राजभर और निषाद पार्टी के संजय निषाद मौजदू रहेंगे।

# चार हस्तियों को सर्वोच्च सम्मान

## राष्ट्रपति मुर्मू ने पोते जयंत को सौंपा भारत रत्न, आडवाणी को आज मिलेगा सम्मान

**उपलब्धि**

- आडवाणी के घर पीएम मोदी, शाह और जेपी नड्डा मौजूद रहेंगे
- अब तक 53 हस्तियों को भारत रत्न दिया गया



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को 4 शख्सियतों को मरणोपरांत देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया। इनमें पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, पूर्व प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिम्हा राव, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर और कृषि वैज्ञानिक डॉ. एमएस स्वामीनाथन शामिल हैं।

भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को 31 मार्च को भारत रत्न दिया जाएगा। न्यूज एजेंसी एएनआई ने बताया राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू रविवार को आडवाणी के घर जाकर उन्हें सम्मानित करेंगी। तबीयत खराब होने के कारण आज वे नहीं आ सके। आडवाणी के घर पीएम मोदी, गृह मंत्री शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा मौजूद रहेंगे। राष्ट्रपति भवन में आयोजित आज के कार्यक्रम में चारों शख्सियतों के परिजनों ने यह सम्मान हासिल किया। नरसिम्हा राव के बेटे पीवी प्रभाकर राव, चौधरी चरण सिंह के पोते जयंत चौधरी, कर्पूरी ठाकुर के बेटे रामनाथ ठाकुर और एमएस स्वामीनाथन की बेटी नित्या राव ने राष्ट्रपति से यह सम्मान लिया। केंद्र ने इस साल 5 हस्तियों को भारत रत्न सम्मान देने का ऐलान किया था। 2014 में सत्ता संभालने के बाद से मोदी के कार्यकाल में मदन मोहन मालवीय, अटल बिहारी वाजपेयी, प्रणब मुखर्जी, भूपेन हजारिका और नानाजी देशमुख को यह सम्मान मिल चुका है।

> 2024 के 5 हस्तियों को मिलाकर इस सम्मान को अब तक हासिल करने वालों की संख्या 53 हो गई। नरसिम्हा राव देश के 9वें प्रधानमंत्री थे। पीएम मोदी ने उन्हें भारत रत्न देने की घोषणा करते वक्त कहा था- प्रधानमंत्री के रूप में नरसिम्हा राव गारू का कार्यकाल महत्वपूर्ण उपायों द्वारा चिह्नित किया गया था, जिसने भारत को वैश्विक बाजारों के लिए खोल दिया, जिससे आर्थिक विकास के एक नए युग को बढ़ावा मिला। चरण सिंह भारत के पांचवें प्रधानमंत्री थे। वे उत्तर प्रदेश के 5वें मुख्यमंत्री भी रहे थे। पीएम मोदी ने 9 फरवरी को उन्हें भारत रत्न देने की घोषणा करते वक्त कहा था- हमारी सरकार का यह सौभाग्य है कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी को भारत रत्न से सम्मानित किया जा रहा है।

# मार्च में ही सूरज ने उगली आग



**लखनऊ।** मार्च के मौसम में मई का एहसास हो रहा है। प्रदेश में अधिकतम के साथ न्यूनतम तापमान में भी बढ़ोत्तरी हुई है। गर्मी की तल्खी से शनिवार को भी लोगों को राहत नहीं मिली।

तीखी धूप के बीच प्रयागराज में अधिकतम पारा 40.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। झांसी और आगरा में भी अधिकतम तापमान 40 डिग्री पार जाकर क्रमशः 40.3 और 40.4 डिग्री दर्ज हुआ। इस बीच पारा पूरे प्रदेश में सामान्य से अधिक बना हुआ है और लोग चढ़ती गर्मी से अभी से परेशान होने लगे हैं। मौसम विभाग की ओर से जारी बुलेटिन में लखीमपुर खीरी में रात सबसे गर्म रही। यहां पर न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस रहा। 29 मार्च की अपेक्षा इसमें तीन डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

# भाजपा ने किया मैनिफेस्टो कमेटी का एलान, राजनाथ होंगे अध्यक्ष

- सीतारमण को संयोजक और पीयूष गोयल को सह संयोजक बनाया गया

**नई दिल्ली।** भाजपा ने अपनी मैनिफेस्टो कमेटी का एलान कर दिया है। दिग्गज भाजपा नेता और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को इस कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं, निर्मला सीतारमण को इसका संयोजक और पीयूष गोयल को सह संयोजक बनाया गया है। भाजपा मैनिफेस्टो कमेटी में अध्यक्ष समेत 27 सदस्यों को शामिल किया गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में यह समिति लोकसभा चुनाव के लिए अपने चुनावी वादों को लेकर विचार-विमर्श करेगी और उन्हें अमलीजामा पहनाएगी। इसके लिए समिति देश भर के लोगों से सुझाव मांगेगी।



**भाजपा की समिति में ये नाम है शामिल**

अर्जुन मुंडा, भूपेंद्र यादव, अर्जुनराम मेघवाल, किरेन रिजिजू, अश्विनी वैष्णव, धर्मेंद्र प्रधान, भूपेंद्र पटेल, हिमंत बिस्व सरमा, विष्णुदेव साय, मोहन यादव, शिवराज सिंह चौहान, वसुंधरा राजे, स्मृति ईरानी, जुएल ओराम, रविशंकर प्रसाद, सुशील मोदी, केशव प्रसाद मौर्य, राजीव चंद्रशेखर, विनोद तावड़े, राधामोहन दास अग्रवाल, मनजिंदर सिंह सिरसा, ओपी धनखड़, अनिल एंटनी, तारीक मंसूर के नाम शामिल हैं।

# हाजीपुर से चिराग पासवान ठोकेंगे ताल

**ऐलान**

- लोजपा-रामविलास ने उतारे उम्मीदवार
- जमुई से अरुण भारती को बनाया उम्मीदवार



**पटना।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सहयोगी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने पांच सीट पर अपने प्रत्याशियों ने नाम का एलान कर दिया है। हाजीपुर सीट से पार्टी प्रमुख चिराग पासवान चुनाव लड़ेंगे। वहीं मंत्री अशोक चौधरी की बेटी और महावीर न्यास बोर्ड के सचिव आचार्य किशोर कुणाल की बहू शांभवी चौधरी को समस्तीपुर लोकसभा से उम्मीदवार बनाया गया है। इस सीट से चिराग पासवान के चचेरे भाई प्रिंस राज सांसद हैं। सबसे ज्यादा चर्चित रहे जमुई लोकसभा सीट से अरुण भारती को उम्मीदवार बनाया है। हालांकि, चिराग पासवान ने पहले ही उन्हें सिंबल दे दिया था। अरुण भारती चिराग पासवान के अपने बहनोई हैं। दो दिन पहले ही अरुण भारती ने जमुई लोकसभा सीट से अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया था।

## न्यूज डायरी

**सुनीता से मिली कल्पना**

**रांची।** जेल में बंद झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने दिल्ली में सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल से मुलाकात की। मुख्यमंत्री आवास पर दोनों के मुलाकात हुई। बता दें कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को कथित शराब घोटाले के मामले में गिरफ्तार किया गया है, जबकि हेमंत सोरेन को कथित जमीन घोटाले के मामले में गिरफ्तार किया गया है। आम आदमी पार्टी के एक्स हैंडल पर दोनों की मुलाकात से जुड़ा एक वीडियो भी शेयर किया गया है। जिसमें कल्पना सोरेन और सुनीता केजरीवाल एक दूसरे से गले मिलते नजर आ रही हैं।

**बिजेंदर को मिला टिकट**

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के मथुरा से दो बार सांसद रहीं और सिने स्टार हेमामालिनी के ग्लैमर की काट करने के लिए कांग्रेस ने अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाज बिजेंदर सिंह को चुनाव मैदान में उतारा है। कांग्रेस से शनिवार को विजेंदर सिंह को मथुरा लोकसभा सीट से प्रत्याशी घोषित किया है। इससे जिले के जाट बाहुल्य मतदाताओं को भी आकर्षित किया जा सकेगा। मथुरा से दो बार सांसद रहीं और सिने स्टार हेमामालिनी के ग्लैमर की काट करने के लिए कांग्रेस ने अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाज बिजेंदर सिंह को चुनाव मैदान में उतारा है। कांग्रेस से विजेंदर सिंह को मथुरा लोकसभा सीट से प्रत्याशी घोषित किया है। इससे जिले के जाट बाहुल्य मतदाताओं को भी आकर्षित किया जा सकेगा।

# बारामती में सुप्रिया सुले की अजित की पत्नी से टक्कर

**प्रत्याशी**

- शरद गुट ने किया पांच उम्मीदवारों का एलान
- नीलेश लंके को अहमदनगर से टिकट



**मुंबई।** लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले से ही महाराष्ट्र में सियासी पारा बढ़ा हुआ है। अभी तक यहां विपक्षी एमवीए के बीच सीट बंटवारे पर सहमति तक नहीं बन पाई है और इसके घटक दलों ने अपने उम्मीदवारों के नामों का एलान करना शुरू कर दिया है।

शिवसेना (यूबीटी) के बाद अब राकांपा (शरदचंद्र पवार) ने भी पांच उम्मीदवारों की पहली लिस्ट घोषित कर दी है। वहीं, एनसीपी अजित गुट ने भी बारामती लोकसभा सीट से सुनेत्रा पवार को चुनावी लड़ाई में उतारा है। एनसीपी शरद गुट के नेता जयंत पाटिल ने इस लिस्ट की घोषणा की। उन्होंने बताया कि सुप्रिया सुले और अमोल कोल्हे को बारामती और शिरूर निर्वाचन क्षेत्रों से बरकरार रखा गया है।

वहीं, भास्कर भागरे को नासिक जिले की डिंडोरी सीट से और पूर्व कांग्रेस विधायक अमर काले को वर्धा से उम्मीदवार बनाया गया है। इसके साथ ही अजित पवार गुट से पाला बदलकर आने वाले नीलेश लंके को अहमदनगर लोकसभा सीट से टिकट दिया गया है। इस लिस्ट में सबसे बड़ा नाम सुप्रिया सुले का है। वहीं, भास्कर भागरे डिंडोरी (एसटी) सीट पर केंद्रीय मंत्री और मौजूदा भाजपा सांसद भारती पवार के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे।

# सुपुर्द-ए-खाक मुख्तार अंसारी

**अलविदा**

- जनाजे में उमड़ा समर्थकों का हुजुम
- मुख्तार के जनाजे में भारी संख्या में लोग उमड़े

अवधनामा संवाददाता



**गाजीपुर।** माफिया मुख्तार अंसारी का शव उसके पुश्तैनी कब्रिस्तान युसुफपुर के कालीबाग में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। इस दौरान भारी सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम किया गया था। मुख्तार की कब्र उसके पिता सुभानउल्ला अंसारी व मां बेगम राबिया खातून की कब्र के समीप खोदी गई थी। मुख्तार के जनाजे में भारी संख्या में लोग उमड़े थे। कब्रिस्तान में सिर्फ परिवार के लोगों को जाने की अनुमति थी, इसलिए लोग कब्रिस्तान के बाहर जुटे थे। लोगों की भारी भीड़ को देखते हुए मुख्तार के बेटे उमर ने खुद माइक ले लिया। उसने लोगों से पीछे हटने की अपील की। साथ ही लोगों को शांति बनाने की भी अपील की। भारी पुलिस बल और लोगों के हुजूम के बीच मुख्तार अंसारी को दफन कर दिया गया। मुख्तार के स्वजन में उनके बड़े भाई सांसद अफजाल अंसारी, पूर्व विधायक सिबगतुल्लाह अंसारी, भतीजे मुहम्मदाबाद विधायक सुहेब अंसारी, बेटा उमर अंसारी सहित सभी ने मुख्तार के कब्र पर मिट्टी देकर अंतिम विदाई दी।

**बेटे ने दिया मूछों को ताव**

सोशल मीडिया पर एक तस्वीर वायरल हुई, जिसमें बेटा पिता मुख्तार की मूछों को ताव देता नजर आ रहा है। नम आंखों से उमर अंसारी ने अपने पिता की मूंछों को आखिरी बार ताव दिया। दरअसल मुख्तार अंसारी को बड़ी मूछों का बहुत शौक था। अक्सर वह अपनी मूछों को सही करने और ताव देते नजर आते थे।

**अफजाल अंसारी और डीएम के बीच तीखी बहस**

मुख्तार अंसारी के भाई और सांसद अफजाल अंसारी की डीएम गाजीपुर के साथ तीखी बहस का वीडियो सामने आया है। डीएम गाजीपुर ने धारा 144 का हवाला देते हुए कहा कि मिट्टी देने केवल परिवार के लोग जाएं, पूरा कस्बा नहीं जाएगा। अगर धारा 144 का उल्लंघन हुआ तो सबके खिलाफ एफआईआर करेंगे। अफजाल अंसारी वीडियो में बोलते हुए दिख रहे हैं कि किसी के जनाजे में जाने और मिट्टी देने के लिए किसी की परमिशन लेने की जरूरत नहीं है। जितने लोग चाहे मिट्टी से सकते हैं।डीएम ने कहा कि वो जिला निर्वाचन अधिकारी हैं और नियम तोड़ने वालों पर एफआईआर कराएंगी। ये वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है।

**लोकसभा चुनाव** — भाजपा की आठवीं सूची, दूसरे दलों से आए सांसद पंजाब से लड़ेंगे चुनाव

# गुरदासपुर से सनी देओल का टिकट कटा

**चुनावी मैदान**

- हंसराज हंस फरीदकोट से लड़ेंगे चुनाव
- तरणजीत सिंह अमृतसर से चुनावी मैदान में



**कांग्रेस से आए रवनीत व परनीत को मिले टिकट**

पंजाब में कांग्रेस के लुधियाना के सांसद रवनीत बिट्टू कुछ समय पहले ही भाजपा में शामिल हुए थे। उन्होंने दिल्ली में पार्टी का दामन थामा था। बिट्टू पंजाब के पूर्व सीएम बेअंत सिंह के पोते हैं। वे दो बार लुधियाना से सांसद रह चुके हैं। इसके अलावा वे श्री आनंदपुर साहिब से भी सांसद का चुनाव जीत चुके हैं। उन्हें लुधियाना से पार्टी का टिकट मिल गया है।

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने अपने उम्मीदवारों की आठवीं सूची जारी कर दी है। सूची में ओडिशा की तीन, पंजाब की छह और पश्चिम बंगाल की दो लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों का एलान किया गया है। इसमें बड़ी खबर यह है कि पंजाब की गुरदासपुर लोकसभा सीट से मौजूदा सांसद और बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल का टिकट काट दिया गया है। उनकी जगह दिनेश सिंह को टिकट दिया गया है। इसके अलावा दूसरे दलों से आए सांसदों को भी टिकट दिया गया है। भाजपा ने शनिवार को जिन 11 लोकसभा सीटों के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा की, उसमें भर्तृहरि महताब, रवनीत सिंह बिट्टू, सुशील कुमार रिंकू और परनीत कौर जैसे कई नेताओं के नाम हैं। ये सभी हाल ही में अलग-अलग दलों से भाजपा में शामिल हुए थे। सभी को उन सीटों से ही चुनावी मैदान में उतारा गया है, जिनका वे मौजूदा लोकसभा में प्रतिनिधित्व करते हैं। इसके अलावा अमेरिका में पूर्व भारतीय राजदूत तरणजीत सिंह संधू अमृतसर से चुनावी मैदान में उतरेंगे। हंस राज हंस 2019 में भाजपा के टिकट पर उत्तर पश्चिम दिल्ली से जीते थे, उन्हें इस बार फरीदकोट सीट से चुनावी मैदान में उतारा गया है। बिट्टू ने 2009 में श्री आनंदपुर साहिब से पहली बार सांसद का चुनाव जीता था। इसके बाद वे 2014 और 2019 में लुधियाना लोकसभा सीट से चुनाव जीतकर संसद पहुंचे।

**महताब कटक से लड़ेंगे**

हाल ही में बीजद छोड़ने वाले अनुभवी सांसद महताब कटक से चुनाव लड़ेंगे। इसी तरह बिट्टू लुधियाना, कौर पटियाला और रिंकू जालंधर से चुनाव लड़ेंगे। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह के पोते बिट्टू और पंजाब के पूर्व सीएम अमरिंदर सिंह की पत्नी कौर दोनों कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे, जबकि रिंकू आम आदमी पार्टी में थे।

**411 उम्मीदवारों का एलान**

भाजपा ने 543 सदस्यीय लोकसभा चुनाव के लिये अब तक 411 सीट पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। लोकसभा की 543 सीट के लिए 19 अप्रैल से एक जून के बीच सात चरण में चुनाव होना है। मतगणना चार जून को होगी। भाजपा की पहली सूची में 195 नामों का एलान किया गया था, जिसमें 34 केंद्रीय और राज्य मंत्रियों के नाम सूची में थे।

# महारैली की महा तैयारी : रामलीला मैदान पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम

**इजाजत**

- किसी ने तोड़े नियम तो होगी कड़ी कार्रवाई
- पुलिस ड्रोन के जरिए पूरे इलाके पर निगाह रखेगी



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) की ओर से रविवार को आयोजित इंडिया ब्लॉक महारैली के लिए दिल्ली पुलिस ने व्यापक इंतजाम किए हैं। रामलीला मैदान जाने वाले सभी गेट पर दिल्ली पुलिस के जवान के साथ अर्धसैनिक बल के जवान तैनात किए गए हैं। साथ ही पुलिस ड्रोन के जरिए पूरे इलाके पर निगाह रखेगी।

दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दिल्ली पुलिस ने कुछ शर्तों के साथ रैली करने की अनुमति दी है। आयोजकों को पुलिस ने मध्य दिल्ली में कोई मार्च नहीं करने, कोई ट्रैक्टर ट्रॉली और कोई हथियार नहीं रखने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि रामलीला मैदान से किसी भी मार्च की इजाजत नहीं दी जाएगी और अगर कोई उल्लंघन हुआ तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। अधिकारी ने कहा कि रामलीला मैदान में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की है ताकि आम लोगों को रैली के कारण किसी भी असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि मैदान के पास यातायात और पार्किंग को नियंत्रित करने के लिए यातायात पुलिस भी तैनात रहेगी। अधिकारी ने बताया कि रैली की अनुमति है, लेकिन डीडीयू मार्ग पर धारा 144 लागू रहेगी, जहां राजनीतिक दलों के कार्यालय स्थित हैं। वहां पर किसी को जाने की इजाजत नहीं होगी।

# जिला स्तरीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता में पंहासू ने की जीत हासिल

अवधनामा संवाददाता



**सहारनपुर।** जिला स्तरीय एथलेटिक्स पुरूष व महिला तथा महिला कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें महिला कबड्डी प्रतियोगिता की पंहासू टीम ने ढाकादेवी टीम को पराजित किया।

डा.भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम में उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय के तत्वावधान में क्षेत्रीय खेल कार्यालय द्वारा आयोजित एथलेटिक्स प्रतियोगिता का शुभारम्भ जिला कबड्डी संघ के सचिव सुनील कुमार द्वारा किया गया। जिला स्तरीय महिला कबड्डी व पुरूष प्रतियोगिताओं का शुभारम्भ कबड्डी संघ के उपाध्यक्ष ईश्वर पाल मुखिया ने किया। एथलेटिक्स प्रतियोगिता के पुरूष वर्ग की 100 मीटर दौड़ में आर्यन ने प्रथम, अभिनव ने द्वितीय व अनमोल सिंह ने तृतीय। 200 मीटर दौड़ में अभिषेक ने पहला, गौरव ने दूसरा, टीनू कुमार ने तीसरा, 400 मीटर दौड़ में रवि कुमार ने प्रथम, सागर कुमार ने द्वितीय, मुकुल ने तृतीय तथा 800 मीटर दौड़ में शेखर ने पहला, शिवम ने दूसरा व गुरमीत कौर ने तीसरा, 1500 मीटर दौड़ में सुमित राठौर ने पहला, ऐलन ने दूसरा, विवेक ने तीसरा, 5 किलोमीटर दौड़ में पंकज कुमार ने प्रथम, विजय कुमार ने द्वितीय व अक्षय ने तृतीय, भाला फेंक में विवेक कुमार ने पहला, मुकुल छोकर ने दूसरा, हैप्पी सिंह ने तीसरा, शॉटपुट में सौम्या प्रताप ने प्रथम, फैसल ने द्वितीय, बादल ने तृतीय, लम्बी कूद में कार्तिक ने पहला, रवि कश्यप ने दूसरा, शौकीन ने तीसरा, डिस्कश थ्रो में कृष्णा ने प्रथम, शिवम चौधरी ने द्वितीय, आदित्य कुमार ने तृतीय, हेमर थ्रो में पोपीन ने पहला, प्रणव दीक्षित ने दूसरा, सक्षम कुमार ने तीसरा स्थान हासिल किया। महिला

**■ एथलेटिक्स प्रतियोगिता में धावको ने दिखवाया दमखम**

वर्ग की 100 मीटर दौड़ में शगुन कश्यप ने प्रथम, निधि ने द्वितीय, जैसमी ने तृतीय, 200 मीटर दौड़ में काजल ने पहला, शिखा ने दूसरा, सिमरन ने तीसरा, 400 मीटर दौड़ में शगुन ने प्रथम, पारूल गौतम ने द्वितीय, नंदिनी ने तृतीय, 800 मीटर दौड़ में निर्धन देवी ने पहला, रिया ने दूसरा, 1500 मीटर दौड़ महिला ने प्रथम, राखी ने द्वितीय, करिश्मा ने तृतीय, शॉटपुट में परीक्षा ने पहला, अंजलि ने दूसरा, नैन्सी ने तीसरा, भाला फेंक में स्वाति प्रजापति ने प्रथम, आयुषी ने द्वितीय, सृष्टि ने तृतीय, लम्बी कूद में रूपाली ने पहला, एंजल ने दूसरा, राशि ने तीसरा, हेमर थ्रो ने वंशिका पंवार ने प्रथम, सहजल ने द्वितीय, अंशु ने तृतीय स्थान हासिल किया।

## नि:शुल्क दवा वितरण शिविर का आयोजन

**नवाबगंज (गोंडा)।** क्षेत्र के भोपतपुर गांव में अवध धर्मार्थ सेवा समिति के द्वारा जन जागरुकता तथा नि:शुल्क दवा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन राष्ट्रीय जनवादी सोशलिस्ट पार्टी के प्रदेश महेश निषाद ने मुख्य अतिथि के रूप में किया।इस मौके संस्था के अध्यक्ष सुरेश कुमार मिश्रा ने लोगों को पर्यावरण तथा स्वच्छता के बारे में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अपना कर हम तमाम बीमारियों से बच सकते हैं। स्वच्छता के प्रति लोग खुद जागरूक हो और अपने आस-पास के लोगों को जागरूक करें। उन्होंने कहा संस्था के द्वारा गांव गांव में शिविर लगा कर लोगों को स्वच्छता तथा पर्यावरण,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, नि:शुल्क औषधि वितरण का शिविर लगाया जाता है जिसमें लोगों को जागरूक करने के साथ नि:शुल्क दवा का भी वितरण किया जाता है। इस मौके पर अंशू मिश्रा,रवि कुमार, रमेश दत्त मिश्रा, कपिल मिश्रा, राजीव तिवारी, विशाल शरण, विजय सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# डीएम के आदेश पर एक नये गेहूँ क्रय केन्द्र खोला गया

अवधनामा संवाददाता

**रायबरेली।** रबी विपणन वर्ष 2024-25 में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजनान्तर्गत जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के आदेशानुसार जनपद रायबरेली में विभिन्न एजेंसियों से प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार खाद्य विभाग के 32, पीसीएफ के 55, पीसीयू के 19 एवं भारतीय खाद्य निगम के 08, मण्डी परिषद के 02 एवं नैफेड के 05 कुल 121 गेहूँ क्रय केन्द्रों को खोले जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की गई है। जिलाधिकारी द्वारा इसी क्रम में क्रय एजेंसी पीसीयू से प्राप्त प्रस्ताव के क्रम में 01 नये गेहूँ क्रय केन्द्र को खोले जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसके अनुसार तहसील सदर के ब्लाक राही में 17, ब्लाक अमावां में 07, ब्लाक हरचंदपुर में 05 एवं ब्लाक सतांव में 04 गेहूँ क्रय केन्द्र स्थापित किये गये है।

इसी प्रकार तहसील महराजगंज के ब्लाक महराजगंज में 11, ब्लाक शिवगढ़ 04, ब्लाक बछरावां 04, तहसील लालगंज के ब्लाक लालगंज में 07, ब्लाक सेरनी 02, ब्लाक खीरों में 03, तहसील ऊँचाहार के ब्लाक ऊँचाहार में 07, ब्लाक रोहनिया 03 ब्लाक जगतपुर में 06, तहसील डलमऊ के ब्लाक डलमऊ में 08, दीनशाहगौरा में 06, तहसील सलोन के ब्लाक सलोन में 15, ब्लाक डीह में 06 एवं ब्लाक छतोह में 07 गेहूँ क्रय केन्द्र स्थापित किये गये है। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने समस्त सम्बन्धित अधिकारियों, कर्मचारियों को निर्देश दिये है कि जनपद में विभिन्न एजेंसियों द्वारा कुल 122 गेहूँ क्रय केन्द्रों पर गेहूँ खरीद से संबंधित समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं तत्काल प्रभाव से पूर्ण कराते हुए शासनादेशानुसार, नियमानुसार समस्त कार्यवाही ससमय पूर्ण कराते हये कृषकों से अधिक से अधिक गेहूँ क्रय करना सुनिश्चित करेंगे।



**■ जनपद में 122 गेहूँ क्रय केन्द्र स्थापित**

# ारपीट में दो महिलाओं समेत छः लोगों के खिलाफ मुकदमा

अवधनामा संवाददाता

**नवाबगंज (गोंडा)।** तीन अलग-अलग गांवों में हुई मारपीट में दो महिलाओं समेत छः लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

थाना क्षेत्र के कल्यानपुर गांव निवासी महिला मीना देवी पत्नी प्रेम वर्मा ने थाने पर दी गई तहरीर में बताया कि होली के दिन करीब दो बजे गांव के अरुण वर्मा तथा प्रिंस वर्मा उसके दरवाजे पर जोर जोर से डीजे बजा रहे थे। उसने डीजे धीमी आवाज में बजाने के लिए तो वे नाराज हो कर गाली देने लगे,मना करने पर लाठी डंडों से मारने पीटने लगे ,शोर सुनकर बीच बचाव करने आए उसके लड़के निखिल वर्मा तथा दामाद शिव कुमार वर्मा को भी मारा पीटा, जिससे सभी को काफी चोटें आई।उसके बाद जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। दूसरी घटना में मीरपुर युसुफ गांव निवासी जगनू ने बताया कि मंगलवार की सायं बच्चों के बीच हुई झगड़े को लेकर गांव के मुनीम तथा उनकी पत्नी राधिका गाली देने लगे मना करने पर लाठी डंडों से मारने लगे, बीच बचाव करने आई उसकी पुत्री आशनी, अंशिका, अनामिका , अकांक्षा व पत्नी सुभद्रा को भी मारा-पीटा, जिससे सभी को काफी चोटें आई।उसके बाद जान से मारने की धमकी दी।तीसरी घटना में कस्बे के बाजपुरवा निवासी आसिया बानों ने दर्ज कराए मुकदमे में बताया कि बुधवार की दोपहर में पुरानी रंजिश को लेकर गांव के इरफान व उनकी पत्नी रजिया बानों उसके दरवाजे पर आकर गाली देने लगे,मना करने पर लाठी डंडों से मारा पीटा जिससे उसे व पति सानिव को काफी चोटें आई।उसके बाद जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि तीनों मामलों में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

**■ तीन अलग-अलग गांवों में हुई थी मारपीट**

## एसएएम इंटर कालेज का वार्षिक परीक्षाफल घोषित

**सहारनपुर।** एसएएम इंटर कालेज के शैक्षिक सत्र 2023-24 का वार्षिक परीक्षाफल घोषित कर विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्द्धन किया गया। देहरादून रोड स्थित विद्यालय में आयोजित वार्षिक परीक्षाफल समारोह का शुभारम्भ प्रातः प्रधानाचार्य अजय कुमार गुप्ता ने मां सरस्वती के चित्र सम्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया गया। उन्होंने कहा कि गसभी छात्रों को प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने यह भी संदेश दिया कि शिक्षा ही सर्वांगीण विकास की कुंजी है अतः सभी छात्र छात्राओं को शैक्षिक गतिविधियों में तन्मयता से प्रतिभाग करना चाहिए। साथ ही उन्होंने सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को भी अपना कर्तव्य निर्वहन के लिए प्रेरित किया। इसके बाद विद्यालय के परीक्षा परिणाम के विभिन्न आंकड़ों की जानकारी छात्र छात्राओं को दी गई।

# मानस स्टडीज ने अपने नए केंद्र का किया शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** मानस स्टडीज, जो की 25 साल से भारत में आईआईटी जी निट फाउंडेशन की तैयारी करवाने में एक अग्रणी और विश्वसनीय संस्था है. मानस स्टडीज ने अपने नए केंद्र का उद्घाटन सहारनपुर में किया है।

इस केंद्र की स्थापना होने से अब सहारनपुर और उसके आसपास के छात्र-छात्राओं को अपनी मेडिकल एवं इंजीनियरिंग के क्षेत्र की प्रतियोगी परीक्षाओं की तयारी के लिए दूर के शहरों में नहीं जाना पड़ेगा, बल्कि वे अब अपने सहारनपुर क्षेत्र में रहकर अपनी तैयारी कर सकते हैं. इससे उनके समय और धन की बचत होगी और वे मानस स्टडीज के अनुभवी और कुशल शिक्षकों एवं लम्बे समय से रिसर्च के बाद तैयार की गयी उम्दा स्टडी मटेरियल का लाभ उठा कर अपना भविष्य सवार सकते हैं। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथी



राजीव गुंबर, नगर विधायक सहारनपुर ने मानस स्टडीज के इस कदम की सराहना की और मानस स्टडीज के निर्देशक मनीष सहगल को धन्यवाद दिया। मानस स्टडीज आने वाले समय में जल्द ही ऐसे कई और केंद्रों की स्थापना देश के अलग अलग क्षेत्रों में करने वाले हैं। इससे ये सभी कॉम्पिटिटिव तैयारी कराने वाले प्रतियोगियों को देश भर में मदद करके उसका भविष्य बनाने में मदद कर रहे हैं। इस मौके पर, मानस स्टडीज के उप निर्देशक श्रीमती अंशिका सहगल, उपाध्यक्ष प्रवीण वर्मा एवं उनकी टीम उपस्थित रहे।

## कागेंस के खातों को सीज करने पर जताया विरोध

**सहारनपुर।** कांग्रेस खातों को फ्रीज करने के विरोध में आज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आज राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन जिला प्रशसन को सौंपा। आज राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर कांग्रेस कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष चौधरी मुज्जफर अली व महानगर अध्यक्ष वरूण शर्मा के नेतृत्व में जिला मुख्यायल पहुंचे और खाते सीज होने पर कडी नाराजगी जाहिर करते हुए राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। राष्ट्रपति को संबोधित इस ज्ञापन में संवैधानिक संस्थाओं द्वारा पूर्वाग्रह एवं राजनीति से प्रेरित होकर कार्य करने की शिकायत राष्ट्रपति से की। चौधरी मुजफ्फर अली व महानगर अध्यक्ष वरुण शर्मा ने कहा कि जिस तरह आयकर विभाग ने भाजपा सरकार के इशारे पर 1800 करोड़ से भी अधिक का आयकर बकाया का नोटिस कांग्रेस को दिया वह राजनीति से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि इससे पहले कांग्रेस के खाते सीज करके खातों से 135 करोड रुपए आयकर विभाग द्वारा निकाले जाना भी राजनीति से प्रेरित है।

# नगर निगम ने इस साल गत वर्ष से दस करोड़ ज्यादा टैक्स वसूला

अवधनामा संवाददाता


**सहारनपुर।** नगर निगम ने करदाताओं को 12 फीसदी ब्याज से बचाने के लिए कल रविवार को भी टैक्स ऑफिस खोलने का निर्णय लिया है। सुबह दस बजे से करदाता निगम पहुंचकर कैश काउंटर पर अपना टैक्स जमा करा सकते है। वित्तीय वर्ष 2023-24 का कल अंतिम दिन है। नगर निगम ने गत वर्ष की अपेक्षा चालू वित्त वर्ष में दस करोड़ रुपया अधिक कर अर्जित किया है।

अपर नगरायुक्त राजेश यादव ने बकायेदार लोगों के अलावा सरकारी विभागों से भी अपील की है कि वे कल 31 मार्च तक निगम ऑफिस पहुंचकर या ऑन लाइन बकाया टैक्स जमा करा दें ताकि एक अप्रैल 24 से बकाया टैक्स पर लगने वाले ब्याज से बचा जा सके। उन्होंने बताया कि नगरायुक्त संजय चौहान के निर्देश पर कल रविवार को भी सुबह दस बजे से टैक्स ऑफिस खोला जायेगा। ताकि टैक्स जमा कराने वाले बकायादार अपना बकाया जमा करा सके। उन्होंने बताया कि जिन बकायादारों की ओर टैक्स बाकि रह जायेगा, उनके बकाया टैक्स पर एक अप्रैल 24 से 12 प्रतिशत ब्याज लग जायेगा।

अपर नगरायुक्त ने बताया कि नगर निगम ने इस वर्ष बकायादारों से टैक्स वसूली में तेजी लाते हुए गत वर्ष की तुलना में करीब दस करोड़ रुपये अधिक बकाया वसूल किया है। उन्होंने बताया कि निगम द्वारा गत वर्ष कर के रुप में करीब 26 करोड़ तथा करेत्तर के रुप में करीब 14 करोड़ रुपये के साथ लगभग 40 करोड़ रुपये की वसूली की थी। जबकि चालू वित्त वर्ष 2023-24 में कर के रुप में करीब 31 करोड़ और करेत्तर के रुप में 19 करोड़ रुपये की वसूली के साथ करीब 50 करोड़ रुपये की वसूली की गयी है।

**■ टैक्स जमा कराने के लिए रविवार को भी खुलेगा निगम का टैक्स कार्यालय**

# खाद्य सुरक्षा टीम से अभद्रता करने पर की गयी विधिक कार्रवाई



अवधनामा संवाददाता

**रायबरेली।** सहायक आयुक्त खाद्य सतीश कुमार ने बताया है कि खाद्य सुरक्षा औषधि प्रशासन विभाग द्वारा 10 अगस्त 2023 को पिहानी कस्बा के राकेश कुमार गुप्ता के प्रतिष्ठान से नमूना लेने के लिए टीम गई थी जिस पर राकेश कुमार गुप्ता व उनके भतीजे अचल गुप्ता द्वारा तथा कथित व्यापारी नेता कृष्णपाल राठौड़ उर्फ गुड्डू राठौर तथा लाल बहादुर सिंह पुत्र बाबूराम सिंह एवं अन्य व्यापारियों को बुलाकर नमूना लेने से बालपूर्वक रोका गया तथा टीम के साथ अभद्रता की गई जिस कारण से नमूना संग्रह की कार्रवाई नहीं की जा सकी। इसके उपरांत उक्त तथ्यों से आयुक्त खाद्य सुरक्षा महोदय को अवगत कराया गया इसके उपरांत आयुक्त द्वारा उक्त चारों व्यक्तियों पर खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम की धारा 62 के अंतर्गत वाद चलाए जाने की अनुमति दी गई । खाद्य सुरक्षा औषधि प्रशासन विभाग ने राकेश कुमार गुप्ता भतीजे अचल गुप्ता व्यापारी नेता कृष्णपाल राठौड़ उर्फ गुड्डू राठौर व्यापारी नेता लाल बहादुर सिंह पुत्र बाबूराम सिंह के विरुद्ध सक्षम न्यायालय में वाद दायर किया जा रहा है।

### अभियान चलाकर लिए सैंपल

**रायबरेली।** आज खाद्य सुरक्षा औषधि प्रशासन विभाग हरदोई सहायक आयुक्त खाद्य सतीश कुमार के नेतृत्व में द्वारा शिकायतों के क्रम में विशेष अभियान चलाकर एक सैंपल संदीप सिंह उर्फ बबलू यादव शारदा दूध डेयरी बालामऊ से पनीर का संग्रहित किया गया तथा संडीला कस्बे में गौरव गुप्ता पुत्र स्वर्गीय राम प्रकाश गुप्ता के बिना खाद्य लाइसेंस के कारोबार करने पर खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत कार्रवाई की गई। इसके साथ ही आयुष किराना स्टोर इमलिया बाग स्थित प्रतिष्ठान के पास भी वैध लाइसेंस नहीं दिखा पाए तथा खाद्य पदार्थों के बिल वाउचर भी नहीं प्रस्तुत कर पाए जिस कारण से उनके विरुद्ध भी खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

# सेवानिवृत शिक्षकों को नम आंखों से दी गई विदाई



अवधनामा संवाददाता

**महराजगंज रायबरेली।** ब्लाक संसाधन केंद्र पाली पर शिक्षकों ने समारोह आयोजित कर सेवानिवृत्त हुए वरिष्ठ शिक्षकों को उनके अग्रिम जीवन की मंगलकामनाएं प्रेषित करते हुए नम आंखों से विदाई दी।

शनिवार को महराजगंज विकास खण्ड के चार शिक्षकों के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह आयोजित किया। आयोजित कार्यक्रम में खण्ड शिक्षा अधिकारी राममिलन यादव ने सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देते हुए कहा कि शिक्षक न कभी बूढ़ा होता है और न ही सेवानिवृत्त, नौकरी की सेवाअवधि समाप्त होने पर समाज के प्रति शिक्षक की सेवा निरंतर जारी रहती है। प्राथमिक विद्यालय तौली के दिनेश कांत, उच्च प्राथमिक विद्यालय भदिहा के बजरंगी लाल, कम्पोजिट विद्यालय कुसुढी से किशोरी देवी व कम्पोजिट विद्यालय कैड़ावा के राम प्रसाद सहित चार शिक्षक सेवानिवृत्त हुए। राष्टीय शैक्षिक महासंघ के ब्लाक अध्यक्ष मधुकर सिंह व प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष विनोद अवस्थी ने सेवानिवृत्त हुए वरिष्ठ शिक्षकों को अंगवस्त्र भेंट कर फूल मालाओं से सम्मानित किया किया।

# यूनिक किडस स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित


अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** यूनिक किड्स स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ घोषित किया गया। कार्यक्रम में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले बच्चों को स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

स्थानीय ज्वाला नगर स्थित मुख्य ब्रांच नेशनल पब्लिक स्कूल में आयोजित वार्षिक परीक्षा परिणाम समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसपी सिटी अभिमन्यु मांगलिक, संस्थापक एवं वरिष्ठ पत्रकार सुरेन्द्र चौहान, सहारनपुर पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य सुधीर जोशी, डायरेक्टर मनु चौहान, प्रधानाचार्या हर सिमरत कौर चौहान, प्रधानाचार्या सिंपल मकानी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। समारोह को संबोधित करते हुए एसपी सिटी अभिमन्यु मांगलिक ने कहा कि जिन बच्चों को पुरस्कार नही मिला है, वह हतोत्साहित नही हो और उनके अभिभावक भी उन पर अनावश्यक दबाव न डालें। उन्होंने कहा कि जरूरी नही कि प्रत्येक बच्चा पढाई मे होशियार हो, परंतु हर बच्चे के अंदर कोई न कोई विशेषता जरूर होती है। आवश्यकता केवल उसे पहचान कर निखारने की होती है। स्कूल की प्रधनाचार्या हरसिमरत कौर चौहान ने वार्षिक प्रगति रिपोर्ट पेश की। कार्यक्रम में अपनी-अपनी कक्षाओं में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। ओझिमा योग संस्थान के छात्र-छात्राओं ने योग के माध्यम से प्रस्तुति देकर उपस्थित दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। इस दौरान यूनिक किडस स्कूल की मोनिका नरूला, प्रीति अरोरा, चेतना भूटानी, वंशिका चौहान, दीपिका बजाज, अदिति शर्मा, कनिका टुटेजा, आकांक्षा गेरा एवं नेशनल पब्लिक स्कूल की सपना कालरा, प्रियंका सबलोक, मनस्वी सेतिया, ज्योति मन्धान, पारुल चावला, दीप्ति गोयल, प्रियंका नारंग, उपासना भाटिया, रजनी सचदेवा, इंदु मेहंदीरत्ता, कीर्ति सुखीजा, श्वेता भल्ला आदि सहित बड़ी संख्या में अभिभावकगण मौजूद रहे।



# वन स्टाप सेन्टर का किया गया निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**रायबरेली।** अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जनपद न्यायाधीश, रायबरेली तरुण सक्सेना के दिशा-निर्देशन में अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली उमाशंकर कहार द्वारा वन स्टाप सेन्टर का निरीक्षण किया गया।


अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली द्वारा वन स्टाप सेन्टर, रायबरेली की सेन्टर प्रभारी से वन स्टाप सेन्टर के बारे में जानकारी ली गयी। सेन्टर प्रभारी आस्था ज्योति, काउंसलर श्रद्धा सिंह भदौरिया द्वारा वन स्टाप सेन्टर में महिलाओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं से अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को अवगत कराया गया। सचिव द्वारा सेन्टर प्रभारी को निर्देशित किया गया कि यदि किसी प्रकार की समस्या के सम्बन्ध में प्रार्थनापत्र प्राप्त हो तो अविलम्ब उसे कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रेषित करें।

# लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म

अवधनामा संवाददाता

**गोण्डा।** लोकसभा के चुनाव को लेकर जहा चर्चाओं का बाजार गर्म होता जा रहा है वही मौजूदा गोंडा सांसद व भाजपा के प्रत्याशी और गौरा भाजपा विधायक से विज्ञापन की बात चीत को लेकर एक आडियो वायरल हो रहा है जिससे विधायक एवं सांसद के बीच तल्खी सर चढकर झलक रही है ,वायरल आडियो मे गौरा भाजपा विधायक कह रहे है की हमारे यहां ब्याह नही ठना है गोण्डा सांसद राजा भइया के यहा ब्याह ठना हुआ है उन्ही से विज्ञापन मांगिए लोक सभा चुनाव के बाद कुछ सड़क पुलिया से पैसे मिलगे फिर देखा जायेगा। वायरल आडियो की तल्खी अगर कही ऐसे चुनाव में बनी रही तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ के 400 सीट व प्रदेश मे 80 सीट जीतने के दावे की हवा निकालने मे अपनो की भूमिका कही असरदार ना हो जाए और पलीता लग जाए।

लोकसभा क्षेत्र 59 गोण्डा में जैसे जैसे चुनाव की गर्मी बढ़ती जा रही है वैसे वैसे

तमाम सियासी घरानों का पारा भी चढ़ता जा रहा है। इसी कड़ी में विधानसभा गौरा विधायक प्रभात वर्मा और सांसद कीर्तिवर्धन सिंह के बीच एक बार पुनः तल्खी बढ़ती दिख रही है।जैसा कि विगत विधानसभा चुनाव 2022 के दौरान गोण्डा सांसद एवं विधायक गौरा के बीच काफी तनावपूर्ण स्थित पाई जा रही थी, चुनाव के ठीक पहले सांसद के पिता व मनकापुर रियासत के मुखिया पूर्व सांसद कुंवर आनन्द सिंह ने विधायक गौरा के खिलाफ लेटरवार छेड़ दिया था यहां तक कि चुनाव के आखिरी समय में विधायक को मसकनवा स्थित राजा फॉर्म पर चुनाव कार्यालय की अनुमति मिल पाई थी। काफी जद्दोजहद के बाद चुनाव के अंतिम पड़ाव में भाजपा नेतृत्व के दखल से परिस्थितियाँ संभल पाई थीं परन्तु अब जब लोकसभा चुनाव 2024 का बिगुल बज चुका तो एक बार पुनः दोनों के बीच की खाई और गहरी होती दिख रही है जिसकी बानगी हाल ही में वायरल हुए विधायक गौरा के एक ऑडियो रिकॉर्डिंग से स्पष्ट हो रही है जिसमें कुछ पत्रकारों द्वारा विज्ञापन की मांग किए जाने पर विधायक गौरा ने स्पष्ट कहा है कि ये लोकसभा का चुनाव है आप सभी कमलेश पांडेय या राजा भैया से विज्ञापन मांगिए, इस बार ब्याह उनके यहां ठना है, तो उन्हीं से मिलिए, चुनाव बाद कुछ सड़क पुलिया आदि मिलने पर मैं आप सबको कुछ दूंगा।

उपरोक्त वायरल ऑडियो से विधायक द्वारा 2022 की नाराजगी के साथ ही जहां एक ओर सांसद गोण्डा और विधायक गौरा के बीच बढ़ता हुआ अंतर्द्वंद्व दिखाई पड़ता है वहीं दूसरी तरफ शासन की विकास परियोजनाओं में कमीशन के बन्दर बांट की भी पुष्टि हो रही है। इस क्रम में जनता के बीच सांसद और विधायक के सम्बन्धों को लेकर चर्चा का बाजार गरम होता जा रहा है साथ ही दोनों के बीच की खटास का संशय भी बढ़ता जा रहा है। ध्यातव्य ये है कि इस बार लोकसभा क्षेत्र गोण्डा से समाजवादी पार्टी से सजातीय प्रत्याशी होने के कारण पहले से ही प्रभात वर्मा व उनका कुनबा तमाम सवालों के घेरे में रहा है।

### गोण्डा लोकसभा टिकट के दावेदारो मे गौरा विधायक का नाम प्रमुखता से लिया जा रहा था

लोकसभा चुनाव मे टिकट के दावेदारो मे जातिय गणित के तहत गौरा से भाजपा विधायक का नाम भी उच्छल रहा था जिसको लेकर उनके समर्थक काफी आश्वस्त भी थे की इस बार विधायक को लोकसभा का टिकट मिलेगा लेकिन भाजपा द्वारा जारी लोकसभा प्रत्याशियो की पहली ही सूची मे भाजपा ने वर्तमान गोण्डा सांसद कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भइया पर लगातार तीसरी बार विश्वास जताते हुए प्रत्याशी घोषित किया है जिसको लेकर कही न कही विधायक के समर्थक व विधायक इस बात को नही पचा पा रहे है।

# निगरानी समिति ने किया आश्रय गृह का औचक निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**रायबरेली।** जनपद न्यायाधीश तरुण सक्सेना के दिशा-निर्देशन में न्यायिक अधिकारियों की समिति के द्वारा बालक आश्रय गृह व बालिका आश्रय गृह स्थित चक धौरहरा रायबरेली का औचक निरीक्षण किया गया। समिति की अध्यक्षा अपर जिला जज रचना सिंह, सदस्य अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उमाशंकर कहार व सदस्य प्रथम अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अभिनव जैन द्वारा गांधी सेवा निकेतन के आश्रय गृह में आवासित बालक एवं बालिकाओं से बातचीत करके उनका हाल-चाल जाना गया। आश्रय गृह में रहने वाले बालक एवं बालिकाओं द्वारा समिति को अपनी समस्याओं से अवगत कराया। समिति के द्वारा आवासित बालक-बालिकाओं के शैक्षणिक, मानसिक व सामाजिक विकास हेतु मिलने वाली सुविधाओं के सम्बन्ध में जानकारी ली। समिति द्वारा आश्रय गृह के बालिकाओं व बालकों के नियमित चिकित्सकीय जांच कराये जाने के भी निर्देश दिये गये।

# मनमाना शुल्क नहीं ले सकेंगे निजी स्कूल संचालक

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जिले में संचालित निजी स्कूलों के संचालक अभिभावकों से मनमाना शुल्क नहीं ले सकेंगे। इसके लिए डीएम की अध्यक्षता में जिला शुल्क नियामक समिति का गठन होगा। यह समिति शुल्क की निगरानी करने के साथ अभिभावकों की तरफ से मिली शिकायतों का निस्तारण करेगी।

जिले में 1500 से अधिक प्राइवेट विद्यालय संचालित हैं। इनमें से 35 सीबीएसई और दो आईसीएसई से मान्यता प्राप्त हैं। कई विद्यालय बेहतर पढ़ाई और अत्याधुनिक संसाधन के नाम पर अभिभावकों से मनमाना शुल्क वसूल रहे हैं। इसके अलावा किताब, कॉपी, बैग, ड्रेस समेत अन्य के नाम पर स्कूल संचालक अभिभावकों से मोटी रकम वसूलते हैं। कई अभिभावकों ने इसकी शिकायत जिला प्रशासन के अलावा शासन स्तर पर कर चुके हैं। इसको गंभीरता से लेते हुए विधान सभा की सरकारी आश्वासन समिति की बैठक में सभापति ने स्ववित्तपोषित विद्यालय (शुल्क विनियम) अधिनियम-2020 के तहत जिला स्तर पर डीएम की अध्यक्षता में जिला शुल्क नियामक समिति के गठन का निर्णय लिया। यह समिति जिले में संचालित प्राइवेट विद्यालयों की तरफ से लिए जाने वाले शुल्क का ब्योरा रखेगी। इस संबंध में अपर शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) सुरेंद्र कुमार तिवारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को पत्र जारी कर जरूरी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। जिला समन्वयक (माध्यमिक) विष्णु प्रभाकर पांडेय ने बताया कि जिले में संचालित प्राइवेट विद्यालयों की तरफ से ली जाने वाले शुल्क की जांच की जाएगी। यदि अभिभावकों की तरफ से अधिक शुल्क लेने की शिकायत मिलती है, तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# संचारी और दस्तक अभियान में सभी विभाग निभाएं अपनी जिम्मेदारी

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** सीएमओ कार्यालय के धनवंतरि सभागार में शनिवार को विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान को लेकर अंतर्विभागीय समन्वय बैठक हुई।

जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने संबंधित अधिकारियों से क्रमवार संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान की तैयारियों की जानकारी ली। इस मौके पर जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने कहा कि विशेष संचारी रोग अभियान 01 अप्रैल से 30 अप्रैल तक और दस्तक अभियान 10 अप्रैल से 30 अप्रैल तक संचालित होगा।जिलाधिकारी ने संचारी रोग अभियान और दस्तक अभियान के संदर्भ में संबंधित विभागों को अपनी जिम्मेदारी को सही रूप देने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि मच्छरों पर रोकथाम के लिए जलाशयों में गंबूजिया मछलियों को डालें। अभियान के दौरान आशा तथा एएनएम डोर-टू-डोर भ्रमण कर बुखार एवं इनफ्लुएंजा लाइक इलनेस (आईएलआई) के रोगियों की सूची तैयार करेंगी तथा उन्हें वेक्टर जनित बीमारियों के रोकथाम के लिए, जागरूक करेंगी। यदि किसी व्यक्ति को डेंगू अथवा चिकनगुनिया रोग की पुष्टि होती है तो उसके घर के इर्द-गिर्द स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा एंटी लार्वा दवा का छिड़काव कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने आम नागरिकों से भी अनुरोध किया कि वे अपने घरों के आसपास साफ सफाई रखें। पूरी बाँह की कमीज पहने। स्वच्छ पेयजल ही पिये। जल जमाव न होने दे। कुपोषित बच्चों का विशेष ध्यान रखें और रोजाना स्नान करें। बुखार का लक्षण आते ही निकटवर्ती स्वास्थ्य केंद्र में निशुल्क चिकित्सा सुविधा का लाभ उठाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि नगर निकाय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रोस्टर के अनुसार नियमित फॉगिंग की जाए। पशुपालन विभाग शूकरबाड़ों की निगरानी करे। पंचायतीराज विभाग एवं नगर निकाय अपने-अपने क्षेत्रों में नालियों की सफाई, झाड़-झाड़ियों की कटाई तथा ठहरे हुए जल जमाव को हटाना सुनिश्चित करें। विद्यालयों में बच्चों को वेक्टरजनित बीमारियों के प्रति जागरूक किया जाए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश झा ने अब तक एईएस, जेई, मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, कालाजार सहित विभिन्न संचारी रोगों के प्राप्त केसों और उस संदर्भ में की गई कार्रवाई की जानकारी दी। उन्होंने अप्रैल माह में प्रस्तावित अभियान की तैयारियों के विषय में भी जानकारी दी। इस दौरान एसीएमओ डॉ संजय गुप्ता, एसीएमओ डॉ सुरेंद्र कुमार चौधरी, डीपीआरओ सर्वेश पांडेय, डीपीओ कृष्णकांत राय, डीपीएम पूनम, डीएमओ सीपी मिश्रा, अर्बन नोडल अधिकारी डॉ आरपी यादव, यूनिसेफ़ के डीएमसी अरशद, डीसीपीएम राजेश गुप्ता, सहायक मलेरिया अधिकारी सुधाकर मणि, सहित अन्य विभाग के लोग उपस्थित रहे।

# प्राथमिक विद्यालय कूंड़ी में वार्षिकोत्सव का हुआ आयोजन



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** डुमरियागंज ब्लाक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय कूँड़ी में शनिवार को वार्षिकोत्सव का आयोजन हुआ। इसमें बच्चों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। किसी ने देशभक्ति तो किसी ने बॉलीवुड गीतों पर शानदार प्रस्तुतियों से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। रंग बिरंगे परिधानों में सजे बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। कार्यक्रम में मौजूद लोग बच्चों की प्रस्तुतियों से मंत्रमुग्ध दिखे। इस मौके पर मुख्य अतिथि नोडल संकुल अहमद हुसैन फारूकी ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। बच्चों की शुरुआती शिक्षा से उनका भविष्य तय होता है। प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों को बेहतर शिक्षा दी जा रही है। विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय शैक्षिक महा संघ के ब्लाक अध्यक्ष राकेश पांडेय ने बच्चों के कार्यक्रम की सराहना की। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रत्येक कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर प्राप्त करने वाले बच्चों को मैडल, शील्ड और अंक पत्र देकर सम्मानित किया गया। कक्षा पांच में आलोक, अंकिता और रितिका व कक्षा चार में अमरेंद्र, दिव्यांशी और राज एवं कक्षा तीन में अंजलि शर्मा, निर्जला और केशनी ने क्रमशः अपने कक्षा में प्रथम द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान चंद्र भान यादव, उच्च प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका नीलम गुप्ता, विवेक कुमार द्विवेदी, सीमा श्रीवास्तव, संजय कुमार, गणेश कुमार गौड़, धर्मेंद्र कुमार, सनीला अंजुम, अवधेश मणि त्रिपाठी, महताब आलम आदि लोग मौजूद रहे।

# एक अप्रैल से बढ़ेगा टोल हाईवे पर महंगी होगी यात्रा

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** हाईवे पर वाहन के साथ फर्राटा भरने के लिए एक अप्रैल से लोगों को और जेब ढीली करनी पड़ेगी। टोल टैक्स में प्रति वाहन पांच से दस रुपये की बढ़ोतरी की गई है। नई दरें एक अप्रैल से लागू होंगी।

फोरलेन हाइवे पर कुशीनगर की सीमा में सलेमगढ़ और मुजहना हेतिम टोल प्लाजा पर टोल टैक्स की वसूली की जाती है। एक अप्रैल से इन टोल प्लाजा पर वाहनों से वसूली होने वाली दरों में बढ़ोतरी की घोषणा राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने की है। नई दरों में प्रति वाहन पांच से दस रुपये की बढ़ोतरी की गई है। टोल टैक्स में बढ़ोतरी पर हाटा नगर के राकेश ने बताया कि क्षेत्र के लोगों को हर दिन कसया की ओर आना जाना पड़ता है। टोल टैक्स बढ़ने से अब यात्रा का खर्चा बढ़ेगा। हर वर्ष टोल टैक्स बढ़ाना ठीक नहीं है। सुकरौली के मुकेश शाही ने बताया कि तेल का दाम पहले ही काफी बढ़ा हुआ है। अब टोल टैक्स बढ़ाने से वाहन स्वामियों को दिक्कत होगी। टोल टैक्स की दर कम होनी चाहिए, लेकिन हर वर्ष टोल टैक्स बढ़ा दिया जा रहा है।

| नई दर तालिका वाहन का नाम | पुरानी दर | नई दर |
|---|---|---|
| कार जीप व अन्य छोटे वाहन | 60 रुपये | 65 रुपये |
| दो एक्सल वाले बस व ट्रक | 210 रुपये | 215 रुपये |
| तीन एक्सल वाले वाहन | 225 रुपये | 230 रुपये |
| चार से छह एक्सल वाले वाहन | 325 रुपये | 335 रुपये |
| सात से अधिक एक्सल वाले वाहन | 395 रुपये | 405 रुपये |

# पत्नी के हत्यारे पति को थाना कुठौंद पुलिस ने किया गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

**उरई ( जालौन)।** ग्राम बघावली में पत्नी की हत्या के आरोपी पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त विवरण के अनुसार केशव पुत्र रणजीत ग्राम उड़नवा पुरवा थाना मंगलपुर का दीक्षा नाम की लड़की से प्रेम प्रसंग के बाद थाना मंगलपुर में 6 माह पूर्व शादी हुई थी ।सूत्रों के अनुसार केशव को अपनी पत्नी के चरित्र को लेकर वहम उत्पन्न हुआ, इसी कारण दिनांक 29 मार्च 2024 को शाम को पत्नी की हत्या करने बाद उसकी लाश को यमुना नदी में फेंक दिया गया। पत्नी के मायके वालों को सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे मायके वालों ने पुलिस चौकी शंकरपुर में इस घटना के संबंध में सूचना दी।

सूचना मिलते ही चौकी इंचार्ज तत्काल प्रभाव से घटनास्थल पर पहुंच गए और चौकी इंचार्ज ने थानाध्यक्ष कृष्ण पाल सरोज को इस घटना के बारे में सम्पूर्ण जानकारी दी। जानकारी मिलते ही थानाध्यक्ष ने क्षेत्राधिकारी राम सिंह यादव को इस घटना के संबंध में अवगत कराया। इसके बाद आनन - फानन में थाना अध्यक्ष ग्राम बघावली घटना स्थल पर पहुंचे और यमुना नदी में गोताखोरों की मदद से जल जाल डलवा कर लाश को ढूंढने का प्रयास किया। लगातार कई घंटे प्रयास के बाद मृतका दीक्षा की लाश को यमुना नदी से ढूंढ निकाला गया। इसके बाद नायब तहसीलदार जालौन सादुल्लाह खान भी मौके पर पहुंचे ।इनके नेतृत्व में लाश का पंचनामभर कर शव को पोस्टमार्टम हेतु विच्छेदन गृह उरई भेजा गया । मायके वालों के द्वारा पुत्री की हत्या करने के संबंध में थाना अध्यक्ष को प्रार्थना पत्र दिया गया। जिसके आधार पर मुकदमा अपराध संख्या 69 /2024 धारा 498ए / 304 बी/ 201 भारतीय दंड वि नियम व 3 / 4 डीपी एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर लिया गया। पुलिस की दविश के दौरान मुखबिर की सूचना मिलते ही आज अभियुक्त केशव पुत्र रणजीत को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# होली मिलन काव्य समारोह सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** नवसमानुभूति साहित्यिक सामाजिक साँस्कृतिक संस्था के तत्वावधान में सरदार बल्लभ भाई पटेल प्रतिमा के पीछे, जनरल पोस्ट ऑफिस ग्राउण्ड, हजरतगंज, लखनऊ में काव्य समारोह का आयोजन किया गया। अध्यक्षता श्री रामराज भारती ने की, मुख्य अतिथि के रूप में श्री पद्मकान्त शर्मा 'प्रभात' उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि श्रीमती रजनी मिश्रा एवं श्रीमती इन्द्रासन सिंह 'इन्दु' थीं। डॉ0 हरी प्रकाश अग्रवाल 'हरि' के द्वारा प्रस्तुत वाणी वन्दना 'जयति जय जय माँ सरस्वति, जयति जय माँ शारदे' से प्रारम्भ समारोह में अनेक विभूतियों ने कविताओं से रंग भरे। समारोह का संचालन डॉ0 हरी प्रकाश अग्रवाल 'हरि' ने किया। इसी क्रम में श्री रामलखन यादव ने 'मनुष्य जन्म सार है, असार है संसार स्वामी' सुनाया। साथ ही श्री मानस मुकुल त्रिपाठी ने 'मन में भाव संचार राम हैं, जीवन के आधार राम हैं' गीत प्रस्तुत किया। संस्था के महा सचिव श्री अखिलेश त्रिवेदी 'शाश्वत' ने 'जिनके दम से है सुबह, जिनके दम से शाम, विश्व मंच के निदेशक हैं अपने श्रीराम' सुनाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। 'अब कौन बचाए फूलों को, गुलशन को माली लूट रहा' ये पंक्तियाँ थीं श्री शशांक अग्निहोत्री की जो एक अधिवक्ता होने के साथ ही पंक्तियाँ लिखते रहते हैं। 'राधा भीगे कन्हाई रंग धारा में, गेह छोड़ि मैं भीगन आयौं।' सुनाकर श्रीमती इन्द्रासन सिंह 'इन्दु' ने सभी को भक्ति के रंग से सराबोर कर दिया। मुख्य अतिथि श्री पद्मकान्त शर्मा 'प्रभात' ने सुनाया कि 'वचन देकर कभी तोड़े नहीं जाते, मीत अपने कभी छोड़े नहीं जाते'। इसके पश्चात कार्यक्रम अध्यक्ष श्री रामराज भारती ने काव्यपाठ 'ताँबा पीतल थार गुम चली फाइबर थाल, रिश्ते सब बौने हुए, याद रही ससुराल' सुनाने के साथ ही अध्यक्षीय उद्बोधन प्रस्तुत किया। अंत में सभी उपस्थित आगंतुकों को श्री आदित्य कुमार तिवारी ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार व्यक्त किया।

## रेड बुल को चार विकेट से हराया



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** एसबीडीएम क्रिकेट एकेडमी में चल रहे होली ट्राई सीरीज में जूनियर खिलाडियों की टीम रेड बुल बनाम ब्लैक पैंथर के बीच तीन दिवसीय सीरीज खेली गई। फाइनल मैच में रेड बुल टीम ने ब्लैक पैंथर को हराकर खिताबी जीत हासिल की। एसबीडीएम क्रिकेट एकेडमी में होली ट्राई सीरीज में जूनियर स्तर के खिलाड़ियों के बीच दिन दिवसीय श्रृंखला रेड बुल बनाम ब्लैक पैंथर के बीच खेली गई। तीन दिवसीय श्रृंखला के पहले दिन हुए मैच में रेड बुल ने ब्लैक पैंथर को 3 विकेट से हराकर अपने नाम किया। दूसरे दिन हुए मुकाबले में ब्लैक पैंथर ने जबरदस्त वापसी करते हुए रोमांचक मुकाबले में रेड बुल को 4 विकेट से हरा दिया। दोनों टीमें एक एक अंक के साथ फाइनल में पहुंची। फाइनल मैच में मुख्य अतिथि के रूप में गोवा रणजी टीम के कोच शैलेंद्र सिंह सेंगर एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सर्जन डॉ. हरेंद्र सिंह उपस्थित रहे। फाइनल के रोमांचक मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी रेड बुल की टीम ने निर्धारित 25 ओवर में ब्लैक पैंथर को 145 रनों का लक्ष्य दिया। जवाब में उतरी ब्लैक पैंथर की टीम 24 ओवर में 114 रनों पर पवेलियन लौट गई। विजेता टीम को अतिथियों ने ट्रॉफी देकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर एकेडमी के कोच पुष्पेंद्र सिंह चंदेल, गौरीश द्विवेदी, अंपायर विनय श्रीवास्तव, सरवर अली, फिजिकल ट्रेनर अशोक साहू, हकीम राइन, मोना सिंह, नीरज, जाकिर सिद्दीकी आदि मौजूद रहे।

## खण्ड शिक्षाधिकारी ने अंकपत्र व पुरस्कार देकर बच्चो का बढ़ाया उत्साह

**पौली।** पौली विकास क्षेत्र के प्राथमिक, उच्च प्राथमिक व कम्पोजिट विद्यालयो पर वार्षिक परीक्षा का अंक वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पूर्व माध्यमिक विद्यालय शनिचरा बाजार के सभागार में कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षाधिकारी अर्जुन प्रसाद वर्मा ने मां सरस्वती के चित्र पर मलयार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया। बच्चों को संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी अर्जुन प्रसाद वर्मा ने कहा कि निष्ठा व लगन से शिक्षण कार्य करे मंजिल जरूर मिलेगा। परिश्रम करने वालों की कभी हार नही होती। बाधाएं तो आती है लेकिन एक दिन वह भी दूर हो जाती है और विजय होती है। आप सभी धैर्य से अपने लक्ष्य की तरफ बढे सफलता जरुर मिलेगा। विद्यालय के 308 बच्चों को अंकपत्र व पुरस्कार दे कर सम्मानित किया गया। शिक्षा क्षेत्र के 59 प्राथमिक, 14 उच्च प्राथमिक व 16 कम्पोजिट विद्यालयो मे छात्र-छात्राओ को वार्षिक परीक्षा के उपरांतअंक पत्र वितरित किया गया।

कार्यक्रम में प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष उदय प्रताप यादव, राष्ट्रीय शैक्षिक संघ के ब्लाक अध्यक्ष गंगेश चतुर्वेदी, मुबारक अली, आदर्श मणि त्रिपाठी, एआरपी राजेंद्र यादव, हरिराम यादव, राजेश गुप्ता, अजय कुमार, दिलीप, बंटी, कौशलेंद्र प्रताप सिंह, सत्येंद्र मौर्य, बृजेश सिंह, अनिल कुमार, अन्नू सहित तमाम अभिभावक मौजूद रहे।

# मरकज ए तालीम ओ तरबियत ट्रस्ट के जेरे एहतेमाम यूपी के मुख्तलिफ ज़िलों में मेहदवी समाज क्लासेज़



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** मरकज ए तालीम ओ तरबियत ट्रस्ट के जेरे एहतेमाम होने वाले मेहदवी समाज क्लासेज़ में यूपी के मुख्तलिफ जिलों में सभी सेंटर्स पर स्टूडेंट के लिए लेक्चरर्स का इंतजाम किया गया। इतना के मुताबिक इस्लाम चौक जौनपुर में मेहद्वी समाज के उनवान से 15 रोजा कैंप में समाज की तरक्की पर उस्ताद फज़्ले मुमताज साहब ने कुरान सुन्नत की रोशनी पर लेक्चरर्स दिए जिसमें उन्होंने जवानों से एजुकेशन हासिल करने की अपील की जिससे कि एक अच्छा समाज बनता है उन्होंने कहा कि आप अपने इल्म की दौलत से इस मुल्क में रोशनी फैलाकर मुल्क और कौम की मदद कर सकते हैं। अपने पांच रोजा लेक्चरर्स में जनाब मोहम्मद रजा साहब ने तालीम के साथ तबीयत के मुख्तलिफ पहलुओं पर रोशनी डाली जिसमें उन्होंने मासूमों की जिंदगी से नमूने पेश किया। कैंप के आखिर में मौलाना अहमद अब्बास साहब ने जौनपुर के उलेमा और मोमिनीन का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि तमाम अहले इल्म हजरात ने इन क्लासों को सराहा है और यह इशारा दिया है कि यह क्लास पूरे साल शहर के मुख्तलिफ हिस्सों में होना चाहिए। इसी तरह जिला बाराबंकी में भी 10 रोजा कैंप में लोगों को जरूरी तालीमात से आशना कराया गया।

## डीएम ने मतदान केंद्रो पर टूटी कुर्सी और अव्यवस्था देखकर जताई नाराजगी

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के



मद्देनजर जिलाधिकारी डॉ वीके सिंह व पुलिस अधीक्षक श्री विकास कुमार द्वारा लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया निरीक्षण में उच्च प्राथमिक विद्यालय कमालगंज, व कन्या जू0 हा0 स्कूल कमालगंज में फर्नीचर टूटा हुआ पाया गया, शौचालय गंदे पाये गये, दोनों विद्यालयों में शिक्षा का स्तर खराब मिला, नलो की टोंटियाँ टूटी पाई गई कमरों में रोशनी कम पाई गई, जिलाधिकारी द्वारा तत्काल सभी व्यवस्था सही कराने के निर्देश दिये गये। कन्या जूनियर स्कूल जरारी में कमरों में रोशनी कम पाई गई,शौचालय गंदे पाये गये, जिलाधिकारी द्वारा रैंप की रेलिंग की पुताई के निर्देश दिए गए, हैंडपम्प का प्लेटफॉर्म टूटा पाया गया, स्कूल के बाहर नालियों में अत्यधिक गंदगी पाई गई गाँव बालो ने बताया कि गाँव मे तीन सफाई कर्मी तैनात है जिसमे से केवल दो द्वारा कार्य किया जा रहा है एक अनुपस्थिति रहता है इस पर जिलाधिकारी द्वारा डी पी आर ओ को आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया। जूनियर हाई स्कूल भड़ोसा में अत्यधिक गंदगी पाई गई जिलाधिकारी द्वारा पूरे परिसर की सफाई के निर्देश दिये गये,बूथ संख्या 301 पर रैंप नही पाई गई जिलाधिकारी द्वारा तत्काल निर्माण के निर्देश दिए, विद्यालय के सभी शौचालय खराब मिले किसी भी शौचालय में पानी की सप्लाई नही मिली, टोंटियाँ टूटी पाई गई लाइट की व्यवस्था अत्यधिक खराब पाई गई जिलाधिकारी द्वारा सभी व्यवस्थाये तत्काल सही कराने के निर्देश दिए व बी एस ए को निर्देशित किया कि वह खुद विजिट कर अपनी निगरानी में ये कार्य कराना सुनिश्चित करे।

## बैतुल हुज्न में मजलिस आज

**लखनऊ।** मसायबे अमीरल मोमेनीन (अ.स.) दस्ता-ए-ख़तीबुल ईमान, काज़मैन रोड लखनऊ के अराकीन की जानिब से बसिलसिलाए शहादत अमीरूल मोमेनीन मौला अली अ.स. मुनआकिद होने वाली मजलिस आज शब में (20 रमज़ान 1445 हिजरी, मुताबिक़ 31मार्च 2024) बवक़्त 8 बजे शब, बमक़ाम सहने बैतुल हुज़्न, नजफ़ रोड में मुनक़्क़ीद होगी। इस मजलिस को आलीजनाब मौलाना यासूब अब्बास ख़िताब फ़रमायेंगे। मजलिस से क़ब्ल तिलावत क़ारी दानिश, नौहाख़्वान असद अब्बास व अली अब्बास नौहा पेश फ़रमायेंगे। दस्ते के जनरल सेक्रेटरी सिब्तैन रिज़्वी और सेक्रेटरी हिफ़ाज़त हुसैन ने मोमेनीन से शिरकत की गुज़ारिश की है।

## छात्र को किया घायल

**फर्रुखाबाद।** थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के मेजर एसडी मेडिकल कॉलेज में बरेली जनपद के थाना फरीदपुर क्षेत्र के मोहल्ला एसडीएम कॉलोनी निवासी शैलेन्द्र मिश्रा का 23 वर्षीय पुत्र अदित्य मिश्रा बीएमएस की पढ़ाई कर रहा है द्य आदित्य मिश्रा अपने दोस्त के पास फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र में जेएनवी रोड पर गया हुआ था। तभी बीएमएस के ही छात्र मयंक यादव ,अखिल यादव आये और आदित्य मिश्रा को लाठी-डंडो से पीटकर घायल कर दिया। सूचना पर पहुँची पुलिस ने घायल बीएमएस के छात्र को जिला अस्पताल लोहिया में भर्ती कराया। तहरीर के आधार पर इलाज के बाद छात्र आदित्य मिश्रा का पुलिस ने इलाज के बाद मेडिकल परीक्षण कराया है।

## सखी वन स्टाप सेन्टर का किया निरीक्षण



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/अपर जिला जज श्री महेन्द्र कुमार रावत द्वारा जिला कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित सखी वन स्टाप सेन्टर का निरीक्षण एवं जिला कारागार उरई में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन तथा सभी बैरिकों का निरीक्षण किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकारण अध्यक्ष/माननीय जनपद न्यायाधीश श्री लल्लू सिंह के निर्देशन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित शिविर में उपस्थित सिद्धदोष/विचाराधीन बन्दियों को महत्वपूर्ण कानूनी जानकारी प्रदान की गयी। सर्वप्रथम जिला कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित सखी वन स्टाप सेन्टर का निरीक्षण किया गया। जिसमें वहां की समस्त व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। सेन्टर में उपस्थित मनो0 सहा0 परामर्शदात्री श्रीमती रागिनी को सेन्टर की व्यवस्थाओं एवं गर्मी के मौसम को देखते हुये कूलर आदि की व्यवस्था करने के लिये निर्देशित किया गया। इसके उपरान्त जिला कारागार उरई में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सचिव श्री महेन्द्र कुमार रावत ने गिरफ्तारी के समय बन्दियों के अधिकार आदिकेविषय में जानकारी दी।

## इमामबाड़ा मकसदे हुसैनी नेपियर कॉलोनी पार्ट -2 में मजलिसे अज़ा

**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** लखनऊ इमामबाड़ा मकसदे हुसैनी नेपियर



कॉलोनी पार्ट -2 में मजलिसे अज़ा मुनअकिद हुई। बाद नमाज़ फज्र शहादत हजरत इमाम अली अलैहिस्सलाम के उनवान से मुनअकिद मजलिस को आली जनाब मौलाना मोहम्मद हसन साहब ने खिताब किया मौलाना ने मसायब हज़रत इमाम अली अलैहिस्सलाम बयान किया इसके बाद ताबूत की जियारत कराई गई।

# विवेकानन्द पॉलिक्लीनिक एवं आयुर्विज्ञान संस्थान लखनऊ में थोरैसिक और वैस्कुलर सर्जरी स्पेशलिटी क्लीनिक का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** विवेकानन्द पॉलीक्लिनिक एवं आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ में थोरैसिक और वैस्कुलर सर्जरी स्पेशलिटी क्लीनिक का आयोजन शनिवार, 30 मार्च 2024 को सुबह 9:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक डीलक्स ओ.पी.डी. में किया गया। ताकि लखनऊ एवं आसपास की जनता को अपने मौजूदा स्वास्थ्य की जानकारी इस क्लीनिक के माध्यम से प्राप्त हो सकें। इस क्लीनिक में थोरैसिक एवं वैस्कुलर सर्जरी में 25 से अधिक वर्षों के अनुभव रखने वाले जाने-माने प्रसिद्ध कार्डियोवास्कुलर एवं थोरैसिक सर्जन, पूर्व कुलपति, पश्चिम बंगाल स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय (डब्ल्यू.बी.यू.एच.एस.) के प्रोफेसर (डा0) भाबातोष बिस्वास व उनकी कुशल पैरामेडिकल टीम के सहयोग से शिविर में आये हुए हृदय रोग से पीड़ित मरीजों को चिकित्सकीय परामर्श एवं परीक्षण किया गया। प्रोफेसर (डा0) भाबातोष बिस्वास ने बताया कि यदि कोई मरीज या उसका कोई रिश्तेदार पुरानी खांसी, बलगम वाली खांसी, हाल ही में वजन कम होना, भूख न लगना, सीने में दर्द, सांस लेने में कठिनाई, बार-बार सीने में संक्रमण, खांसी में खून आना जैसी छाती की समस्याओं से पीड़ित हैं, या फेफड़े या ग्रासनली के कैंसर से पीड़ित हैं, तो परामर्श रक्त परिसंचरण और रक्त वाहिकाओं से संबंधित बीमारियों जैसे पुराने पैर दर्द, पैर में ऐंठन, हाथ और पैरों में सुन्नता, पैरों में सूजन, गैंग्रीन, वैरिकाज़ नसों से पीड़ित हैं, तो परामर्श का लाभ उठाना चाहिए।

वहीं संस्थान के सचिव स्वामी मुक्तिनाथानन्दजी महाराज ने कहा कि लखनऊ व आसपास के मरीज गुणवत्तापूर्ण चिकित्सकीय परामर्श ले सके तथा जरूरतमंद मरीजो को किफायती दरों पर गुणवत्तापूर्ण शल्य चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी।

# मास्टर ट्रेनर के ऊपर काफी दारोमदार, निर्वाचन सम्बन्धी प्रक्रिया की गहनता से जानकारी कर मतदान कार्मिकों को करें प्रशिक्षित

अवधनामा संवाददाता



**मैनपुरी।** जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित मास्टर ट्रेनर के प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए आपके द्वारा पीठासीन, मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षित किया जाना है, आपके ऊपर मतदान कर्मिकों को इलैक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के संचालन से लेकर अन्य सभी गतिविधियों के बारे में प्रशिक्षित करना है, इसलिए आप सब प्रत्येक गतिविधि से पूरी तरह से भिज्ञ हो लें, कहीं भी किसी भी स्तर पर कोई समस्या न रहे यदि किसी के मन में कोई शंका, भ्रांति हो तो प्रशिक्षण नोडल अधिकारी आचार्य क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान से वार्ता कर दूर कर लें।

उन्होंने मास्टर ट्रेनर्स से कहा कि पीठासीन अधिकारियों को विशेषतौर पर दिखावटी मतदान करने के लिए प्रत्येक प्रशिक्षण में बार-बार बताएं, मॉकपोल के बाद इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन को क्लियर करने के उपरांत ही मतदान प्रक्रिया प्रारंभ कराई जाए, इसमें किसी भी स्तर पर संशय की कोई गुंजाइश न रहे।

उन्होने कहा कि यदि किसी मास्टर ट्रेनर द्वारा मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षित करने में लापरवाही बरती गयी और उन मतदान कार्मिकों द्वारा मतदान के दौरान कोई गलती की गयी तो मतदान कार्मिकों के साथ सम्बन्धित मास्टर ट्रेनर की भी जिम्मेदारी तय होगी। श्री सिंह ने प्रशिक्षण सत्र में उपस्थित मास्टर ट्रेनर के रूप में तैनात अधिकारियों से कहा कि आपको लोकसभा सामान्य निर्वाचन-24 को सकुशल, शांति पूर्वक एवं निष्पक्ष माहौल में संपन्न कराने वाले कार्मिकों को प्रशिक्षित करना है इसलिए आप सब मतदान प्रक्रिया के दौरान कंट्रोल यूनिट, वैलिट यूनिट, वीवीपैट को कनेक्ट करने, सील करने के साथ-साथ पीठासीन अधिकारियों, मतदान अधिकारियों के दायित्व के बारे में गहनता से जानकारी करें, यदि आप मतदान कार्मिकों को उनके दायित्वों, कर्तव्यों के बारे में भली-भांति जानकारी दे सकेंगे तो मतदान के दिन कोई दिक्कत नहीं होगी।

# चार जून को दोबारा खेलनी है भगवा होली: सांसद लल्लू सिंह



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** पूरा बाजार क्षेत्र में महिला मोर्चा द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में जमकर फूलों की होली खेली गई। महानगर मंत्री स्वाती सिंह व पूरा मंडल महामंत्री लक्ष्मी सिंह के संयोजन में एचआर पैलेस रामपुर हलवारा में आयोजित समारोह में सांस्कृतिक आयोजनों के मध्य फूलों से जमकर होली खेली गई। होली खेलें रघुबीरा अवध में, आज बिरज में होली रे रसिया, होली खेंले राम चारों भैया जैसे लोक गीतों पर लोक कलाकार प्रकृति यादव की प्रस्तुतियों पर महिलाएं जमकर थिरकीं। इस दौरान महिलाओं ने एक दूसरे को गुझिया खिलाकर होली की शुभकामनाएं दी। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि होली का यह पारंपरिक उत्सव हमें आपसी सम्बन्धों का महत्व और प्यार के मूल्य को समझाता है। होली का पर्व अन्त्योदय की परिकल्पना को साकार करता है। अंत्योदय की परिकल्पना को साकार करते हुए सरकार ने योजनाओं का लाभ सभी को बिना भेदभाव दिया है। सरकार ने महिलाओं के उत्थान व उनकी सामाजिक स्थिति को सुदृढ़ करने के लिए नई संसद में पहला कानून नारी शक्ति वंदन अधिनियम बनाया। इस साल 4 जून को नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार पीएम बनाकर दोबारा भगवा होली खेलना है। इसके लिए सभी मातृशक्तियां व्यापक जनसम्पर्क में जुट जाएं।महानगर अध्यक्ष आशा गौड़ ने कहा कि महिलाओं के उत्थान के लिए योजनाओं की श्रंखलाएं प्रदान की है।

इसलिए सभी महिलाओं का दायित्व है कि पिछली बार से अधिक अंतर से चुनाव में विजय प्राप्त हो। अशोका द्विवेदी ने कहा कि महिलाओं को केन्द्र में रखकर सरकार ने कई जनकल्याणकारी योजनाएं दी है। सरकार के कार्यकाल में महिलाओं का उत्थान हुआ है। इस दौरान बसंती सिंह, शकुंतला गौतम, सीता सिंह, नीलम जायसवाल, रेनूका पाण्डेय, नीलम चौरसिया, मंजू निषाद, सपना सिंह, ज्योति सिंह, मंजू शर्मा, प्रियंका मिश्रा, साधना वर्मा, साधना सिंह सहित बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थित रही।

## अविवि की स्नातक एवं परास्नातक सम सेमेस्टर में परीक्षा फार्म भरने की अंतिम तिथि 15 अप्रैल

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा बीए, बीएससी व बीकॉम के द्वितीय, चतुर्थ व षष्टम सेमेस्टर तथा एमए, एमएससी, एमकॉम के द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा-2024 को सम्पन्न कराने के लिए आनलाइन परीक्षा फार्म भरने की तारीख घोषित की गई। अभ्यर्थी 15 अप्रैल तक परीक्षा शुल्क के साथ ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। वही 16 अप्रैल तक परीक्षा फार्म महाविद्यालय में जमा करना होगा। दूसरी ओर समस्त महाविद्यालयों को 17 अप्रैल तक छात्र-छात्राओं के ऑनलाइन परीक्षा फार्म को सत्यापित करना होगा। उक्त कार्यक्रमानुसार यदि कोई महाविद्यालय परीक्षा आवेदन-पत्र सत्यापित नहीं करते है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित महाविद्यालय की होगी और ऐसे छात्र-छात्राओं को परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं प्रदान की जायेगी।विवि की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के निर्देश पर स्नातक एवं परास्नातक परीक्षा-2024 के द्वितीय, चतुर्थ, षष्टम सेमेस्टर की आनलाइन परीक्षा फार्म भरने की तिथि शनिवार को घोषित कर दी गई है। छात्र-छात्राएं विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर सावधानीपूर्वक ऑनलाइन परीक्षा फार्म भरेंगे। छात्र-छात्रा द्वारा प्रिंट किए गए ऑनलाइन परीक्षा फार्म की दो प्रतियों पर हस्ताक्षर के बाद ही महाविद्यालय में समय-सीमा में एक प्रति जमा करेंगे व एक प्रति अपने पास सुरक्षित रखेंगे। यदि किसी छात्र-छात्रा के ऑनलाइन परीक्षा फार्म भरते समय त्रुटि हो जाती है तो ऐसी दशा में आवेदित परीक्षा फार्म को महाविद्यालय अपने स्तर से संशोधन के उपरांत ही सत्यापित करेगा। इन छात्रों की सूची को महाविद्यालय द्वारा परीक्षा विभाग में नियत समय पर जमा कराना सुनिश्चित करेंगे। विश्वविद्यालय परीक्षा नियंत्रक उमानाथ के हवाले से मीडिया प्रभारी डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय की सम सेमेस्टर परीक्षा-2024 को सम्पन्न कराने जाने हेतु ऑनलाइन परीक्षा फार्म भरने के सम्बन्ध में प्राचार्यो को अवगत करा दिया गया है।

## अनुप्रिया पटेल ही पीडीए की असली नेता: प्रमोद सिंह

*अवधनामा संवाददाता 6*

**अयोध्या।** मंडल के अंबेडकर नगर जिले में लोकसभा चुनाव की तैयारियों तेज कर दिया गया है। तमाम दलों ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। एनडीए में सहयोगी अपना दल एस की ओर से भी तैयारियों को शुरू किया गया है। प्रदेश के तमाम पदाधिकारियों को जिले का प्रभार दिया गया है इसी क्रम में अम्बेडकर नगर लोक सभा चुनाव में अपना दल एस की तरफ से लोक सभा चुनाव प्रभारी बनने के बाद अपना दल एस प्रदेश सचिव प्रमोद सिंह ने पार्टी कार्यालय पर कार्यकर्ताओ के साथ बैठक कर चुनावी रणनीति को अमली जामा पहनाया। उन्होंने कहा कि सपा का पीडीए प्रेम झूठा है। अपना दल एस छोटी पार्टी होने के बावजूद दो सांसद में से एक आदिवासी समाज से हैं। पार्टी के 13 विधायकों में से मुस्लिम, महिला,आदिवासी, दलित, पिछड़ों के साथ अति पिछड़े विधायक की भागीदारी है। श्री सिंह ने कहा पार्टी सुप्रीमों अनुप्रिया पटेल सड़क से लेकर संसद तक लगातार इस वर्ग की आवाज उठाती रही हैं। उनके प्रयास से ही आज नीट में, सेंट्रल स्कूल, नवोदय विद्यालय में पिछड़ों की भागीदारी सुनिश्चित हुई है। पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा प्राप्त करने के लिए अनवरत प्रयास किया है। श्री सिंह ने कहा कि अपना दल एस और बीजेपी का गठबंधन उत्तर प्रदेश में सबसे पुराना है।

अम्बेडकरनगर लोक सभा चुनाव में एनडीए प्रत्याशी रितेश पांडेय के जीत की संभावना पर उन्होंने कहा कि यह 100 प्रतिशत सुनिश्चित है। पार्टी का एक एक कार्यकर्ता रात दिन इसके लिए परिश्रम कर रहा है।

आगामी दिनों में पार्टी सुप्रीमों अनुप्रिया पटेल जी एक विशाल रैली को संबोधित करने वाली है, जिसका आयोजन प्रत्याशी रितेश पांडेय और एनडीए के अन्य



सहयोगी दलों के साथ बैठक कर जल्दी ही सुनिश्चित किया जाएगा। बैठक में जिलाध्यक्ष फूलचंद्र पटेल, महेश पटेल, डा॰ विवेक पटेल, , भूपेंद्र पटेल, लाल मणि पटेल, शिवम पटेल, संजय यादव, डा॰ लाल चंद मौर्या, पारस नाथ राणा सहित दर्जनों पदाधिकारी और कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

## कांग्रेस पार्टी के खातों को सीज करने के विरोध में कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष नेतृत्व में किया प्रदर्शन

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** आगामी लोकसभा चुनाव के ठीक पहले कांग्रेस पार्टी के खातों को सीज करने के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन पर बड़ी संख्या में एकत्रित कांग्रेसी जुलूस के शक्ल में जैसे ही आगे बढ़े पहले से तैयार भारी पुलिस दल ने उनको रोक लिया तथा कांग्रेस कार्यकर्ता वहीं खड़े होकर भाजपा विरोधी नारे लगा रहे थे।इससे पूर्व कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा भाजपा द्वारा भारतीय लोकतंत्र को विफल करने की प्रक्रिया चिंताजनक गति से आगे बढ़ रही है। आम चुनाव की पूर्व संध्या पर पिछले महीने फरवरी में प्रमुख राष्ट्रीय विपक्षी दल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के बैंक खातों को फीज करने का अवैध प्रयास किया वहीं एक बार फिर आई.टी. विभाग से 1823.08 करोड़ रुपये का भुगतान करने के लिए ताजा नोटिस मिली है। पहले ही आई.टी. विभाग ने हमारे बैंक खाते से जबरन 135 करोड़ रुपये निकाल लिए हैं। भाजपा सरकार के इस कृति की कांग्रेस जन कड़े शब्दों में निंदा करते हैं।महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल ने कहाअब स्पष्ट रूप से अवैध और अलोकतांत्रिक कार्रवाई में, आयकर विभाग ने कांग्रेस पार्टी के खिलाफ अगला पूर्व नियोजित, शैतानी अभियान शुरू किया है। कांग्रेस पार्टी से हजारों करोड़ रूपये के स्पष्ट रूप से अवैध आयकर वसूली सम्बन्धी आठ साल के आयकर रिटर्न आदेश को फिर से पूर्व नियोजित योजना के तहत खोल दिया गया है, जो लोकतांत्रिक सिद्धांतों पर एक जबरदस्त और नग्न हमले के अलावा और कुछ नहीं है।

# अयोध्या विश्व में सांस्कृतिक केंद्र के रूप में स्थापित हो रहा है: अंकित शुक्ल

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्याधाम।** राष्ट्रीय कला मंच अयोध्या महानगर व खुद के कलम से के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित कविता और कहानियों का कार्यक्रम डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के संत कबीर सभागार में संपन्न हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ अभाविप के राष्ट्रीय मंत्री अंकित शुक्ला,गुलाजर समिति अयोध्या की अध्यक्षा श्रीमती पूनम सूद ,अभाविप अयोध्या महानगर के महानगर मंत्री सत्यम दुबे कार्य्रकम संयोजक व खुद के कलम से के फाउंडर प्रखर यादव,अवध विश्विद्यालय इकाई के इकाई मंत्री शेषमणि ने मां सरस्वती युवाओ के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद के चित्रों समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पआर्चन कर किया कार्यक्रम में प्रतिभागी नवोदित कलाकारों ने अपनी कविता और कहानियां से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय मंत्री अंकित शुक्ल ने कहा कि अयोध्या



विश्व में सांस्कृतिक केंद्र के रूप में स्थापित हो रहा है।कला साहित्यिक क्षेत्र में अयोध्या की प्रतिभाओं को राष्ट्रीय फलक पर आख्यायित करने हेतु राष्ट्रीय कला मंच एक माध्यम प्रदान कर रहा है।भारत की लोक कला व लोक संस्कृति के बारे में बहुत व्यापक महत्व है ऐसी गतिविधियां समाज को जागरूक करने का कार्य करती है युवाओं को मंच देने का कार्य करती है भारत में कला व संस्कृति का अटूट संबंध रहा है भारतीय कलाओं ने सदैव समाज को एक नई दिशा देने का काम किया है भारत की कला सदैव वैज्ञानिक दृष्टिकोण की रही है भारत में विविधता में एकता नहीं बल्कि एकता में विविध संस्कृतियों का प्रदर्शन है गुलजार समिति की अध्यक्षा पूनम सूद ने बताया कविता और कहानियों ऐसे कार्य्रकम होने से कलाकारों को मंच मिलता है जिसमे उनमें मंच पर बोलने की कला आ जाती है जिससे कलाकरों का विकास होता है कार्यक्रम में स्पेशल परफॉर्मेंस द चेक मार्क म्यूजिक बैंड के प्रमुख कुशल बत्रा व उनकी टीम ने रामभजन गाकर किया अंत में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों में अंकिता तिवारी , अभिषेक पाठक, भव्या मिश्रा को उम्दा कलाकारों के रूप में पुष्कृत कर स्मृतिचिन्ह व प्रतिभागी कलाकारों को प्रमाण पत्र वितरण कर सम्मनित किया गया । कार्यक्रम का संचालन अरुणिमा मिश्रा ने किया इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से खुद की कलम से की टीम से आस्था कनोजिया, अविनाश नागर,प्रशांत तिवारी, शुभम् चौधरी ,दिव्यांश चौधरी, सत्यम पाण्डेय व अभाविप से महानगर संगठन मंत्री अंकित भारतीय महानगर सह मंत्री अंश जायसवाल, मीडिया सयोंजक शिखर तिवारी,सोशल मीडिया सयोंजक रौनक गुप्ता, विश्वविद्यालय संगठन मंत्री अश्वनी मौर्या इकाई अध्यक्ष याशनी दीक्षित रिषभ पांडेय,प्रशान्त यादव नवीन गुप्ता सहित आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## रामलला के दर्शन से अभिभूत दिखे अधिवक्ता गण

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** अयोध्या बार एसोसिएशन के तत्व प्रधान में तथा बार अध्यक्ष पारस नाथ पांडेय एवं महामंत्री विपिन कुमार मिश्रा के नेतृत्व में लगभग 800 अधिवक्ताओं ने आज रामलीला दर्शन किये इस अवसर पर अध्यक्ष पारस नाथ पांडेय ने कहा के कहा कि शासन और प्रशासन की पहल से आज अधिवक्ताओं को जिस तरह से राम मंदिर के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ उससे वह बेहद प्रसन्न और अभिभूत है, प्रशासन को धन्यवाद देते हुए महामंत्री विपिन कुमार मिश्रा ने यह सात जन्मों का पुण्य कर्म है जिसकी वजह से आज हम सभी को राम मंदिर के दर्शन सुलभ हुए हैं,

दर्शन हेतु प्रशासन द्वारा उपलब्ध करवाई गई थी एसी युक्त सरकारी बसें

दर्शन से पहले प्रशासन द्वारा अधिवक्ताओं को दर्शन सुलभ रूप से करने के लिए एसी युक्त 17 बस भेजी गई थी, जिन पर सवार होकर सभी अधिवक्ताओं ने राम मंदिर के दर्शन की तदुपरांत उन्हीं बसों के द्वारा उन्हें वापस कचहरी परिसर में छोड़ा गया।

दर्शन करने वाले अधिवक्तागणों में प्रमुख रूप से में प्रमुख रूप से अधिवक्ता हरिकृष्ण पांडेय, अधिवक्ता राम अलख पांडेय, मनीष कुमार पांडेय, राजीव कुमार शुक्ला, वीरेंद्र कुमार शर्मा, शैलेंद्र कुमार त्रिपाठी, राकेश वैद्य चंद्र मौली सिंह कोषाध्यक्ष मुन्ना सिंह कार्यकारिणी सदस्य योगेश पांडेय, रणधीर पांडेय कार्यकारिणी सदस्य पूर्व अध्यक्ष सुशील चौबे, योगेश श्रीवास्तव, प्रभाशंकर पांडेय योगेंद्र सिंह, सहित सैकड़ो की संख्या में अधिवक्ता गण उपस्थित रहे।

## पुलिस ने बलात्कार के आरोपियों को भेजा जेल

*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।** थाना उघैती पुलिस द्वारा मासूम बालिका से दुष्कर्म एवं पोक्सो एक्ट के तहत दर्ज मुकदमे के आरोपी तथा थाना बिल्सी पुलिस द्वारा बलात्कार के मुकदमे में वांछित आरोपी को गिरफ्तार संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। पुलिस के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार को थाना उघैती पुलिस द्वारा धर्मपुर जाटान मंदिर के सामने से बलात्कार एवं छेड़छाड़ में नामित अपचारी को पुलिस निगरानी में किशोर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।वहीं थाना विल्सी पुलिस द्वारा दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। पुलिस का कहना है कि अभियुक्त द्वारा वादिनि का वर्ष 2016 से शारीरिक शोषण किया जा रहा था,आरोपी द्वारा वादिनी का वीडियो बना लिया गया था,जिसे वह वायरल करने की धमकी देता था।




## मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर एसएसपी ने किया निरीक्षण

**बदायूं।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगामी 2 अप्रैल को यहां प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी द्वारा अधिकारियों के साथ हेलीपैड तथा कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया गया।सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए उनके द्वारा संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।भाजपा के मीडिया प्रभारी आशीष शाक्य ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आगामी 2 अप्रैल को हेलीकॉप्टर द्वारा जनपद पीलीभीत से दोपहर 1÷10 पर यहां पुलिस लाइन हेलीपैड पर पहुंचेंगे।जिसके बाद दोपहर 1÷40 पर हेलीपैड से कार द्वारा शहर के कृष्णा लॉन पहुंच कर यहां आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलन में सम्मिलित होंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम संपन्न होने के बाद दोपहर 3÷00 पर हेलीपैड पुलिस लाइन पहुंचकर यहां से 3÷05 पर जनपद बरेली के लिए प्रस्थान करेंगे।

## शुभांकर, लोगो तथा मतदाता गीत का अनावरण

**बाराबंकी।** लोक सभा सामान्य निर्वाचन के सफल संचालन तथा जनपद में शत-प्रतिशत मतदान कराए जाने के दृष्टिगत ÷स्वीप÷ कार्यक्रम अंतर्गत मतदाता जागरूकता हेतु जनपद का शुभांकर, लोगो तथा मतदाता गीत का अनावरण, लोकार्पण किया गया। जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार के हाथों शुभांकर, लोगो तथा मतदाता गीत का अनावरण किया गया। इस अवसर पर डीएम ने कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए शत प्रतिशत मतदान अति आवश्यक है। यह कार्य मतदाता जागरूकता के माध्यम से ही सम्भव है। उन्होंने अपील की कि जिले के मतदाता अधिकाधिक मतदान में शामिल होकर इस राष्ट्रीय पर्व को सफल बनायें। इस अवसर पर एडीएम, एसडीएम, सीडीओ के अलावा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन, दलों में पक्षपात रोकने की मांग

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** देश की भाजपा सरकार में भारतीय लोकतन्त्र को खत्म करने की प्रक्रिया चिन्ताजनक रूप से बढ़ रही है। आयकर विभाग को सिर्फ कांग्रेस पार्टी दिखायी दे रही है। भाजपा की कमियों पर वह आँख मूंदकर बैठा है। कांग्रेस पार्टी पर जान बूझ कर लोकसभा चुनावों के बीच में आयकर आतंक थोपे जाने पर हम निराश होने वाले नहीं है, हमारे खाते फ्रीज है।

आयकर विभाग ने हमारे बैंक खाते से जबरन 135 करोड़ रूपये निकाल लिये और हमें 1828.08 करोड़ रूपये भुगतान का नया नोटिस भेजा है जबकी इसी आधार पर भाजपा से 4600 करोड़ की वसूली पर आयकर विभाग के आँख पर पट्टी बंधी है। उक्त उद्गार उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं 53 लोकसभा क्षेत्र से इण्डिया गठबन्धन के प्रत्याशी तनुज पुनिया ने आज आयकर विभाग के दफ्तर के सामने लोकसभा के चुनावों के बीच में आयकर विभाग द्वारा पूर्व नियोजित आयकर विभाग की नोटिस पर जिलाधिकारी के प्रतिनिधि को राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन प्रेषित करने के पूर्व व्यक्त किये। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में कांग्रेस अध्यक्ष मो0 मोहसिन तथा नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा फोटो वाला मुख्य रूप से मौजूद थे। कांग्रेस अध्यक्ष मो0 मोहसिन ने देश की भाजपा सरकार की कारगुजारियों की घोर निंदा की। ज्ञापन प्रेषित करके लोकसभा चुनाव 2024 निष्पक्ष रूप से सम्पन्न कराये जाने तथा संवैधानिक संस्थाओं द्वारा सभी राजनैतिक दलों पर एक नजर एक नियम से कार्यवाही किये जाने की मांग की गई है। इस अवसर पर राजेन्द्र वर्मा फोटो वाला, सरजू शर्मा, अजीत वर्मा, मो0 आरिफ, प0 श्रीकान्त मिश्रा, रामहरख रावत, सुरेन्द्र शर्मा टप्पू), रामसागर वर्मा, सन्तराम वर्मा, विवेक पटेल, अखिलेश वर्मा, सहित कई कांग्रेसजन मौजूद थे।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत, एक जखमी

**बाराबंकी।** नगर कोतवाली क्षेत्र में शनिवार को हुए सड़क हादसे में एक बाइक सवार की मौत हो गई जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हुआ है। घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार यह सड़क हादसा नगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत आलापुर में हुआ। बताया जा रहा है कि कपडे की फेरी लगाने वाले युवकों की बाइक में एक ट्रक ने टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया है। एक्सीडेंट के बाद मौके से ट्रक लेकर चालक फरार हो गया है। हादसे के बाद पुलिस जांच में जुटी है।

## नाबालिग से मारपीट प्रकरण में कठोर कारावास

**बाराबंकी।** न्यायालय ने नाबालिग से घर में घुस कर मारपीट करने वाले अभियुक्त को 05 वर्ष का कठोर कारावास व 6 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है।

पुलिस महानिदेशक लखनऊ द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन कनविक्शन के तहत बाराबंकी पुलिस द्वारा अभियोजन विभाग से समन्वय कर प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरुप थाना कुर्सी पर नाबालिग से घर में घुस कर मारपीट करने के सम्बन्ध में पंजीकृत मामले में सजा सुनाई गई। पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त दिलशाद पुत्र इरशाद निवासी अनवारी थाना कुर्सी को उपरोक्त धाराओं में न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या 46 द्वारा दोषसिद्ध करते हुए 05 वर्ष का कठोर कारावास व 6,000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

## लगातार कार्रवाई से खनन माफियायों में मचा हड़कंप



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** निचलौल थाना क्षेत्र के गांव बैठवलिया के सिवान में चल रहे अवैध खनन स्थल पर राजस्व कर्मियों की टीम ने मुखबिर की सूचना पर शनिवार को छापा मार कर ट्रैक्टर ट्राली पर लदी अवैध बालू (सिल्ट) को पकड़ लिया। जबकि खनन कर रहे आरोपी मौके से फरार हो गए। टीम ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई। नायब तहसीलदार अभिषेक कुमार मिश्रा ने कहा कि राजस्व कर्मियों को मुखबिर से जानकारी मिली कि भारत नेपाल सरहद से सटे बैठवलिया गांव के पूरब सिवान में कुछ लोग चोरी छिपे अवैध तरीके से बालू (सिल्ट) की खनन कर रहे हैं। सूचना के बाद टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुंचकर छापा मारा गया। इस दौरान ट्रैक्टर ट्राली पर लदी अवैध बालू (सिल्ट) को पकड़ लिया गया। जबकि छापा मारने की भनक लगते ही खनन कर रहे आरोपी मौके से फरार हो गए। पकड़े गए वाहन को कब्जे में लेकर उक्त वाहन को पुलिस यार्ड बहुआर कला में वेद प्रकाश उपाध्याय को सुपुर्द कर दिया गया। इस मौके पर राजस्व टीम में मनीष पटेल मौजूद रहे।

## प्रिया मद्धेशिया को मिला स्कूल टापर्स का पुरस्कार

*अवधनामा संवाददाता*

**नौतनवा (महराजगंज)।** क्षेत्र के प्रतिष्ठित स्कूल रेडिएंश एकेडमी जिगिनिहा कोल्हुई बाजार में समारोह पूर्वक प्रगति पत्र वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आशीष सिंह ब्लाक प्रमुख व विशिष्ट अतिथि के रुप में राजा राम प्रधान व संस्था के निदेशक ओपी त्रिपाठी ने सर्वप्रथम मां सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजन किया। उसके पश्चात प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र व मेडल तथा शील्ड प्रदान किया गया। अभिभावकों व छात्रों को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि आज के बच्चे ही कल के भविष्य हैं इसलिए अभिभावक, अध्यापक तथा बच्चे सबको शिक्षा के प्रति जागरूक जागरूक रहते हुए अपने अपने दायित्व को पूरे मनोयोग से निभाना होगा।इसी क्रम में ग्राम प्रधान राजाराम ने कहा कि यदि हम अपने जिम्मेदारी को अच्छे से निभायेंगे तभी स्कूल में हमारे बच्चों का समुचित विकास होगा। संस्था के निदेशक ओपी त्रिपाठी ने कहा कि अभिभावक बच्चों को मोबाइल से दूर रखें तथा उनको किताबें पढ़ने हेतु प्रेरित करें।

उक्त कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक व बच्चे उपस्थित रहे तथा स्कूल के कर्मचारी भी इस कार्यक्रम को सुन्दर बनाने के लिए जी जान से लगे हुए थे। अंत में प्रधानाचार्य वाईके चौरसिया ने सभी को धन्यवाद देते हुए अतिथियों द्वारा अपना अमूल्य समय देने के लिए आभार व्यक्त किया।

# रिपोर्ट कार्ड मिलते ही बच्चों के चेहरे पर दिखा खुशी

**महराजगंज।** सिंदुरिया क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा नंदाभार में स्थिति केडी स्कूल में रिजल्ट वितरित हुआ। जिसमें प्रतिभावान छात्रों को मेडल और रिपोर्टकार्ड देकर उज्वल भविष्य की कामना की गई। परीक्षा परिणाम वितरित करने के बाद विद्यालय के प्रबंधक विपिन कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि प्रतिभा शहर और ग्रामीण क्षेत्र के मोहताज नही होती हैं। आज कम संसाधन के बाबजूद भी ग्रामीण क्षेत्रों से प्रतिभावान बच्चें अपने हुनर का लोहा मनवा रहे हैं। वरिष्ठ शिक्षक जेपी ने बच्चों को मेडल दिया और कहा कि परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रोत्साहित करना जरूरी होता है इससे अन्य बच्चों में हौसला उपजता हैं।

इस दौरान आर्यन वर्मा, पीहू, अंशिका, अनुराग,किशन श्रेया श्रीवास्तव, सहित अन्य बच्चों को भी बेहतर परीक्षा परिणाम लाने पर मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान वरिष्ठ शिक्षक, सुनील साहनी, जितेंद्र मदेशिया,केपी राजेश शर्मा, हरिपाल राव, रामेश्वर गुप्ता, मोनू, गिरिजेश वर्मा, पुष्पजा मिश्रा, ललिता चौधरी, नेहा दुबे, सहित काफी संख्या में अध्यापक और छात्र छात्रा मौजूद थे।

## 320 ग्राम मारफीन समेत एक तस्कर गिरफ्तार

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** थाना सतरिख पुलिस टीम ने एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से 320 ग्राम अवैध मारफीन व एक तमंचा बरामद किया। मार्फीन की अन्तर्राष्ट्रीय कीमत करीब 32 लाख रूपये बताई जाती है। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा जनपद में मादक पदार्थ तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण लगाने हेतु अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सतरिख पुलिस टीम द्वारा मैनुअल इन्टेलीजेन्स के आधार पर अभियुक्त मुकेश पाण्डेय पुत्र स्व सुमेर पाण्डेय निवासी ग्राम खरीद थाना सिकन्दरपुर जनपद बलिया को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 320 ग्राम अवैध मारफीन (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत करीब 32 लाख रूपये) व एक अवैध तमंचा मय जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना सतरिख पर एनडीपीएस एक्ट व आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।

## आपसी सहमति से कराया सुलह समझौता

**बाराबंकी।** महिला थाना, महिला परामर्श केन्द्र द्वारा काउंसलिंग करने के परिणामस्वरूप प्रार्थना पत्रों में दोनों पक्षों की समस्याओं को सुनते हुए आपसी सहमति से सुलह समझौता कराया गया। दोनों पक्षों द्वारा आपस में एक- दूसरे को विश्वास दिलाया गया कि हम दोनों नवजीवन की नई शुरूआत करते हुए हंसी-खुशी अपना जीवन यापन करेंगें। महिला थाना प्रभारी/काउंसलरों द्वारा दंपति को नवजीवन की शुरूआत की शुभकामनाएं देते हुए समझाया गया कि बीती बातों को लेकर विवाद नही करेंगे और आपस में प्यार से रहेगें।

# मोदी सरकार ने तानाशाही पराकाष्ठा पार की : अमित वर्मा

अवधनामा संवाददाता



**अंबेडकरनगर।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमित कुमार वर्मा की अगुवाई में जनपद के समस्त कांग्रेसजनों ने मोदी सरकार द्वारा कांग्रेस को 1823 करोड रुपए की इन्कम टैक्स पेनाल्टी लगाने के विरोध में जोरदार धरना प्रदर्शन करते हुए गिरफ्तारी दी जिलाध्यक्ष अमित कुमार वर्मा ने कहा आज नहीं तो कल, कल नहीं तो परसों मोदी सरकार जाएगी और फिर संवैधानिक संस्थाओं से उनका हिसाब लिया जाएगा कि अगर आपने अपनी संवैधानिक कार्य का निर्वहन किया होता तो लोकतंत्र जिंदा होता। जिलाध्यक्ष अमित कुमार ने कांग्रेसजनों को पुलिस लाइन में गिरफ्तारी के दौरान संबोधित करते हुए कहाकि देश का बच्चा-बच्चा लोकतंत्र को बचाने के लिए जेल जाने के लिए तैयार है आज कांग्रेस को नोटिस थमाई जा रही है कल 140 करोड़ देशवासियों को नोटिस थमायी जाएगी और कल भाजपा सरकार सब पर तानाशाही का डंडा चलायेगी यह लोकतंत्र का अंत है उन्होंने आगे कहा कि जिस हिसाब से कांग्रेस के सभी खातों को फ्रीज किया गया और 1994 के मामले को लेकर 14 लाख रुपए पर 1823 करोड़ रूपये की पेनाल्टी लगायी गयी और भाजपा पर बेहिसाब 42 करोड़ रूपये पर 4600 करोड रुपए पेनल्टी बनती है और एक भी पैसे पेनल्टी नहीं लगाई गई है। उप्र कांग्रेस के सचिव अमित कुमार जायसवाल ने कहा कि देश में यह कैसा दोहरा मापदंड का दौर चल रहा है लोकतंत्र का गला घोटने की साजिश अपने आखिरी दौर में है देश की जनता के लिए चेतावनी है अब आपके हाथ में है लोकतंत्र बचा लो या तानाशाह की गुलामी करो। जिला कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी डॉ विजय शंकर तिवारी ने बताया कि कांग्रेस नेतृत्व के निर्देश पर जनपद के समस्त कांग्रेसजन जिला कांग्रेस कमेटी अंबेडकर नगर कार्यालय पर एकत्र हुए और मोदी सरकार की तानाशाही कार्रवाई की घोर निंदा की और तत्काल इनकम टैक्स का नोटिस वापस लेने की चेतावनी दी और कहा कि लोकतंत्र का गला घोंटने से बाज आयें और ज्ञापन देने के लिए कलेक्ट्रेट के लिए निकलते समय कार्यालय के सामने ही अपर पुलिस अधीक्षक तथा क्षेत्राधिकार नगर ने कांग्रेसजनों को गिरफ्तार कर लिया तथा पुलिस लाइन ले गए और बाद में रिहा कर दिया। गिरफ्तारी मे जिलाध्यक्ष अमित कुमार वर्मा के साथ प्रमुख रूप से पूर्व प्रत्याशी पूर्व प्रदेश सचिव अमित कुमार जायसवाल, उत्तर प्रदेश कांग्रेस सोशल मीडिया के महासचिव संजय तिवारी, जिला उपाध्यक्ष गुलाम रसूल छोटू, सुखीलाल वर्मा, रवीश शुक्ला, सैय्यद ऐतबार हुसैन, अख्तर जमाल अंसारी उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस महासचिव विशाल वर्मा, सचिव विकल्प मिश्रा, आदित्य नारायण तिवारी, हेमंत अहीर यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष राजेश प्रजापति, कुलदीप शर्मा, मोहम्मद कासिम, राहुल मिश्रा, रामरूप साहू, शीतला प्रसाद श्रीवास्तव सोनू, वकील अंसारी, रामजी वर्मा मौजूद रहे।

## डीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक

**अम्बेडकरनगर।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संचारी रोग नियंत्रण/दस्तक अभियान (1 अप्रैल 2024 से 30 अप्रैल 2024) के सफल संचालन के सम्बंध में बैठक आयोजित किया गया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी महोदय ने संबंधित विभागो के अधिकारियों से उनके द्वारा की गयी तैयारियों को लेकर अलग-2 समीक्षा की एवं कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दिशा निर्देश जारी किये।डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया तथा अन्य संचारी रोग तथा दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण तथा इनका त्वरित इलाज सर्वोच्य प्राथमिकताओं के साथ करने के निर्देश दिया गया है,जिसके लिए सभी विभाग मिलकर लोगो को जागरूक करें एवम् साफ-सफाई, सभी विभागों से संबंधित कार्य विभागों के अधिकारियों द्वारा सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने हेतु सभी विभागअपनी भूमिका पूर्ण मनोयोग से निभाये तथा सभी विभागों को निर्देश दिये कि वह संचारी रोग नियंत्रण अभियान का सफल आयोजन करें। 10 अप्रैल से दस्तक अभियान में आशा व आंगनवाड़ी कार्यकत्री की पूर्ण भागीदारी सुनिश्चित की जाए।

# भनवापुर में संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर आयोजित हुई बैठक

### बैठक में अभिभावकों व बच्चों को जागरूक करने की गयी अपील

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** भनवापुर ब्लाक सभागार में संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान को लेकर शनिवार को बैठक आयोजित किया गया। बैठक में उपस्थित शिक्षकों को अधीक्षक सीएचसी सिरसिया डॉ.शैलेंद्र मणि ने स्वच्छता का पाठ पढ़ाया। अधीक्षक डॉ.ओझा ने कहा कि एक अप्रैल से लेकर 30 अप्रैल तक संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान चलाया जाना है।

इस अभियान के सफलता में शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण है। सभी शिक्षक विद्यालय प्रबंधन समिति के बैठक में अभिभावकों को व प्रार्थना सभा में बच्चों को संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के बारे में जानकारी दे। बाल सभा के माध्यम से निबंध, पोस्टर पेंटिंग प्रतियोगिता के साथ रैली निकाल कर ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल का उपयोग, घर के आस पास साफ सफाई, शौचालय का इस्तेमाल करने के लिए जागरुक करें।

डॉ.ओझा ने कहा कि इस समय मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है, इससे बचाव के लिए सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें, फुल अस्तीन का कपड़ा पहनने के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि एक सप्ताह तक बुखार रहता है तो तुरंत सीएचसी पर जांच कराएं। अंत में उन्होंने सभी लोगों से अपील किया कि इस अभियान में सहयोग करें जिससे अभियान को सफल बनाए जा सके। इस दौरान राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के ब्लाक अध्यक्ष अरूण कुमार चतुर्वेदी, राम प्रकाश मिश्रा, आबिद रिजवी, अनिल, संतोष, रमेश, अवधेश भारती, रामकुमार, करूणा शंकर, दुर्गेश मिश्रा, प्रमोद आदि लोग उपस्थित रहे।

## जुलूस मार्गो का प्रशासन ने किया निरीक्षण



**जलालपुर अवधनामा संवाददाता।** हज़रत इमाम अली की शहादत दिवस (पहली अप्रैल) को निकलने वाले मातमी जुलूस के मार्गों का एडीशनल एसपी पूर्वी श्यामदेव ने पुलिस क्षेत्राधिकारी देवेंद्र कुमार मौर्य व कोतवाल संतोष कुमार सिंह के संग निरीक्षण किया।उन्होंने जुलूस की सुरक्षा व्यवस्था के बाबत सी ओ को सर्किल के सभी थानाध्यक्षों की तैनाती को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।पुलिस अधिकारियों ने चिलवनिया स्थित कदीमी बड़ी दरगाह का भी निरीक्षण किया।अधिकारियों ने शिया बहुल क्षेत्र जाफराबाद,उस्मानपुर में जुलूस के बाबत लोगों से मिलकर जानकारी ली।शिया नेता इब्ने अली जाफरी ने जुलूस के अवसर पर जुलूस मार्ग पर साफ सफाई, जलापूर्ति एवं प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त रखने की मांग की है।उक्त अवसर पर मोहम्मद अब्बास राजा, मेंहदी रज़ा समेत कई अंजुमनों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## एसपी व एसएसपी ने की जनसुनवाई

**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** पुलिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक महोदय डॉ कौस्तुभ व अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी विशाल पाण्डेय द्वारा जनसुनवाई का आयोजन किया गया।जन सुनवाई के दौरान फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण हेतु सम्बन्धित थानाध्यक्ष/ प्रभारी निरीक्षक को तत्काल फोन व वायरलेस के माध्यम से वार्ता कर निर्देशित किया गया साथ ही समस्त जमीनी विवाद को चिह्नित कर पुलिस टीम को राजस्व टीम के साथ समन्वय बनाकर टीम गठित कर समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण, प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण हेतु निर्देशित किया जा रहा है।

# श्रीमद भागवत कथा हमे जीवन जीने की कला सिखाता है : आचार्य शिव भूषण

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत कपिलवस्तु के बर्डपुर कस्बे में स्थित निवर्तमान ग्राम प्रधान श्रीमती विनीता यादव पत्नी ओम प्रकाश यादव के कान्हा भवन पर आयोजित सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा एव ज्ञान महायज्ञ के पहले दिन व्यास मंच से कथा सुनाते हुए अयोध्या धाम के आचार्य शिव भूषण मिश्र ने कहा कि श्रीमद भागवत पुराण की कथा सुनने से मनुष्य का उद्धार हो जाता है। गोकर्ण धुधकारी की कथा सुनाते हुए आचार्य शिव भूषण मिश्र ने कहा कि गोकर्ण धुधकारी की कथा से हमको, समाज को एक नई दिशा मिली, भगवत भगवान के शरण में ही भक्त का कल्याण होता है। कथा सुनाते कहा कि पंडित आत्म देव को पुत्र नही था, लेकिन संत व भागवत भगवान के आशीर्वाद से उन्हें गोकर्ण जैसे पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई,भगवत भगवान के शरण में रहने से ही इंसान का आत्म कल्याण होगा।सुकन्या ने चवन ऋषि के साथ शादी करके समाज को एक नई दिशा दिखाने का प्रयास किया, कि हर बेटे व बेटी को अपने मां बाप के सम्मान के साथ खिलवाड़ नहीं करना चाहिए, उनके कदम से कदम मिलाकर चलना चाहिए। माता पिता के स्वाभिमान को सर्वोपरि रखना चाहिए, यह संस्कार व जीवन जीने की कला हमे श्रीमद भागवत कथा सुनने से मिलती है।इस अवसर पर मथुरा वृंदावन से आए हुए बाल कलाकारों द्वारा भगवान गणेश व राधा कृष्ण की निकाली गई मनमोहक व आकर्षक झांकी लोगो के आकर्षण का केंद्र बना रहा। इस अवसर पर मुख्य यजमान श्रीमती सरस्वती देवी पत्नी पूर्व विधायक स्वर्गीय राम रेखा यादव, विनीता यादव, ओम प्रकाश यादव, विशेश्वर प्रसाद अग्रहरी, जय प्रकाश सिन्हा, गिरधारी लाल, चंद्रिका कसौधन, राम प्रसाद चौरसिया, राजेश्वरी यादव, सरिता यादव, वेद प्रकाश, सुमित, हर्ष, विजय कुमारी, आकाश मोदनवाल, सत्य प्रकाश मद्धेशिया, राम गोपाल, अर्जुन मद्धेशिया, रवि वर्मा, दीपक चौरसिया, राज कुमार सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित होकर श्रीमद भागवत कथा का श्रवण किया।

## एसपी के आदेश को नहीं मानती मालिपुर पुलिस

**जलालपुर अंबेडकरनगर।** पुलिस अधीक्षक के आदेश को मालीपुर पुलिस मानने को तैयार नहीं है। पुलिस अधीक्षक के आदेश को दर किनार कर मुकदमा नहीं दर्ज करने से खफा सीओ के निर्देश पर पुलिस ने तीन पुरुष और दो महिलाओ के विरुद्ध तोड़फोड़ जान से मारने की धमकी समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। प्रकरण मालीपुर गांव निवासी धीरेंद्र यादव का है। धीरेन्द्र यादव अपने घर की पिछली दीवाल का प्लास्टर करा रहे थे। इसी दीवाल पर विपक्षी सत्यनारायण यादव आदि ने बांस बल्ली के सहारे सिमेंटेड शीट रखा है। धीरेंद्र जब दीवाल का प्लास्टर कराते वहां तक पहुंचे तो उन्होंने विपक्षी से सिमेंटेड शीट हटाने का निवेदन किया।विपक्षी सिमेंटेड शीट हटाने के बजाय आनंद यादव, विजय यादव, सत्य नारायण, प्रेमा देवी और प्रियंका ने अपमानित करते हुए बांस बल्ली तोड़ दिया और तमंचा से हत्या करने की धमकी दी। पीड़ित धीरेंद्र ने 23 मार्च को पुलिस को तहरीर दिया किंतु पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की।24 मार्च को जब ढांचा हटाने की बात कही गई तो पुनः अपमानित करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई।

# मतदाता जागरूकता अभियान की शिक्षकों ने निकाली रैली



अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** ब्लॉक संसाधन केंद्र डुमरियागंज के प्रांगण में शनिवार को मतदाता जागरूकता रैली शिक्षकों द्वारा निकाली गई। रैली का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी डुमरियागंज संजय कुमार ने हरी झंडी दिखाकर किया। बाइक पर सवार तमाम शिक्षक जागरूकता रैली में जिला मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे। जानकारी के मुताबिक लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 में मतदाता जागरूकता एवं मतदान टर्नआउट बढ़ाने के उद्देश्य से प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों को जागरूकता रैली में प्रतिभाग करना था। इसी क्रम में शनिवार को शिक्षक बीआरसी प्रांगण में पहुंचकर जिला मुख्यालय के लिए प्रस्थान किया। ब्लाक संसाधन केन्द्र से होते हुए जिला मुख्यालय में जेल रोड के सामने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर में एकत्रित होंगे। जहाँ मुख्य मंच का निर्माण कराया जायेगा तथा वहाँ से मतदाता जागरूकता सम्बन्धी गतिविधियाँ संचालित की जाएगी। रैली का शुभारंभ करने के बाद बीईओ संजय कुमार ने कहा कि मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से निरंतर अभियान चलाया जा रहा है इसके लिए सभी शिक्षकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। बूथ वाले विद्यालयों पर भी शिक्षकों द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस मौके पर प्रधानाध्यापक नसीम अहमद, धर्मराज दुबे, प्रेम प्रकाश चौबे, अभिषेक सिंह, अमित मिश्रा आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# देलही पब्लिक स्कूल में शैक्षिक गुणवत्ता सर्वोपरिः अमरमणि



अवधनामा संवाददाता

**बस्ती।** शहर के पचपेडिया रोड स्थित देलही सीनियर पब्लिक स्कूल में छात्र छात्राओं को प्रोग्रेस रिपोर्ट दी गई। इस अवसर पर पैरेन्ट्स मीटिंग तथा पुरस्कार वितरण का भी आयोजन किया गया। अभिभावकों ने स्कूल की शैक्षिक गुणवत्ता तथा प्रबंधन की जमकर तारीफ की। कहा अन्य स्कूलों से यह बहुत कुछ भिन्न है। विद्यालय प्रबन्धक अमरमणि पाण्डेय ने कहा प्रति छात्र एक अध्यापक की नियिक्त की गई है जिससे शिक्षा की गुणवत्ता कायम रहे। कक्षा में कम बच्चों के होने पर अध्यापक एक एक बच्चे का विधिवत ध्यान दे पाता है और उसका मूल्यांकन करता है। साथ ही दूसरे विद्यालयों की तुलना में फीस भी कम है। गरीब परिवार के बच्चों का विद्यालय प्रबंधन हर सतर का सहयोग प्रदान करता है। विद्यालय कैम्स से ही 50 प्रतिशत की छूट पर पुस्तकें भी प्रदान की जाती हैं। उन्होने सभी छात्र छात्राओं को शुभकामनायें देते हुये उनका उत्साहवर्धन किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीगती अर्चना पाण्डेय ने छात्र छात्राओं को मेहनत और लगन से आगे बढ़ने को प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओ का विशेष योगदान सराहनीय रहा।

# जनता के सुख- दुःख में सिर्फ भाजपा और भाजपा के लोग ही सहभागी : पाल

### सांसद जगदम्बिका पाल ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** भाजपा प्रत्याशी सांसद जगदंबिका पाल ने शनिवार को विधानसभा क्षेत्र कपिलवस्तु के नौगढ़ देहात मंडल के ग्राम सोहास सुमाली, महादेवा खुर्द, पोखरभिट्वा और दया नगर में आयोजित चौपाल कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जगदंबिका पाल ने कहा की केंद्र और प्रदेश में आसीन मोदी और योगी की सरकार बिना भेदभाव किये सभी जाति धर्म के लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान कर रही है। कहा कि कई वर्षों से निशुल्क राशन वितरण, उज्जवला गैस, आवास, शौचालय आदि योजनाओं का लाभ सीधे जनता को प्रदान कर रही है। गंभीर रोगों से ग्रसित मरीजो का इलाज भी सरकार करा रही है आज देश और प्रदेश प्रगति के पथ पर अग्रसर होते हुए निरंतर विकसित देश की श्रेणी में भारत आगे बढ़ रहा है। देश की जनता प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कार्यों की सराहना कर रही है। आगामी लोकसभा चुनाव में विपक्ष का अभी तक कोई चेहरा भी नहीं है न हीं विपक्ष आज तक जनता के बीच कहीं दिखाई भी पड़ा है जनता के सुख दुख में सिर्फ भाजपा और भाजपा के लोग सहभागी बन रहे हैं। सरकार बिना भेद भाव के सारी योजनाओं का लाभ आम जन मानस को प्राप्त करा रही है। चौपाल कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सांसद श्रीपाल ने कहा कि मोदी जी ने देश के स्वाभिमान को विश्व में ऊंचा किया देश की सुरक्षा को भरसोमंद बनाया आज आतंकवादी घटनाएं न के बराबर है। आज कश्मीर फिर अपनी पुरानी रंगत में आ गया भारत सभ्यता संस्कृति सनातन कि परम्पराओं का वाहक बन चुका है लगभग 500 सौ वर्षो बाद हमारे आराध्य भगवान रामलला जी अपने भव्य मंदिर में विराजमान हो चुके है। चौपाल कार्यक्रम में अनिल कुमार गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राजेश मिश्रा, संपूर्णा पाण्डे, बजरंगी गोस्वामी, बिफई, रमई, सोनू गुप्ता, सैलेंद्र वर्मा, अभिषेक कशौधन, दीपू, दिलीप आदि लोग मौजूद रहे।

# छात्र एवं छात्राओं को मुख्य अतिथि द्वारा किया पुरस्कृत




अवधनामा संवाददाता

**लोटन सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड लोटन क्षेत्र के डी पी चिल्ड्रेन एकेडमी डफालीपुर में शनिवार दोपहर को वार्षिक उत्सव व छात्र एवं छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसमें छात्राओं द्वारा बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद अंकपत्र वितरण कक्षा एक से कक्षा 8 वीं तक के प्रति क्लास के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान लाने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया तथा विद्यालय टाप करने वाले छात्र जैद खान को मुख्य अतिथि सदर विधायक श्यामधनी राही व विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख आशीष सिंह द्वारा सायकिल पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। अन्य कक्षाओं के प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान लाने वाले छात्र -छात्राओं को सिल्ड व प्रस्थिपत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान विशिष्ट अतिथि द्वारा सभी छात्र एवं छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए छात्र एवं छात्राओं को बधाई दी गयी। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख अशीष सिंह, विद्यालय डायरेक्टर अभिषेक सिंह, पूर्व प्रमुख उदयभान सिंह, प्रभात सिंह सहित तमाम अभिभावक भी उपस्थित रहें।

## भाई ने बहन को मारने पीटने को लेकर थाने में दिया तहरीर

**लोटन सिद्धार्थनगर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चनरैया निवासी पवन सिंह ने अपने बहन बन्दना सिंह के ससुराल के लोगों द्वारा मार पीट कर घायल करने का आरोप लगाया है। घायल बन्दना के भाई पवन सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर कहां है कि मेरी बहन की शादी तेरह माह पहले रामसरन सिंह के पुत्र की शादी ग्राम-तरघौना के साथ हुई थी। ससुराल जाने के बाद से ही पल्सर गाड़ी एक लाख रुपए,एसी की मांग करते चले आ रहे थे। जिसको लेकर बराबर मारते पीटते व प्रताड़ित करते रहते थे। 27 मार्च को बहन का पति रामसरन नशे में धुत होकर घर में गाली गुप्ता देते हुए पैसा की मांग करते हुए मारने पीटने लगा विरोध करने पर घर के लोगो ने मिलकर मेरी बहन को तब तक मारते पीटते रहे जब तक बेहोश नहीं हो गयी। बेहोश होने के बाद मुझे सूचना दिये। सूचना पर मैं तरघौना जाकर अपने बहन को निजी साधन से सीएचसी लोटन ले आया जहां ईलाज चल रहा है लेकिन बहन की हालत ठीक नहीं तीन दिन से बेहोश पड़ी है। हालत ठीक न होने से मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई किया जाये।

# राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम को लेकर हुई बैठक

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान तथा संचारी रोगो एवं दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण एवं क्षय रोग के संबध में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) उमाशंकर की अध्यक्षता एव प्र0 मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 डीके चौधरी की उपस्थिति में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए अपर जिलाधिकारी उमाशंकर ने संबंधित समस्त विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप तृतीय चरण संचारी रोग नियंत्रण 1 अप्रैल से 30 अप्रैल जिसमें 10 से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान चलाया जायेगा। दिमागी बुखार एवं अन्य संक्रामक रोगो के संबध में व्यापक जन-जागरूकता हेतु 10 से 30 अप्रैल के मध्य दस्तक अभियान आयोजित किया जा रहा है। जिसमें प्रशिक्षित स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर इन बीमारियों के बचाव तथा उपचार के संबध में लोगो को जानकारी देगें। अपर जिलाधिकारी ने समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत को निर्देश दिया कि नगरीय क्षेत्रों में अभियान चलाकर साफ-सफाई कराये तथा फागिंग (एन्टी लारवा का छिड़काव) तथा ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई कराने हेतु जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जागरूकता वैन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया जायेगा। अभियान को प्रभावी रूप से भूमिका निभाने के लिए आशा, ऑगनबाड़ी एवं एएनएम, स्कूली शिक्षक की अहम भूमिका है। उन्होने बताया कि इस अभियान के अन्तर्गत दिमागी बुखार, क्षय रोग, कुष्ठ रोग, फाइलेरिया एवं कालाजार रोगों के लक्षणयुक्त रोगियों को निकटवर्ती सरकारी अस्पताल में भेजकर त्वरित एवं सही उपचार कराने के लिए विशेष बल दिये जाने की आवश्यक्ता है। बैठक में जिला पंचायत राज अधिकारी पवन कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत, समस्त एमओआईसी तथा अन्य संबधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## पुलिस ने किया पैदल गश्त कर वाहन चेकिंग

**बांसी सिद्धार्थनगर।** लोक सभा चुनाव को लेकर बांसी पुलिस पैदल गस्त व वाहन चेकिंग तेज कर दिया है।पैदल गस्त कर बांसी पुलिस जहाँ लोगों की सुरक्षा का अहसास दिला रहा है, वहीं पुलिस अलर्ट मोड मे दिखीं भीड़ मैनेजमेंट सहित सुरक्षा व्यवस्था को लेकर हर स्तर पर तैयार है।सडक् की पटरियों पर तितर बितर वाहनों को ठीक से खडी कराने को लेकर तमाम दुकानदारों को फटकार भी लगाई और हद मे दुकान लगाने तथा वाहनों को खडा करने के लिया कहा। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक बांसी विंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने कहां कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए नगर के संभ्रात लोगों से अपील भी किया कि किसी भी अराजक तत्वों द्वारा शरारत करने पर पुलिस को स्थानीय लोग तत्काल सूचना दे पुलिस आम जनता की सुरक्षा के लिए लगातार गश्त पर है।इस दौरान एस आई मनोज श्रीवास्तव, हेडकांस्टेबल रोशन अली,केशी त्रिपाठी, जितेंद्र सिंह, मंजीत सिंह, विष्णु यादव, अतुल पाल सहित बांसी पुलिस बल मौजूद रहे।

# भक्ति व डीजे की धुन पर महिलाएं पुरुष व बच्चों ने निकाली कलश यात्रा

अवधनामा संवाददाता



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड बढ़नी क्षेत्र के ग्राम पंचायत जुगडिहवा गांव में स्थित श्रीराम जानकी मंदिर परिसर में विगत 18 वर्षो से आयोजित हो रहे नौ दिवसीय विष्णु महायज्ञ के लिए शनिवार को कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में महिलाओं और बच्चों ने गर्मजोशी के साथ भाग लिया।

कलश यात्रा सर्वप्रथम वरुण पूजन मंगलकारणी काली मां तथा ब्रह्म बाबा के पूजन के उपरांत यज्ञ स्थल से प्रारंभ हुई।कथा वाचक आचार्य ताराचंद मिश्रा के द्वारा कराया जा रहा है। मुख्य यजमान ग्राम प्रधान मोहन चौधरी व विमलावती द्वारा कराया जा रहा है। उसके उपरांत कलश यात्रा जुगडिहवा गांव के श्रीराम जानकी मंदिर परिसर से एसएसबी कैम्प धनौरा, कम्हरिया, झरुआ गांव होते हुए बानगंगा नदी (बैराज) से कलश में जल भरा गया। इसके बाद कलश यात्रा पुनः वापस यज्ञ स्थल पर पहुंची जहां आचार्य ताराचंद मिश्रा, पंडित शिव पूजन मिश्रा, पंडित विजय मिश्रा, पंडित योग प्रताप मिश्रा ने वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ कलश को स्थापित करवाया।यज्ञ आयोजक महंत जंगीलाल ने बताया कि यह यज्ञ 30 मार्च से 7 अप्रैल तक चलेगा। यज्ञ में प्रति दिन आचार्य ताराचंद मिश्रा व सहायक पंडित शिवपूजन मिश्रा, पंडित विजय मिश्रा, पंडित योग प्रताप मिश्रा का प्रवचन होगा और रात्रि सात बजे से ग्यारह बजे समय समय तक रासलीला का मंचन किया जाएगा। मुख्य जजमान ग्राम प्रधान मोहन चौधरी व विमलावती ने क्षेत्र के लोगों से श्री विष्णु महायज्ञ व रासलीला में कार्यक्रम में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है। कलश यात्रा में अजय सिंह, ग्राम प्रधान मोहन चौधरी, विमलावती, शिवचंद यादव, नंदलाल, प्रदीप, सुग्रीव, राजेंद्र, आकाश, रामवृक्ष, पंचू, विशंभर बाबा, राम सुमिरन बाबा, अंम्बर, राम बसंत, जौकुश, सीताराम, पप्पू, आशीष, सहजराम, चिंकू, संतोष, अखिलेश, फिरोज, विमलावती देवी, इंद्रावती देवी,वमहिमा, मनीषा, आरती, चांदनी, राजमती, तारामती, रोशनी, राधिका, पूजा, करिश्मा, अंशु, सरिता, संजना, वंदना, अनीशा, संगीता चौधरी, आयोजक महंत जंगीलाल, आचार्य ताराचंद मिश्रा, सहायक पंडित शिवपूजन मिश्रा, पंडित विजय मिश्रा, योग प्रताप मिश्र आदि ने डीजे की धुन पर भक्ति गीतों के साथ नारा लगाते हुए विष्णु भगवान के भजन को गाते हुए कलश यात्रा महिलाएं पुरुष व बच्चे निकाले।कलश यात्रा का नेतृत्व पूर्व जिला पंचायत सदस्य अजय सिंह ने किया।

## विश्व जनमत का दबाव

विभिन्न देशो में गाजा पर इस्राइल द्वारा किये जा रहे हमले के विरोध में होते प्रदर्शन के दवाब में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने युद्ध विराम का प्रस्ताव मंजूर कर दिया। बड़ी और सुखद बात यह है कि अमेरिका जो इस्राइल का पक्षधर रहा। उसने प्रस्ताव के खिलाफ मतदान तो नहीं किया पर वीटो का इस्तेमाल नहीं किया। नाराज़ हो इस्राइल ने अमेरिकी यात्रा स्थगित कर दी।

प्रारम्भ मे जब हमास आतंकी हमले के खिलाफ इस्राइल ने युद्ध छेड़ा तो अमेरिका भारत सहित कई देश इस्राइल के पक्ष में खड़े हो गये। युद्ध लम्बा खिचता गया आम लोग हताहत होते रहे। अब तक गाजा में 32000 लोगो के मारे जाने की खबर है। जैसा की युद्ध में होता है महिलाओं और बच्चों को हमले की भारी कीमत चुकानी पड़ती है मरने वालो में महिलाओं और बच्चे ज्यादा है। इसे देखते हुये विश्व जनमत में आवाज उठने लगी कि इस्राइल को अपने अभियान का स्वरूप बदलना चाहिये। प्रस्ताव में बन्धकों की तुरन्त रिहाई बिना किसी शर्त के होनी चाहिये और गाजा में बडे पैमाने पर मानवीय सहायता पहुचाई जाये।

इस्राइल को लेकर अमेरिका के पुराने रूख में लोग इसे बदलाव का संकेत मान रहे है। क्योकि अमेरिका ने इससे पहले गाजा युद्ध विराम के तीन प्रस्तावों को वीटो कर दिया था। इस प्रस्ताव पर वीटो करने की बात को लेकर अमेरिका कह रहा है इसे लेकर उसके रूख में बदलाव आने का संकेत माना जाना बेमानी है। अमेरिका पुराने रूख पर कायम है। इस्राइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने इसी हफ्ते अमेरिका से बातचीत के लिये जाने वाले उच्चस्तरीय प्रतिनिधि मंडल के कार्यक्रम को नाराज़ हो कर रोक दिया है।

अभी के प्रस्ताव में इस्राइल और फ्लस्तीन में चल रहे लम्बे युद्ध और विवाद को लेकर या युद्ध और विवाद बन्द करने को लेकर कोई चर्चा नही है। बस बंधको को रिहा करने और युद्ध को बन्द करने की सम्भावनाओं तक सीमित है। पर यह सम्भावना में घोर अनिश्चितता से घिरा हुआ है। अमेरिकी रूख में बदलाव का संकेत और सुरक्षा परिषद का प्रस्ताव कई आशायें जगाता है सकारात्मक सन्देश देता है। पर अभी कोई निष्कर्ष निकाला जाना जल्दबाजी होगी और आशावादिता होगी। क्योकि अभी सभी कुछ सन्दहों से घिरा हुआ है। इस्राइल अमेरिकी समर्थन को अमेरिका के ताजे कदम के परिप्रेक्ष में निश्चित मान कर अब नहीं रहे।

इन तमाम अनिश्चिताओं आशा और निराशा के बीच एक क्षीरा आशा की किरन के लेकर उम्मीद के भरोसे अपील की जा सकती है कि इस्राइल, हमास, गाजा सभी इस मामले में मानवीय सोच अपनायें और अपने रूख और क्रिया कलापों से जाहिर भी करें। विश्व दो महायुद्ध झेल चुका है कई छोटी मोटी लड़ाइयां देख रहा है। युद्ध में खासकर महिलाओं और बच्चों की दुर्दशा देख चुका है और देख रहा है। युद्ध विनाश का पर्याय है। आने वाली पीढ़ी के लिये विनाश का तोहफा न तैयार करें। आकांक्षा है विश्व जनमत का सकारात्मक परिणाम निकाले। अगर नेतनाहू संयुक्तराष्ट्र के सन्देश को नही सुनते तो उनकी सरकार को इसके बुरे परिणाम भोगने पड़ सकते है।

## शम्सुर्रहमान फ़ारूक़ी



मुहम्मद कमर खाँ

वर्ष 2020 ने उर्दू साहित्य के न जाने कैसे-कैसे अनमोल रतन छीन लिये, यहाँ तक कि रूख़सत होते हुये, यह वर्ष हम सबको शम्सुर्रहमान फ़ारूक़ी की जुदाई का ग़म भी दे गया। शम्सुर्रहमान फ़ारूक़ी जैसे उर्दू नवाज़ व्यक्तित्व का बदल मिल पाना सरल नहीं है। ऐसी हस्तियां किसी साहित्य को सुशोभित करने, सदियों बाद जन्म लेती हैं, और सदियों तक उनके द्वारा साहित्य के लिये, उनकी लाजवाब सेवाओं को, प्रत्येक साहित्य अपने आप में समेट लिया करता है। उनके ऐसे ही कृत्यों के लिए जनाब शम्सुर्रहमान फ़ारूक़ी का नाम उर्दू साहित्य में सदैव के लिये मुस्तनद हो गया।

शम्सुर्रहमान फ़ारूक़ी का जन्म 30 सितम्बर 1935ई0 को काला कंकर हाउस, प्रतापगढ़ में अपने ननिहाल के मकान में हुआ। वैसे उनका वतन मौज़ा कोरिया पार जनपद आजमगढ़ है। उस समय उनके नाना खा़न बहादुर मुहम्मद नज़ीर, स्पेशल मैनेजर कोर्ट आफ वाड्र्स की हैसियत से, महाराजा प्रतापगढ़ के महल में निवास करते थे। उनके पिता श्री मुहम्मद खलीलुर्रहमान फ़ारूक़ी, शिक्षा विभाग से सम्बद्ध थे, और गहरी साहित्यिक रूचि उनके व्यक्तित्व में निहित थी। दादा हकीम मोहम्मद असग़र फ़ारूक़ी, गर्वमेन्ट नार्मल स्कूल गोरखपुर में हेड मास्टर थे। इस प्रकार फारूक़ी साहब का व्यक्तित्व प्रारम्भ में साहित्यिक और धार्मिक संस्कारों से प्रभावित रहा। फारूक़ी साहब की इसी घराने में परवशि हुयी, और दैवीय सामर्थ्य के आधार पर, उस समय वह ऐसे बुलन्द मक़ाम तक पहुँच गये, कि उनके आलोचकों को भी यह मानना पड़ा कि आज का युग, फारूक़ी युग है। श्री अरगली, शम्सुर्रहमानी को विक़ार-ए-लफ्ज़-ओ-मानी कहते हैं। प्रसिद्ध उर्दू साहित्यकार श्री अरगली के ही शब्दों में - ''पूरे बर्रे सग़ीर और पूरी बैरूनी दुनिया की नई नई उर्दू बस्तियों में भी, कहीं कोई ऐसा दिखाई नहीं देता, जो शम्सुर्रहमान फ़ारूक़ी की तरह बयकवक़्त क़ादिरूल कलाम शायर हो, साहब-ए-फ़न अफ़्साना निग़ार हो, मोवर्रिख़ हो, मुबस्सिर हो, मुफ़स्सिर हो, मुतरज्जिम और नज़रिया साज़ सहाफ़ी हो, तालीम-ओ-तदरीस व लेसानियात के मैदान में इनक़ेलाबी फ़िक्र-ओ-निगाह के मालिक होकर, करोड़ो ज़ेहनों का मिज़ाज बन चुका हो, ताक़तवर तरक़्क़ी पसन्द तहरीक को पस्पा करके, जदीदियत का इनक़ेलाब बरपा कर दे, जो एक पूरे दौर की फ़िक्री, फ़न्नी और नज़रियाती रवायात के क़िले पर, अपने रूझान-ओ-नज़रिये का शब खू़न, मरते वक़्त भी 'हल मन मबारज़' का मरदाना वार नारा लगाने की जुरअत रखता हो।'' (उर्दू है जिनका नाम ''फ़ारूक़ अरगली: सफ्हा 46) शम्सुर्रहमान फ़ारूक़ी द्वारा साहित्यक क्षेत्र में कवि एवं एक आलोचक के रूप में किया गया काम, अपने आप में ऐसा समुद्र है जिसमें निहित उनकी रचनाओं/लेखों, की संख्या पचास से अधिक है। फारूक़ी साहब को शायरी, फ़िक्शन, तनक़ीद, तहक़ीक़, पत्रकारिता, तरजुमा ग़रज़ के उर्दू अदब के प्रत्येक क्षेत्र में समान महारत एवं विद्वता हासिल थी। फारूक़ी साहब को सरस्वती सम्मान को विभूषित किया गया। वह साहित्यकार और उर्दू जबान-ओ-अदब के नामवर तनक़ीद निगार भी थे। उर्दू अदब के क्षेत्रों में, उक्तानुसार उनके योगदान को दृष्टिगत रखते हुए, उन्हें उर्दू का एक मज़बूत स्तम्भ माना जाता है। तनक़ीदनिगार के रूप में उन्हें काफ़ी ख्याति मिली, माना यह जाता है कि उन्होंने साहित्यिक समीक्षा के नये मापदण्ड स्थापित किये। उनके द्वारा लिखित एक समालोचना ''तनक़ीदी अफ़्क़ार'' हेतु सन् 1986 में, साहित्य अकादमी पुरूस्कार (उर्दू) से उन्हें सम्मानित किया गया। उन्होंने अंग्रेजी में एमए की डिग्री 1955 में इलाहाबाद विश्वविद्यालय से प्राप्त की। उनके माता पिता अलग-अलग पृष्ठ भूमि के थे। पिता देवबन्दी मुसलमान थे, जबकि माँ के स्वभाव में काफ़ी उदारता थी। उनकी परवरिश उदार वातावरण में हुयी। उनके व्यक्तित्व में भारतीयता रची बसी हुयी थी, वह ईद-शब्बेरात-मोहर्रम के साथ-साथ होली भी उतने ही उत्साह के साथ मनाया करते थे। वह देश के डाक-तार विभाग में पोस्ट मास्टर जनरल जैसे सम्मानित पद पर कार्यरत रहे, और इसी विभाग से सेवानिवृत्त हुये। तत्पश्चात् दिसम्बर 2020 को 85 वर्ष की आयु में इलाहाबाद में उनका स्वर्गवास हो गया।

'अदब का चांद अब आसमां का हो गया'

निधन पर राना सफ़्वी, इतिहासकार द्वारा बीबीसी हिन्दी सेवा के माध्यम से, उक्त उद्गार 26 दिसम्बर 2020 को व्यक्त किये गये। दिवंगत साहित्यकार को लेखक नमन करते हुये अपना ख़िराज-ए-अक़ीदत पेश करता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

प्रदूषण के चुनावी मुद्दा नहीं बनने के पीछे मुख्य कारण यह है कि आमजन अभी तक प्रदूषण के दुष्प्रभावों से अपरिचित हैं तथा अधिकांश ग्रामीण जन अशिक्षित होने के कारण यह भी नहीं जानते कि प्रदूषण होता क्या है। दूसरी ओर, युवा व शिक्षित वर्ग का ध्यान चुनावों के समय व्यक्तिगत समस्याओं पर रहता है, वे राष्ट्रीय समस्याओं पर अपने विचार नहीं रखते हैं। यही वजह है कि प्रतिनिधि व नेतागण अपनी जीत को सुनिश्चित करने व अपना वोट बैंक बढ़ाने के लिए घरेलू, निजी समस्याओं को हल करने पर ज्यादा ध्यान देते है। लोगों को अब स्वच्छ सांसों के लिए प्रदूषण के खिलाफ जागरूक होना होगा।

# पर्यावरण चुनावी मुद्दा होना चाहिए

18वीं लोकसभा के निर्वाचन के लिए चुनाव का शंखनाद हो चुका है। राजनीतिक दलों द्वारा वायदों की झड़ी लगाई जा रही है। जो मांगोगे उससे ज्यादा मिलेगा वाला माहौल है। ऐसे में मतदाता उसी तरह भ्रमित हैं जैसे किसी शापिंग मॉल में चारों तरफ लगे डिस्काउंट सेल के इश्तहार देखकर होता है। लेकिन आसमान से तारे तोड़कर लाने के वायदों के इस मौसम में आई एक खबर ने हर उस व्यक्ति को परेशान कर दिया जिसे अपने साथ-साथ अपनी संतानों के भविष्य की भी चिंता है। चुनाव आते ही नेताओं की रैलियां, लम्बे-लम्बे भाषण, बड़े-बड़े वादे शुरू हो जाते हैं। परन्तु जो असल मुद्दे हैं उन पर कोई चर्चा या वादे नहीं होते। वर्तमान में हवा में प्रदूषण का स्तर दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है, लोगों को टीबी तथा श्वास की बीमारियां हो रही हैं, फिर भी लोग मजबूर हैं ऐसे हालात में जीने के लिए। भारत में हर वर्ष लाखों लोगों की प्रदूषण की वजह से असामयिक मौतें होती हैं। चीन के बाद दूसरा स्थान भारत का है जहां प्रदूषण एक बहुत बड़ी समस्या है। लगातार वैज्ञानिक वायु प्रदूषण के घातक प्रभाव हमारे समक्ष रख रहे हैं, परन्तु किसी पर कोई प्रभाव नहीं पड़ रहा। सभी अपनी धुन में लगे पड़े हैं। आंकड़े बताते हैं कि हम पूरे साल वायु प्रदूषण की चपेट में जीवन जीते हैं। बरसात के वक्त जरूर हमें इससे कुछ राहत मिल जाती है, लेकिन शेष समय इसके साथ रहना ही पड़ता है। इस प्रदूषण के लिए बड़ा कारण कारखानों और वाहनों से निकलता धुआं है। प्रदूषण पर नियंत्रण करना देश के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। अभी वैश्विक स्तर पर भारत के शहरों के जो आंकड़े आए हैं, बेहद शर्मनाक हैं। पॉलिथीन का इस्तेमाल, काला धुआं उगलते वाहन एवं फैक्ट्रियां, कचरों का ढेर, बदबूदार नालियां, इनसे जीवन नर्क बन गया है। न्यायालयों के सख्त निर्देश के बाद भी केंद्र, राज्य सरकार एवं नगर निगम द्वारा अब तक प्रदूषित वातावरण कम नहीं किया जा रहा है। जनता का सहयोग अपेक्षित भी है और इसकी सबसे अहम भूमिका भी है।



आशीष वशिष्ठ

देश में होने जा रहे आम चुनाव में भी प्रदूषण मुद्दा नहीं है। राजनीतिक दल इस पर चर्चा भी नहीं कर रहे। आम आदमी को प्रदूषण को लेकर सरकारों से सवाल करने होंगे। राजनीतिक दलों पर भी दबाव बनाना होगा कि चुनावी एजेंडे में साफ हवा-पानी को भी शामिल किया जाए। देश के 9 शहर प्रदूषण के मामले में दुनिया के शीर्ष 10 शहरों में शामिल हैं। इससे भी ज्यादा चैंकाने वाली बात यह है कि विश्व के शीर्ष 50 प्रदूषित शहरों में से 43 शहर तो भारत के ही हैं। प्रदूषण की स्थिति को लेकर हम दुनिया में नौवें नंबर पर हैं। ये आंकड़े डराते हैं। आखिर हम किस दिशा की ओर बढ़ रहे हैं? क्या हम साफ हवा में सांस भी नहीं ले सकते हैं? इससे भी बड़ा सवाल यह है कि क्या बिगड़े हुए हालात के लिए कहीं हम खुद ही तो जिम्मेदार नहीं हैं? सबसे दुखदायी आंकड़ा ये है कि भारत की 96 फीसदी आबादी



की सांसों में प्रदूषित हवा प्रवाहित हो रही है। प्रधानमंत्री बनने के बाद ही नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया था।। इसके अंतर्गत शहरों के बीच स्वच्छता प्रतिस्पर्धा रखी जाने लगी। प्रतिवर्ष सर्वेक्षण के उपरांत परिणाम घोषित किये जाते हैं। शुरुआत में इस अभियान को लेकर प्रधानमंत्री का उपहास भी उड़ाया गया। राहुल गांधी ने तो यहां तक कहा कि जिन युवाओं के हाथों को काम देना था उनको प्रधानमंत्री ने झाड़ू पकड़ा दी। यद्यपि उस अभियान से जनदृजागरूकता बढ़ी है किंतु ये कहना भी गलत नहीं होगा कि स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपेक्षित गंभीरता का अभाव है। ऐसे में ये प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि ऐसे मुद्दे राजनीतिक विमर्श में शामिल क्यों नहीं होते?

पंजाब के किसान जो पराली जलाते हैं उसकी वजह से दिल्ली सहित समीपवर्ती बड़े इलाके पर धुएं की चादर बिछ जाती है। सर्वोच्च न्यायालय तक इस मामले में सख्ती दिखा चुका है। आम आदमी पार्टी जब दिल्ली की सत्ता में आई तब वह पराली के लिए पंजाब को कसूरवार ठहराया करती थी किंतु जैसे ही वहां सरकार बनी उसकी शिकायत खत्म हो गई। आजकल चुनाव में सभी पार्टियां मुफ्त बिजली, पानी, इलाज जैसे वायदे करती हैं। इनके बल पर चुनाव जीते भी जाते हैं। लेकिन कोई भी पार्टी प्रदूषण को पूरी तरह समाप्त करने की गारंटी नहीं देती जबकि यह भी विकास का पैमाना होना चाहिए।

दरअसल शुद्ध हवा और शुद्ध पानी जैसे विषय चुनाव घोषणापत्र में इसलिए शामिल नहीं होते क्योंकि जनता इन्हें लेकर उदासीन है। इसी के चलते प्रतिदिन अरबों रुपयों का बोतल बंद पानी बिकता है। इसके अलावा पानी के पाउच एवं जार का कारोबार भी आसमान छू रहा है। हालांकि इस पानी की गुणवत्ता भी संदिग्ध रहती है। प्रदूषण दूर करने के लिए सरकार अपने स्तर पर कुछ-कुछ करती है। प्रदूषण के चुनावी मुद्दा नहीं बनने के पीछे मुख्य कारण यह है कि आमजन अभी तक प्रदूषण के दुष्प्रभावों से अपरिचित हैं तथा अधिकांश ग्रामीण जन अशिक्षित होने के कारण यह भी नहीं जानते कि प्रदूषण होता क्या है। दूसरी ओर, युवा व शिक्षित वर्ग का ध्यान चुनावों के समय व्यक्तिगत समस्याओं पर रहता है, वे राष्ट्रीय समस्याओं पर अपने विचार नहीं रखते हैं। यही वजह है कि प्रतिनिधि व नेतागण अपनी जीत को सुनिश्चित करने व अपना वोट बैंक बढ़ाने के लिए घरेलू, निजी समस्याओं को हल करने पर ज्यादा ध्यान देते है। लोगों को अब स्वच्छ सांसों के लिए प्रदूषण के खिलाफ जागरूक होना होगा। राजनीतिक दलों की पहल का इंतजार न कर जनता को चाहिए कि प्रदूषण को चुनावी मुद्दा बनाए, तभी सभी में पर्यावरण की स्वच्छता व संरक्षण के प्रति नई ऊर्जा का संचार होगा। अगर देखा जाए तो वर्तमान में चुनाव के दौरान जनता अपने जनप्रतिनिधि का चुनाव औसतन विकास के मुद्दों पर नहीं करती है। कहने को तो विकास का मुद्दा होता है लेकिन चुनाव के समय लोग यह देखकर वोट करते है कि उनकी जाति, समुदाय, और संप्रदाय का उम्मीदवार कौन है। हां, इसमें अपवाद होते हैं मगर कम। इन्हीं सब कारणों से कोई भी राजनीतिक दल अपने मुद्दों में प्रदूषण जैसे विषयों को शामिल नहीं करता है। न्यायपालिका भी समय-समय पर सख्ती दिखाया करती है किंतु जब तक आम जनता जागरूक नहीं होगी, हालात सुधरने की उम्मीद करना व्यर्थ है। आदर्श स्थिति तो वह होगी जब जनता की तरफ से शुद्ध हवा की मांग उठे, साथ ही इस दिशा में जो भी नियम-कानून बनें उनका पालन करने की स्वप्रेरित इच्छा समाज में जाग्रत हो। आर्थिक विकास के साथ औद्योगिकीकरण भी आता है जो प्रदूषण का सबसे बड़ा स्रोत है। इसी तरह अधोसंरचना के कार्यों में पर्यावरण को क्षति पहुंचाई जाती है। समय की मांग है इस बारे में नई सोच विकसित की जाए ताकि दुनिया के विकसित देशों की कतार में शामिल होने के साथ ही भारत एक स्वच्छ और प्रदूषण रहित देश के रूप में भी जाना जाए। जिस तरह विकास दर के मामले में हम चीन को अपना प्रतिद्वंदी मानते हैं वैसी ही प्रतिस्पर्धा प्रदूषण मुक्त होने के लिए न्यूजीलैंड और फिनलैंड जैसे देशों से की जानी चाहिए। नेताओं को यह भली भांति मालूम है कि वोट प्रदूषण के मुद्दे पर नहीं मिलेंगे, बल्कि जाति, धर्म, आरक्षण आदि के मुद्दों पर मिलेंगे। प्रदूषण सीधे जिंदगी से जुड़ा हुआ मुद्दा है लेकिन चुनावी मुद्दा नहीं बनता।

# लोकतंत्र के महापर्व का शंखनाद

लोकतांत्रिक देश में जनता की ओर से सरकार बनाई जाती है। यह तभी संभव है जब हम अपने मत का प्रयोग करें। भारत जैसे विशाल देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था का बहुत महत्व है। लोकतंत्र के इस महापर्व में हम सब की भागीदारी एक नैतिक जिम्मेदारी भी है। मतदान से हम सिर्फ सरकार को ही नहीं चुनते, बल्कि अपनी दिशा व दशा तय करते हैं। वोट से आने वाले परिणाम को हम जनादेश यानी जन का आदेश कहते हैं। जो यह तय करता है कि उनका प्रतिनिधित्व कौन करेगा।

चुनाव किसी भी लोकतांत्रिक देश में पर्व से कम नहीं होते। दुनिय के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश में इस पर्व का ऐलान हो चुका है। यह ऐसा पर्व है, जब देश की आम जनता वोट देकर लोकतंत्र को जिंदा रखती है और इस तरह देश के गणतंत्र और संविधान भी प्रासंगिक रहते हैं। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का चुनावी पर्व भी व्यापक और गहरा होता है। करीब 97 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर 18वीं लोकसभा, विधानसभाओं और अंततः भारत सरकार का निर्वाचन करेंगे। इससे बड़ा लोकतंत्र और क्या हो सकता है? इतना विशाल और विराट लोकतंत्र अपने अस्तित्व के खतरे में कैसे हो सकता है? ये तथ्य और सत्य नहीं, फिजूल वाचाली है। भारत में जनादेश का यह उत्सव सम्यक सहिष्णुता, धर्मनिरपेक्षता, क्षेत्र-निरपेक्षता, समन्वय, कमोबेश हिंसामुक्त और विवेकपूर्ण होता है, लिहाजा जनादेश को 'राष्ट्रीय' और सर्वसम्मत माना जाता है। जनादेश स्वतंत्र, निष्पक्ष, निर्भीक साबित हो, लिहाजा देश में 81 दिन की 'आदर्श चुनाव आचार संहिता' लागू हो गई है। समूचे देश का प्रशासन अब चुनाव आयोग के अधीन आ गया है, लिहाजा प्रधानमंत्री के स्तर पर भी किसी नई नीति की घोषणा नहीं की जा सकती। हमारा यह जनादेशी पर्व व्यापक और पारदर्शी इसलिए आंका जाता रहा है, क्योंकि दूरदराज गांव, इलाका और पहाड़ की चोटियों पर मौजूद मतदाता भी अपनी सरकार चुनने के लिए वोट देने को संवैधानिक आधार पर अधिकृत हैं। जो सैनिक सरहदों पर तैनात हैं अथवा जो नागरिक किसी कार्यवश अपने क्षेत्र और घर से दूर हैं, उनके मताधिकार की भी व्यवस्था चुनाव आयोग करता है। अत्यधिक बुजुर्ग और दिव्यांग नागरिकों के मतदान उनके घरों पर ही सुनिश्चित कराए जाते हैं। पहली प्राथमिकता मतदान की है।



रोहित माहेश्वरी

बहरहाल 18वीं लोकसभा के लिए मतदान 19 अप्रैल से 1 जून तक सात चरणों में कराया जाएगा। मतगणना 4 जून को ही सम्पन्न हो जाएगी, लिहाजा उसी दिन शाम तक स्पष्ट हो जाएगा कि जनादेश किसे मिला है? नई सरकार किस पार्टी और गठबंधन की बनेगी? सिर्फ जनादेश की तटस्थता और ईमानदारी के लिए आयोग 55 लाख ईवीएम का इस्तेमाल करेगा और 1.5 करोड़ चुनावकर्मी और सुरक्षाकर्मी जनादेश के पर्व को समानता और शांति से सम्पन्न कराएंगे। ईवीएम पर सर्वोच्च अदालत तमाम याचिकाओं को खारिज करते हुए ईवीएम को मान्यता दे चुकी है। अब इस पर किसी भी तरह का राजनीतिक प्रलाप बेमानी है। बहरहाल इन आंकड़ों के मद्देनजर भी हमारा आम चुनाव दुनिया में सबसे बड़ा और निष्पक्षता का उदाहरण है। अलबत्ता कुछ काली भेड़ें इस पर भी कालिख पोतने का दुस्साहस करती हैं, लेकिन वे नाकाम ही रहती हैं। जनादेश का यह सौभाग्यशाली दिन होगा, जब 1.82 करोड़ युवा मतदाता पहली बार अपने मताधिकार का




इस्तेमाल करेंगे और जनादेश की मुख्यधारा में जुड़ेंगे। चुनाव बूथ वाले उन मतदाताओं का मुंह मीठा कराएंगे। कुल 21.5 करोड़ मतदाता, जिनका आयु-वर्ग 18-29 साल है, जनादेश के पर्व में शिरकत करेंगे।

लोकतांत्रिक देश में जनता की ओर से सरकार बनाई जाती है। यह तभी संभव है जब हम अपने मत का प्रयोग करें। भारत जैसे विशाल देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था का बहुत महत्व है। लोकतंत्र के इस महापर्व में हम सब की भागीदारी एक नैतिक जिम्मेदारी भी है। मतदान से हम सिर्फ सरकार को ही नहीं चुनते, बल्कि अपनी दिशा व दशा तय करते हैं। वोट से आने वाले परिणाम को हम जनादेश यानी जन का आदेश कहते हैं। जो यह तय करता है कि उनका प्रतिनिधित्व कौन करेगा। इसलिए हर नागरिक का कर्तव्य बढ़ जाता है कि वह मतदान कर अपना प्रतिनिधि चुने। मतदान न कर हम औरों द्वारा चुने गए प्रतिनिधि को अपना प्रतिनिधित्व करने की जिम्मेदारी दे देते हैं। इसलिए यह हम सब की जिम्मेदारी बनती है कि वोट देकर लोकतंत्र की प्रक्रिया का हिस्सा बनें। इसके लिए हमारा मतदान करना बहुत जरूरी है। अधिकतर देशों में इतनी तो आबादी भी नहीं होती और भारत के जनादेश की इतनी व्यापक ताकत है। बहरहाल इस बार का चुनाव बेहद महत्वपूर्ण और निर्णायक होगा। निश्चित रूप से मतदाताओं का एक बड़ा वर्ग ऐसा भी है जो वोट डालने घर से नहीं निकलता। जो बड़ा तबका निकलता भी है वह भी धर्म, जाति,क्षेत्र और धनबल से रचे सम्मोहन से मुक्त नहीं हो पाता। विचारणीय प्रश्न यह भी कि क्यों आज भी मतदाता मुफ्त की रेवड़ियों के मोहपाश में जकड़ा हुआ है। मतदाता अपने बेशकीमती वोट को छोटे प्रलोभनों के लिये क्यों जाया कर देता है। देश में पिछले दशकों में साक्षरता का स्तर ऊंचा हुआ है। निस्संदेह, गरीबी के आंकड़ों में काट-छांट के दावे सरकारों की तरफ से किये जाते रहे हैं। देश में गरीबी की उपस्थिति भी एक सत्य है। लेकिन साधनविहीनता का यह मतलब कदापि नहीं है कि हम छोटे-छोटे प्रलोभनों में फंसकर विवेकशील ढंग से मतदान न कर सकें।

देश में उत्तर, दक्षिण में मतदाताओं के रुझान में भिन्नता भी एक मुद्दा रहा है, लेकिन लोकतंत्र में पारदर्शिता, शुचिता और योग्य प्रतिनिधियों का चयन एक सर्वकालिक सत्य है। सही मायनों में यह लोकतंत्र का महोत्सव राजनेताओं का नहीं, जनता का है। मतदाता को अपने वोट की कीमत समझकर इसे बदलाव के अस्त्र के रूप में प्रयोग करना चाहिए। उसे जातीय,धार्मिकता, क्षेत्रवाद और आर्थिक प्रलोभनों को सिरे से खारिज करके लोकतंत्र को समृद्ध बनाना चाहिए। उसे विचार करना चाहिए कि देश की जनप्रतिनिधि संस्थाओं में क्यों धनबलियों का वर्चस्व हो रहा है। क्यों आम आदमी अब चुनाव लड़ने की स्थिति में नहीं है? क्यों जनप्रतिनिधि चुनाव जीतते ही अरबों में खेलने लगते हैं? यह विडंबना है कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान उपहारों, शराब और नकदी के अंबार की बरामदगी इस संकट की ओर इशारा करती है कि अल्पकालिक लाभ के लिये कमजोर वर्ग के मतदाताओं को लुभाने के लिये सारे दांव चले जाते हैं। निस्संदेह, इक्कीसवीं सदी के भारतीय लोकतंत्र में इन प्रवृत्तियों पर अंकुश लगना चाहिए।

एक अरब के करीब पहुंचते मतदाताओं के लिये सुचारू-शांतिपूर्ण मतदान की व्यवस्था करना आसान भी नहीं है। भौगोलिक जटिलताओं, बड़ी आबादी और कानून व्यवस्था के प्रश्न चुनावी प्रक्रिया को लंबा बनाते हैं। निस्संदेह, यह नेताओं व सरकार का पांच साल का रिपोर्ट कार्ड पेश करने का वक्त है। यह आसमान से तारे तोड़ लाने के वायदे करने का वक्त है। खामियों को दबाने और उपलब्धियों के बखान का वक्त है। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण वक्त मतदाता के लिये है कि वह अच्छे-बुरे का फर्क करके तार्किक आधार पर अपने बेशकीमती मत का उपयोग करे। भारतीय राजनीति में दागियों का दखल और धनबल का बढ़ता वर्चस्व यही बताता है कि हमारा मतदाता इन संवेदनशील मुद्दों के प्रति जागरूक नहीं हो पाया है।

# फिर से पढ़ना चाहते हैं हम

17 वर्षीय किशोरी पूजा बाबरी का कहना है कि मैं कक्षा 5 तक ही पढ़ाई कर पाई थी। आगे पढ़ने का मन करता था। लेकिन हाई स्कूल गांव से दूर होने के कारण मुझे भेजा नहीं जाता था। मुझे नहीं लगता था कि मेरा पढ़ाई का सपना कभी पूरा होगा। लेकिन इस संस्था द्वारा मुझे पढ़ने का मौका मिला जिससे मैं बहुत खुश हूं। अब मैं आगे की पढ़ाई के लिए सेंटर पर जाती हूं। वहां मेरी नई सहेलियां भी बनी हैं। पहले में फोन पर सिर्फ वीडियो ही देखा करती थी।

मेरी शादी कम उम्र में आटा साटा प्रथा द्वारा कर दी गई थी। मेरे बदले में मेरे चाचा के लिए लड़की ली गई। मेरी पहली शादी जब मैं 7वी कक्षा में पढ़ती थी तब कर दी गई थी, लेकिन कुछ कारणों से वह टूट गई। फिर दूसरी शादी जब मैं आठवीं कक्षा में पढ़ रही थी तब की गई थी। मैं ससुराल में 3 साल तक रही और फिर जब मैं गर्भवती हुई तो ससुराल वालों ने प्रसव के लिए मुझे मेरे घर छोड़ दिया था। लेकिन डिलीवरी होने पर जब मुझे लड़की हुई तो इससे नाराज़ ससुराल वाले न तो मुझे लेने आए और न ही कभी मुझसे बात की। अब मैं संस्था द्वारा ओपन स्कूल से 10वी की पढ़ाई कर रही हूं। अब मेरे अंदर पढ़ाई को लेकर और ज्यादा लगन जगी है। मुझे अपनी जिंदगी में कुछ करना है। पढ़ लिख कर नौकरी करनी है ताकि अपने पैरों पर खड़े होकर अपनी बेटी का भविष्या बना सकूं। यह कहना गांव की 27 वर्षीय सुनीता का, जो राजस्थान के बीकानेर स्थित लूणकरणसर ब्लॉक के कालू गांव की रहने वाली है।



पूजा मेघवाल

यह गांव ब्लॉक मुख्यालय से लगभग 20 किमी और जिला मुख्यालय से 92 किमी की दूरी पर है। पंचायत से मिले आंकड़ों के अनुसार 10334 लोगों की जनसंख्या वाले इस गाँव में अनुसूचित जाति की संख्या करीब 14।5 प्रतिशत है। गांव में साक्षरता की दर 54।7 प्रतिशत है, जिसमें महिलाओं की साक्षरता दर मात्र 22।2 प्रतिशत है। इतनी कम साक्षरता दर से महिलाओं की सामाजिक और शैक्षणिक स्थिति का पता चलता है। हालांकि महिलाओं में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से स्थानीय गैर सरकारी संस्था उर्मुल ट्रस्ट द्वारा उर्मुल सेतु अंतर्गत प्रगति प्रोजेक्ट चलाया जा रहा है। इस के द्वारा गांव की उन महिला और किशोरियां, जिन्होंने किसी कारणवश पढ़ाई छोड़ दी थी उन्हें अपनी शिक्षा पूरी करने के लिए प्रेरित करना है। इसमें 14 से 29 साल तक की महिला और किशोरियों को पढ़ाई के बाद रोजगार कर अपने पैरो पर खड़ा होने के लिए भी प्रेरित करना है। इस संबंध में गांव की 17 वर्षीय किशोरी पूजा बाबरी का कहना है कि मैं कक्षा 5 तक ही पढ़ाई कर पाई थी। आगे पढ़ने का मन करता था। लेकिन हाई स्कूल गांव से दूर होने के कारण मुझे भेजा नहीं जाता था। मुझे नहीं लगता था कि मेरा पढ़ाई का सपना कभी पूरा होगा। लेकिन इस संस्था द्वारा मुझे पढ़ने का मौका मिला जिससे मैं बहुत खुश हूं। अब मैं आगे की पढ़ाई के लिए सेंटर पर जाती हूं। वहां मेरी नई सहेलियां भी बनी हैं। पहले मैं फोन पर सिर्फ वीडियो ही देखा करती थी। मगर अब मैं अपनी पढ़ाई और अपने विषय के बारे में जानकारी प्राप्त करती हूं। अब मैं अपने छोटे भाई बहनों को भी पढ़ाती हूं। गांव की एक अन्य किशोरी नज़मा का कहना है कि मेरे पिता नहीं हैं। जिस वजह से मां को बाहर जाकर काम करना पड़ता है और मेरे उपर पूरे घर के कामों की जिम्मेदारी रहती है। मैं पढ़ने में बहुत होशियार थी। लेकिन



8वीं के बाद घर के कामों की वजह से पढ़ाई छोड़नी पड़ी। परन्तु मुझे पढ़ाई करने का बहुत शौक था। मैं अपने भाई की किताबों को पढ़ा करती थी। जब मुझे पता चला कि संस्था द्वारा हमारा दाखिला करवाया जाएगा और मैं फिर से पढ़ाई कर सकती हूं तो मुझे बहुत खुशी हुई। हमें इस संस्था द्वारा प्रतिदिन 2 से 3 घंटे पढ़ाया जाता है। मुझे खुशी है कि अब मेरा उच्च शिक्षा प्राप्त करने का सपना पूरा हो सकता है।

22 वर्षीय सीता का कहना है कि जब मैं आठवीं कक्षा में पढ़ती थी तो मेरे दो बड़े भाइयो के साथ मेरी भी शादी करवा दी गई। सोचा था कि सुसराल जाकर अपनी पढ़ाई पूरी करूंगी, लेकिन लगातार बीमार रहने के कारण मैं पढ़ाई नहीं कर पाई। अब मुझे संस्था के माध्यम से एक बार फिर से पढ़ने का अवसर मिला है। अब मैं ओपन स्कूल से 10वीं कक्षा की पढ़ाई कर रही हूं। अब मुझे लगता है कि मैं भी अपनी जिंदगी में कुछ कर सकती हूं। वहीं 17 वर्षीय किशोरी कविता का कहना है कि जब मेरी पढ़ाई छूटी तो मुझे लगता था कि मैं सिर्फ घर का काम काज ही करूंगी और शिक्षा प्राप्त करने का मेरा सपना कभी पूरा नहीं होगा। लेकिन अब मैं पढ़ रही हूं तो मुझे लगता है कि मैं भी अपनी जिंदगी में बहुत कुछ कर सकती हूं। अपना भविष्य उज्जवल बना सकती हूं और आत्मनिर्भर बन कर अपना ध्यान खुद रख सकती हूं। कविता कहती है कि पहले महिलाओं पर इसलिए अत्याचार होते थे, क्योंकि वह पढ़ी लिखी नहीं होती थी। जिससे वह अपने अधिकारों के प्रति जागरूक नहीं होती थीं। लेकिन अब शिक्षा प्राप्त कर महिलाएं और किशोरियां अपने अधिकारों के प्रति भी जागरूक हो रही हैं।

उर्मुल की पहल से न केवल महिलाएं और किशोरियां, बल्कि उनके अभिभावक भी खुश नज़र आ रहे हैं। उनकी लड़कियों को पढ़ने, आगे बढ़ने और सशक्त होने का अवसर प्राप्त हो रही है। इस संबंध में एक अभिभावक 40 वर्षीय भीयाराम मेघवाल का कहना है कि संस्था की यह पहल अच्छी है। जो बालिकाएं किसी कारणवश स्कूल नहीं जा पाती थीं उनका प्रेरकों ने हौसला बढ़ाया। जिससे वह आगे पढ़ने की हिम्मत जुटा सकीं। भीयाराम का मानना है कि पढ़ी लिखी लड़कियां ही महिलाओं पर होने वाले अत्याचारो के विरुद्ध आवाज उठा सकती हैं और उसका विरोध करने का साहस दिखा सकती हैं। वह बताते हैं किसी कारणवश उनकी बेटी की शिक्षा बीच में ही छूट गई थी। लेकिन मुझे खुशी है कि अब वह संस्था के माध्यम से अपनी शिक्षा पूरी कर रही है।

इस संबंध में स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता हीरा का कहना है कि इस प्रोजेक्ट को चलाने का उद्देश्य दूर दराज गांवों की उन महिलाओं और किशोरियों को शिक्षित करना है, जिनका किसी कारणवश बीच में ही पढ़ाई छूट गई है। इनमें ऐसी बहुत सी किशोरियां हैं जिनकी 8वीं के बाद शिक्षा सिर्फ इसलिए छूट गई क्योंकि आगे की पढ़ाई के लिए गाँव में हाई स्कूल नहीं था और उनके परिवार वाले उन्हें दूसरे गाँव पढ़ने के लिए भेजने को तैयार नहीं थे। इसके अलावा कुछ अन्य कारण भी थे जैसे घर की आर्थिक स्थिति का खराब होना, उनकी जल्दी शादी हो जाना और कई लड़कियों के घर का काम ज्यादा होने की वजह से भी उनकी पढ़ाई बीच में ही छूट गई थी। ऐसी ही लड़कियों और महिलाओं को यह संस्था पढ़ाने का कार्य कर रही है। इससे उनकी शिक्षा का स्तर भी बढ़ा है। जो किशोरियां शिक्षा से वंचित रह गई थी और ड्रॉप आउट थी उनकी पढ़ाई फिर से जारी हो गई है। पढ़ाई को लेकर महिलाओं और किशोरियों में उत्साह बढ़ा है। वह अपने अधिकारों को लेकर भी जागरूक हो रही हैं और उनके परिवार वालो का भी उनके प्रति बदलाव देखने को मिल रहा है। अब उनके परिवार वालो को भी लगता है कि हमारी लड़कियां बहुत कुछ कर सकती हैं। पढ़ लिख कर सशक्त बन सकती हैं। वास्तव में, महिलाओं और किशोरियों ने शिक्षा के जरिए अपने परिवार और समाज में बहुत बड़ा बदलाव किया है और करती रहेंगी। स्त्री शिक्षा का समाज और परिवार की सोच में परिवर्तन लाने में बहुत बड़ा योगदान होता है।

# लोकसभा चुनाव : दूसरे चरण में आठ निर्वाचन क्षेत्रों के लिए नामांकन शुरू

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च को लोकसभा निर्वाचन की तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के द्वितीय चरण में 08 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 28 मार्च, 2024 (गुरुवार) को निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के साथ ही इन निर्वाचन क्षेत्रों में नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। द्वितीय चरण के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 10-मेरठ में 02, 12-गाजियाबाद में 01 तथा 17-मथुरा में 01 प्रत्याशी ने शनिवार को नामांकन किया। प्रत्याशियों द्वारा नामांकन करने की प्रक्रिया पूर्वाह्न

**द्वितीय चरण में 30 मार्च को चार प्रत्याशियों ने नामांकन किया**



11 बजे से अपराह्न 03 बजे के मध्य की जा सकेगी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि द्वितीय चरण में प्रदेश की 9-अमरोहा, 10-मेरठ, 11-बागपत, 12-गाजियाबाद, 13-गौतमबुद्ध नगर, 14-बुलंदशहर (अ0जा0), 15-अलीगढ़ तथा 17-मथुरा की लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए निर्वाचन सम्पन्न किया जाना है। द्वितीय चरण की 08 लोकसभा सीटों में 07 सीटें सामान्य श्रेणी की हैं और 01 सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। द्वितीय चरण के 08 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र प्रदेश के 09 जिलों अमरोहा, हापुड़, मेरठ, गाजियाबाद, बागपत, बुलंदशहर, गौतमबुद्ध नगर, अलीगढ़ तथा मथुरा के अंतर्गत हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रदेश में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के द्वितीय चरण की 08 लोकसभा सीटों के लिए नामांकन भरने की अंतिम तिथि 04 अप्रैल, 2024 (गुरुवार) निर्धारित है। नामांकन पत्रों की जांच 05 अप्रैल (शुक्रवार) को की जायेगी। 08 अप्रैल, 2024 (सोमवार) को अपराह्न 03 बजे तक नाम वापसी की अंतिम तिथि निर्धारित है। द्वितीय चरण का मतदान 26 अप्रैल, 2024 (शुक्रवार) को सम्पन्न होगा। उत्तर प्रदेश के सभी निवार्चन क्षेत्रों की 04 जून, 2024 (मंगलवार) को मतगणना की जायेगी। 06 जून, 2024 से पूर्व निर्वाचन की प्रक्रिया पूर्ण करा ली जायेगी।

उन्होंने बताया कि द्वितीय चरण की 08 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 1.67 करोड़ मतदाता हैं, जिसमें 90.11 लाख पुरूष मतदाता, 77.38 लाख महिला मतदाता तथा 787 थर्ड जेन्डर हैं। इन निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 7797 मतदान केन्द्र तथा 17677 मतदेय स्थल (पोलिंग बूथ) हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु प्रत्येक सामान्य श्रेणी के प्रत्याशी को 25000 रुपये तथा अनु0जाति/अनु0जनजाति के प्रत्याशी को 12,500 रुपये जमानत धनराशि जमा करनी होगी।

## 584.65 लाख रुपये कीमत की मदिरा, ड्रग व नगदी जब्त

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 29 मार्च तक 9741.95 लाख कीमत की मदिरा, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं, मुफ्त उपहार व नगदी आदि जब्त किया गया। इसमें 1701.13 लाख नकद धनराशि, 2308.97 लाख कीमत की 656716.50 लीटर शराब, 3839.74 लाख कीमत की 5398469.93 ग्राम ड्रग, 1778.18 लाख कीमत की 39163.86 ग्राम बहुमूल्य धातुएं, 1.43 लाख रुपये के 298 मुफ्त उपहार एवं 112.51 लाख कीमत की 899.21 अन्य सामग्री जब्त की गयी।

# सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से अब तक 49,57,898 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू है।



मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराने में अब तक सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से कुल 49,57,898 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 30,14,824 तथा निजी स्थानों से 19,43,144 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 3,28,492, पोस्टर के 14,02,506, बैनर के 8,70,882 एवं अन्य 4,12,944 मामलों में कार्यवाही की गयी। इसी प्रकार निजी स्थानों में से वालराइटिंग के 2,49,145, पोस्टर के 8,90,898, बैनर के 5,02,380 एवं अन्य 3,00,721 मामलों में कार्यवाही की गयी। इसी प्रकार अब तक वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 580 मामलों में तथा लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 1,157 मामलों में कार्यवाही की गयी। बिना अनुमति के सभा व भाषण करने, मतदाताओं को लुभाने के लिए नकदी बांटने, वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग एवं अन्य मामलों में 21 एफआईआर दर्ज, 02 एनसीआर सहित कुल 23 प्रकरण में रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

# ग्रेजुऐशन सेरेमनी का आयोजन



**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** आज 30 मार्च को हीरालाल यादव पब्लिक स्कूल बेंती, लखनऊ में ग्रेजुऐशन सेरेमनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ चेयरमैन हीरालाल यादव ग्रुप ऑफ कालेजेज, श्री राम सिंह यादव जी व प्रबन्ध निदेशक इं0 अनुराग यादव द्वारा छात्र/छात्राओं को प्रगति पत्र एवं पुरस्कार देकर किया गया। कक्षा 1 से 9 तथा 11 के छात्र/छात्राओं को ग्रेजुऐशन सेरेमनी के माध्यम से गाउन तथा कैप देकर प्रथम/द्वितीय/तृतीय स्थान प्राप्त करने वालो को पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर पर मा0 अध्यक्ष जी उपस्थित छात्र/छात्राओं, अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए सभी को बधाई दी तथा छात्र/छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना भी की। कार्यक्रम का सम्पूर्ण आयोजन प्रधानाचार्या श्रीमती सुनीता यादव के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में किया गया। उपस्थित अभिभावकों ने विद्यालय के पठन पाठन एवं छात्र/छात्राओं तथा अपने पाल्यों की प्रगति पर प्रशन्नता व्यक्त की। कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

# सभी बूथ पर विजय दिलाने की जिम्मेदारी निभाएं

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव में गति देने लिए कैंट एवम उत्तर विधानसभा चुनाव संचालन समिति की बैठक संपन्न की गई। जिसमे बूथ समिति से लेकर पन्ना प्रमुख तक रिक्त आयामों पर जोर दिया गया। बैठक में 24 आयामों के प्रत्येक आयाम पर विस्तृत चर्चा करते हुए कार्यों का विभाजन किया गया।

कैंट विधानसभा की बैठक में क्लस्टर इंचार्ज एवम लोकसभा चुनाव प्रभारी मुकुट बिहारी वर्मा, उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, लोकसभा चुनाव संयोजक एमएलसी मुकेश शर्मा, तथा उत्तर विधानसभा की बैठक में उत्तर विधायक डॉ नीरज बोरा, संचालन समिति संयोजक शैलेंद्र अटल, महामंत्री राम अवतार कनौजिया, महानगर उपाध्यक्ष धनश्याम दास अग्रवाल, टिंकू सोनकर,सौरभ वाल्मीकि उपस्थित रहे। कैंट विधानसभा में उप मुख्यमंत्री



बृजेश पाठक ने शत प्रतिशत मतदान पर जोर देते हुए कहा कि हम भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता व पदाधिकारी हैं। जिस पार्टी ने हम पर विश्वास किया है उस विश्वास पर खरे उतरते हुए पार्टी की योजनाओं के अनुसार कार्य करने का निरंतर प्रयास करना चाहिए। चुनाव में सबसे अहम भूमिका बूथ समिति और पन्ना प्रमुख की होती है। बूथ समिति पदाधिकारी अपने अपने बूथ पर सक्रियता बढ़ा दें। सभी को अपने बूथ पर विजय दिलाने की जिम्मेदारी निभानी है।

पूर्व मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा ने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए अब कुछ ही दिन शेष बचे हैं जैसे-जैसे चुनाव की तारीख करीब आ रही है वैसे वैसे हम सभी को अपने कामों को संयोजित ढंग से क्रियान्वित करना है। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर बेहतर रणनीति पर उन्होंने मंडल समिति पदाधिकारियों, शक्ति केंद्र संयोजकों और बूथ अध्यक्षों से चर्चा भी की।

लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि हर बूथ पर पन्ना प्रमुखों की बैठक होनी चाहिए। बूथ पर निवास करने वाले प्रभावी मतदाताओं, प्रबुद्धजनों, व्यापारी वर्ग, सामाजिक संगठन, मतदाताओं से

**लोकसभा चुनाव में गति देने लिए कैंट एवम उत्तर विधानसभा चुनाव संचालन समिति की बैठक संपन्न**

निरंतर संपर्क करे। बूथ पर बैठक करके कार्यों की समीक्षा करें। बूथ पर हमारी पार्टी के मतदाता कैसे बढ़े मतदाता कैसे पार्टी से जुड़े इसके लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। प्रत्येक घर में सम्पर्क करना आवश्यक है। पन्ना प्रमुख अपने क्षेत्र में आने वाले मतदाताओं से रोजाना किसी न किसी माध्यम से चर्चा अवश्य करें। बूथ कमेटियों की बैठकें नियमित रूप से होनी चाहिए।

उत्तर विधायक डॉ नीरज बोरा ने कहा कि एक-एक कार्यकर्ता को अपना सौ प्रतिशत योगदान देना पड़ेगा किसी प्रकार की कोई भी कमी न छोड़ी जाए । पूरा चुनाव आप सभी भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ताओं पर ही आधारित है। वोट प्रतिशत बढ़ाने का काम हम सभी को मिलजुल कर काम करना है।



शनिवार को लखनऊ में वाटर वूमेन शिप्रा पाठक ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की।

## भाजपा व रालोद की लोकसभा चुनाव समन्वय समिति का गठन, प्रदेश अध्यक्ष व प्रदेश महामंत्री शामिल

**लखनऊ।** भाजपा और राष्ट्रीय लोकदल के गठबंधन के बाद लोकसभा चुनाव को लेकर अब दोनों पार्टियों के बीच चुनाव समन्वय समिति का भी गठन किया गया है। इसमें रालोद के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय व भाजपा के प्रदेश महामंत्री सुभाष यदुवंश आदि शामिल हैं। रालोद के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने बताया कि समन्वय समिति चुनाव से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं देखेगी और उससे जुड़ी चीजों का संचालन भी करेगी। इसमें भाजपा के प्रदेश महामंत्री व पश्चिम क्षेत्र के प्रभारी सुभाष यदुवंश, पश्चिम क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया, प्रदेश उपाध्यक्ष व ब्रज क्षेत्र के प्रभारी संतोष सिंह, आगरा से विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल शामिल हैं। वहीं रालोद से उनके साथ राष्ट्रीय महामंत्री मुंशीराम पाल, शामली से विधायक प्रसन्न चौधरी समन्वय समिति में शामिल हैं।

# सेंट जोसेफ स्कूल में मेधावी छात्र सम्मान समारोह का हुआ आयोजन



**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** सेंट जोसेफ स्कूल (बजाज ग्रुप) की ठाकुरगंज शाखा में मेधावी छात्र सम्मान समारोह का आयोजन बड़े उत्साह के साथ दिनांक 30 मार्च को आयोजित किया गया। इस अवसर पर कक्षा प्लेग्रुप से नवीं तथा ग्यारहवीं तक के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया।

विद्यालय की प्रबंध निदेशक श्रीमती सीमा अग्रवाल एवं श्री राजेश अग्रवाल ने छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह एवं मेडल वितरित करके उनको नवीन शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर बच्चों के माता-पिता को भी सम्मानित किया गया। स्कूल की संस्थापिका श्रीमती पुष्पलता अग्रवाल ने भी सभी बच्चों को आशीर्वाद दिया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# गणित प्रतियोगिता में सीएमएस छात्रा चैम्पियन

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज द्वितीय कैम्पस के केजी की छात्रा प्रिशा वाजपेयी ने इण्टरनेशनल एबेकस कम्पटीशन में चैम्पियन ट्राफी अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता शैक्षिक संस्था ब्रेनोब्रेन के तत्वावधान में आयोजित ब्रेनोब्रेनफेस्ट-2024 के अन्तर्गत आयोजित की गई। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने इस मेधावी छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है।

श्री शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में कई प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग कर अपनी गणितीय प्रतिभा का प्रदर्शन किया तथापि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. की प्रतिभाशाली छात्रा ने एबेकस के माध्यम से विभिन्न ट्रिक्स अपनाकर गणित के सवालों के जवाब



निकाले एवं अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चैम्पियन होने का गौरव प्राप्त किया। आयोजकों ने प्रिशा की बहुमुखी प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए प्रशस्ति पत्र, मेडल व ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया। श्री शर्मा ने बताया कि सी.एम.एस. छात्र न सिर्फ शैक्षिक क्षेत्र में अपितु समाज के अन्य बहुतेरे क्षेत्रों में भी विद्यालय का नाम राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर रहे हैं क्योंकि सी.एम.एस. अपने छात्रों के बौद्धिक विकास के साथ उन्हें सामाजिक गतिविधियों एवं रचनात्मक कार्यों के लिए विशेष रूप से प्रेरित करता है।

# गर्मी शुरू होते ही मार्च महीने में उत्तर प्रदेश में अधिकतम डिमांड 20175 मेगावाट पहुंची

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मार्च के महीने में ही जिस प्रकार से गर्मी ने शुरुआत की है उसेस पूरी तरीके से यह तय है कि इस बार गर्मी का प्रकोप बहुत ज्यादा होगा मार्च महीने में ही 28 मार्च को अधिकतम डिमांड 20 175 मेगावाट पहुंच चुकी है वैसे इस बार जो उपभोक्ता परिषद का आकलन है की उत्तर प्रदेश में अधिकतम पीक डिमांड 31500 मेगावाट से 32000 मेगावाट के बीच पहुंचने की पूरी उम्मीद है वही भारत सरकार पहले ही उत्तर प्रदेश में इस बार अधिकतम डिमांड 31917 मेगावाट अनुमानित की है पिछले वर्ष उत्तर प्रदेश में अधिकतम डिमांड 28284 मेगावाट जा चुकी है उत्तर प्रदेश में पावर कार्पोरेशन प्रबंधन द्वारा जिस प्रकार से बैंकिंग की बिजली का इंतजाम किया जा रहा है निश्चित ही आने वाले समय में उसेस प्रदेश के उपभोक्ताओं को

**इस बार अधिकतम डिमांड 31000 मेगावाट को करेगी पार, ऐसी है संभावना**

गर्मी में काफी राहत मिलने की उम्मीद है पिछले वर्ष जहां पावर कार्पोरेशन प्रबंधन ने 5 राज्यों से लगभग अधिकतम 3000 मिलियन यूनिट का इंतजाम किया था वही इस बार अप्रैल से लेकर अक्टूबर के आगे महीना तक पावर कारपोरेशन प्रबंधन ने 11 राज्यों से लगभग 5500 मिलियन यूनिट बैंकिंग की बिजली का इंतजाम किया है और सबसे अच्छी बात यह है कि उसमें लगभग 4000 मिलियन यूनिट बिजली पीक में मिलेगी बैंकिंग की बिजली का मतलब यह होता है कि बिजली के बदले बिजली मतलब उत्तर प्रदेश ने अभी जो लगभग 11 राज्य हैं उसमे प्रमुख रूप से मध्य प्रदेश राजस्थान तेलंगाना महाराष्ट्र कर्नाटक गुजरात पंजाब जम्मू कश्मीर हिमाचल इत्यादि राज्यों को बिजली दी है अब उनसे गर्मी के महीना में बिजली के बदले बिजली मिलेगी बैंकिंग की बिजली निश्चित ही सस्ती होती है और जिसका लाभ सीधे तौर पर प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं को भी मिलता है महंगी बिजली की खरीद होगी तो निश्चित ही उसका कम यजा प्रदेश को भुगतना पडता है।

उत्तर प्रदेश राज विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा निश्चित तौर पर पावर कार्पोरेशन प्रबंधन गर्मी के लिए अधिकतम बिजली का इंतजाम करने में जुटा है और काफी हद तक सफल भी दिख रहा है लेकिन अभी भी समय है पावर कारपोरेशन को और भी जोर लगाना चाहिए और सबसे बडी चुनौती पावर के लिए यह होगी कि ओबरा सी 660 मेगा वाट और जवाहरपुर 660 मेगावाट नई इकाई इकाई के लिए कोयले की प्रचुर मात्रा में उपलब्धता को अभी से सुनिश्चित करना होगा।

## आजम खां से मुलाकात के बाद ही खुलेंगे सपा के पत्ते

**रामपुर।** लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी प्रत्याशी मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी के मुकाबले अब सपा का कोई बागी उम्मीदवार नहीं है, लेकिन आजम समर्थक अभी तक उनके साथ नहीं आ रहे हैं। सीतापुर की जेल में बंद आजम खां से मुलाकात के बाद ही पत्ते खुलेंगे।

रामपुर की सियासत में आजम खां का दबदबा रहा है। वह 10 बार यहां से विधायक रहे हैं। राज्य सभा और लोकसभा सदस्य भी रहे। उनकी पत्नी डा. तजीन फात्मा भी शहर विधायक और राज्य सभा सदस्य रहीं। बेटे अब्दुल्ला दो बार विधायक चुने गए, लेकिन अब तीनों सात साल की सजा काट रहे हैं। इस कारण चुनाव भी नहीं लड़ सके। रामपुर में चुनाव चाहें कोई भी रहा हो, उसमें सपा प्रत्याशियों का चयन आजम खां की मर्जी से ही होता रहा। इस बार भी अखिलेश उनकी मर्जी जानने के लिए सीतापुर जेल पहुंचे तब आजम खां ने अखिलेश से ही रामपुर सीट से चुनाव लड़ने का कहा दिया, लेकिन अखिलेश यादव चुनाव लड़ने को तैयार नहीं हुए।

# टीएमयू में प्रो. कृष्णिया ने ओबीई की बताईं बारीकियां

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** आउटकम बेस्ड एजुकेशन पर चर्चा करते हुए सीटीएलडी के निदेशक प्रो. आरएन कृष्णिया ने ब्लूम टैक्सनॉमी, ट्रेडीशनल मैथड्स, आउटकम बेस्ड एजुकेशन-ओबीई, आउटकम बेस्ड एजुकेशन साईकिल, प्रोग्राम आउटकम्स, प्रोग्राम स्पेसिफिक आउटकम्स, कोर्स आउटकम फॉर्मूलेशन, एरर्स इन कोर्स आउटकम, इंप्लीमेंटेशन ऑफ ओबीई, कोर्स आउटकम मैपिंग विद एसेसमेंट टूल्स, असेसमेंट टूल्स मैपिंग विद कोर्स आउटकम, की प्वाइंट्स फॉर कोर्स आउटकम अटेनमेंट, क्वेश्चन पेपर क्रिएशन आदि विभिन्न विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला। क्वालिटी सर्किल पर बोलते हुए प्रो. कृष्णिया ने कहा, हमें अपनी एजुकेशन को गुणवत्ता प्रदान करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि इस गुणवत्ता को गति प्रदान करने के लिए



प्रत्येक विभाग में क्वालिटी सर्किल के जरिए छोटी से बड़ी प्रत्येक समस्या पर योजनाबद्ध तरीके से विचार विमर्श करें। इसके तहत समस्या का समाधान निकालना, क्वालिटी को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक गतिविधि को चरणबद्ध तरीके से करना, उसका मूल्यांकन करना, फीडबैक लेना आवश्यक है। प्रो. कृष्णिया ने आउटकम बेस्ड एजुकेशन की बारीकियों से परिचित कराया। उन्होंने कोर्स आउटकम-प्रोग्राम आउटकम मैपिंग और कोर्स मेट्रिक्स को बनाने की बारीकियां भी सिखाइं। प्रो. कृष्णिया तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के फैकल्टी ऑफ़ एजुकेशन में आउटकम बेस्ड एजुकेशन एंड क्वालिटी सर्किल पर दो दिनी कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इससे पहले सीटीएलडी के निदेशक प्रो. आरएन कृष्णिया ने बतौर मुख्य अतिथि, डीन स्टुडेंट वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह ने बतौर विशिष्ट अतिथि, फैकल्टी ऑफ एजुकेशन की प्राचार्या प्रो. रश्मि मेहरोत्रा, बीएससी-बीएड के एचओडी डॉ. विनोद कुमार जैन आदि ने दीप प्रज्ज्वलित करके कार्याशाला का शुभारम्भ किया।

# मीडिया प्रतिनिधियों को मिलेगी पोस्टल बैलेट की सुविधा

## निर्वाचन से सम्बन्धित अनिवार्य सेवाओं में मीडिया को भी शामिल किया गया

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन से सम्बन्धित अनिवार्य सेवाओं में मीडिया प्रतिनिधियों को भी शामिल किया गया है। मतदान दिवस का कवरेज करने वाले तथा आयोग द्वारा प्राधिकृत मीडिया प्रतिनिधियों को मतदान हेतु पोस्टल बैलेट की सुविधा उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गयी है। निर्वाचन की घोषणा के बाद सम्बन्धित चरण/निर्वाचन क्षेत्र की अधिसूचना जारी होने के 05 दिवस के अन्दर सम्बन्धित मीडिया प्रतिनिधियों द्वारा डाक मतपत्र हेतु फार्म-12डी में आवेदन रिटर्निंग ऑफिसर के पास पहुंच जाना चाहिए। फार्म-12डी के द्वितीय भाग में मीडिया प्रतिनिधियों के सम्बन्धित संस्थान द्वारा प्रमाणित किया जायेगा। फार्म-12डी के साथ आयोग द्वारा निर्गत प्राधिकार पत्र की प्रमाणित प्रति संलग्न कर संबंधित जिले के रिटर्निंग ऑफिसर



के यहां जमा करना होगा। यह सुविधा प्राप्त करने के लिए मीडिया प्रतिनिधियों का मतदान दिवस के दिन कवरेज पर होना अनिवार्य है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मीडिया प्रतिनिधियों का मतदान दिवस के दिन कवरेज पर होना प्रमाणित होने के बाद ही मीडिया प्रतिनिधियों को अनिवार्य सेवाओं की श्रेणी में पोस्टल बैलेट जारी किया जायेगा। रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा फार्म-12डी में आवेदन प्राप्त होने के बाद पोस्टल बैलेट जारी किया जायेगा, जिन मीडिया प्रतिनिधियों को पोस्टल बैलैट जारी होगा, उनके द्वारा सम्बन्धित जनपद के रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा स्थापित किये गये पोस्टल वोटिंग सेन्टर में मतदान करना होगा।

# 3832 लाइसेंसी शस्त्र निरस्त कर जमा कराये गये

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के प्रभावी अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जॉच के लिए 513 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1847 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित किये गये हैं। पुलिस विभाग द्वारा अब तक 4,82,043 लाइसेंसी शस्त्र जमा कराये गये। इसके अलावा अपराधिक व्यक्तियों के 386 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 3,832 लाइसेंसी शस्त्र निरस्त कर जमा कराये गये। इसी प्रकार सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 13,40,792 लोगों को पाबन्द किया गया। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग द्वारा 2,714 बिना लाइसेंस के अवैध शस्त्र, 3,013 कारतूस, 06 किग्रा0 विस्फोटक व 137 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 541 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 59 केन्द्रों को सीज किया गया।

# एसएमजीआई के छात्रों ने किया औधोगिक एवं शैक्षणिक भ्रमण

■ फार्मेसी के छात्र-छात्राओं ने वैज्ञानिकों से सीखी विभिन्न बारीकियां

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** सर मदनलाल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में अध्ययनरत् फार्मेसी के छात्र छात्रों ने केन्द्रीय औषधीय एवं सुगंध पौधा संस्थान (सीमैप)लखनऊ में एक दिवसीय औधोगिक एवम शैक्षणिक भ्रमण पूर्ण किया। इस दौरान विधार्थियों ने अनुसंधान संस्थान की कार्यशैली की विस्तृत जानकारी विभिन्न वैज्ञानिकों द्वारा प्राप्त की। संस्थान में पहुंचकर विधार्थियों ने औषधीय एवं सुगंध पौधों की विशिष्ट खेती देखी जहां उन्हें विभिन्न प्रकार के औषधीय पौधों के उपयोग बताये गए। साथ ही कुछ नई प्रजाति के भी पौधों से भी परिचित कराया गया जिनके साथ भविष्य में नये प्रयोग किए जायेंगे। संस्थान में छात्रों को विशिष्ट आसवन विधि से भी परिचय कराया गया जिसके द्वारा किस प्रकार पौधों से अत्याधिक मात्रा में तेल को निकाला जा सकता है।

सीमैप संस्थान लखनऊ का विस्तृत परिचय सीनियर वैज्ञानिक डा0 राम सुरेश शर्मा द्वारा दिया गया। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि, सीमैप के बने उत्पाद केवल हमारे देश में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी भेजे जाते है। तत्पश्चात छात्रों ने सीमैप की विभिन्न लैबों को देखा और वहाँ चल रहे आधुनिक अनुसंधान के बारे में जानकारी प्राप्त की। संस्थान के लैब इंचार्ज ने लैब के प्रत्येक उपकरण एवं संचालन विधि के बारे में छात्र-छात्रों को विस्तार से बताया। अन्त में डा.राम सुरेश शर्मा ने सीमैप के इतिहास के साथ साथ वहां चल रहे विभिन्न शोध कार्यो के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि, औधोगिक एवं शैक्षणिक भ्रमण किसी पाठ्यक्रम को समझने के साथ-साथ विधार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। मुझे उम्मीद है कि आप सभी लोग आज यहां से बहुत कुछ सीखकर ही वापस जायेंगे। भ्रमण कार्यक्रम के अन्त में एसएमजीआई के शिक्षको ने डा0 राम सुरेश शर्मा व उनके अन्य सहायक वैज्ञानिकों को प्रतीक चिन्ह देकर धन्यवाद किया। भ्रमण कार्यक्रम का सफल नेतृत्व संस्थान के निदेशक डा0 उमा शंकर शर्मा, सहित शिक्षक डा0 रेहानुद्दीन, पारिका ठाकुर, श्वेता सिंह एवम अखिलेश यादव ने किया गया। चेयरमैन डा0 विवेक यादव ने भ्रमण कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सीमैप के वैज्ञानिकों का आभार प्रकट करते हुए संस्थान के निदेशक सहित स्टाफ एवं सभी विधार्थियों को बधाई दी।

# छात्र-छात्राओं ने होली मेला का आनन्द लेते हुए प्रतियोगिताओं में लिया भाग

वहाज अली निहाल



**इटावा।** नगर क्षेत्र के यश इंटर नेशनल स्कूल में दो दिवसीय होली मेले का शनिवार को आयोजन किया गया। जिसमें प्रतियोगिताओं में प्रथम दिन-टेलेन्ट हंट, फैन्सी ड्रेस एवं कलरिंग प्रतियोगिता में शहर के सभी विद्यालयों के बच्चों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता ली। इस मेले में बच्चों के लिए प्रतियोगिताओं के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के झूले, फन गेम्स एवं फूड स्टॉल (स्वल्पाहार) की भी व्यवस्था युद्ध एवं सुचारू रूप से तथा अनुशासन पूर्ण ढंग से की गई। विद्यालय में आये हुए गणमान्य अतिथियों में शेप बघेल(राष्ट्रीय सलाहकार-भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण/सड़क एवं परिवहन मंत्रालय भारत सरकार), एल0 एस0 चौहान (प्रधानाचार्य के.के.डिग्री कॉलेज-सेवानिवृत), विद्यालय अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह भदौरिया, राकेश वर्धन आदि उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य जादित्य श्रीवास्तव ने आये हुए सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर सम्मानित करते हुए अपने उद्बोधन में बच्चों को प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया एवं अच्छे इंसान बनने की प्रेरणा देते हुए आशीर्वाद दिया और सभी से होली मेला के दूसरे दिवस की कामना रखते हुए उपस्थित रहने की अपेक्षा की।

# 59 वां उर्स मुबारक भरतपुर खुर्द में शानो शौकत के साथ सम्पन्न हुआ

अवधनामा संवाददाता



**इटावा, ऊसराहार।** हज़रत हाजी हाफिज़ सैय्यद वारिस अली शाह रह अलैह का 59 वां उर्स भरतपुर खुर्द में बड़े ही शानौ शौकत के साथ सम्पन्न हुआ। भरतपुर खुर्द में हिन्दू मुस्लिम कौमी एकता का यह उर्स हर साल होली के बाद होता है। उर्स के अंतिम दिन रात को सारी रात महफिलें कब्बाली का आयोजन हुआ। हज़रत सिद्दीकी शाह वारिस की मजार पर सभी लोगों ने चादर पोशी की। अलीगढ़ के मशहूर फनकार शमीम अहमद साबरी ने बेहतरीन कलाम पेश किये जिसमें कहा कि आ जाओ हूसैन या हुसैन बुलाता है फलस्तीन। फरुखाबादी फनकार मुन्ना मेहरमान ताज कव्वाल ने आओ वारिसी होली खेले वारिस पिया के संग, आमिर इमरान बरेली ने कहा किस्मतें यार का सौदा नहीं होने देंगे।

उर्स मुबारक के मौके पर रामगंगा कमाण्ड परियोजना के निर्देशक दिनेश कुमार यादव बाबू जी ने सिद्दीकी शाह वारिस की मजार पर चादर पेश की साथ में भाजपा नेता ज्ञानेंद्र कुमार अवस्थी एडवोकेट ने भी चादर पेश सूफी संत मियां फारसी फरुखाबाद हाजी अंसार वारसी शाह फरुखाबाद जीशान वारसी बिघूना हिन्दू मुस्लिम कौमी एकता के सदस्य बंटू सक्सेना सचिन गुप्ता हिमांशु गुप्ता शमशाद वारिस अशफाक खां विनोद वर्मा मुहम्मद आबिद अब्दुल वारिस दीन अली रामशरण दुबे व्यापार मंडल अध्यक्ष रवि चक्रवर्ती गी्श चन्द्र छंगे वारिस आदि मौजूद रहे।

## भांग का ठेका संचालक खबर से बौखलाए दे रहे हैं धमकी

**मथुरा।** जनपद में भांग के कारोबारी लंबे समय से सरकारी नियमों को ताक पर रख धड़ल्ले से शासन प्रशासन की आंख में धूल झोंक रहे थे, पर एक कहावत है बकरे की अम्मा कव तक खैर मनाएगी पत्रकार समाज का सच्चा सिपाही कहा जाता रहा है उस की नजर से भ्रष्टाचारी कव तक बच सकते हैं। पत्रकार की नजर इन ठेकेदारों के कुकर्मों पर पढ़ी तो मामला जनता के सामने खुल कर आने लगा पहले तो भांग के ठेकेदार अधिकारियों की सांठ गांठ के वल पर दवंगई दिखाते रहे जब मामला अधिकारियों की पहुंच से बाहर जाता देख आवकारी विभाग के अधिकारियों ने ठेकेदारों के ऊपर से हाथ खड़े कर दिए। मामला विगढ़ता देख ठेकेदार खुद मोर्चे पर आकर पत्रकार को खबर ना छापने के लिए धमकाने लगे। मथुरा जनपद के कुछ दलालों को सक्रिय कर खबर ना लगाने का दबाव बनाने का कुंठित प्रयास करने लगे है।

# पनप रहा लगा सट्टे का बाजार, पुलिस की सटोरियों को खुली छूट

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** जनपद में कुछ समय से शांत सट्टे की मंडी फिर अपनी जड़ें मजबूत करने लगी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने जब से मथुरा का चार्ज सम्हाला तव सट्टा और नशा कारोबार कमजोर होता गया, पर बीते कुछ समय से सट्टा कारोबारियो ने फिर से अपना फन फैलाना शुरू कर दिया है। सूत्रों की मानें तो सट्टा व्यापार मथुरा जनपद में वैसे सभी जगह धीरे धीरे पनपने लगा है पर मथुरा की घनी आबादी वाले छेत्र भरतपुर गेट एरिया में कुछ ज्यादा ही पैर पसारने लगा है। सूत्रों के अनुसार मथुरा की भरतपुर गेट चौकी पर सटोरिए की बहुत पकड़ बताई जा रही है। भरतपुर गेट एरिया में कई वस्तिया लगी हुई है जिनमें एक वर्ग विशेष का व्यक्ति मजबूती के साथ सट्टे का व्यापार काफी लम्बे समय से चला रहा है। जिसे चौकी इंचार्ज का भरपूर आशीर्वाद प्राप्त है। साथ ही कोतवाली छेत्र की घनी आबादी वाले छेत्र चौबिया पाढा भी सट्टेबाजी से अछूता नहीं रहा। मथुरा कोतवाली मैं इन सत्तेवाजो का काला चिट्ठा मौजूद होने के बावजूद भी कोतवाली प्रभारी का संज्ञान ना लेना भी चिंता का विषय है। मथुरा जनपद के कुछ प्रशासनिक अधिकारी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मथुरा की उभरती छवि को धूमिल कराने के लिए ऐसे मामलों मै आंखे बंद कर बैठे हुए हैं। सट्टा और नशा समाज को वरवाद करने की सबसे आसान कढ़ी है मथुरा मैं सट्टा और नशे के कारोबारी हर दम मौके की तलाश में रहते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बीएसजी ज्ञान प्रतियोगिता 2024 कर्मक्षेत्र इंटर कॉलेज में संपन्न हुई



**इटावा।** भारत स्काउट और गाइड, उ.प्र.प्रादेशिक कार्यालय गोल मार्केट महानगर लखनऊ के निर्देशानुसार बीएसजी ज्ञान प्रतियोगिता 2024 जिला मुख्य आयुक्त मनोज कुमार के आदेश अनुसार कर्मक्षेत्र इंटर कॉलेज में संपन्न हुई। प्रतियोगिता में जनपद के विभिन्न पंजीकृत दलों के 150 से अधिक स्काउट और गाइड्स ने भाग लिया। प्रतियोगिता का निरीक्षण प्रमेंद कुमार प्रधानाचार्य के के इंटर कॉलेज एवं जिला सचिव रविंद्र सिंह यादव द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्काउट और गाइड प्रदेश स्तरीय परीक्षा में शामिल किए जाएंगे। प्रतियोगिता में डॉ विपिन कुमार, गाइड कैप्टन मंजूलता, जिला संगठन आयुक्त स्काउट डॉक्टर सुनील कुमार, जिला संगठन आयुक्त( गाइड)स्वीटी मथुरिया, राजकुमार आईटी कोऑर्डिनेटर श्री रामचंद्र स्काउट मास्टर आदि का सराहनीय सहयोग रहा।

### दिव्यांग आइकन की मतदान हेतु अपील

**मथुरा।** कल्याण करोति संस्थान मथुरा में दिव्यांग मतदाताओं की जागरूकता के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस अवसर पर दिव्यांग आइकन लालचंद ने भी एक विशेष संदेश दिया। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि सारे काम छोड़कर सबसे पहले मतदान करने जा, मैं भी जाउंगा। उनके स्पेशल शिक्षक जयवीर सिंह ने दिव्यांग आइकन के संदेश के भाव को अधिक स्पष्ट कर सभी तक पहुंचाया। कार्यक्रम में दिव्यांग मतदाताओं को मतदान की महत्वता बताते हुए जिला मास्टर ट्रेनर मनीष दयाल ने कहा कि दिव्यांगों का समाज में एक विशेष स्थान है और यह वर्ग समाज में अन्य लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करेंगे, ऐसी हमारी उम्मीद ही नहीं बल्कि विश्वास है। एसएलएमटी डा दीनदयाल ने कहा कि 26 अप्रैल की तारीख याद रखनी है। आप सब विशेषजन हैं, आपको लोकतंत्र में सक्रिय रूप से भूमिका निभानी है। संस्थान प्रधानाचार्य आरपी प्रजापति ने कहा हम आशा करते हैं कि दिव्यांग जनों की तरफ से बहुत अधिक संख्या में मतदान किया जाएगा। वरिष्ठ प्रवक्ता अभिराम कुशवाह ने कहा कि हर एक वोट महत्वपूर्ण है। आगामी लोकसभा निर्वाचन में सभी को मतदान करने जाना है।इस अवसर पर जगवीर सिंह, रिंकू, दिव्यांग जन,संस्थान के शिक्षक शिक्षिकाएं, छात्र और कर्मचारी गण आदि उपस्थित रहे।

# बीजेपी की हेमा के सामने कॉंग्रेस के बॉक्सर विजेंदर का मुकाबला

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के मथुरा से दो बार सांसद रहीं और सिने स्टार हेमामालिनी के ग्लैमर की काट करने के लिए कांग्रेस ने अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाज बिजेंदर सिंह को चुनाव मैदान में उतारा है। कांग्रेस से शनिवार को विजेंदर सिंह को मथुरा लोकसभा सीट से प्रत्याशी घोषित किया है। इससे जिले के जाट बाहुल्य मतदाताओं को भी आकर्षित किया जा सकेगा।इंडिया गठबंधन में मथुरा लोकसभा सीट कांग्रेस के खाते में आई है। यहां से कांग्रेस ने बॉक्सर विजेंदर सिंह को चुनाव मैदान में उतारा है। विजेंदर सिंह ने पिछली बार दिल्ली से भी लोकसभा चुनाव लड़ा था। दरअसल मथुरा से भाजपा की हेमामालिनी दो बार की सांसद रही हैं।लोकसभा चुनाव 2014 में हेमामालिनी ने रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी को करीब तीन लाख वोटों से हराया था। वहीं लोकसभा चुनाव 2019 में उन्होंने रालोद के ही कुंवर नरेंद्र सिंह को रिकॉर्ड वोटों से हराया था। वह भी तब जब मथुरा को रालोद का ही गढ़ माना जाता रहा है। जबकि कभी बेहतर जनाधार वाली पार्टी रही कांग्रेस पिछले कई चुनावों में हाशिए पर चली गई, लेकिन विजेंदर सिंह के चुनाव मैदान में उतरने के बाद मुकाबला रोचक हो जाएगा।

# एसडीएम पर कर्मचारी को बंधक बनाने का आरोप

■ कर्मचारी ने एसडीएम दफ्तर से जारी की वीडियो

■ अभद्रता के आरोप पर तहसील कर्मी लामबंद

अवधनामा संवाददाता



**बलग्राम।** शनिवार को बिलग्राम तहसील में कर्मचारी और एसडीएम आमने-सामने आ गए। लिपिक को बंधक बनाने और अभद्र भाषा प्रयोग करने के आरोप में कर्मचारी एकजुट हो गए। तहसीलदार अमित यादव को ज्ञापन सौपा। लिपिक प्रेम कुमार की ओर से दिए गए ज्ञापन में एसडीएम गरिमा सिंह पर आरोप है कि एक रिट को लेकर महीने भर से कई बार वह गए थे। एसडीएम सही बात नही सुन रही थी। उसी को फिर लेकर हस्ताक्षर कराने गए थे। आरोप है एसडीएम ने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए दफ्तर में होमगार्ड लगाकर लिपिक को कैद करा दिया। वह खुद मीटिंग में चली गयी। लिपिक प्रेम कुमार ने एसडीएम दफ्तर से जब अपना वीडियो वायरल किया तक सभी कर्मचारियों को जानकारी मिली। लिपिक का आरोप है एसडीएम ने होमगार्ड से कहा कि अगर दफ्तर से बाहर निकले तो पिटाई भी कर देना।प्रतिरोध को देखते हुए फोर्स तैनात किया गया। तहसील में लगभग एक सैकड़ो की संख्या में कर्मचारी एसडीएम के खिलाफ जब लाम बंद हो गए गतिरोध को देखते हुए तहसील परिसर में भारी फोर्स तैनात कर दिया गया। शाम तक गतिरोध बना रहा। बताया गया कि डीएम ने एसडीएम और कर्मचारियों को तलब किया है और जांच के आदेश दिए हैं। प्रकरण पर एसडीएम गरिमा सिंह ने किसी से भी बात करने से इनकार करते हुए किसी से नहीं मिली। न ही किसी का फोन उठाया। पूरे प्रकरण पर तहसीलदार अमित यादव भी खामोश रहे।

# मक्खनपुर प्राचीन कंस मेले का एसडीएम शिकोहाबाद ने फीता काटकर किया शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता



**मक्खनपुर/फिरोजाबाद।** नगर पंचायत मक्खनपुर में लगने वाला प्राचीन कंस मेले का शुभारंभ एसडीएम शिकोहाबाद आदेश सिंह सागर द्वारा फीता काटकर किया गया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष गीता देवी दिवाकर एवं उनके पति दिलीप लोधी और ईओ अमर बहादुर सिंह द्वारा एसडीएम का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया उन्होंने कहा मेला कितना प्राचीन है तो लोगो ने बताया की आजादी से पूर्व मेला लगता चला आया है इस अवसर पर कस्बे के नागरिक एवं अन्य लोग उपस्थित थे। लोगो ने एसडीएम शिकोहाबाद से पानी की प्याऊ लगवाए जाने की भी जानकारी दी उन्होंने बताया की प्याऊ लगाने के लिए कोई भी रोक नहीं है लेकिन बिना परमिशन के गेट बनाया जाना अनुचित है शुक्रवार से लगातार पांच दिन चलने वाला मेला प्रारंभ हो गया। मेले में रंगीन लाइट एवं झूला खेल तमाशा जिन्हे देखकर लोगो में उत्साह जाग्रत हो रही है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रात्रि के कार्यक्रमों में दो दिन नौटंकी का कार्यक्रम कराया जा रहा है। मेला अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी ने सभी लोगो से मेला में शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने की अपील की नागरिकों ने मेला स्थल पर दोपहिया वाहन और चार पहिया वाहनों की रोक लगाई जाने की पुलिस बल से मांग की।

# निरंकुश माया का राग दरबारी, अंकुश कब !

अवधनामा संवाददाता

■ राग दरबारी का विबादित नेताओं को संरक्षण प्राप्त है

■ हाथरस लोकसभा सुरक्षित सीट पर गैर एससी को टिकट देना

■ मथुरा से कमलकांत का टिकट काट देना इसके पीछे विवादित नेता का हाथ


**मथुरा।** देश में लोकसभा चुनाव का शंखनाथ हो चुका है केंद्र की सत्ता में बैठी भारतीय जनता पार्टी सहित सभी राजनीतिक पार्टियों ने आगामी चुनाव में अपना परचम लहराने और अपने प्रत्याशियों को जिताने के लिए गोटियां बिछाना शुरू कर दिया है। बहुजन समाज पार्टी मुखिया भी अकेले दम पर अगला चुनाव जीतने के लिए पूरी ताकत लगाए हुए हैं। बसपा प्रमुख सिपहसलाहकार अपनी मनमानी करते हुए पार्टी में विवादित फेसलें लेने में लगे हुए हैं लोगों को बताया जाता है बसपा प्रमुख के निर्देश पर फेसलें किये जा रहे हैं, जबकि सत्यता कुछ और ही है। पार्टी में जो कुछ चल रहा है उसको लेकर पार्टी में स्थानीय स्तर पर चर्चा बहुत ही चरम पर है। बहुजन समाज पार्टी पर कोई प्रत्याशी नजर नहीं आ रहा था ऐसे में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने वरिष्ठ पत्रकार और युवा ब्राह्मण चेहरा चर्चित व्यक्तित्व के धनी पंडित कमलकांत उपमन्यु को बसपा प्रमुख से मुलाकात के बाद प्रत्याशी घोषित किया गया। जिसकी विधिवत घोषणा एक कार्यक्रम के दौरान स्थानीय होटल में वरिष्ठ बसपा के नेताओं ने की थी। इसके बाद बसपा के प्रत्याशी के रूप में कमल कांत ने अपनी तैयारियां शुरू करते हुए क्षेत्र में प्रचार प्रसार का काम भी शुरू कर दिया। लोगों के साथ जन संपर्क कर अपने पक्ष में मतदान करने के लिए अपील भी करना शुरू किया। जिसमें स्थानीय संगठन के नेता भी पूरी तरह उनके साथ लगे हुए थे। शुक्रवार को अचानक बदले घटनाक्रम के अनुसार कमल कांत का टिकट काटकर जाट जाति के शिक्षा जगत से जुड़े व्यक्ति सुरेश चंद को प्रत्याशी घोषित करने की चर्चा होने लगी इसके संबंध में एक फोटो बसपा कार्यालय के बाहर का सोशल मीडिया पर डाला गया। इस संबंध में बसपा के नेता और स्थानीय संगठन के लोग चुप्पी साधे है। लेकिन सुरेश चंद्र के साथ जो लोग फोटो में दिखाई दे रहे हैं उनमें एक भी चेहरा मथुरा के बसपा से जुड़े किसी नेता का नहीं नजर आता है।

बताया जाता है इस टिकट के फेर बदल कराने में ऐसे पदाधिकारी का नाम चर्चा में है नगर निगम चुनाव के दौरान पार्टी विरोधी कार्य करने के आरोप में पार्टी से निष्कासित किया गया था। जिसे बाद में बसपा प्रमुख के राग दरबारी के द्वारा अंदरुनी समझौता कर पार्टी में वापस लेते हुए उसका निष्कासन समाप्त करा दिया और कुछ ही दिन बाद मंडल स्तर का जिम्मेदार पद भी देकर उसको नवाजा गया बताया जाता है। नगर निगम चुनाव के दौरान पार्षद पद पर बहुजन समाज पार्टी के जिन लोगों ने अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित वार्डो में धनगर जाति जो पाल बघेल गडरिया पिछडा वर्ग के हैं के द्वारा नियम विरुद्ध बनवाये जाति प्रमाण पत्र के आधार पर प्रत्याशी बनाकर चुनाव लड़ाया गया । इस प्रकार की शिकायत होने पर दो बसपा के नेताओं को पार्टी की सदस्यता से निष्कासित करते हुए बाहर का रास्ता दिखाया गया था। उन्हें भी बसपा प्रमुख के राग दरबारी ने गुप्त समझौते के आधार पर पार्टी में वापसी ही नहीं कराई और उन्हें पदों पर भी नवाजा गया। बहुजन समाज पार्टी में टिकट काटने का कोई नया मामला नहीं है इससे पूर्व विधानसभा चुनाव में डॉक्टर अशोक अग्रवाल का टिकट काटकर एक विपक्षी पार्टी के प्रत्याशी के कहने पर तत्कालीन मायावती के राग दरबारी ने गुप्त समझौते के आधार पर पंडित देवेंद्र गौतम उर्फ गुड्डू भैया को प्रत्याशी बनाया गया जो उस वक्त तीसरे नंबर पर रहे जिस डॉक्टर अशोक अग्रवाल का टिकट काटा गया।

# नुक्कड़ नाटक से बताया हर वोट का है महत्व

अवधनामा संवाददाता

■ कहा-वोटर्स सिर्फ किंग नहीं, हैं किंगमेकर्स भी



**शिकोहाबाद/फिरोजाबाद।** पालीवाल महाविद्यालय शिकोहाबाद में शनिवार को मतदाता जागरूकता अभियान के तहत किया गया कार्यक्रम वर्तमान समय में किस तरह से हम मतदान को नकार देते है। तरह तरह के बहाने बनाकर मतदान करने नहीं जाते। इन्हीं सब बातों पर कटाक्ष करते हुए पालीवाल महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक किया गया। इसमें कॉलेज के एक नुक्कड़ नाटक करके जागरूक करते हुए सभी से मतदान करने की अपील की। कहा मैं किंग नहीं, लेकिन किंग मेकर हूं।

तू कौन है। हमें तो फिल्म देखने जाना है। हमें घूमने जाना है। आज छुट्टी है यार मै घर में आराम करूंगा। तू क्या डोनाल्ड ट्रंप है जो तुझे हम अपना समय दें। ये सुनने पर वोट कहता है की ये सही है की मै किंग नहीं हूं पर आप इस बात को नकार नहीं सकते की मै किंग मेकर हूं। ये कहने के बाद सभी उसे गंभीरता से सुनने लगते है। आगे वो कहता है कि मेरी अहमियत समझिए।

एसडीएम शिकोहाबाद आदेश सिंह सागर ने कहा कि लोकतंत्र की वजह से ही ये संभव है की जनता की चुनी हुई सरकार शासन करती है। खुद जागरूक बने और दूसरों को भी मतदान के प्रति जागरूक करें। मेरे एक वोट से क्या होगा ये सोचना गलत है। हम सब जानते हैं, हमारा भारत लोकतांत्रिक देश है। यहां पर हर व्यक्ति जो अपनी 18 साल की उम्र पूरी कर चुका है, उसे वोट डालने का अधिकार है। सभी विद्यार्थियों को 7 मई को शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक किया गया।चुनाव या फिर जिसे निर्वाचन प्रक्रिया के नाम से भी जाना जाता है, लोकतंत्र का एक अहम हिस्सा है और इसके बिना तो लोकतंत्र की परिकल्पना करना भी मुश्किल है क्योंकि चुनाव का यह विशेष अधिकार किसी भी लोकतांत्रिक देश के व्यक्ति को यह शक्ति देता है कि वह अपने नेता को चुन सके।

जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ निशा अस्थाना ने जागरुक करते हुए बताया कि महाविद्यालय में ईएलसी क्लब के सदस्य एवं कैंपस एंबेसडर मतदान प्रक्रिया में भाग लेते हुए सभी को जागरूक करें।सभी विद्यार्थी अपना एक लक्ष्य बनाएं की प्रत्येक विद्यार्थी पाँच लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक करें।चुनाव किसी भी लोकतंत्र का सबसे अहम भाग है चुनाव के द्वारा हम अपने अधिकार का प्रयोग करके अपना नेता चुनते है। अतः चुनाव ही तय करता है की राष्ट्र विकास की ओर अग्रसर होगा या पतन की ओर। किसी भी लोकतांत्रिक देश में चुनाव काफी महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं और क्योंकि भारत को विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के रुप में भी जाना जाता है, इसलिए भारत में चुनावों को काफी अहम माना जाता है। आजादी के बाद से भारत में कई बार चुनाव हो चुके और इन्होंने देश के विकास को गति देने का एक महत्वपूर्ण कार्य किया। यह चुनाव प्रक्रिया ही है, जिसके कारण भारत में सुशासन, कानून व्यवस्था तथा पारदर्शिता जैसी चीजों को बढ़ावा मिला है।

ईएलसी सहायक नोडल अधिकारी हिमांशु शर्मा ने बताया कि लोकतंत्र एक ऐसी व्यवस्था है, जिसमें लोगों को स्वतंत्रता और मानवाधिकारों की प्राप्ति होती है। वैसे तो विश्व भर में साम्यवाद, राजशाही तथा तानाशाही जैसे तमाम तरह की शासन प्रणालियां है, लेकिन लोकतंत्र को इन सभी से श्रेष्ठ माना गया है। ऐसा सिर्फ इसलिए क्योंकि लोकतंत्र में जनता के पास चुनावों द्वारा अपनी सरकार स्वयं चुनने की शक्ति होती है।भारतीय चुनावों में वही व्यक्ति मतदान कर सकता है, जिसकी उम्र 18 वर्ष या उससे अधिक है। इसी तरह यदि कोई व्यक्ति चुनाव लड़ना चाहता है, तो उसे अपना नामांकन कराना होता है, जिसके लिए न्यूनतम आयु 25 वर्ष है। भारत में कोई भी व्यक्ति दो तरीकों से चुनाव लड़ सकता है, किसी दल का उम्मीदवार बनकर उसके चुनाव चिन्ह पर जिसे सामान्य भाषा में 'टिकट' के नाम से भी जाना जाता है और दूसरा तरीका है निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर दोनो ही तरीकों में उम्मीदवारों द्वारा नामांकन पत्र भरना और जमानत राशि जमा करना अनिवार्य होता है। कॉलेज में नुक्कड़ नाटक के जरिए मतदान की प्रक्रिया के बारे में समझाया गया।

कॉलेज के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ विशाल पाठक ने कहा कि जिन विद्यार्थियों की आयु 18 वर्ष की पूर्ण हो चुकी है और जिनका नाम मतदाता सूची में है वह 7 मई को वोट डालने जरूर जाएं साथ में अपने अभिभावकों को भी लेकर जाएं। कार्यक्रम में डॉ एमपी सिंह एनएसएस ऑफिसर,डॉ टीएच नकवी,डॉ आर बी पांडेय एनसीसी आफिसर,डॉ सुशील कुमार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी ने अपने विचार रखें।

# नारायणदास लखवानी पुनः अध्यक्ष चुने गए

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** सिन्धी जनरल पंचायत का होली मिलन समारोह एवं आम चुनाव बैठक बहादुर पुरा स्थित स्वामी लीलाशाह धर्मशाला में गुदगुदाते हास्य व्यंग्य और प्रेरक प्रसंग के मध्य सम्मपन्न हुए। इस मौके पर सभी ने एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। गीत भजन सहित हर प्रस्तुति पर लगातार तालियां बजती रही।

अध्यक्ष नारायण दास लखवानी ने प्रेरक प्रसंग सुनाते हुए होली को आपसी मेलजोल बढ़ाने वाला त्योहार बताया। मुख्य संयोजक रामचंद्र खत्री ने आगामी होने वाले सिंधी उत्सवों में भागीदारी करके सिंधीयत कायम रखने की बात कही। उपाध्यक्ष तुलसी दास गंगवानी ने कुछ रोचक बातें बताई, जबकि किशोर इसरानी ने ÷तेरी बंदगी में दाता हम जिंदगी गुजारे÷ तथा पंडित मोहन महाराज ने राम भजन सुनाकर सबको आत्मविभोर कर दिया। समापन पर पंचायत के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव अधिकारी बसंतलाल मंगलानी, हरिश चावला एवं भगवानदास बेबू की देखरेख में चुनाव की घोषणा हुई, जिसमें सर्वसम्मति से एक बार फिर पुनः पांचवीं बार नारायणदास लखवानी को अध्यक्ष चुन कर विश्वास जताते हुए समाज की सेवा के लिए पुनः अवसर प्रदान किया गया। पूज्य सिन्धी जनरल पंचायत मथुरा के मुख्य संयोजक रामचन्द खत्री, तुलसीदास मंगवानी, जीवतराम चंदानी, मिर्चुमल कोतकवानी, हरीश चावला, पीताम्बर रोहेरा, जितेन्द्र भाटिया, मनोज भाटिया तथा वृंदावन से आए रोशनलाल देवानी, जॉनी भाटिया आदि ने नारायणदास लखवानी को पुनः अध्यक्ष बनने पर शुभकामनाएं एवं सभी को होली पर्व की बधाई प्रेषित की है।

# विटामिन ए की कमी से हो सकता है अंधापन, नेत्र स्वास्थ्य के लिए पर्याप्त पोषण लेना भी जरुरी है

कुपोषण के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में, विटामिन ए की कमी( वीएडी) से गंभीर दृष्टि हानि और संभावित रूप से रोके जा सकने वाले अंधेपन से जुड़ी एक महत्वपूर्ण चुनौती के रूप में उभरी है, खासकर कम आय वाले देशों में बच्चों और गर्भवती महिलाओं में। बच्चों में रोकथाम योग्य अंधेपन के प्रमुख कारण के रूप में, वीएडी नेत्र स्वास्थ्य और सामान्य कल्याण की सुरक्षा के लिए उन्नत पोषण कार्यक्रमों और जागरूकता की तत्काल आवश्यकता पर जोर देता है।

***विटामिन ए की कमी से बच्चे होते हैं अंधे***

विश्व स्वास्थ्य संगठन का अनुमान है कि हर साल 250,000 से 500,000 बच्चे विटामिन ए की कमी के परिणामस्वरूप अंधे हो जाते हैं, जिनमें से अधिकांश विकासशील देशों में रहते हैं जहां पर्याप्त पोषण तक पहुंच अक्सर सीमित होती है। एचटी लाइफस्टाइल के साथ एक साक्षात्कार में, शार्प साइट आई हॉस्पिटल्स के सह-संस्थापक और चिकित्सा निदेशक डॉ. कमल बी कपूर ने खुलासा किया, इस कमी से ज़ेरोफथाल्मिया हो सकता है, एक ऐसी स्थिति जो कॉर्निया (आंख का सबसे पारदर्शी भाग) को नष्ट कर सकती है। कंजंक्टिवा, अगर तुरंत इलाज न किया जाए तो अपरिवर्तनीय अंधापन हो सकता है।

इस बात पर प्रकाश डालते हुए कि इस सार्वजनिक स्वास्थ्य मुद्दे को संबोधित करने के लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है, उन्होंने साझा किया, स्वास्थ्य विशेषज्ञ विटामिन ए से भरपूर खाद्य पदार्थों के सेवन की वकालत करते हैं, जिनमें डेयरी उत्पाद, अंडे, और पीले या नारंगी फल और सब्जियां, जैसे गाजर और शकरकंद शामिल हैं। हरी, पत्तेदार सब्जियों के साथ। इसके अतिरिक्त, विटामिन ए के साथ मुख्य खाद्य पदार्थों का सुदृढ़ीकरण और पूरकों के रणनीतिक वितरण को वीएडी और दृष्टि पर इसके विनाशकारी प्रभावों से निपटने के लिए प्रभावी, कम लागत वाले तरीकों के रूप में मान्यता दी गई है। खासकर बच्चों



में. विटामिन ए अनुपूरण को एकीकृत करने के लिए सरकारों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों द्वारा प्रयास इन प्रयासों में अनुपूरण को नियमित टीकाकरण कार्यक्रमों और मातृ स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ना शामिल है।

इन प्रगतियों के बावजूद, पर्याप्त विटामिन ए स्रोतों तक पहुंच प्राप्त करने में चुनौतियां बनी हुई हैं। डॉ. कमल बी कपूर ने सुझाव दिया, संतुलित आहार के महत्व और अंधापन को रोकने में विटामिन ए की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य अभियानों में निवेश की बढ़ती आवश्यकता है। विटामिन ए की कमी और आंखों के स्वास्थ्य पर इसके प्रभाव के खिलाफ लड़ाई कुपोषण के व्यापक मुद्दे और कमजोर आबादी को आवश्यक पोषक तत्वों तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए व्यापक दृष्टिकोण की आवश्यकता पर प्रकाश डालती है। पोषण संबंधी आवश्यकताओं और सार्वजनिक स्वास्थ्य हस्तक्षेपों को प्राथमिकता देकर, वैश्विक समुदाय वीएडी के कारण होने वाले अंधेपन को रोकने और समग्र स्वास्थ्य परिणामों में सुधार करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति कर सकता है।

***एक्सपर्ट से जानें विटामिन ए की कमी से अंधापन कैसे हो सकता है***

नई दिल्ली के इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल में नेत्र विज्ञान की वरिष्ठ सलाहकार डॉ. उमा मलैया ने अपनी विशेषज्ञता बताते हुए कहा, विटामिन ए एक वसा में घुलनशील विटामिन है जो दृष्टि, प्रतिरक्षा प्रणाली के कार्य और त्वचा के स्वास्थ्य सहित कई मानवीय गतिविधियों के लिए आवश्यक है। विटामिन ए रोडोप्सिन का एक आवश्यक घटक है, रेटिना की रॉड कोशिकाओं में मौजूद एक वर्णक जो कम रोशनी में दृष्टि के लिए जिम्मेदार होता है। विटामिन ए आंख की सतह के ऊतकों को बनाए रखने में भी मदद करता है और ड्राई आई सिंड्रोम जैसी समस्याओं से बचने में मदद कर सकता है। यह पोषक तत्व कॉर्निया, रेटिना और फोटोरिसेप्टर कोशिकाओं सहित आंखों के स्वास्थ्य और कार्य को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण है। पर्याप्त विटामिन ए के सेवन के बिना, रात की दृष्टि और रंग धारणा के लिए आवश्यक रंगद्रव्य बनाने की शरीर की क्षमता से समझौता हो जाता है, जिससे अंततः ज़ेरोफ थाल्मिया होता है, एक विकार जिसमें सूखी आंखें, कॉर्नियल अल्सर और संभावित रूप से अपरिवर्तनीय अंधापन होता है।

उन्होंने सिफारिश की, विटामिन ए की कमी को दूर करने के लिए, एक मल्टीमॉडल दृष्टिकोण की आवश्यकता है, जिसमें आहार विविधता मुख्य भोजन सुदृढ़ीकरण और अनुरूप पूरक कार्यक्रम शामिल हैं। उचित सेवन सुनिश्चित करने के लिए विटामिन ए से भरपूर खाद्य पदार्थ जैसे पत्तेदार हरी सब्जियां, गाजर, शकरकंद और डेयरी उत्पादों के सेवन को प्रोत्साहित करें। इसके अलावा, विटामिन ए के साथ नियमित रूप से सेवन किए जाने वाले खाद्य पदार्थों, जैसे कि गेहूं का आटा या खाना पकाने का तेल, को पूरक करने से जैवउपलब्धता में सुधार हो सकता है और अति संवेदनशील आबादी तक पहुंच हो सकती है। अनुपूरक कार्यक्रम, विशेष रूप से बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए, विटामिन ए की कमी को रोकने और उसका इलाज करने, अंधेपन के जोखिम को कम करने और सामान्य नेत्र स्वास्थ्य में सुधार करने में मदद कर सकते हैं।

# शरीर में एस्ट्रोजन को डिटॉक्स करने के नेचुरल उपाय, एक्सपर्ट से जानें कैसे करें डिटॉक्सिफिकेशन



अच्छी सेहत के लिए महिलाओं के हार्मोन्स का संतुलित रहना भी जरुरी है। महिलाओं के शरीर में हार्मोन्स असंतुलित रहने से पीसीओएस, थायराइड, त्वचा से जुड़ी समस्याओं, वजन बढ़ना और अनियमित पीरियड्स की समस्या बढ़ सकती है। अगर महिलाओं के शरीर में एस्ट्रोजन हार्मोन असंतुलित रहेगा तो पीरियड्स और फर्टिलिटी से जुड़ी समस्याएं बढ़ जाती हैं। ऐसे में एस्ट्रोजन का डिटॉक्सिफिकेशन बेहद जरुरी है। इस लेख में हम एक्सपर्ट मनप्रीत कालरा के इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर करके बताया कि हमें अपने शरीर के एस्ट्रोजन लेवल को कम कैसे करें।

***एस्ट्रोजन डिटॉक्सिफिकेशन इस तरह से करें***

- तनाव को कम करने वाली गतिविधियों को अपने शारीरिक गतिविधियों को शामिल करें। आप योग, ध्यान, गहरी सांस लेना यह सब एक्टिविटीज आपके शरीर में एस्ट्रोजन के स्तर को संतुलित कर सकता है।
- अपनी डाइट में हरी पत्तेदार सब्जियों को शामिल करें। जैसे पत्तागोभी, ब्रोकोली, फूलगोभी जैसी पकी हुई क्रूस वाली सब्जियों के सेवन से एस्ट्रोजन लेवल को कम किया जा सकता है।
- एस्ट्रोजन के स्तर को कम करने या कंट्रोल करने के लिए विटामिन बी एक महत्वूपर्ण पोषक तत्व है। आप शकरकंद, केला, दाल जैसे विटामिन बी6 से भरपूर फूड्स को अपनी डाइट में शामिल करें।
- शराब के सेवन और चीनी से भरपूर खाद्य पदार्थों का सेवन से परहेज करें, क्योंकि ये शरीर एस्ट्रोजन हार्मोन के लेवल को बढ़ाता है, जो आपके शरीर में कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है।

***एस्ट्रोजन हार्मोन के बढ़ने से आखिर क्या होता है?***

-ज्यादा एस्ट्रोजन बढ़ने से गर्भाशय की परत को मोटा कर सकता है, जिस वजह से पीरियड्स के दौरान अत्यधिक ब्लीडिंग की समस्या होती है।

- एस्ट्रोजन का लेवल बढ़ने से मासिक धर्म चक्र को बाधित कर सकता है, जिससे पीरियड होने के समय और ब्लड फ्लो दोनों अनियमित हो सकती है।
- एस्ट्रोजन के स्तर में उतार-चढ़ाव मूड स्विंग का कारण बन सकता है, जिसमें आप में चिड़चिड़ापन भी बढ़ सकता है।
- प्रीमेंस्ट्रुअल डिस्फोरिक डिसऑर्डर (पीएमडी) से जुड़ी मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं जैसे मूड से रिलेटेड परेशानी, चिंता और चिड़चिड़ापन एस्ट्रोजन बढ़ने के कारण हो सकता है।
- एस्ट्रोजन के बढ़ने से महिलाओं के स्तन के ऊतकों सूजन, कोमलता और गांठ की समस्या हो सकती है।
- हाई एस्ट्रोजन हार्मोन से पिंपल्स और एक्ने की समस्या देखने को मिलती है।
- एस्ट्रोजन के बढ़ने से यूरिन इंफेक्शन की समस्या हो सकती है, जिससे यीस्ट या बैक्टीरियल इंफेक्शन का खतरा बढ़ सकता है।
- माइग्रेन की समस्या भी उत्पन्न हो सकती है।

# नींबू पानी के सेवन से तुरंत तरोताजा हो जाएगा मूड, सेहत को मिलेंगे ये अनगिनत फायदे

गर्मियों के महीनों की चिलचिलाती धूप और गर्म हवाओं के दौरान अपनी प्यास बुझाने के लिए हम सभी नींबू पानी का सेवन करते हैं। नींबू, पानी और चीनी जैसी आम सामग्री से बने नींबू पानी का सेवन शरीर को ठंडा कर देता है, जो बेहद ही सुकून देने वाला एहसास होता है। गर्मियों के दिनों में एक गिलास नींबू पानी का आनंद लेना न केवल ताजगी भरा होता है बल्कि इससे सेहत को कई स्वास्थ्य लाभ भी मिलते हैं। नींबू पानी गर्म दिनों में आपको हाइड्रेटेड रखता है, इसके सेवन से आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली मजबूत होती है और ये पाचन में भी सुधार करने में मदद करता है और सबसे अच्छी बात ये है कि बिना किसी झंझट के सिर्फ कुछ मिनटों में ये बड़ी आसानी से घर पर बनाया जा सकता है।

***हाइड्रेट रखने में मदद करता है-*** नींबू पानी मुख्य रूप से पानी आधारित होता है, जो तापमान बढ़ने पर शरीर में पानी की कमी को पूरा करने में मदद करता है और पूरे दिन आपको हाइड्रेटेड रखता है। गर्मियों के मौसम में खुद को हाइड्रेट रखना जरुरी होता है। इसलिए नींबू पानी को अपनी डेली डाइट में शामिल कर लें।

***विटामिन सी बूस्ट करता है-*** नींबू, नींबू पानी में मुख्य घटक, विटामिन सी से भरपूर होता है, ये एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट जो अपनी प्रतिरक्षा-बढ़ाने वाले गुणों के लिए जाना जाता है। नींबू पानी का सेवन आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने और गर्मियों के दौरान होने वाली आम बीमारियों से बचाने में मदद कर सकता है।

***शरीर को ठंडा करता है-*** नींबू का तीखापन पानी के ठंडे तापमान के साथ मिलकर ताजगी और ठंडक का एहसास कराता है, जिससे गर्मी से राहत मिलती है। नींबू पानी पीने से शरीर के तापमान को नियंत्रित करने में मदद मिल सकती है और आप गर्म मौसम में अधिक आरामदायक महसूस कर सकते हैं।

***इलेक्ट्रोलाइट संतुलन बनाए रखता है-*** गर्मी में पसीना आने से शरीर में सोडियम



और पोटेशियम जैसे इलेक्ट्रोलाइट्स की कमी हो सकती है। चुटकीभर नमक या नारियल पानी जैसे पोटेशियम से भरपूर सामग्री से बना नींबू पानी इन इलेक्ट्रोलाइट्स को फिर से भरने में मदद कर सकता है, जिससे शरीर में इनका उचित संतुलन बना रहता है।

***पाचन को बढ़ावा देता है-*** नींबू पानी में साइट्रिक एसिड होता है, जो पाचन में सहायता करने वाले पाचन रस और एंजाइमों के उत्पादन को उत्तेजित करता है। इसे अक्सर पाचन संबंधी परेशानी के लिए एक प्राकृतिक उपचार के रूप में देखा जाता है। इसके अलावा सिस्टम को साफ करने के लिए एक डिटॉक्स ड्रिंक के रूप में इसका सेवन भी किया जाता है।

***मूड को बेहतर बनाता है-*** नींबू पानी का ज़ायकेदार स्वाद आपके मूड को अच्छा और ताजगी से भर देता है। इसलिए गर्मियों के दिनों में जब भी चिड़चिड़ा महसूस हो तो नींबू पानी बनाएं और झटपट इसे पी जाएं।

# अगर आप भी हैं वर्किंग वूमेन तो फॉलो करें ये हेल्दी लाइफस्टाइल, दूर होंगी सेहत संबंधी समस्याएं


वर्किंग वूमेन के लिए स्वास्थ्य संबंधी कई चुनौतियां रहती हैं। घर पर ऑफिस के चक्कर में महिलाएं अक्सर खुद को भूल जाती हैं। जिसका सीधा असर उनकी सेहत पर देखने को मिलता है। क्योंकि वर्किंग महिलाएं घर, परिवार और ऑफिस के बीच खुद की फिटनेस पर ध्यान नहीं दे पाती हैं। जिसका सीधा असर उनके स्वास्थ्य पर देखने को मिलता है। जिसके कारण वर्किंग महिलाओं को कई तरह की समस्याएं झेलनी पड़ती हैं। फिटनेस पर ध्यान न देने पर महिलाओं की फिजिकल और मेंटल हेल्थ बुरी तरह से प्रभावित होती है।

ऐसे में अगर आप भी वर्किंग वूमेन हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको हेल्दी लाइफस्टाइल से जुड़े कुछ ऐसे टिप्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको फॉलो करने से आप बिलकुल फिट एंड फाइन रहेंगे।

***हेल्दी लाइफस्टाइल के टिप्स***

वर्किंग महिलाएं घर-परिवार का ध्यान रखते-रखते अपने खानपान पर सही से ध्यान नहीं दे पाती हैं। जिसका उनकी सेहत पर बुरा असर पड़ता है। इसलिए ऑफिस निकलने के दौरान हेल्दी नाश्ता करना न भूलें। साथ ही लंच और डिनर को लेकर किसी भी तरह की लापरवाही बरतने से बचना चाहिए। वहीं बाहर का अनहेल्दी खाने से बचना चाहिए और हेल्दी ऑप्शन कर फोकस करना चाहिए।

कई बार दिन भर काम करने की वजह से पानी का सही मात्रा में सेवन कर पाती हैं। जिसका असर उनकी सेहत पर पड़ने लगता है। इसकी वजह से डिहाइड्रेशन की समस्या होने लगती है। जो आगे चलकर कई तरह की समस्याओं को जन्म दे सकती है। इसलिए पूरा दिन में थोड़ा-थोड़ा पानी पीते रहना चाहिए। इससे आपका शरीर



हाइड्रेट बना रहेगा।

ऑफिस का काम और फैमिली प्रेशर के चलते वर्किंग महिलाएं अपनी नींद नहीं पूरी कर पाती हैं। ऐसे में इस गलती को भी करने से बचना चाहिए। कम से कम 7-8 घंटे की नींद जरूर लेनी चाहिए। इसके लिए आप रोजाना सोने और सुबह जागने का समय फिक्स कर सकें।

हेल्थ एक्सपर्ट्स की मानें, तो दिन में कम से कम 20-30 मिनट का समय एक्सरसाइज के लिए जरूर निकालना चाहिए। आप योग भी शामिल कर सकते हैं। रोजाना योग और एक्सरसाइज करने से आप दिनभर एक्टिव और एनर्जेटिक बनी रहेंगी। जिसका आपकी वर्किंग लाइफ पर पॉजिटिव असर देखने को मिलेगा।

ऑफिस और परिवार की जिम्मेदारियों को पूरा करते-करते महिलाएं अक्सर खुद को भूल जाती हैं। जिसकी वजह से महिलाएं अपनी सेहत पर ज्यादा फोकस नहीं कर पाती हैं। इस वजह से उनको कई परेशानियां उठानी पड़ती हैं। इसलिए अपनी हेल्थ को बेहतर बनाए रखने के लिए हेल्थ रूटीन चेकअप जरूर कराना चाहिए।

# क्लियर स्किन के लिए आज ही पिएं होममेड डिटॉक्स ड्रिंक, इम्प्रूव होगा डाइजेशन

वायु प्रदूषण, खराब लाइफस्टाइल के चलते और बिगड़ी खानपान का बुरा असर सेहत के साथ-साथ हमारी स्किन पर पड़ता है। जिस वजह से स्किन बेजान नजर आने लगती है। खराब लाइफस्टाइल और खानपान के चलते शरीर में टॉक्सिंस यानी विषैल पदार्थ जमा होने लगते हैं, जिससे कई बार पाचन की समस्या भी उत्पन्न हो जाती है। हेल्दी स्किन के लिए बेहतर डाइजेशन होना जरुरी है। इसके लिए आपको कुछ ज्यादा नहीं करना बस आपको घर पर डिटॉक्स ड्रिंक तैयार कर सकते हैं। वैसे तो मार्केट में आपको कई डिटॉक्स ड्रिंक्स प्रोडक्टस के मिल जाएंगे लेकिन इनमें कई तरह के प्रिजर्वेटिव और केमिकल युक्त होते है। जो कि सेहत के लिए अच्छे नहीं माने जाते है। आप घर में आसानी से किचन में मौजूद चीजों से डिटॉक्स ड्रिंक तैयार कर सकते हैं।

***कैसे बनाएं डिटॉक्स ड्रिंक?***

***सामग्री***

- 1 छोटा टुकड़ा कच्ची हल्दी (कद्दूकस की हुई)
- 1 छोटा चम्मच भुना हुआ जीरा
- 1 नींबू का रस
- आधा चम्मच काला नमक
- चुटकी भर काली मिर्च
- पुदीने के पत्ते



- 1 लीटर पानी

***डिटॉक्स ड्रिंक बनाने का तारीका***

- सबसे पहले आप कांच की बोतल में पानी डालें।
- इसमें आप कच्ची हल्दी, भुना जीरा, नींबू का रस, काला नमक और काली मिर्च डालें।
- सभी सामग्री को अच्छे से पानी में मिलाएं।
- पुदीना के पत्ते डालकर इस बोतल को 5 घंटे के लिए रख दें।
- समय पूरा होने के बाद आपकी डिटॉक्स ड्रिंक तैयार है, आप दिनभर में इस पानी को पिएं।

***डिटॉक्स ड्रिंक के फायदे***

- इस डिटॉक्स ड्रिंक में मौजूद कच्ची हल्दी और पुदीना में एंटाऑक्सिडेंट्स होते हैं जो स्किन को हेल्दी और ग्लोइंग रखता है।
- इस ड्रिंक को पीने से शरीर को विटामिन सी मिलता है जिससे स्किन पर नेचुरल ग्लो बना रहता है।


# न्यूट्रिएंट्स से भरपूर फूड्स का सेवन करने से दूर होंगी तमाम बीमारियां, लंबे समय तक बने रहेंगे फिट

हर व्यक्ति को अपनी सेहत को लेकर जागरुक रहना चाहिए। वहीं सेहतमंद बने रहने के लिए व्यक्ति को अपनी डाइट में न्यूट्रिएंट्स से भरपूर खाद्द-पदार्थों को शामिल करना बेहद जरूरी है। इसलिए संतुलित आहार और हेल्दी लाइफस्टाइल के फायदों के बारे में जानकारी रखना बेहद जरूरी हो जाता है। क्योंकि स्वस्थ रहने के लिए न सिर्फ खानपान बल्कि अच्छी आदतों को अपनाना भी बेहद जरूरी होता है। अगर आप अपनी डाइट में अनहेल्दी चीजों को शामिल करते हैं, तो आपको कई गंभीर बीमारियां परेशान कर सकती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि स्वस्थ शरीर पाने के लिए डाइट में किन पौष्टिक चीजों को शामिल करना जरूरी होता है।

***डाइट में शामिल करें ये चीजें***

***पालक***

पालक पोषक तत्वों से भरपूर मानी जाती हैं, साथ ही इसका सेवन करने से कई सेहत संबंधी समस्याओं से छुटकारा मिलता है। पालक में आयरन, कैल्शिम, विटामिन-ए, विटामिन-सी, विटामिन-के और फाइबर जैसे



तमाम पोषक तत्व पाए जाते हैं। जो आपकी इम्यून सिस्टम को मजबूत करने के साथ ही पाचन और हड्डियों की भी स्वस्थ रखने में मदद करता है। इसलिए रोजाना डाइट में पालक जरूर शामिल करनी चाहिए।

***बादाम***

बादाम भी हमारे स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद होता है। बादाम में फाइबर, विटामिन ई और हेल्दी फैट्स पाया जाता है। इसके सेवन से हृदय स्वास्थ्य को बढ़ावा मिलता है। वहीं अगर आप रोजाना सीमित मात्रा में बादाम का सेवन करते हैं, तो इससे आपकी त्वचा भी ग्लो करती है।

***स्वीट पोटेटो***

स्वीट पोटेटो में फाइबर, एंटीऑक्सीडेंट, विटामिन ए और विटामिन सी पाया जाता है। इसके सेवन से आंखों के स्वास्थ्य में सुधार होता है। वहीं स्वीट पोटेटो खाने से इम्यूनिटी भी स्ट्रांग होती है। इससे आपका कई बीमारियों से भी बचाव होता है।

***दाल***

हमारी सेहत के लिए दाल भी काफी फायदेमंद मानी जाती है। दाल में फाइबर, आयरन, प्रोटीन और फोलेट का समृद्ध स्त्रोत पाया जाता है। साथ ही यह हेल्दी डाइट का अहम हिस्सा होती है। इसलिए आप भी अपनी डाइट में अरहर, मसूर और मूंग दाल आदि को शामिल कर सकते हैं।

***ब्रोकली***

ब्रोकली विटामिन सी, एंटीऑक्सीडेंट और फाइबर के गुणों से भरपूर होती है। यह सेहत के लिए भी काफी फायदेमंद होती है। बता दें कि ब्रोकली का सेवन करने से हड्डियां मजबूत और स्वस्थ रहती हैं।

# पीरियड्स के दौरान शरीर और पैरों के दर्द से ऐसे पाएं राहत, जानिए इसके पीछे का कारण

पीरियड्स के दौरान हर लड़की के शरीर में अलग-अलग लक्षण नजर आते हैं। क्योंकि इस दौरान महिलाओं और लड़कियों के शरीर में कई हार्मोनल बदलाव होते हैं। पीरियड्स के दौरान महिलाओं और लड़कियों के शरीर में काफी दर्द महसूस होता है। इस दौरान पीरियड्स आने से पहले शरीर में कुछ लक्षण भी दिखाई देते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि पीरियड्स के दौरान शरीर में दर्द क्यों होता है।

***पीरियड्स से पहले क्यों होता है शरीर में दर्द***

***हार्मोनल इनबैलेंस***

आपको बता दें कि और पीरियड्स के दौरान महिलाओं के शरीर में कई हार्मोनल बदलाव होते हैं। इस दौरान शरीर में प्रोजेस्टेरोन और एस्ट्रोजन हार्मोन में उतार-चढ़ाव होते हैं। जोकि वाटर रिसस्टेनस और सूजन का कारण होती है। साथ ही पैरों में दर्द की शिकायत होती है।

***प्रीमेंस्ट्रुअल सिंड्रोम***

पीरियड्स से पहले कई महिलाओं को पैरों में दर्द की समस्या देखी जाती है। इसको प्रीमेंस्ट्रुअल सिंड्रोम के रूप में भी जाना जाता है। पीएमएस लिक्विड पैरों में जमा होने लगता है। जिसकी वजह से पैरों में दर्द और सूजन होता है।

***ब्लड सर्कुलेशन की समस्या***

हार्मोनल उतार-चढ़ाव की वजह से ब्लड सर्कुलेशन में काफी ज्यादा इफेक्ट करता है।



इसकी वजह से पैरों और अंगों में ब्लड सर्कुलेशन काफी ज्यादा कम हो जाता है। पैरों में सुन्नता, दर्द या झुनझुनी हो सकती है।

***शरीर में दर्द और ऐंठन***

शरीर में हार्मोनल बदलाव की वजह से महिलाओं के शरीर में दर्द और ऐंठन होने लगती है। जिसकी वजह से भी पैरों में दर्द शुरू हो जाता है।

***शरीर के दर्द को ऐसे करें कंट्रोल***

पीरियड्स के दौरान सब्जी, फल और साबुत अनाज का सेवन करना चाहिए। इन चीजों के सेवन से हार्मोनल चेंजेस में बैलेंस होता है। हार्मोनल बदलाव के कारण पैरों में दर्द होने लगता है। इसके अलावा शरीर में वाटर रेसिस्टेंस को कम करने के लिए पीरियड्स के दौरान खूब सारा पानी पीना चाहिए। इससे शरीर की सूजन कम होती है।

इसके साथ ही रोजाना एक्सरसाइज और योग करना चाहिए। इससे ब्लड सर्कुलेशन अच्छा होता है और पैरों के दर्द में आराम मिलता है।

पीरियड्स में दर्द से राहत पाने के लिए रोजाना मेडिटेशन, योग और सांस से जुड़ी एक्सरसाइज कर सकती हैं। इससे स्ट्रेस कम हो जाएगा।

# गर्म पानी पीने से स्वास्थ्य और सेहत को कई आश्चर्यजनक मिलते हैं, रोजाना सुबह खाली पेट करें सेवन

अच्छी सेहत और बेहतर स्वास्थ्य के लिए अपनी दिनचर्या में गर्म पानी शामिल करें। गर्म पानी का सेवन करना सिर्फ प्यास बुझाने के बारे में नहीं है बल्कि ये वास्तव में आपको कई मायनों में बेहतर महसूस करा सकता है। गर्म पानी सेहत और स्वास्थ्य दोनों को अनगिनत फायदे प्रदान करता है, जिनके बारे में सुनकर आप आश्चर्यचकित हो जाएंगे। आपके पाचन में मदद करने से लेकर आपको आराम महसूस कराने तक, गर्म पानी बहुत कुछ कर सकता है। चलिए जानते हैं रोजाना सुबह खाली पेट गर्म पानी पीने से शरीर और दिमाग पर क्या असाधारण प्रभाव पड़ते हैं।

***पाचन में सुधार होता है-*** गर्म पानी भोजन के कणों को तोड़ने में मदद है। इससे पाचन में सुधार होता है। यह मल को नरम करके कब्ज से राहत दिलाने में भी मदद कर सकता है।



***टॉक्सिक पदार्थों को बाहर निकालता है-*** जब आप गर्म पानी पीते हैं तब आपको पसीना और पेशाब ज्यादा आता है, जिसकी वजह से शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकल जाते हैं। इसलिए शरीर को साफ करने और सेहत को बेहतर बनाने के लिए गर्म पानी का सेवन करें।

***वजन घटाने में मददगार होता है-*** गर्म पानी मेटाबॉलिज्म को बढ़ावा देता है, जो कैलोरी जलाने को बढ़ावा देकर वजन कम करने में मदद करता है। भोजन से पहले गर्म पानी पीने से भूख कम हो जाती है, जिससे कैलोरी की मात्रा कम हो जाती है।

***तनाव कम करने में मदद करता है-*** गर्म पानी पीने से शरीर और दिमाग पर शांत प्रभाव पड़ सकता है। यह तनाव को कम करने और विश्राम को बढ़ावा देने में मदद कर सकता है, खासकर जब दैनिक दिनचर्या के हिस्से के रूप में इसका आनंद लिया जाए।

***रक्त परिसंचरण में सुधार करता है-*** गर्म पानी पीने से रक्त वाहिकाओं को फैलाने और पूरे शरीर में रक्त परिसंचरण में सुधार करने में मदद मिल सकती है। यह कोशिकाओं और टिश्यू तक बेहतर पोषक तत्व और ऑक्सीजन वितरण को बढ़ावा दे सकता है।

***दर्द से राहत दिलाता है-*** गर्म पानी गले की मांसपेशियों और जोड़ों को आराम देकर प्राकृतिक दर्द निवारक के रूप में काम कर सकता है। यह मासिक धर्म की ऐंठन और मांसपेशियों के तनाव से राहत दिलाने में भी मदद कर सकता है।

***त्वचा को चमकदार बनाता है-*** गर्म पानी त्वचा से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने और बेहतर रक्त परिसंचरण को बढ़ावा देने में मदद कर सकता है, जिसके परिणाम स्वरूप त्वचा के स्वास्थ्य में सुधार और चमकदार रंगत आ सकती है।

# तेलंगाना फोन टैपिंग मामले में हैदराबाद में पूर्व डीसीपी गिरफ्तार

**हैदराबाद।** फोन टैपिंग मामले में तेलंगाना में बड़ी कार्रवाई हुई है। हैदराबाद में फोन टैपिंग और कुछ कंप्यूटर सिस्टम और आधिकारिक



डेटा को नष्ट करने के आरोपित पूर्व पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) से गुरुवार को पूछताछ के बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने बताया कि पूर्व पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) राधाकिशन राव को गिरफ्तार कर हैदराबाद की स्थानीय जेल भेज दिया गया। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने हाल ही में पूर्व एसआइबी प्रमुख टी प्रभाकर राव और कमिश्नर टास्क फोर्स के तत्कालीन पुलिस उपायुक्त पी राधाकृष्ण और एक तेलुगु टीवी चैनल के एक वरिष्ठ कार्यकारी के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) भी जारी किया था। वहीं, बीआरएस नेता केटी रामा राव द्वारा की गई फोन टैपिंग टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने चेतावनी दी कि जो कोई भी पिछली सरकार के तहत फोन टैपिंग में शामिल था, उसे जेल भेजा जाएगा। इससे पहले 13 मार्च को विशेष खुफिया ब्यूरो (एसआईबी) के निलंबित डीएसपी डी प्रणीत राव को गिरफ्तार किया गया था। करीब 10 दिन बाद 23 मार्च को दो अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकों पर डी प्रणीत के साथ मिलीभगत के आरोप भी लगे हैं।

प्रणीत को हैदराबाद पुलिस ने विभिन्न इलेक्ट्रानिक गैजेट्स से खुफिया जानकारी मिटाने के आरोप में गिरफ्तार किया है। उन्हें पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की सरकार के कार्यकाल में फोन टैपिंग के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

# दिल्ली की महारैली में शक्ति प्रदर्शन करेगा आईएनडीआई गठबंधन

**एकजुट**

अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद उनकी पत्नी सुनीता पार्टी को एकजुट रखने के लिए मैदान में उतर चुकी हैं।

**नई दिल्ली।** आबकारी घोटाले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद विपक्षी गठबंधन आईएनडीआई रामलीला मैदान में 31 मार्च को आयोजित महारैली में अपनी एकजुटता और शक्ति का प्रदर्शन करेगा। महारैली के लिए दिल्ली पुलिस से अनुमति मिल गई है। महारैली का नारा, तानाशाही हटाओ, लोकतंत्र बचाओ, रहेगा। इस रैली में आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ



कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस नेता राहुल गांधी, पंजाब के सीएम भगवंत मान, पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद पवार, शिवसेना (यूटीबी) अध्यक्ष उद्धव ठाकरे, सपा प्रमुख अखिलेश यादव, राजद नेता तेजस्वी यादव, झारखंड के सीएम चम्पाई सोरेन आदि मौजूद रहेंगे। आप के दिल्ली संयोजक व कैबिनेट मंत्री गोपाल राय ने कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) को इस महारैली में 20 हजार से अधिक लोगों के शामिल होने की अनुमति मिली है। उन्होंने कहा कि अन्य प्रमुख राजनीतिक नेता और आईएनडीआईए के सदस्यों में नेशनल कॉन्फ्रेंस के फारूक अब्दुल्ला, पीडीपी नेता महबूबा मुफ्ती, सीपीआई-एम के सीताराम येचुरी, टीएमसी के डेरेक ओ%ब्रायन, डीएमके के तिरुचि शिवा, जेल में बंद झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन भी रैली में शामिल होंगी। आप के वरिष्ठ नेताओं के अनुसार, वे रविवार को रामलीला मैदान में महारैली के रूप में बड़े प्रदर्शन की योजना बना रहे हैं, जहां से वे 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए सत्तारूढ़ भाजपा सरकार के खिलाफ बड़े स्तर पर अभियान शुरू किया जाएगा। राय ने कहा कि रैली में ज्यादा से ज्यादा लोग आएं, इसके लिए त्रिस्तरीय योजना बनाई गई है।राय ने दावा किया कि जब से केंद्र की भाजपा सरकार ने मुख्यमंत्री को गिरफ्तार किया है, तब से लोगों में भारी गुस्सा है।

उन्होंने कहा कि रैली में हर वर्ग और पेशे के लोगों, छात्रों, युवाओं और आरडब्ल्यूए के सदस्यों व किसानों के भी आने की उम्मीद है।अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद उनकी पत्नी सुनीता पार्टी को एकजुट रखने के लिए मैदान में उतर चुकी हैं। साथ ही 31 मार्च को आईएनडीआई की महारैली में वह पहली बार राजनीतिक मंच से भाषण देकर राजनीतिक पारी की शुरुआत कर सकती हैं।इसके लिए वह मंच से बोलने की पिछले कुछ दिनों से तैयारी कर रही हैं।

## मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पीएफआई पर ईडी का एक्शन, 3 सदस्यों को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के तीन सदस्यों को आज ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया है। सूत्रों ने कहा कि अब्दुल खादर पुत्तूर, अंशद बदरुद्दीन और फिरोज के पीएफआई के लिए फिजिकल ट्रेनर के रूप में काम कर रहे थे, उन्होंने कहा कि उन्हें धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया गया था।गिरफ्तार आरोपियों को शनिवार को यहां एक विशेष अदालत में पेश किया गया। एजेंसी ने तीनों लोगों पर पीएफआई कैडर को हथियार प्रशिक्षण देने और इसके लिए प्रतिबंधित संगठन से पर्याप्त धन प्राप्त करने का आरोप लगाया है। पीएफआई को आतंकवादी गतिविधियों के साथ कथित संबंधों को लेकर सितंबर 2022 में केंद्र द्वारा गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के प्रावधानों के तहत प्रतिबंधित कर दिया गया था। पीएफआई का गठन 2006 में केरल में हुआ था, जिसका मुख्यालय दिल्ली में था।

## नरसिम्हा राव, चौधरी चरण सिंह के अलावा इन हस्तियों को मिला भारत रत्न सम्मान

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज भारत के दो पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव और चौधरी चरण सिंह को मरणोपरांत भारत रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया। इनके साथ भारत में हरित क्रांति के जनक कहे जाने वाले वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को भी मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया गया। भारत रत्न सम्मान समारोह राष्ट्रपति भवन में आयोजित किया गया। सभी के पुरस्कार उनके परिजनों ने प्राप्त किये।पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव के बेटे पी वी प्रभाकर राव ने राष्ट्रपति से अपने पिता को प्रदान किया गया पुरस्कार प्राप्त किया। वहीं, चौधरी चरण सिंह के पोते और राष्ट्रीय लोक दल (आरएलडी) के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने मुर्मु से सम्मान स्वीकार किया। स्वामीनाथन की बेटी नित्या राव और कर्पूरी ठाकुर के बेटे रामनाथ ठाकुर ने राष्ट्रपति से पुरस्कार प्राप्त किया। समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। सरकार ने इस साल पांच भारत रत्न पुरस्कारों की घोषणा की थी, जिसमें भाजपा के दिग्गज नेता और पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी भी शामिल हैं। भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर के बेटे राम नाथ ठाकुर ने कहा कि मैं बहुत प्रसन्न हूं कि केंद्र सरकार ने मेरे पिता के काम को स्वीकार किया और उन्हें यह पुरस्कार दिया। मैं पूरे देश की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करता हूं।

## भारतीय नौसेना ने अपहृत जहाज से बचाए 23 पाकिस्तानी

**नई दिल्ली।** अरब सागर में ईरान के मछली पकड़ने वाले जहाज अल-कंबार पर हथियारबंद लोगों के हमले को विफल करते हुए भारतीय नौसेना ने उसमें मौजूद 23 पाकिस्तानियों को बचा लिया है। ये पाकिस्तानी जहाज के संचालन और अन्य कार्यों के लिए तैनात थे। शुक्रवार को यमन के नजदीक सोकोत्रा से गुजर रहे ईरानी जहाज का नौ हथियारबंद समुद्री डाकुओं ने अपहरण कर लिया था।

इस घटना की सूचना मिलते ही भारतीय नौसेना सक्रिय हो गई और उसने अपने दो युद्धपोत- आएनएस सुमेधा और गाइडेड मिसाइलों से लैस आइएनएस त्रिशूल को अपहृत जहाज की तलाश करने और उसे मुक्त कराने के लिए रवाना कर दिया। दोनों युद्धपोत यमन के हूती विद्रोहियों के मालवाहक जहाजों पर हमलों के मद्देनजर क्षेत्र में ही तैनात थे।

## बाल्टीमोर दुर्घटना पर अमेरिकी कॉमिक्स ने बनाया नस्ली कार्टून, भारतीयों ने बताया शर्मनाक

**नई दिल्ली।** बाल्टीमोर में फ्रांसिस स्कॉट की पुल से टकराने वाले मालवाहक जहाज डाली के 22 सदस्यीय चालक दल की त्वरित सिंगापुर के ध्वज वाले मालवाहक जहाज डाली के टकराने से पटाप्सको नदी पर बना 2.6 किलोमीटर लंबे फ्रांसिस स्कॉट पुल कुछ ही सेकंड में



कार्रवाई की अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने भी तारीफ की थी, लेकिन फॉक्सफोर्ड कॉमिक्स ने शर्मनाक हरकत करते हुए बाल्टीमोर दुर्घटना को लेकर नस्लवादी कार्टून बनाकर जहाज के भारतीय चालक दल को निशाना साधा है। इस कार्टून को एक्स पर साझा किया गया है। भारतीयों ने इस कार्टून लेकर गहरी नाराजगी जताई है। बाल्टीमोर में मंगलवार तड़के गिर गया था। इस हादसे में छह लोगों की मौत हुई है। जहाज के चालक दल में से अधिकांश भारतीय थे। चालक दल के सदस्यों ने हादसे से पहले मैरीलैंड परिवहन विभाग को जहाज से नियंत्रण खोने की सूचना दे दी थी।

सूचना के महज 90 सेकेंड बाद ही पुलिस अधिकारियों ने पुल पर आवाजाही को रोक दिया। इससे कई लोगों की जान बचाई गई।

## केरल की अदालत का बड़ा फैसला, मदरसा शिक्षक हत्या मामले में तीन आरएसएस कार्यकर्ता बरी

**शिक्षक**

34 साल के मोहम्मद रियास मौलवी जो एक मदरसा शिक्षक थे उनकी 20 मार्च, 2017 को मस्जिद में उनके कमरे में हत्या कर दी गई थी।

**कासरगोड।** केरल की एक अदालत ने शनिवार को बड़ा फैसला सुनाते हुए मदरसा शिक्षक हत्या के मामले में तीन तीन आरएसएस कार्यकर्ताओं को बरी कर दिया। यह मामला 2017 का है जब एक मस्जिद के अंदर मदरसा शिक्षक की हत्या कर दी थी। अदालत ने अपने फैसले में कहा कि आरोपी ने बिना जमानत के



सात साल जेल में बिताए।कासरगोड प्रधान सत्र अदालत के न्यायाधीश केके बालाकृष्णन ने मामले में केलुगुडे के सभी निवासियों, अखिलेश, जितिन और अजेश को बरी कर दिया। 34 साल के मोहम्मद रियास मौलवी जो एक मदरसा शिक्षक थे उनकी 20 मार्च, 2017 को मस्जिद में उनके कमरे में हत्या कर दी गई थी। मस्जिद के परिसर में घुसे एक गिरोह ने कथित तौर पर उनका गला काट दिया था।वहीं, अदालत के फैसले पर अभियोजन पक्ष ने फैसले पर निराशा व्यक्त की और कहा कि वे आदेश के खिलाफ अपील करेंगे। विशेष लोक अभियोजक सी शुक्कुर ने पीटीआई से बात करते हुए कहा कि मामले में पुख्ता सबूत थे। एक आरोपी के कपड़ों पर मौलवी का खून लगा हुआ था। आरोपियों द्वारा इस्तेमाल किए गए चाकू पर मौलवी के कपड़े का एक टुकड़ा मिला। हमने सारे सबूत जमा कर दिए थे। हम आदेश के खिलाफ जल्द अपील दायर करेंगे।अदालत ने उस मामले में 97 गवाहों, 215 दस्तावेजों और 45 भौतिक साक्ष्यों की जांच की जिसमें 90 दिनों के भीतर आरोप पत्र दायर किया गया था। अदालत में मौजूद मौलवी की पत्नी मीडिया के सामने रो पड़ीं और कहा कि आदेश निराशाजनक है। पीड़िता के परिवार के सदस्यों ने कहा कि उन्होंने इस मामले में इस तरह के फैसले की कभी उम्मीद नहीं की थी।

## इस दिन लगने जा रहा है साल का पहला सूर्य ग्रहण

**नई दिल्ली।** सूर्य ग्रहण 2024 इस साल का सबसे पहला सूर्य ग्रहण लगने जा रहा है। चैत्र नवरात्र शुरू होने से एक दिन पहले यानी 8 अप्रैल को सूर्य ग्रहण लगने वाला है। यह ग्रहण पूर्ण सूर्यग्रहण होगा और ये योग 54 साल बाद बनने जा रहा है। सूर्य ग्रहण के दौरान सूतक काल ग्रहण लगने से 12 घंटे पहले शुरू हो जाता है। हालांकि, इस ग्रहण का सूतक काल नहीं है, लेकिन आप दान कर सकते हैं। दान करने पर पुण्य की प्राप्ति होगी। सूर्य ग्रहण 8 अप्रैल यानी सोमवार को दोपहर 2 बजकर 12 मिनट पर शुरू होगा और 9 अप्रैल को सुबह 2 बजकर 22 मिनट पर समाप्त होगा। इस कारण इस बार सूर्य ग्रहण की अवधि 12 घंटे की होगी। Solar Eclipse इस बार भारत में नजर नहीं आएगा। यही कारण है कि यहां सूतक काल नहीं होगा। यह सूर्य ग्रहण अमेरिका, मध्य और दक्षिणी अमेरिकी, आयरलैंड के कुछ हिस्सों, ब्रिटेन और कनाडा में दिखेगा। वहीं, सूर्य ग्रहण सबसे पहले मैक्सिको के Mazatian शहर में दिखाई देगा। जानकारों का मानना है कि सूर्य ग्रहण के दौरान भोजन न पकाएं और न ही खाएं। इस समय राहु के प्रभाव के चलते भोजन दूषित हो जाता है। वहीं, सूर्य ग्रहण के दौरान सूर्य को नग्न आंखों से देखने के बजाए आपको एक अच्छी गुणवत्ता के चश्मे के साथ देखना चाहिए, इससे आंखों को नुकसान नहीं होता है।

## भारत की मुरीद हुई ये विदेशी अंतरिक्ष एजेंसी, कहा- इसरो जो हासिल कर रहा वह आश्चर्यजनक

**पेरिस।** यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) के महानिदेशक जोसेफ एशबैकर ने हाल के सफल प्रक्षेपणों




के लिए इसरो की प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष और विशेष कर चंद्र अन्वेषण में भारत की उपलब्धियां आश्चर्यजनक हैं। ईएसए की ओर से पेरिस में 323वीं परिषद बैठक की मेजबानी की गई। एशबैकर ने कहा कि अंतरिक्ष में भारत जो हासिल कर रहा है, वह आश्चर्यजनक है। हमने ईएसए परिषद में इसरो अध्यक्ष डा. एस सोमनाथ की मेजबानी की। यह प्रतिनिधियों के लिए ईएसए-इसरो के वर्तमान और भविष्य की योजनाओं के संबंधों में अधिक जानने का अवसर था। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय साझेदारों के साथ सहयोग को गहरा करने के रणनीतिक महत्व को कम करके नहीं आंका जा सकता।

अंतरिक्ष यात्री थामस पेस्केट भी बैठक में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान-3 की सफल साफ्ट लैंडिंग और भारत के पहले सौर मिशन आदित्य-एल1 के प्रक्षेपण के साथ ही भारत 2023 में नई ऊंचाइयों पर पहुंचा।

मील के पत्थर वाले इन कदमों ने न सिर्फ वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में भारत की स्थिति को सुदृढ़ कर दिया, बल्कि भारत में निजी क्षेत्रों को भी बढ़ावा देने का कार्य किया है।

भारत अब चंद्रमा के अज्ञात दक्षिणी ध्रुव के पास पहुंचने वाला पहला देश है और चंद्रमा की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग करने वाले शीर्ष चार देशों में शामिल है।

## नीदरलैंड के एडे शहर में घुसे अज्ञात हमलावर, दर्जनों लोगों को बनाया बंधक

**एडे (नीदरलैंड)।** यूरोपीय देश नीदरलैंड के एडे शहर में शनिवार को दर्जनों लोगों को एक इमारत में बंधक बना लिया गया। भारी-भरकम हथियारों से लैस नीदरलैंड पुलिस ने एडे शहर को घेर लिया है। पुलिस ने एक बयान में कहा कि इमारत में कई लोगों को बंधक बनाकर रखा गया है।

पुलिस प्रवक्ता साइमन क्लोक ने समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि एडे शहर में लोगों को बंधक बनाया जा रहा है। मगर उन्होंने इस घटना के बारे में अधिक जानकारी देने और इसमें कितने लोग शामिल हैं इसके बारे में बताने इनकार कर दिया।

डच पुलिस ने एक्स पर जानकारी देते हुए कहा कि फिलहाल इसमें आतंकवादी मकसद के कोई संकेत नहीं मिले हैं। इससे पहले पुलिस अधिकारियों ने एडे के एक चौराहे के पास से 150 घरों को खाली करा लिया।

## महिलाओं को सरेआम मारे जाएंगे कोड़े... पत्थर मारकर दी जाएगी मौत, तालिबन प्रमुख ने जारी किया तुगलकी फरमान

**तालिबान**

हम इसे भगवान के प्रतिनिधि केरूप में करते हैं और आप शैतान केप्रतिनिधि के रूप में करते हैं। बता दें किअफगानिस्तान में तालिबान की वापसी साल 2021 में हुई थी।

**काबुल।** अफगानिस्तान की सत्ता पर दोबारा काबिज होने के बाद से ही तालिबन द्वारा महिलाओं पर कड़े प्रतिबंध लगाए गए हैं। एक बार फिर तालिबान द्वारा महिलाओं को लेकर तुगलकी फरमान जारी किया गया है। तालिबान के सर्वोच्च नेता ने महिलाओं के प्रति कड़े कदम उठाने की बात कही है। तालिबान प्रमुख मुल्ला हिबतुल्ला अखुंदजादा ने सरकारी टीवी पर प्रसारित संदेश में कहा है कि जब हम महिलाओं को पत्थर मारकर मार देते हैं तो आप कहते हैं कि यह महिलाओं के अधिकारों का उल्लंघन है। हिबतुल्ला अखुंदजादा ने घोषणा की है कि हम जल्द ही व्यभिचार के लिए सजा लागू करेंगे। हम महिलाओं को सरेआम कोड़े मारेंगे और सार्वजनिक रूप से पत्थरों से मार-मार कर उन्हें मार डालेंगे। तालिबान शासन में महिलाओं के अधिकारों के दमन के सवाल पर अखुंदजादा ने कहा कि ये सब आपके लोकतंत्र के खिलाफ हैं, लेकिन हम ऐसा करना जारी रखेंगे। हम दोनों कहते हैं कि हम मानवाधिकारों की रक्षा करते हैं। हम इसे भगवान के प्रतिनिधि के रूप में करते हैं और आप शैतान के प्रतिनिधि के रूप में करते हैं। बता दें कि अफगानिस्तान में तालिबान की वापसी साल



2021 में हुई थी। तालिबान ने अफगानिस्तान की सत्ता पर कब्जा कर लिया था। इसके बाद से ही तालिबान द्वारा महिलाओं के खिलाफ कड़े कदम उठाए गए हैं। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार, मई 2023 में 175 लोगों को कठोर नियमों के तहत सजा सुनाई गई है। इनमें 37 लोगों को पत्थर मारने की सजा दी गई थी। फॉक्स न्यूज की रिपोर्ट में कहा गया है कि यह स्पष्ट नहीं है कि सजा पाने वाले लोगों में से कितनी महिलाएं थी

## नेपाल में दर्दनाक हादसा, नदी में गिरी टैक्सी; पांच लोगों की मौत

**काठमांडू।** नेपाल के चितवन जिले में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। नेपाल के चितवन जिले में टैक्सी के नदी में गिरने से पांच लोगों की मौत हो गई है, जबकि एक शख्स लापता है। समाचार एजेंसी पीटीआई ने पुलिस के हवाले से बताया कि नेपाल के चितवन जिले में शनिवार सुबह एक टैक्सी में सवार छह लोग काठमांडू से गोरखा जिले की ओर जा रहे थे। इसी दौरान टैक्सी नदी में गिर गई। इस हादसे में दो महिलाओं और एक नाबालिग लड़के सहित पांच लोगों की मौत हो गई है। पुलिस के अनुसार, ये हादसा सुबह करीब 7 बजे के आसपास हुआ। ये टैक्सी त्रिशूली नदी में 100 मीटर गहरी खाई में गिर गई। यात्रियों में से एक 18 वर्षीय लड़का लापता है।

## अब हमें कोई नहीं रोक सकता..., ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए बांग्लादेश में खोली गई पहली मस्जिद

**सरकार**

दरअसल, ये मस्जिद सरकार द्वारा दान दी गई जमीन पर बनाई गई है। इस मस्जिद के चारों और दीवार है, जबकि छत टीन की शेड की है।

**ढाका।** रमजान के पवित्र माह के दौरान बांग्लादेश के ढाका में ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए एक मस्जिद खोली गई है। ब्रह्मपुत्र नदी के मैमनसिंह के पास सरकार द्वारा दान की गई जमीन पर ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए स्थापित की गई है। समाचार एजेंसी एएफपी के अनुसार, बांग्लादेश के ट्रांसजेंडर समुदाय के सदस्यों ने नई मस्जिद बनाए जाने और उसमें इबादत करने देने के फैसले का स्वागत किया है। ट्रांसजेंडर समुदाय की



नेता जोइता टोनू ने फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि अब से कोई भी किसी ट्रांसजेंडर हमारी मस्जिद में प्रार्थना करने से इनकार नहीं कर सकता। दरअसल, ये मस्जिद सरकार द्वारा दान दी गई जमीन पर बनाई गई है। इस मस्जिद के चारों और दीवार है, जबकि छत टीन की शेड की है। एक ट्रांसजेंडर ने खुशी का इजहार करते हुए कहा कि अब कोई भी हमारा मजाक नहीं उड़ा सकता। 42 वर्षीय सोनिया ने कहा कि मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि मैं अपने जीवन में दोबारा किसी मस्जिद में प्रार्थना कर सकूंगी। सोनिया ने बताया कि उसे बचपन से कुरान पढ़ना पसंद था और वह एक इस्लामी मदरसे में पढ़ती थी। सोनिया ने बताया कि जब लोगों को उसके ट्रांसजेंडर होने के बारे में पता चला तो उसे मस्जिद में प्रार्थना करने से रोक दिया गया। सोनिया ने समाचार एजेंसी एएफपी को बताया कि उनसे लोग कहते थे कि वह ट्रांसजेंडर है, इसलिए वह मस्जिद में नहीं आ सकते। उन्होंने कहा कि ट्रांसजेंडर सिर्फ घर में ही प्रार्थना कर सकते हैं और वह मस्जिदों में न आए हैं।

उन्होंने कहा कि यह घटना हमारे लिए शर्मनाक थी, इसलिए हम मस्जिदों में नमाज पढ़ने नहीं गए हैं। उन्होंने कहा कि अब हमारी भी मस्जिद है और हमें इबादत करने से कोई नहीं रोक सकता है। बता दें कि ट्रांसजेंडर समुदाय बांग्लादेश में बढ़ती कानूनी मान्यता के लाभार्थी रहे हैं। साल 2013 में आधिकारिक तौर पर समुदाय के सदस्यों को तीसरे लिंग के रूप में मान्यता दी गई थी।

## बलूचिस्तान में भारी बारिश से गिरी घर की छत, पांच खदान श्रमिकों की मौत

**कराची।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में भारी बारिश के कारण एक घर की छत गिर गई और मलबे में दबने से पांच खदान श्रमिकों की मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, इस घर को कोयला खदान के लिए बाहर से आए मजदूरों के रहने के लिए बनाया गया था। उन्होंने बताया कि मूसलाधार बारिश के कारण कोयला खदान ढह गई और पांच मजदूर मलबे में दब गए और उनकी मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मृतकों के शवों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से आवश्यक कार्रवाई के बाद उन्हें उनके मूल क्षेत्रों में भेज दिया गया और वहां उनके परिजनों को सौंप दिया जाएगा। यह घटना प्रांत के हरनाई में एक खदान के अंदर मीथेन गैस विस्फोट में 12 कोयला खनिकों के मारे जाने के कुछ ही दिन बाद हुई है, जबकि एक अन्य घटना में



चार दिन पहले डुक्की में एक खदान से हथियारबंद लोगों ने तीन कोयला खदान श्रमिकों का अपहरण कर लिया था और उन्हें कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा अभी तक बरामद नहीं किया जा सका है।

## मेक्सिको के समुद्र तट पर बड़ा हादसा

**मेक्सिको सिटी।** दुनिया में कहीं न कहीं से प्रवासियों से भरी नावों के पलटने की खबरें आती हैं। वहीं अब मेक्सिको के दक्षिणी प्रशांत तट पर एक नाव दुर्घटना की खबर सामने आई है, यहां एक नाव पलट गई जिसमें आठ लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने इस मामले पर जानकारी देते हुए कहा कि सभी लोग एशिया के थे। अधिकारियों ने कहा कि दुर्घटना में एक व्यक्ति जीवित बच गया, उससे पूछताछ के बाद पता चला कि वह एशियाई है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच के आधार पर ऐसा प्रतीत होता है।

# दिलायी गयी मतदाता जागरूकता शपथ

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 गोरखनाथ पटेल द्वारा शनिवार को विकास खण्ड मुफ्तीगंज एवं धर्मापुर के परिषदीय विद्यालयों का निरीक्षण करते हुये विद्यालयों की भौतिक अवस्थापना सुविधाओं एवं छात्रों के अधिगम स्तर की जाँच की गयी। बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा विकास खण्ड मुफ्तीगंज के प्राथमिक विद्यालय मुरारा का निरीक्षण पूर्वान्ह 10 बजकर 20 मिनट पर किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय मे कार्यरत समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे परंतु विद्यालय के बरामदे मे एक साथ वार्ता करते हुये पाये गये। विद्यालय मे नामांकित कुल छात्र संख्या 154 के सापेक्ष सिर्फ 65 छात्र विद्यालय मे उपस्थिति पाये गये, जबकि गत तीन कार्यदिवसों मे विद्यालय मे क्रमशरू 147, 138, 115 छात्रों की उपस्थिति दर्ज की हुयी पायी गयी। शासन द्वारा विद्यालय को प्राप्त कम्पोजिट धनराशि 50000 के सापेक्ष कोई धरातलीय कार्य यथा-विद्यालय की रंगाई, पुताई एवं बाला पेंटिंग का अभाव पाया गया। विद्यालय प्रांगण गंदा एवं कक्षा कक्षों के दीवाल पर पीपल के पौधे उगे एवं जाले लगे हुये प्राप्त हुये। छात्रों का अधिगम स्तर संतोषजनक नहीं पाया गया। विद्यालय में प्राप्त गम्भीर कमियों के परिणाम स्वरूप बीएसए द्वारा सम्बंधित प्रधानाध्यापक पर अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुये विद्यालय मे कार्यरत समस्त शैक्षणिक कर्मचारियों को स्तुतिकरण निर्गत किया गया। बीएसए द्वारा विद्यालय मे उपस्थिति समस्त कर्मचारियो एवं समस्त छात्र-छात्राओं को मतदाता जागरूकता शपथ दिलाते हुये आगामी लोक सभा चुनाव मे शतप्रतिशत मतदान किये जाने हेतु अपने परिवार एवं आस पास के समस्त नागरिकों को प्रेरित करनें हेतु दिशा-निर्देश निर्गत किये गये। बीएसए द्वारा कम्पोजिट विद्यालय मेहौड़ा का निरीक्षण किया गया। विद्यालय प्रांगण एवं शौचालय गन्दा पाया गया। विद्यालय की रंगाई पुताई नही की गयी प्राप्त हुयी। विद्यालय में प्राप्त गम्भीर कमियों के परिणाम स्वरूप बीएसए द्वारा सम्बंधित प्रधानाध्यापक पर अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुये अन्य समस्त शैक्षणिक स्टाफ का अग्रिम आदेश तक वेतनध्मानदेय अदेय कर दिया गया। विद्यालय के पीछे ट्रांसफार्मर एवं तालाब होने तथा बाउंड्रीवाल का अभाव पाये जाने पर बीएसए द्वारा मौके पर ही सम्बंधित ग्राम प्रधान से दूरभाष के माध्यम से वार्ता कर बाउंड्रीवाल पूर्ण कराये जाने हेतु दिशा निर्देश निर्गत किये गये।

# पहली अप्रैल से टोल प्लाजा पर बढ़ जायेगी दरें

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** वाराणसी व प्रयागराज जाने वाले लोगों के लिए वाहनों से यात्रा करना अब महंगा हो गया है। एक अप्रैल से टोल प्लाजा पर बढ़ी हुई दरें देनी होंगी। जिले के दो स्थानों सिरकोनी व कुंवरपुर में टोल प्लाजा है। नई दरों के अनुसार छोटे वाहनों से पांच रुपये और बड़े वाहनों से 10 रुपये बढ़ाकर टोल टैक्स लिया जाएगा। एनएचएआई का एक टोल प्लाजा पंवारा थाना क्षेत्र के कुंवरपुर में तो दूसरा सिरकोनी ब्लाक के हौज में है। शहर से कुंवरपुर टोल पार कर वाहन प्रयागराज व लखनऊ के लिए जाते हैं। तो वही जिला मुख्यालय को जोड़ने के लिए हौज टोल प्लाजा से वाराणसी के लिए गाड़ियों का आवागमन होता है। कुंवरपुर व हौज स्थित टोल प्लाजा पर 24 घंटे में आवागमन पर कार, जीप, वैन का पहले जहां 115 रुपये था अब 120 रुपये देना पड़ेगा। मिनी बस पर पहले 125 रुपये तो अब 130 रुपये लगेगा। ट्रक टू एक्सेल बस टू एक्सेल 260 रुपये की जगह 270 रुपये कर दिया गया। ट्रक थ्री एक्सेल में व्यावसायिक वाहनों पर 285 रुपये से बढ़ाकर 295 रुपये कर दिया गया। ट्रक फोर एक्सेल, सिक्स एक्सेल 410 की जगह 420 देना पड़ेगा ओवरसाइज गाड़ियों को अब 500 की जगह 515 वाहन स्वामियों को खर्च करना पड़ेगा। कुंवरपुर टोल प्लाजा के मैनेजर शारदा प्रसाद पांडेय ने बताया कि एक अप्रैल से संबंधित दरें लागू हो जाएंगी। हौज के टोल प्लाजा के मैनेजर बालकृष्ण दुबे ने बताया कि एनएचएआई से तय बढ़ी दरों को एक अप्रैल से लागू किया जाएगा।

# छात्र-छात्राओं को वितरित किया गया प्रगति पत्र



**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** रामनगर के कम्पोजिट विद्यालय जेठपुरा में छात्र/छात्राओं को प्रगति -पत्र 2023-24 वितरण कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय प्रबंध समिति की अध्यक्ष सीमा देवी की अध्यक्षता में किया गया।आज कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रजनीश सिंह ने कक्षा 1 से कक्षा 3 तक के निपुण छात्र/छात्राओं को सम्मानित करते हुए मेडल व प्रगति पत्र में वितरित किया गया। तत्पश्चात कक्षा 4 से 8 तक के प्रत्येक कक्षा के 5 सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले बच्चों को मेडल व प्रगति पत्र वितरित किया गया। कक्षा 8 मे रूद्र प्रताप निषाद प्रथम ,मनीष राजभर द्वितीय, मोहित राजभर व काजल गौतम तृतीय स्थान पर, कक्षा 7 में मिस्कात शेख प्रथम, अंशिका यादव द्वितीय, बन्दना राजभर व संदेश मौर्य तृतीय स्थान पर ,कक्षा 6 में प्राची मौर्या प्रथम, अंशिका शर्मा द्वितीय,मु.उमैद तृतीय स्थान पर,कक्षा 5 मे रिया मौर्या प्रथम, सुशांत मौर्य, द्वितीय,आयुष तृतीय स्थान पर,कक्षा 4 मे रोशनी मौर्या प्रथम,सौरव सिंह द्वितीय स्थान पर,कक्षा 3 में नब्या राजभर प्रथम,गौरव सिंह द्वितीय ,शाहिल शेख तृतीय स्थान पर, कक्षा 2 में हसरत प्रथम,कक्षा 1 में उत्कर्ष शर्मा प्रथम, ओम राजभर द्वितीय, बादल निषाद तृतीय स्थान पर रहे। आज के कार्यक्रम का संचालन प्रधानाध्यापक सत्य प्रकाश मिश्र ने किया। कार्यक्रम में कृष्ण कुमार गुप्त, अरविन्द कुमार पटेल,भरत कुमार सिंह, सुरेश सोनकर, चन्द्र शेखर, ध्रुव राज,सुनील कुमार , राज बहादुर,उमेश मौर्य , संतोष कुमार यादव व लालजी ,व अभिभावक उपस्थित रहे।

# मूर्ति के लिए दिया गया एक लाख का योगदान

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर (महराजगंज)** स्थानीय ब्लॉक अंतर्गत ग्राम सभा चारों में बन रहे भगवान श्री परशुराम जी के भव्य मंदिर में मूर्ति लगाने के लिए समाजसेवी एवं सपा नेता पंकज मिश्रा निवासी तरहटी मुंगरा बादशाहपुर के द्वारा एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि दी गई है। वही अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा द्वारा आभार व्यक्त करते हुए उन्हें कोटिस- धन्यवाद सभी ने दिया है।

एक बैठक के दौरान संगठन के जिला अध्यक्ष डॉ. अतुल कुमार दुबे ने कहा पंकज मिश्रा का यह योगदान सराहनीय है। जितनी प्रशंसा की जाए उतना कम है बैठक में उपस्थित लोगों में पं.सुनील मिश्र, जगदीश उपाध्याय, श्याम मिश्रा, पंकज उपाध्याय, सुरेंद्र तिवारी, नागेंद्र मिश्र, संतोष मिश्रा, रमेश मिश्र, विनय मिश्र, राजेंद्र प्रसाद मिश्र, सुभाष मिश्र,दीपक मिश्र, अमरपाल तिवारी, भैया लाल उपाध्याय, रामजी पाण्डेय, रंकज मिश्र सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे। वही समाजसेवी पंकज मिश्रा से वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि दान गुप्त रहना बहुत जरूरी है लेकिन विप्र समाज के लोगों का प्रेम देखकर हृदय गदगद हुआ और अपने आराध्य भगवान श्री परशुराम की हम ऐसे ही सेवा निरंतर करते रहेंगे।

## फोर्ड स्कूल ए की जीत में अभिमन्यु का धमाकेदार नाबाद शतक

**प्रयागराज।** फोर्ड स्कूल क्रिकेट क्लब ए ने हॉट समर अंडर -14 क्रिकेट सीरीज में फोर्ड स्कूल क्रिकेट क्लब बी को 86 रन से हराकर पूर्ण अंक अर्जित किए है। विजेता टीम के अभिमन्यु सिंह के नाबाद धमाकेदार शतकीय ( 192 रन, 161 गेंद, 37 चौके ) पारी खेल अपनी टीम को जीत दिलाई है।

शनिवार को फोर्ड स्कूल मैदान पर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए फोर्ड स्कूल ए ने 50 ओवर में सात विकेट पर 373 रन ( अभिमन्यु सिंह 192 नाबाद, देवांश कुमार 42, आदि सिंह 25, हिमांशु पाल 20 रन, आदित्य कुमार 2/39, अक्ष शर्मा 1/12, आव्हान तिवारी 1/23 ) पर बनाए। जवाब में फोर्ड स्कूल क्रिकेट क्लब बी की पूरी टीम 41.3 ओवर में 288 रन ( रुद्र राज सिंह 61, आव्हान तिवारी 60, रुद्र सिंह व कार्तिकेय राय 20 -20 रन, आर्यन पांडेय 4/50, सौरभ यादव 2/22, आदि सिंह 2/28 ) ही बना सकी।

# शंकराचार्य ने सनातन धर्म की एकता को अक्षुण्ण रखाः प्रो. जटाशंकर

- शंकराचार्य के दर्शन में धरती एवं मानवता का कल्याण निहितः अभय

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज एवं भारतीय भाषा समिति, शिक्षा मंत्रालय,भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में जगतगुरु श्री शंकराचार्य व्याख्यानमाला के अंतर्गत शनिवार को तिलक सभागार में समाज विज्ञान विद्या शाखा के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा ÷भारत की एकता एवं एकात्मकता में जगतगुरु श्री शंकराचार्य का योगदान÷ विषय पर एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता प्रोफेसर जटाशंकर, पूर्व विभागाध्यक्ष, दर्शनशास्त्र विभाग, इलाहाबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय ने अपने व्याख्यान में कहा कि शंकराचार्य ने सनातन धर्म की एकता को अक्षुण्ण एवं सांस्कृतिक एकसूत्रता को बनाए रखा। उन्होंने कहा कि आदि शंकर की दिग्विजय यात्रा का उद्देश्य किसी समुदाय के विरुद्ध विद्वेष नहीं था बल्कि भारतीय संप्रदायों एवं धर्म में आयी विकृतियों का समूल विनाश करना था। शंकराचार्य ने शक्तिहीन खंडित होते राष्ट्र को युवा अनुकूल वैज्ञानिक अध्यात्म दर्शन के आधार पर पुनर्जीवित किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अभय, क्षेत्र धर्म जागरण प्रमुख, पूर्वी उत्तर प्रदेश ने अपने संबोधन में कहा कि शंकराचार्य को समझने के लिए सर्वप्रथम भारतीय ज्ञान परंपरा एवं वेदों को समझना होगा। उन्होंने कहा कि दुनिया में जो भेदभाव और अलगाव दिखाई पड़ता है, वह अज्ञानता का कारण है। सत्य का साक्षात्कार हो जाने या सच्चा ज्ञान प्राप्त कर लेने पर भेद बुद्धि स्वत- समाप्त हो जाती है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रोफेसर एस कुमार, निदेशक, समाज विज्ञान विद्या शाखा ने कहा कि मनुष्य को सदैव सकारात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण होना चाहिए। ईश्वर पर विश्वास एवम् निष्ठा होनी चाहिए तथा शंकराचार्य द्वारा स्थापित मानदंडों का अनुकरण करना चाहिए।

# खाद्यान्न वितरण के लिए कोटेदारों को दी जाएगी वेईंग मशीन

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** कोटे की दुकानों पर खाद्यान्न वितरण में अब घटतौली नहीं हो सकेगी। कोटेदारों की मनमानी रोकने के लिए जल्द ही नई तकनीक से कार्डधारक को दुकानों से राशन का वितरण होगा। ई-पॉस मशीन से इलेक्ट्रॉनिक वेईंग मशीन को जोड़ने के लिए तैयारियां तेज हो गई हैं। इससे राशन कार्डधारकों के साथ होने वाली घटतौली पर अंकुश लगेगा। जिला पूर्ति अधिकारी संतोष विक्रम शाही ने बताया कि यह व्यवस्था कोटेदारों को एक अप्रैल से प्रशिक्षण के साथ जिले में 2081 वेईंग मशीन दी जायेगी। जिले में कुल 2101 कोटे की दुकानें हैं। इन दुकानों से संबद्ध कुल करीब आठ लाख तीन हजार 255 कार्डधारक राशन का उठान करते हैं। अभी कोटे की दुकानों पर ई-पास मशीनों के माध्यम से लाभार्थियों को खाद्यान्न का वितरण किया जाता है। इसमें उपभोक्ता के अंगूठा लगाने के बाद दूसरे दिन राशन दिया जा रहा था। आरोप है कि इसमें कोटेदार कुछ हद तक घटतौली भी कर लेता था। इससे उपभोक्ता को कोटेदारों में विवाद भी उत्पन्न हो रहे थे। उच्चाधिकारियों को आए दिन इस तरह की शिकायतें मिल रही हैं। इसके मद्देनजर अब नई व्यवस्था की जा रही है। अब दुकानों पर ई-पास मशीनों को इलेक्ट्रानिक वेईंग मशीन से इस तरह जोड़ा जाएगा कि जब लाभार्थी को उसके राशनकार्ड में दर्ज यूनिटों के हिसाब से राशन तौला जाएगा। तभी ई-पास मशीन पर वितरण ट्रांजेक्शन पूरा होगा। कोटेदारों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह व्यवस्था एक अप्रैल में पूरी तरह से लागू कर दी जाएगी।राशन की घटतौली रोकने के लिए ई-पॉस मशीन से इलेक्ट्रॉनिक वेईंग मशीन जोड़ी जाएगी। इसके लिए तैयारियां चल रही हैं। जिला पूर्ति अधिकारी संतोष विक्रम शाही ने बताया कि कोटेदारों को एक अप्रैल से प्रशिक्षण के साथ जिले में 2081 वेईंग मशीन दी जायेगी।

# अधिवक्ताओं के लिए होगा एक बड़ा अस्पतालः अनिल

- बार और बेंच में संवाद बनाना बार का पहला काम

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** एशिया के सबसे बड़े बार एसोसिएशन इलाहाबाद हाई कोर्ट बार एसोसिएशन का चुनाव चल रहा है, अधिवक्ता नेता अपने अपने वायदे से अधिवक्ताओं को प्रभावित भी कर रहे हैं, वर्तमान कार्यकारिणी के पहले आरके ओझा के कार्यकाल में बार के बायलॉज में ऐतिहासिक संशोधन हुआ जिसके तहत कोई पदाधिकारी तीन बार से ज्यादा पद नहीं ग्रहण कर सकता है, पांच मुकदमें साल में न दाखिल करने वाला अधिवक्ता मतदान से वंचित रहेगा और अधिवक्ता निधि प्रमुख रूप से रहा। इस बार अध्यक्ष पद के लिए पूर्व अध्यक्ष अनिल तिवारी से हमारे संवाददाता की मुलाकात हो गयी और उन्होंने बातचीत में बताया कि जो अधिवक्ता साल में पांच मुकदमें नहीं दाखिल कर सकता है उसे मतदान का अधिकार न देने की बात सही है और लखनऊ बेंच या सुप्रीम कोर्ट में शर्त और कड़ी है। अधिवक्ता बेहतर काम करें और अभ्यासरत अधिवक्ता ही बार में रहे इसके लिए यह अच्छा प्रावधान है। एक सवाल के जवाब में अनिल तिवारी ने बताया कि अधिवक्ताओं के लिए एक अस्पताल की बहुत जरूरत है और इस बार अध्यक्ष बनने के बाद पहला काम उनका यही होगा कि अधिवक्ताओं के लिए एक अस्पताल होगा जिसमें अधिवक्ताओं का इलाज कारगर ढंग से हो सके। इसके साथ ही साथ आवास एक प्रमुख मुद्दा है, अधिवक्ताओं के लिए कॉलोनी के लिए महासचिव के कार्यकाल में उन्होंने प्रयास किया था इस बार प्रशाशन से बात करके आवासीय कॉलोनी की बात होगी।अनिल तिवारी ने कहा कि बेंच और बार में संवाद बहुत जरूरी है और बार इतना मजबूत होना चाहिए जो अपनी बात बेंच के सामने मजबूती से रख सके ताकि अधिवक्ताओं की तमाम परेशानियां समाप्त हो सकें, लिस्टिंग की समस्या का समाधान बैठकर बात चीत से और नयी तकनिकी से निकल सकता है, बार और बेंच में सामंजस्य से यह संभव है। इसके साथ अनिल तिवारी ने एक सवाल के जवाब में यह भी कहा कि कार्यकाल एक साल का बहुत होता है अगर काम करने की इच्छा शक्ति हो नहीं तो दो साल भारी पद सकता है, इसलिए वे कार्यकाल बढ़ने के पक्ष में नहीं हैं। आप को बता दें इलाहाबाद हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद के साथ कार्यकारिणी के लिए मतदान तीन अप्रैल को होगा, जिसमें नौ हजार से ज्यादा मतदाता भाग लेंगे।

# आयकर जुर्माना और खाता सीज करना चुनाव से वंचित करने की भाजपाई साजिशः कांग्रेस

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आयकर विभाग द्वारा पार्टी का खाता सीज करने तथा खाते से 135 करोड़ अवैधानिक तरीके से निकालने, पार्टी को पुनः 1823.08 करोड़ के जुर्माने की नोटिस देने के खिलाफ राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिवाद दर्ज करने के क्रम में आज जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन दिया। पार्टी महानगर अध्यक्ष प्रदीप मिश्र अंशुमन के नेतृत्व में पार्टी नेताओं ने जिलामुख्यालय पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि चुनाव के दौरान आयकर विभाग द्वारा कांग्रेस के खातों को सीज करने, उसके खाते से अवैधानिक तरीके से 135 करोड़ आहरित कर लेने और पुनः पार्टी के ऊपर 1823.08 करोड़ की जुर्माना नोटिस भेजने की कार्यवाही सरकार द्वारा प्रेरित और पार्टी को चुनाव लड़ने से वंचित करने की भाजपा सरकार की साजिश है। ज्ञापन में कहा गया कि संवैधानिक और सरकारी संस्थाओं को खुलेआम भाजपानीत सरकार विपक्षी पार्टियों के खिलाफ एक अस्त्र की तरह इस्तेमाल करने की घटनाएं हमारे लोकतंत्र को एक अधिनायकवादी तंत्र में बदलने की कोशिश है। आयकर विभाग द्वारा देश की सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी को ऐन चुनाव के वक्त आर्थिक रूप से अक्षम बनाने के उद्देश्य से की गई यह कार्यवाही पूर्णतया राजनीति से प्रेरित और सरकार के निर्देश पर अंजाम दी गयी है। जिन कारणों को बता कर कांग्रेस पर यह कार्यवाही की गई है उन्ही कारणों को अगर आधार बनाया जाय तो भाजपा के ऊपर आयकर विभाग को 4600 करोड़ रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया जाना चाहिए।

## सेंट जेवियर्स हाई स्कूल में वार्षिक परीक्षाफल घोषित

**आजमगढ़।** शनिवार को सेंट जेवियर्स हाई स्कूल एलवल आजमगढ़ में वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। जो समस्त शिक्षकों के श्रेष्ठतम शिक्षण कार्य एवं छात्र छात्राओं के सही दिशा में निरंतर किये गए अध्ययन के परिणामस्वरूप शत्-प्रतिशत रहा । उक्त परीक्षा परिणाम को लेकर छात्र छात्राओं एवं अभिभावकों में गजब का उत्साह देखा गया । कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय के प्रबंध निदेशक प्रशांत चंद्रा, आवासीय प्रबंधक प्रद्युम्न जायसवाल एवं प्रधानाचार्य नीलेश श्रीवास्तव ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया । तत्पश्चात सरस्वती वन्दना से कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए प्रत्येक कक्षाओं के सभी वर्ग से प्रथम, द्वितीय, एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को उनके अभिभावकों के साथ मंच के माध्यम से सम्मानित किया गया जिसमें कक्षा द्वितीय से शिवन्या सिंह 96.64: प्रथम, आराध्या यादव 94.67: द्वितीय तथा कनक यादव ने 93.80: अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किये । कक्षा तृतीय से कृतिका सिंह 97.80: प्रथम, तेजस सिंह 97.59: द्वितीय, सय्यद शजान अब्बास ने 96.84: अंक हासिल कर तृतीय स्थान प्राप्त किए द्य कक्षा चतुर्थ से एंजल अग्रवाल 100: प्रथम, परी अग्रवाल 99.63: द्वितीय तथा आकृष्ट मौर्या 98.36: अंक प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रहे। कक्षा पंचम से नैतिक सेठ 99.39: प्रथम, लार्वशिका 98.16: द्वितीय तथा नादिया 97.89,अंक सुरक्षित कर तृतीय स्थान पर रहे।

## एडवोकेट एसोसिएशन व जेएसपीएस को मिले पूर्ण अंक

**प्रयागराज।** एडवोकेट एसोसिएशन ने लव श्रीवास्तव एडवोकेट टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता में वीजे इलेवन को सात विकेट से और जेएसपीएस ने एएलसी को छह विकेट से हराकर पूर्ण अंक अर्जित किए है। शनिवार को गवर्नमेंट प्रेस मैदान पर पहले मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए वीजे इलेवन ने 20 ओवर में 117 रन ( अजीत प्रताप सिंह 39, उत्कर्ष त्रिपाठी 24 रन, अमरदीप मिश्रा 3/21, राघव नायर 2/25, मयंक सिंह 1/04 ) पर बनाए। जवाब में एडवोकेट एसोसिएशन की टीम ने 14.1 ओवर में तीन विकेट पर 120 रन ( मयंक सिंह 60 नाबाद, वरुण देव शर्मा 24 अविजित रन, अजीत प्रताप सिंह 1/17, मो. अब्बास 1/21, ऋषभ केशरवानी 1/24 ) पर बना लिए। दूसरे मैच में एएलसी की टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पूरी टीम 13.1 ओवर में महज 81 रन (विनायक 23, हर्ष द्विवेदी 16 रन, सयैद अहमद फैजान 3/09, मनदीप सिंह गिल 3/15, यश टंडन 2/13, आशीष वर्मा 1/19, मो. अहमद 1/22) पर बिखर गई। जवाब में जेएसपीएस की टीम ने 9 ओवर में चार विकेट खोकर 82 रन ( जैन अब्बास 42 नाबाद, श्रीश चंद्रा 11 रन, उत्कर्ष मिश्रा 2/20, अनुज चाहर 2/22 ) पर बना लिए। दोनों मैच में अजय सिंह व श्याम यादव में अंपायरिंग और प्रितेश सोनकर ने स्कोरिंग की।

## लोकसभा चुनाव हेतु मास्टर ट्रेनरों को दिया गया द्वितीय प्रशिक्षण

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार की उपस्थिति में शनिवार को जिला पंचायत सभागार में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024-मास्टर ट्रेनर का द्वितीय प्रशिक्षण जिला प्रशिक्षण अधिकारी व अन्य अधिकारियों के द्वारा दिया गया। सभी मास्टर ट्रेनर्स को चुनाव कार्य के सफलतापूर्वक व त्रुटि रहित सम्पन्न कराने के लिए प्रशिक्षण के दौरान ईवीएम मशीन के सभी अवयवों-सीयू, बीयू, वीवीपैट के टैगिंग, कनेक्शन, संचालन, ईवीएम मशीन की सावधानियों व तकनीकी समस्याओं को दूर करने के उपायों की विस्तार से जानकारी दी गयी। द्वितीय प्रशिक्षण में चुनाव में होने वाली सावधानियों एवं विशेष सतर्कता बरतने के साथ-साथ समय पर दिए जाने वाले प्रशिक्षण का पूरी तरह से अवलोकन करने का निर्देश दिया। मास्टर ट्रेनर्स के द्वितीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 161 मास्टर ट्रेनर्स ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस अवसर पर पीडी ए0के0 मौर्या, जिला विकास अधिकारी भोलानाथ कनौजिया सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# देशवासियों की उम्मीद इण्डिया गठबंधन सेः ललितेश पति त्रिपाठी

- तृण मूल कांग्रेस के नेता एवं भदोही लोकसभा से गठबंधन के घोषित उम्मीदवार ललितेश पति त्रिपाठी का आज सपा कार्यालय में हुआ स्वागत

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** भदोही लोकसभा क्षेत्र से इण्डिया गठबंधन के घोषित उम्मीदवार तृण मूल कांग्रेस के नेता पूर्व विधायक ललितेश पति त्रिपाठी का आज समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय जर्ज़टाउन में पहली बार आगमन पर सपा नेताओं, कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत अभिनन्दन किया गया। भदोही से घोषित लोकसभा प्रत्याशी ललितेश पति त्रिपाठी ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस समय पूरे देश वासियों की उम्मीद भरी निगाहें इण्डिया गठबंधन की ओर लगी हुई हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र में बैठी एनडीए सरकार के कार्यकाल में जिस तरह से महंगाई, बेरोजगारी बढ़ी है और देश में साम्प्रदायिक एवं विघटन कारी ताकतों ने सिर उठाया है इससे हर देश वासी निजात चाहता है। सपा के प्रदेश उपाध्यक्ष श्यामलाल पाल ने केंद्र एवं उत्तरप्रदेश की एनडीए सरकार को सभी मुद्दों पर फेल बताते हुए कहा कि पी डी ए ही एनडीए को हराएगा।जिलाध्यक्ष अनिल यादव ने बताया कि सपा की बूथ स्तर तक तैयारी पूरी हो चुकी है। कार्यकर्त्ता लगातार क्षेत्र में रहकर मतदाताओं के संपर्क में हैं। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अनिल यादव, संदीप पटेल,श्यामलाल पाल, दान बहादुर मधुर, डॉ राजेश यादव, डॉ आकाश यादव, राम अवध पाल, जगदीश यादव,नवीन यादव, प्रभाकर यादव, मुलायम यादव आदि सहित सैकड़ो सपा कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

# अनैतिक देह व्यापार के अपराध में 06 युवक व 05 युवतियां गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** थाना कंदलापुर 29 मार्च को प्र0नि0 सुदेश कुमार सिंह मय हमराह को सूचना मिली कि दरौरा कालोनी रास्ते पर स्थित ग्रैन्ड आर.बी. रेस्टोरेन्ट में कुछ दिनों से अनैतिक देह व्यापार का धंधा चलाया जा रहा है । इस सूचना पर क्षेत्राधिकारी नगर गौरव शर्मा नगर उपस्थित आये । पुलिस टीम के साथ युक्ति युक्त ढंग से दरौरा कालोनी भवरनाथ जाने वाले रास्ते मे स्थित ग्रैन्ड आर.बी. रेस्टोरेन्ट पर पहुँच कर दबिश दिये । पुलिस टीम को अन्दर घूसते ही मौका पाकर रेस्टोरेन्ट से एक युवक मौके से फरार हो गया। रेस्टोरेन्ट के केबिन की तलाशी से पांच केबिन के अन्दर से बन्द पाये गये जिनकी तलाशी से कुल 04 युवक व 05 युवती आपत्तिजनक अवस्था में मिले जिनके नाम क्रमशः 1.बृजेश चौहान पुत्र राकेश चौहान निवासी चिवटही थाना मुबारकपुर 2. विकास कुमार पुत्र बृजेश राम निवासी हरवंशपुर थाना सिधारी 3. अमित सिंह उर्फ गुलशन सिंह पुत्र विनोद सिंह निवासी हरसिंहपुर थाना जीयनपुर 4. रोहित कुमार पुत्र राजकुमार राम निवासी तहर किशुनदेवपुर थाना थाना कप्तानगंज व 05 युवतियां 1.पहली युवती थाना रानी की सराय जनपद आजमगढ 2. दुसरी युवती थाना सिधारी जनपद जौनपुर 3. तीसरी युवती थाना जीयनपुर आजमगढ़ 4. चौथी युवती अहरौला आजमगढ़ 5. पांचवी युवती थाना जीयनपुर आजमगढ़ तथा रेस्टोरेन्ट के होटल मैनेजर 1. सर्वेश यादव पुत्र वंशराज निवासी दुल्लहपार थाना कन्धरापुर जनपद व 2. होटल मालिक विशाल सिंह पुत्र स्व0 शमशेर सिंह निवासी देवखरी थाना कन्धरापुर पुलिस हिरासत लिया गया।

# कांग्रेस कमेटी ने राष्ट्रपति को सम्बोधित सौंपा ज्ञापन

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वाहन पर आजमगढ़ जिला कांग्रेस द्वारा महामहिम राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी महोदय के माध्यम से पुर्णमाशी प्रजापति की अध्यक्षता में सौपा गया। चुनावी वर्ष में जब तमाम राजनैतिक पार्टिया जनादेश के लिए जनता के बीच में खडी है और जनता के आर्शिवाद हेतु अकाक्षी है।

ऐसे समय मे हताशा से विचलित सत्ताधारी लोगो के इशारे पर राजनैतिक दलो के मनोबल के तोडने का प्रयास करना लोक तान्त्रिक व्यवस्था का दुरूपयोग है उक्त अवसर पर तेज बहादुर यादव ने कहा कि बिना आयकर के करो का निर्धारण किये ही यह अवैधानिक नोटिस काग्रेस पर दबाव बनाने के लिए किया गया है। देवमुनि राजभर ने बताया कि वर्तमान केन्द्र सरकार द्वारा चुनाव के समय विपक्षी दलो पर दबाव बनाने की द्वेष पूर्ण कार्यवाही है, जो बहुत निन्दनीय है। पुर्णमाशी प्रजापति ने कहा कि इलोक्ट्रोल ब्रान्ड से घिरी मोदी सरकार जॉच एजेन्सीयों का विरोध कर चुनावी लाम उठाना चाहती है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रमेश राजभर, मुन्नू यादव, देवमुनि राजभर, रामप्यारे यादव, बेलाल अहमद, सन्दीप कपूर, शीला भारती, किरन कुमारी, प्रदीप यादव, हरेन्द्र सिंह, देवमुनि राजभर, नामी चिरैयाकोटी आदि लोग उपस्थित थे।

# आईपीओ से 70,000 करोड़ जुटा सकती हैं कंपनियां

## 2024-25 में शेयर बाजारों में तेज उछाल का मिलेगा फायदा

**नई दिल्ली।** आंकड़ों के अनुसार, 19 कंपनियां मिलकर 25,000 करोड़ रुपये जुटा सकती हैं। इन




सबको पूंजी बाजार नियामक सेबी की मंजूरी मिल चुकी है। 37 कंपनियां इश्यू से 45,000 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही हैं। इन्होने सेबी के पास मसौदा जमा कराया है।

कंपनियां 2024-25 में प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) से 70,000 करोड़ रुपये जुटा सकती हैं।?2023-24 में कंपनियों ने आईपीओ से 62,000 करोड़ रुपये जुटाए थे। शेयर बाजार की तेजी अगले वित्त वर्ष में भी जारी रहने की उम्मीद है। इसलिए, इसका फायदा इश्यू लाने वाली कंपनियां उठा सकती हैं। विदेशी निवेशक भी बाजार में अच्छी खासी रकम निवेश कर सकते हैं।

आंकड़ों के अनुसार, 19 कंपनियां मिलकर 25,000 करोड़ रुपये जुटा सकती हैं। इन सबको पूंजी बाजार नियामक सेबी की मंजूरी मिल चुकी है। 37 कंपनियां इश्यू से 45,000 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही हैं। इन्होने सेबी के पास मसौदा जमा कराया है। सभी कंपनियां सेबी से मंजूरी का इंतजार कर रही हैं।?

कुल 56 कंपनियों में से नौ कंपनियां नए जमाने की टेक सेक्टर की हैं। ये करीब 21,000 करोड़ रुपये आईपीओ के जरिये जुटा सकती हैं। अगले वित्त वर्ष में आईपीओ की रफ्तार तेज रहने की उम्मीद है। बड़ी कंपनियां भी बाजार में उतरने वाली हैं। इसमें टाटा कैपिटल से लेकर बिग बॉस्केट तक शामिल हैं।

आईपीओ को जिस वजह से तेजी मिलेगी, उनमें घरेलू पूंजी में वृद्धि, बेहतर गवर्नेंस, एफडीआई समर्थन के साथ अनुकूल सरकारी नीतियां और संस्थागत निवेशक शामिल हैं। विशेषज्ञों की मानें तो आम चुनाव के बावजूद अप्रैल व मई में कुछ आईपीओ लॉन्च होते दिखेंगे।

टाटा समूह अपनी इलेक्ट्रिक कंपनी को बाजार में लिस्ट कराने की योजना बना रहा है। हालांकि, अभी तक रकम का खुलासा नहीं हुआ है। स्विगी भी बाजार में उतरने वाली है।

# मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में प्रतिबंधित पीएफआई के तीन सदस्य गिरफ्तार




**नई दिल्ली।** गिरफ्तार किए गए सदस्यों को शनिवार को विशेष अदालत के समक्ष पेश किया गया। एजेंसी ने तीनों लोगों पर पीएफआई कैडर को हथियार प्रशिक्षण देने और इस प्रतिबंधित संगठन से पर्याप्त धन प्राप्त करने का आरोप लगाया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार किए गए सदस्यों की पहचान अब्दुल खादर पुत्तूर, अंशद बदरुद्दीन और फिरोज के तौर पर की गई है।

गिरफ्तार किए गए सदस्यों को शनिवार को विशेष अदालत के समक्ष पेश किया गया। एजेंसी ने तीनों लोगों पर पीएफआई कैडर को हथियार प्रशिक्षण देने और इस प्रतिबंधित संगठन से पर्याप्त धन प्राप्त करने का आरोप लगाया है। 2022 में केंद्र ने पीएफआई के आतंकवादी गतिविधियों के साथ संबंध को लेकर गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के प्रावधानों के तहत प्रतिबंधित कर दिया था।

# सर्वोच्च स्तर पर पहुंचा भारत का विदेशी मुद्रा भंडार, कितने अरब डॉलर बढ़ गया खजाना?

**नई दिल्ली।** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार पांचवें सप्ताह बढ़कर 642.631 बिलियन अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा ये आंकड़े जारी किए गए हैं।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा विदेशी मुद्रा भंडार को लेकर ताजा आंकड़े जारी किए गए हैं। इन आंकड़ों के अनुसार भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार पांचवे सप्ताह शानदार बढ़ोतरी देखने को मिली है। 22 मार्च को समाप्त हुए सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 642.631 बिलियन डॉलर पहुंच गया है। यह अब तक का सर्वोच्च स्तर है।

**आरबीआई रिपोर्ट की खास बातें**

पांचवे सप्ताह के दौरान भारत के विदेशी मुद्रा कोष में 140 मिलियन डॉलर की वृद्धि देखने को मिली है। यह जानकारी शुक्रवार को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा दी गई। इससे पहले विदेशी मुद्रा भंडार का सर्वोच्च स्तर 2021 में देखा गया था। उस दौरान



विदेशी मुद्रा भंडार 642.453 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया था।

**भारत के गोल्ड रिजर्व में जबरदस्त बढ़ोतरी**

आरबीआई का कहना है कि 22 मार्च को समाप्त सप्ताह के दौरान सोने का भंडार 347 मिलियन अमेरिकी डॉलर बढ़ा है। इस बढ़त के बाद भारत को गोल्ड रिजर्व 51.487 बिलियन अमेरिकी डॉलर पहुंच गया है। आरबीआई को कहना है कि इस दौरान एसडीआर यानी विशेष आहरण अधिकार घटा है। भारत का एसडीआर 57 मिलियन अमेरिकी डॉलर घटकर 18.219 बिलियन अमेरिकी डॉलर पहुंच गया है। आरबीआई के आंकड़ों से पता चलता है कि समीक्षाधीन सप्ताह में आईएमएफ के साथ भारत की आरक्षित स्थिति भी 27 मिलियन अमेरिकी डॉलर कम होकर 4.662 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गई।आरबीआई द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार 22 मार्च को समाप्त सप्ताह के दौन विदेशी मुद्रा संपत्ति 123 मिलियन अमेरिकी डॉलर घटकर 568.264 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गई है।

# एक अप्रैल से होंगे यह चार जरूरी बदलाव




**नई दिल्ली।** नए वित्त वर्ष यानी 2024-25 की शुरुआत सोमवार से हो रही है। एक अप्रैल से चार प्रमुख वित्तीय बदलाव हो रहे हैं।?इनमें म्यूचुअल फंड ईटीएफ, एनपीएस, बीमा से लेकर फास्टैग केवाईसी तक शामिल हैं। ये सभी बदलाव आप पर असर डाल सकते हैं।

पेंशन फंड नियामक और विकास प्राधिकरण नेशनल पेंशन प्रणाली (एनपीएस) खातों के लिए एक अप्रैल को एडवांस सुरक्षा प्रणाली पेश करेगा। इसके लिए एनपीएस की सेंट्रल रिकॉर्ड कीपिंग एजेंसी तक पहुंचने वाले सभी पासवर्ड-आधारित ग्राहकों को दो बार सत्यापन से गुजरना होगा। इसके बिना आप अपने खाते का लॉग-ईन नहीं कर सकते हैं।

फास्टैग ग्राहकों के लिए केवाईसी अपडेट करने की अंतिम तारीख 31 मार्च है। आप इस तारीख तक केवाईसी अपडेट नहीं करते हैं तो एक अप्रैल से यह बंद हो जाएगा। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने एक वाहन एक फास्टैग की पहल की है। इसके तहत बिना केवाईसी वाले फास्टैग ब्लैकलिस्ट हो जाएंगे।

इरडा ने बीमा पॉलिसियों के डिजिटलीकरण को जरूरी कर दिया है। इसके अनुसार, जीवन, स्वास्थ्य और सामान्य बीमा सहित सभी पॉलिसियां इलेक्ट्रॉनिक रूप में जारी होंगी। यह शेयर खरीदने के लिए डीमैट खातों की तरह काम करेगा। इसके बिना कोई पॉलिसी जारी नहीं होगी।

पूंजी बाजार नियामक सेबी ने म्यूचुअल फंड हाउसों को एक अप्रैल से विदेशी एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) में निवेश करने वाली स्कीमों में निवेश रोकने का निर्देश दिया है। फंड उद्योग ने 21 मार्च, 2024 तक 8,311 करोड़ की सीमा से अधिक का निवेश किया है।

### 2024-25 में घटकर 2.1 फीसदी रह जाएगा बैंकों का कुल एनपीए

**मुंबई।** घरेलू रेटिंग एजेंसी केयर रेटिंग्स ने शुक्रवार को कहा, 2015-16 की एक्यूआर प्रक्रिया के कारण जीएनपीए 2013-14 के 3.8 फीसदी से बढ़कर 2017-18 में 11.2 फीसदी पहुंच गया। घरेलू बैंकों के सकल बुरे फंसे कर्ज (जीएनपीए) 2024-25 के अंत तक घटकर 2.1 फीसदी पर आ सकते हैं। 2023-24 में बैंकिंग प्रणाली का जीएनपीए 2.5-2.7 फीसदी रहने का अनुमान जताया गया है। घरेलू रेटिंग एजेंसी केयर रेटिंग्स ने शुक्रवार को कहा, 2015-16 की एक्यूआर प्रक्रिया के कारण जीएनपीए 2013-14 के 3.8 फीसदी से बढ़कर 2017-18 में 11.2 फीसदी पहुंच गया। इसने बैंकों को एनपीए की पहचान करने और गैर-जरूरी पुनर्गठन को कम करने के लिए प्रेरित किया। रिपोर्ट के मुताबिक, जीएनपीए में 2018-19 से सुधार देखा जा रहा है। 2022-23 में यह सुधरकर एक दशक के निचले स्तर 3.9 फीसदी पर आ गया।

# सरकार ने 20 में से 13 मिनेरल ब्लॉक की नीलामी रद्द की, निराशाजनक प्रतिक्रिया बनी कारण

**नई दिल्ली।** प्रस्ताव पर रखे गए 20 ब्लॉकों में से 18 ब्लॉकों के लिए 56 भौतिक और 56 ऑनलाइन नीलामियां लगीं। रद्द किए गए 11 ब्लॉकों में से सात खदानों को तीसरे दौर के तहत नीलामी के लिए अधिसूचित किया गया है।

महत्वपूर्ण खनिजों की पहली किश्त में बिक्री के लिए रखे गए 20 ब्लॉकों में से 13 की नीलामी सरकार ने रद्द कर दी है। खान मंत्रालय के मुताबिक निराशाजनक प्रतिक्रिया की वजह से यह फैसला लिया गया।

खान मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा, 13 मार्च 2024 की अधिसूचना के जरिए 13 खनिज ब्लॉकों के लिए ई-नीलामी प्रक्रिया को रद्द कर दिया गया था, जिसमें दो ब्लॉकों के लिए कोई बोली प्राप्त नहीं हुई थी और 11



ब्लॉकों के लिए तीन से कम तकनीकी रूप से योग्य बोलीदाता (टीक्यूबी) थे। प्रस्ताव पर रखे गए 20 ब्लॉकों में से 18 ब्लॉकों के लिए 56 भौतिक और 56 ऑनलाइन नीलामियां लगीं। रद्द किए गए 11 ब्लॉकों में से सात खदानों को तीसरे दौर के तहत नीलामी के लिए अधिसूचित किया गया है। छह ब्लॉकों की दूसरे दौर की नीलामी तय कार्यक्रम के अनुसार पूरी हो गई है। बयान के अनुसार, गुजरात में कुंडोल, निकल और क्रोमियम ब्लॉक पर निर्णय नामित अधिकारी द्वारा उचित समय पर लिया जाएगा। इस महीने की शुरुआत में, सरकार ने महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिजों की नीलामी की तीसरी किश्त शुरू की। केंद्र ने अब तक 38 महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिजों की नीलामी शुरू की है।

# 'गरीबों-वंचितों के खिलाफ है कांग्रेस'

## डिमांड नोटिस को लेकर सीएम सरमा का विपक्ष पर कटाक्ष

**दिसपुर।** आयकर विभाग ने कांग्रेस को 1700 करोड़ रुपये का डिमांड नोटिस जारी किया है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व



सरमा ने इस मुद्दे को लेकर विपक्ष पर कटाक्ष किया है।

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने आयकर विभाग के नोटिस को लेकर कांग्रेस पर हमला किया है। सरमा ने कहा है कि अगर पार्टी द्वारा अपने टैक्स का भुगतान नहीं किया जा रहा है, तो इसका सीधा मतलब हुआ कि यह पार्टी गरीबों और वंचितों के खिलाफ है। कांग्रेस के सबसे कड़े आलोचकों में से एक सरमा ने कहा है यह पार्टी गरीबों को लाभ देने से इनकार कर रही है।

बता दें कि आयकर विभाग ने कांग्रेस को 1700 करोड़ रुपये का डिमांड नोटिस जारी किया है। यह डिमांड नोटिस आकलन वर्ष 2017-18 से 2020-21 के लिए जारी किया गया है, जिसमें जुर्माना और ब्याज शामिल है। इसे लेकर मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने कहा कि इसका मतलब यह है कि कांग्रेस कल्याणकारी गतिविधियों के खिलाफ है। यह पार्टी गरीबों और वंचितों के खिलाफ है।

उधर इस मामले में विपक्ष ने सत्तारूढ़ भाजपा पर कर आतंकवाद में शामिल होने का आरोप लगाया है। कांग्रेस सांसद जयराम रमेश का कहना है कि इलेक्टोरल बॉन्ड घोटाला प्रीपेड रिश्वत रूट, पोस्टपेड रिश्वत रूट, पोस्ट-रेड ग्रुप, और शेल कंपनियों के माध्यम से किया गया था।

कांग्रेस के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने कहा है कि यह 'टैक्स टेररिज्म' है और इसका इस्तेमाल कांग्रेस पर हमला करने के लिए किया जा रहा है।

# कारोबारियों को एक अप्रैल से हर हफ्ते देनी होगी गेहूं भंडार की सूचना, केंद्र सरकार का निर्देश



**नई दिल्ली।** सभी संबंधित वैधानिक संस्थाएं सुनिश्चित करें कि पोर्टल पर भंडार की नियमित व उचित रूप से जानकारी प्रदान की जाए। केंद्र ने पिछले साल गेहूं के दाम नियंत्रित करने के लिए इसकी भंडारण सीमा तय की थी। यह सीमा 31 मार्च को खत्म हो रही है।

केंद्र ने गेहूं की जमाखोरी व कीमतों पर अंकुश लगाने के लिए कारोबारियों को इसके भंडार की जानकारी हर सप्ताह सरकारी पोर्टल पर देने का आदेश दिया है। सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के कारोबारी, थोक कारोबारी, खुदरा विक्रेता, बड़ी श्रृंखला वाले खुदरा विक्रेता व प्रोसेसर्स को एक अप्रैल से भंडार की घोषणा करनी होगी।

उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने कहा, भंडार की जानकारी हर शुक्रवार को सरकारी पोर्टल https://evegoils.nic.in/wheat/login पर अगले आदेश तक देनी होगी।

सभी संबंधित वैधानिक संस्थाएं सुनिश्चित करें कि पोर्टल पर भंडार की नियमित व उचित रूप से जानकारी प्रदान की जाए। केंद्र ने पिछले साल गेहूं के दाम नियंत्रित करने के लिए इसकी भंडारण सीमा तय की थी। यह सीमा 31 मार्च को खत्म हो रही है।

# नई बीमा पॉलिसी एक अप्रैल से सिर्फ इलेक्ट्रॉनिक फॉर्मेट में होंगी जारी

**नई दिल्ली।** अगर आप 1 अप्रैल 2024 के बाद बीमा खरीदने वाले हैं, तो अब यह आपको सिर्फ डिजटल फॉर्मेट में ही मिलेगा। जानें क्या हैं नए नियम।

अगर आप 1 अप्रैल 2024 के बाद बीमा खरीदने वाले हैं, तो अब यह आपको सिर्फ डिजटल फॉर्मेट में ही मिलेगा। क्योंकि अब बीमा कंपनी भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण के पॉलिसीधारकों के हितों के संरक्षण नियमों के अनुसार पॉलिसी सिर्फ डिजिटल रूप में जारी करेगी। नए नियमों के मुताबिक, बीमा कंपनियों के लिए डीमैट फॉर्म में पॉलिसी जारी करना अनिवार्य है और अब इसे चार बीमा रिपोजिटरी- CAMS रिपोजिटरी, Kar14 (कार्वी), NSDL डेटाबेस मैनेजमेंट और सेंट्रल इंश्योरेंस रिपोजिटरी ऑफ इंडिया द्वारा सुगम बनाया जाएगा।

ई-बीमा खाते क्या हैं?

ई-बीमा खातों में डिजिटल रूप में पॉलिसी जारी करना और रखना शामिल है। जबकि ज्यादातर निजी बीमाकर्ता पहले से ही पॉलिसीधारकों के लिए ई-बीमा खाते खोलते हैं, पॉलिसीधारक अन्य पॉलिसी को इलेक्ट्रॉनिक रूप में खरीदने और रखने का ऑप्शन चुन सकते हैं।




अब क्या बदल जाएगा?

1 अप्रैल से बीमा कंपनियों के लिए सिर्फ डिजिटल पॉलिसी जारी करना अनिवार्य है। ढ्ढक्रष्ठ्ठ के नियमों में कहा गया है, चाहे प्रपोजल इलेक्ट्रॉनिक रूप में मिला हो या किसी और तरीके से, हर बीमाकर्ता सिर्फ इलेक्ट्रॉनिक रूप में बीमा पॉलिसी जारी करेगा।

अगर आप अपनी पॉलिसी को भौतिक रूप में रखना चाहते हैं तो क्या होगा?

यह विकल्प अभी भी उपलब्ध है और आप पुरानी पॉलिसी को भौतिक रूप में रखना जारी रख सकते हैं। बीमा खरीदने के लिए प्रस्ताव फॉर्म भरते समय आप भौतिक प्रति पर भी जोर दे सकते हैं।

ई-बीमा खाता कैसे खोलें?

नई पॉलिसी खरीदते समय ई-बीमा खाता खोला जा सकता है। आप मौजूदा, भौतिक बीमा पॉलिसी को भी इलेक्ट्रॉनिक रूप में बदल सकते हैं।

ई-बीमा खाता खोलने की फीस क्या है?

आपका ई-बीमा खाता मुफ्त में खोला जाएगा।

# देश के 9 बड़े शहरों में बिना बिके घरों की संख्या 7 प्रतिशत घटी

**नई दिल्ली।** देश के नौ प्रमुख शहरों में इस साल जनवरी से मार्च के दौरान बिना बिके घरों की संख्या में तिमाही आधार पर सात प्रतिशत की कमी आई है। अब इन शहरों में बिना बिके घरों की संख्या घटकर 4.81 लाख रह गई है। नौ प्रमुख शहरों में मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे,



एनसीआर, बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे, चेन्नई और कोलकाता शामिल हैं। रियल एस्टेट डेटा एनालिटिक फर्म प्रॉपइक्विटी के मुताबिक, नई आपूर्ति के मुकाबले बिक्री ज्यादा रहने से बिना बिके घरों की संख्या में कमी आई है। PropEquit4 के डेटा के अनुसार, अक्टूबर-दिसंबर 2023 तिमाही में बिना बिके घरों की संख्या 5.18 लाख थी।

PropEquit4 के फाउंडर समीर जसूजा का कहना है कि जनवरी-मार्च 2024 तिमाही के दौरान घरों की बिक्री नई लॉन्चिंग से ज्यादा रही है। यह रियल एस्टेट बाजार के लिए सकारात्मक संकेत है। बीती तिमाही में नौ प्रमुख शहरों में 1,44,656 घरों की बिक्री हुई है, जबकि नए लॉन्च होने वाले घरों की संख्या 1,05,134 रही है। इससे बिना बिके घरों की संख्या घटी है।

देश के शीर्ष आठ शहरों में जनवरी-मार्च 2024 तिमाही के दौरान किराये पर लिए जाने वाले ऑफिस स्पेस में 44 प्रतिशत की बढ़ोतरी रही है। रियल एस्टेट कंसल्टेंट कुशमैन एंड वेकफील्ड की ओर से शनिवार को जारी डेटा के अनुसार, बीती तिमाही में कुल 115.14 लाख वर्गफुट ऑफिस स्पेस किराये पर लिया गया है।

# पॉप, ट्रैप और हिप-हॉप! तलवार के फ़िरोज़ी फीलिंग्स में आपकी प्लेलिस्ट का हिस्सा बनने का हर गुण मौजूद है!





**नई दिल्ली।** फ़िरोज़ी सिटी के 25 वर्षीय गौरव तलवार की धुनों पर झूमने की तैयारी कर लीजिए, क्योंकि यह रैपर/गायक/निर्माता अपना नया जबरदस्त एल्बम फ़िरोज़ी फीलिंग्स लेकर आ रहा है। अपनी बहुमुखी कला के लिए प्रसिद्ध गौरव ने इस एल्बम में तीन अलग-अलग ट्रैक - फैन, इन माई हेड, और नोटोरियस गर्ल, दिए हैं, जिनमें से प्रत्येक एक अद्वितीय अनुभव प्रदान करता है। इस एल्बम में बीट्स, मेलोडीज़ और भावनाओं का ऐसा मिश्रण है, जो दिल में उतर जाएगा, और आधुनिक स्टोरी टेलिंग का सार प्रदर्शित करेगा।

एल्बम 'फ़िरोज़ी फीलिंग्स' तलवार की विशिष्ट शैली में जुनून, पुरानी यादों और बेबाक भावनाओं की दुनिया में ले जाता है। जहाँ फैन की संक्रामक बीट्स में तलवार श्रोताओं को 80 के दशक के पॉप से प्रेरित पुरानी यादों की दुनिया में ले जाते हैं और एक ग्लैमरस शख्सियत के स्थाई आकर्षण में डूब जाते हैं, वहीं इन माई हेड, में कलाकार का आत्मविश्लेषण का सफर शुरू होता है, जो किसी खास के बारे में उनके अटल विचारों की खोज करता है। अंत में तलवार एक क्रांतिकारी गीत, नोटोरियस गर्ल के साथ सावधान रहते हुए एक ऐसी महिला की जीवंत तस्वीर पेश करते हैं, जो हर कदम पर सामाजिक नियमों को चुनौती देती है। यह साहसिक है, बेबाक है, और बेहतरीन है। अपने एल्बम के बारे में तलवार ने कहा, फ़िरोज़ी फीलिंग्स प्यार, चाहत, अनुभव और संगीत की खोज की पराकाष्ठा है। हर ट्रैक मेरी भावना का एक हिस्सा है, जो जीवन और प्रेम के विभिन्न पहलू प्रदर्शित करता है। मुझे एक ही ईपी में संगीत की विभिन्न शैलियों को मिलाने में बहुत मजा आया। मैं यह सफर श्रोताओं से बाँटने के लिए उत्साहित हूँ। मुझे उम्मीद है कि वो मुझे और मेरी भावनाओं को समझेंगे, जो मैंने ईपी का हर ट्रैक बनाने में महसूस कीं।

हर नोट में भावनाओं को भरकर तलवार बहुत सुगमता से फ्रीस्टाइल और पूरी तरह से संरचनाबद्ध गाने बनाने की असाधारण क्षमता रखते हैं। वो संगीत की विभिन्न शैलियों में प्रयोग करते हैं, जिसकी वजह से वो उद्योग में एक उभरता हुआ सितारा बन गए हैं। इसलिए डांस करने, खिलखिलाने, और कुछ आँसू गिराने की तैयारी कर लीजिए क्योंकि तलवार फ़िरोज़ी फीलिंग्स के साथ आपको मानवीय भावनाओं के रंगबिरंगे सफर पर ले जा रहे हैं।

### मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी ने की बैठक

# चारों तरफ चुनाव पर चर्चा जोरों पर

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी निशा अनंत एवं मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी स्वीप सूरज पटेल ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता अभियान को गति प्रदान करने एवं लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के उद्देश्य से संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 का ऐलान करते हुए तारीखों की घोषणा कर दी गई है घोषणा के पश्चात से ही जनपद में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है और लोकसभा चुनाव जो भारत के लोकतंत्र की सर्वोच्च संसद के लिए होना है उसकी आहट हर कोई महसूस कर रहा है चारों तरफ चुनाव पर चर्चा जोरों पर है ऐसे में जनपद अमेठी का चुनाव अपनी महत्ता रखते हुए पूरे देश की नजरों में रहता है यह आभास हम सब की जिम्मेदारी को बढ़ा देता है कि जनपद में सभी के सहयोग से स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव हो चुनाव की सफलता चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने तक सीमित नहीं है चुनाव में आम मतदाता की शत प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित हो यह लक्ष्य प्राप्त करना एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी हम सब की है। पूर्व के चुनाव का मत प्रतिशत 50 से 55 फ़ीसदी रहना आम मतदाता की सहभागिता का बेहतर उदाहरण नहीं है आज का वक्त हम सबके सामने इसे बेहतर करने का लक्ष्य रखता है और आम मतदाता की सहभागिता शत प्रतिशत सुनिश्चित कराने का दायित्व हमें सौंपता है। उन्होंने कहा कि मेरा सभी से अनुरोध है कि हम सब मिलकर इस कार्य में अपना सहयोग दें एवं शत प्रतिशत मतदान कराने हेतु मतदाताओं को जागरूक करने का प्रण लें हम सबका प्रयास लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए हमारा सर्वश्रेष्ठ योगदान होगा। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव का मतदान जनपद में 20 मई 2024 को होगा उस समय भीषण गर्मी होगी इसके लिए सभी मतदान केंद्रों पर पर्याप्त छाया व पीने का पानी आदि की बेहतर व्यवस्था की जाए जिससे मतदाता को गर्मी के प्रकोप से बचाते हुए अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा सके। बैठक में उन्होंने सभी एसडीएम व बीडीओ को निर्देश दिए कि स्थानीय स्तर पर तैनात आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों आशा शिक्षा मित्र शिक्षक पंचायत के कर्मचारी क्षेत्रीय लेखपाल आदि की बुलावा टोली प्रत्येक बूथ स्तर पर गठित की जाए जो मतदान से पूर्व मतदाताओं को जागरूक करें और मतदान के दिन मतदाताओं को घरों से निकलकर मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करें बुलावा टोली को स्लोगन लिखी टोपियां व टी शर्ट दी जाएं। स्थानीय कोटेदार के माध्यम से भी शत प्रतिशत मतदान करने के लिए घर-घर पैगाम दिया जाए यह पैगाम मात्र मतदान के लिए हो निष्पक्षता बनाए रखना हमारा प्रथम कर्तव्य है ऐसे कोटेदार या व्यक्ति को इस कार्य में ना लगाया जाए जिसकी कार्य के प्रति निष्पक्षता पर संदेह हो जब तक विद्यालय खुले हैं बच्चों के माध्यम से जो इस समाज और देश का भविष्य है उनके अभिभावकों को जागरूक किया जाए। स्काउट के बच्चों को लगाया जाए जो मतदान केंद्रों पर ड्रेस में तैनात रहकर बुजुर्गों और दिव्यांगों का सहारा बने 18 वर्ष से कम उम्र के एनसीसी के बच्चों का भी सहयोग लिया जाए।

## एडीएम ने की बैठक

**अमेठी।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के गेहूं के बड़े स्टाक होल्डर्स ट्रेडर्स एवं प्रोसेसर्स के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने कहा कि एमएसपी से कम मूल्य (रू0 2275) पर किसानों से खरीद ना किया जाए भारत सरकार के पोर्टल https://evegoils. nic.in/WSP/login पर निर्धारित गेहूं के स्टॉक का अंकन कराया जाए समस्त व्यापारी प्राप्त आईडी पासवर्ड से गेहूं के स्टाक की सूचना प्रतिदिन संबंधित वेबसाइट पर अपडेट करेंगे किसी भी परिस्थितियों में अवैध संचरण न हो यदि कोई भी व्यापारी अवैध संचरण में लिप्त एवं भारत सरकार द्वारा निर्धारित स्टॉक की मात्रा से अधिक भंडारण करता पाया गया तो नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। पोर्टल पर स्टॉक अंकन करने में कोई समस्या आने पर संबंधित मंडी समिति कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है। बैठक में उन्होंने सभी व्यापारियों से गेहूं खरीद वर्ष 2024-25 में जनपद में राजकीय क्रय केंद्रों पर गेहूं खरीद कराने में सहयोग प्रदान करने का अनुरोध किया।

# हज़रत अली की शहादत की याद में निकला मातमी जुलूस

अवधनामा संवाददाता

**19 से 21 रमज़ान तक चलेगा शोक मनाने का सिलसिला**

**गोरखपुर।** पैगम्बर मोहम्मद साहब के दामाद और इमाम हसन और इमाम हुसैन के पिता इस्लाम के चौथे खलीफा इमाम अली को 19 रमज़ान की सुबह नमाज़ की हालत में इराक स्थित मस्जिद ए कूफ़ा में अब्दुर्रहमान इब्ने मुलजिम ने जहर से बुझी तलवार से सर पर प्रहार करके घायल कर दिया था। पैगम्बर मोहम्मद साहब के बाद से इस्लाम में खिलाफत को लेकर जो खींचातानी शुरू हुई वो कर्बला में यज़ीद इब्ने मुआविया द्वारा इमाम हुसैन और उनके 71 साथियों की शहादत तक जारी रहा।

वही यज़ीद के पिता मुआविया इब्ने अनुसूफियान के दौर में मस्जिद के अंदर खुद मुसलमानों के चौथे खलीफा हज़रत अली का क़त्ल हुआ। हमला खुद को मुसलमान कहने वाले आतंकी द्वारा किया गया । यह पहला हमला था। इस जानलेवा हमले में घायल इमाम अली 21 रमज़ान को शहीद हो गए। हज़रत अली की शहादत के बाद उनके पुत्र इमाम हसन इस्लाम के खलीफा बने जिनका कार्यकाल सिर्फ 6 महीने का रहा क्योंकि इन्होंने मुसलमानों के दो गिरोह के बीच जंग रोकने के लिए सुलह का रास्ता चुना।

पहला गिरोह स्वंय इमाम हसन का और दूसरा मुआविया इब्ने अबसूफियान का था। इमाम हसन से सुलह के बाद खिलाफत मुआविया इब्ने अबसूफियान के हिस्से में चली गई। इमाम अली की शहादत का ग़म पूरे आलम ए इस्लाम में मनाया जाता है। शिया समुदाय के लोग 19 से लेकर 21 रमज़ान तक शहादत का ग़म मनाते हैं। इमाम अली की शहादत की याद में 19 रमज़ान को शिया जामा मस्जिद से इफ्तार बाद पहला ताबूत निकला जो मदरसा चौराहे से होता हुआ बसंतपुर मरहूम आग़ा मुख़्तार हुसैन साहब के आवास पर खत्म हुआ। जुलूस के बाद मजलिस हुई जिसमें इमाम अली की शहादत का ज़िक्र किया गया। इसके अलावा 20 रमज़ान को शब में 8:00 बजे मियां बाज़ार, पूरब फाटक मरहूम हैदर रज़ा साहब के आवास से बाद मजलिस ताबूत उठकर कोतवाली रोड, नखास चौक, रेती होते हुए इमामबाड़ा रानी अशरफुन्निशा खानम पर जाएगा। वहीं 21 रमज़ान को शिया जामा मस्जिद में इफ्तार के बाद मरहूम आग़ा मुज़फ्फर हुसैन साहब के बसंतपुर आवास से बाद नज़्रे मौला के बाद मजलिस होगी और ताबूत हज़रत अली अलैहिस्सलाम उठकर नकी रोड, घंटाघर, उर्दू बाजार, रेती होते हुए इमामबाड़ा रानी अशरफुन्निशा खानम पर खत्म होगा। यह जानकारी एजाज़ रिज़वी एडवोकेट ने दी।

## पार्वती नेशनल एकेडमी कालेसर में दंत शिविर




**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** पिपरौली क्षेत्र के पार्वती नेशनल एकेडमी कालेसर में मिशन पायरिया मुक्त अभियान के अंतर्गत एक निशुल्क मुंह एवं दांत जांच शिविर का आयोजन शनिवार किया गया। इस दौरान विद्यालय में पढ़ने वाले 700 छात्र-छात्राओं की मुंह एवं दांत की जांच की गई। छात्र छात्राओं के मुंह एवं दांत की जांच ओरल डेंटल के विशेषज्ञ दंत चिकित्सक डा.आशीष प्रताप मल्ल एवं डा.अर्चना मल्ल एवं डॉ. ए के सिंह ने की। जांच के दौरान छात्राओं को मुंह एवं दांतों के देखभाल एवं रोगों से बचाव के लिए उचित परामर्श दिया गया। चिकित्सकों की टीम ने छात्राओं को मुंह एवं दांत में होने वाली बिमारियों एवं इसके रोकथाम के बारे में विस्तार से बताया गया। मुंह एवं दांत में किसी प्रकार का कोई लक्षण दिखाई दे तो तत्काल समय रहते चिकित्सकों से उचित परामर्श लेनी चाहिए अन्यथा किसी गंभीर बिमारी का रूप ले लेती है। इससे पूर्व नि-शुल्क मुंह एवं दांत जांच शिविर का उद्घाटन विद्यालय के निदेशक आलोक रंजन सिंह ने किया। इस दौरान स्कूल की प्रधानाचार्या सरिता शर्मा, के के शर्मा, के एल शर्मा, मनोज सिंह, शिवम श्रीवास्तव (इंडिगो मेडिकल रेमेडीज लि0), नितिन कुमार, संदीप कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## रैली निकाल दिया मतदान करने का संदेश




**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सरस्वती देवी इंटर कालेज के स्कूली बच्चों ने शपथ ली कि वो मतदान के लिए अपने परिजनों सहित आस-पडौस और गांव के लोगों को जागरूक करेंगे, जिससे मतदाता प्रतिशत में बढोतरी हो सकेगी। साथ ही स्कूली बच्चों ने जागरुकता रैली निकाल दिया मतदान करने का संदेश। क्षेत्र के सरस्वती देवी इंटर कालेज बच्चों नेआगामी लोकसभा चुनाव के लिए मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान उन्होंने मतदान जागरुकता रैली निकाली और तख्तियों पर लिखे संदेश और नारों से आमजन को मतदान करने के प्रति जागरूक किया। रैली का शुभारम्भ प्रधानाचार्य अखिलेश सिंह ने झण्डी दिखाकर किया।रैली कस्बें के मुख्य बाजारों और मार्गो से होती हुई रैली वापिस विद्यालय पहुंची। जहां स्कूली बच्चों ने मानव श्रृंखला बना कर वोट का सिम्बल बनाया तथा साथ ही मतदान जागरुकता के पोस्टर भी बनाए। स्कूली बच्चों ने शपथ ली कि वो मतदान के लिए अपने परिजनों सहित आस-पडौस और गांव के लोगों को जागरूक करेंगे, जिससे मतदाता प्रतिशत में बढोतरी हो सकेगी। इस मौके पर रमाकांत सिंह, दयाराम, शहाबुद्दीन, रामेश्वर सिंह, अभय तिवारी, जुबेर अख्तर, राधा, सुषमा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# देश को महान बनाने के लिए संस्कारित शिक्षा जरूरी है : प्रदीप शुक्ला

अवधनामा संवाददाता




**गोरखपुर।** शिक्षा के साथ यदि बच्चों में संस्कार दिए जाएं तो निश्चित रूप से देश तरक्की करेगा। संस्कारित शिक्षक, डॉक्टर, इंजीनियर या अन्य पदेन अपने देश को आगे ले जाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा देश को महान बनाना है तो संस्कारित शिक्षा देना जरूरी है।

उक्त बातें सहजनवा विधायक प्रदीप शुक्ला ने कही। वह विकासखंड पाली के संस्कार एकेडमी में शुक्रवार की शाम वार्षिक महोत्सव के बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे । उन्होंने कहा कि केंद्र तथा प्रदेश की सरकार बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कारित बनाने के दिशा में तेजी से काम कर रही है। भय मुक्त और भ्रष्टाचार मुक्त शासन प्रदान करना सरकार की प्रथमिकता है। सभा का संचालन कर रहे विद्यालय के प्रबंधक बाबू सत्येंद्र सिंह एवं अधिवक्ता कौशल सिंह ने कहा कि- क्षेत्र के बच्चों को संस्कारित शिक्षा प्रदान करना विद्यालय का मुख्य लक्ष्य है। उसी दिशा में सतत कार्य किया जा रहा है।

किसी देश की प्रगति शिक्षा के बगैर नहीं हो सकती है। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र के समीप दीप प्रज्वलित कर सुंदर भजन गीत से किया गया। विद्यालय के बच्चों ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सब का मन मोह लिया। बच्चों द्वारा जब वीरांगना लक्ष्मीबाई की वीर गाथा काल का मंच पर चरित्र-चित्रण किया गया, तो सबका हृदय उत्साह और करूणा से भर गया। उक्त अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक सत्येंद्र सिंह के अलावा वरिष्ठ अधिवक्ता कौशल सिंह, शंकर सिंह, प्रदीप सिंह, राजेश कुमार गुप्ता, ध्रुव चंद्र गौड़, देवी प्रसाद गुप्ता, बबलू गुप्ता, पूर्व प्रधान राजेंद्र गुप्ता, लाल बहादुर यादव, अध्यापक- मिथिलेश, प्रिया पांडेय, दीपक कुमार ,दुर्गेश समेतत कई लोग मौजूद थे।

## मिट्टी की ढुलाई में लगे ट्रैक्टर पकड़े

**उरई (जालौन)।** नगर में मिट्टी का अवैध कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। अवैध रूप से मिट्टी लादकर ले जा रहे तीन ट्रैक्टरों को रोककर जब एसडीएम ने उनके कागजात मांगे तो एक ट्रैक्टर चालक के पास कागजात निकले जबकि दो बिना कागजात मिट्टी ढोते हुए मिले। जिसके बाद खनन विभाग को सूचना देकर दोनों ट्रैक्टरों को कोतवाली में खड़ा कराया गया। नगर में काफी समय से मिट्टी खनन का अवैध कारोबार चल रहा है। नगर में दिन हो या रात लगातार मिट्टी लदे हुए ट्रैक्टर फर्राटा भरते हुए देखे जा सकते हैं। मिट्टी की अवैध कारोबार की जानकारी होने पर एसडीएम अतुल कुमार ने कोतवाली के पास चैकिंग अभियान चलाया। चैकिंग के दौरान कोंच चौराहे की ओर से मिट्टी लादकर आ रहे तीन ट्रैक्टरों को देखा। जब ट्रैक्टरों को रोककर उनसे कागजात आदि के बारे में जानकारी ली। तो एक ट्रैक्टर चालक ने तो कागजात दिखा दिए। जबकि दो ट्रैक्टरों के चालक बिना कोई कागजात लिए ही मिट्टी की ढुलाई करते हुए मिले।

# जाम में फंसकर कराहते रहे राहगीर

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** स्थानीय प्रशासन और नगर पंचायत की उदासीन कार्यप्रणाली के कारण नगर एक लंबे समय से अतिक्रमण की चपेट में है। अतिक्रमणकारियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि सड़क की पटरियां गायब हो चुकी है उन पर बाजार लगी है।सड़के सकरी हो गई हैं लिहाजा आए दिन जाम में फंस कर राहगीर कराह रहे हैं। ककवा रोड पर ओवर ब्रिज निर्माण के दौरान टूटे कई मकानों के मलबे और निर्माण सामग्री आज भी सड़क के किनारे जमा है। स्थानीय नगर पंचायत में एक लंबे समय से अतिक्रमण विरोधी अभियान नहीं चला है जिसके कारण गांधी चौक सगरा तिराहा अंबेडकर तिराहा राजर्षि तिराहा पोस्ट ऑफिस के सामने और तहसील के सामने जाम की समस्या विकराल हो चुकी है।स्कूल आने जाने वाले बच्चे जाम में फंसकर प्रायः कराहते रहते हैं। वहीं राहगीर भी नगर अमेठी के जाम की चुनौती से परेशान है विभिन्न तिराहों और चौराहों पर सुरक्षा बल तैनात जरूर रहता है लेकिन जाम से निपटने में वह नाकाम साबित होते हैं। नगर पंचायत अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाने की पहल नहीं कर रही है जिसे लेकर जाम की समस्या से ग्रस्त लोग चिंतित नजर आ रहे हैं और स्थानीय प्रशासन की कार्य प्रणाली पर सवाल उठा रहे हैं। शनिवार को नगर के विभिन्न मार्गो पर जाम का आलम दिखाई पड़ा। चौक पर कोतवाली के निकट ही एक स्कूल बस काफी देर तक जाम में फंसी रही। जाम में फंस कर राहगीर और वाहन रेंगते हुए नजर आए।



## स्वास्थ्य शिविर में 400 मरीजों के स्वास्थ्य का हुआ निःशुल्क परीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** सुकरौली विकास खण्ड क्षेत्र के ग्राम पिपरा के ग्राम प्रधान के सौजन्य से दो दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह स्वास्थ्य शिविर शुक्रवार से प्रारंभ होकर शनिवार को समाप्त हो गया। जिसमें कुल चार सौ से अधिक मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवा दिया गया।

ग्राम प्रधान अरविन्द कुमार यादव ने बताया कि इस स्वास्थ्य शिविर में करीब चार सौ लोगों की जांच कर उन्हें दवाएं दी गई। जिसमें 200 लोगों के आंखों की जांच 50 लोगों का एक्स-रे 10 लोगों का ईसीजी 200 लोगों का अन्य बिमारियों की जांच कर आवश्यक दवाईयां दी गई। इस दो दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ ग्राम प्रधान पिपरा अरविन्द यादव ने किया। शिविर में 7 डॉक्टरों की टीम ने ग्राम वासियों का इलाज किया। शिविर के पहले दिन लगभग 200 से अधिक मरीजों का स्वास्थ्य प्रशिक्षण हुआ है।

इस दौरान पैथालॉजिस्ट डॉ शाहजहा अली गाजी डॉ हार्दिक ग्लानि डॉ मिलन बेरा रेडियोलॉजिस्ट ईसीजी एक्स-रे कैम्प कोआर्डिनेटर नवीन गर्ग सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे।

## प्रीलिटिगेशन स्तर पर वैवाहिक विवादों के समाधान विषय पर जागरुकता शिविर



अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रविकांत यादव ने बताया कि उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुशीनगर के तत्वाधान में प्रीलिटिगेशन स्तर पर वैवाहिक विवादों के समाधान विषय पर जागरूकता शिविर का आयोजन जंगल खिरकिया देवी मन्दिर परिसर, जंगल खिरकिया स्थान, पडरौना, कुशीनगर में किया गया। शिविर का संचालन हरिशंकर सिंह राजस्व निरीक्षक द्वारा किया गया। इस शिविर में नायब तहसीलदार विशाल दत्त राम त्रिपाठी द्वारा प्रीलिटिगेशन स्तर पर वैवाहिक विवादों के समाधान के बारे में जानकारी दी गई। इनके द्वारा बताया गया कि सुलह-समझौते के आधार पर आप वैवाहिक विवादों को हल कर सकते हैं। शिविर में रवि कान्त यादव, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुशीनगर द्वारा अपने सम्बोधन में उपस्थित क्षेत्रवासियों को जागरुक करते हुए बताया गया कि छोटी-छोटी बातों को लेकर अक्सर पति-पत्नी में विवाद हो जाता है, जिसके कारण मुकदमें दर्ज हो जाते हैं। इन्हीं विवादों को प्रीलिटिगेशन स्तर पर सुलह-समझौता के आधार पर हल किया जा सकता है। इस अवसर पर अविनाश प्रताप राव क्षेत्रीय लेखपाल, राजकुमार यादव ग्राम प्रधान अमवा जंगल, नागेन्द्र क्षेत्र पंचायत सदस्य तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुशीनगर के कर्मचारीगण राजकुमार वर्मा, विजय कुमार मिश्र, मारकण्डेय यादव आदि सहित काफी संख्या में क्षेत्र के महिला एवं पुरुष उपस्थित रहे।

## पीसीफ, पीसीयू व नैफैट को दिए दिशा निर्देश

**उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में 02 अप्रैल से दलहन व तिलहन की खरीदारी शुरू होगी, इसके लिए जनपद में पांच क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं, पीसीफ के उरई कालपी मंडी, पीसीयू के दो केंद्र उरई मंडी व नैफैट के एक केंद्र जालौन मंडी में बनाए गए हैं। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि क्रय केन्द्रों पर चना 5440 रुपए, मसूर 6425 रुपए व सरसों 5650 रुपए प्रति कुन्तल निर्धारित हैं। किसानों को इन फसलों का उचित मूल्य दिलाने हेतु उन्हें क्रय केंद्र पर बेचने हेतु प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि अभी से ही किसानों से संपर्क कर प्रोत्साहित करें जिससे किसानों को उचित मुनाफा मिल सके। उन्होंने कहा कि 02 अप्रैल को समस्त क्रय केन्द्रों का स्वंय के द्वारा व आदि अधिकारियों द्वारा उद्धघाटन संबंधित क्रय केंद्र द्वारा कराया जाए। उन्होंने कहा कि यह भी सुनिश्चित्र है कि बिचौलिया सक्रिय न होने पाए, किसानों की फसल सीधे ली जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बरती गई तो सम्बंधित अधिकारी जिम्मेदार होंगे।

## महायोगी गोरखनाथ विवि में पहली अप्रैल से शुरू होगा विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश



अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के क्षेत्र में सुदृढ़ पहचान बनाने वाले महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, आरोग्यधाम में पहली अप्रैल से विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू होगी। यह जानकारी महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में प्रवेश समिति के समन्वयक प्रो. सुनील कुमार सिंह ने दी है। विश्वविद्यालय में संचालित विविध पाठ्यक्रमों की जानकारी देते हुए प्रो. सिंह ने बताया कि महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय चिकित्सा एवं शिक्षा के क्षेत्र में पूर्वांचल का विशिष्ठ संस्थान है। यहां अप्रैल माह से प्रवेश संबंधित प्रक्रिया प्रारंभ हो जाएगी। यहां प्रमुख रूप से संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय से बीएससी (ऑनर्स/ शोध) बायोटेक्नोलॉजी, बायोकेमिस्ट्री, माइक्रोबायोलॉजी, मेडिकल बायोकेमिस्ट्री, मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी के साथ एमएससी में बायोटेक्नोलॉजी, मेडिकल बायोकेमिस्ट्री, मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी, बायोकेमिस्ट्री, माइक्रोबायोलॉजी के कोर्स संचालित हैं। कृषि विभाग में चार वर्षीय बीएससी ऑनर्स, फार्मास्यूटिकल विज्ञान संकाय से डी फार्मा, बी फार्मा, बी फार्मा लेटरल प्रवेश लिया जा रहा है। नर्सिंग एंव पैरामेडिकल विभाग द्वारा नर्सिंग के क्षेत्र में एएनएम, जीएनएम, बेसिक बीएससी नर्सिंग, पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग, और एमएससी नर्सिंग के विषय संचालित किया जा रहा है। इसके साथ ही पैरामेडिकल विभाग में लैब टेक्नीशियन में डिप्लोमा, ऑप्टोमेट्री, एनेस्थीसिया एवम क्रिटिकल केयर टेक्नीशियन, ऑर्थोपेडिक एंड प्लास्टर टेक्नीशियन, इमरजेंसी एंड ट्रामाकेयर टेक्नीशियन, और डिप्लोमा इन डायलिसिस टेक्नीशियन आदि विषयों में कॉमन एंट्रेंस टेस्ट ( सेट) के द्वारा प्रवेश लिया जायेगा। उन्होंने बताया कि विषय एवं प्रवेश प्रक्रिया संबंधित जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://mgug.ac.in/ पर ऑनलाइन उपलब्ध है। इच्छुक छात्र admissions@mgug.ac.in पर भी जानकारी ले सकते हैं। साथ ही प्रवेश लेने वाले अभ्यर्थी को प्रवेश संबंधित कोई असुविधा न हो, इसके लिए हेल्पलाइन नंबर 9559991801 पर भी कार्यदिवस में संपर्क किया जा सकता है।

# इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अखिलेश प्रताप सिंह के स्वागत कार्यक्रम में कांग्रेसियों ने दिखाई ताकत

अवधनामा संवाददाता




**भाजपा के झूठ से देश की आम जनता हो गई है परेशान : अखिलेश प्रताप**

**देवरिया।** देवरिया संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी बनने के बाद पहली बार बृहस्पतिवार को जिला कांग्रेस कार्यालय पहुंचने पर कांग्रेस व इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष रामजी गिरि के नेतृत्व में स्वागत सभा कार्यक्रम का आयोजन कर गाजे बाजे के साथ फूल मालाओं से लादकर भारी भीड़ के साथ जोरदार स्वागत कर अपने ताकत का एहसास कराया।

इस दौरान सम्बोधित करते हुए अखिलेश प्रताप सिंह ने कहा कि भाजपा के झूठ से देश की आम जनता परेशान हो गई है। देवरिया संसदीय क्षेत्र के लोगों को केवल कोरा आश्वासन दिया गया। इस क्षेत्र की चीनी मिलों का चलाने का वादा भी पूरा नहीं हो सका। रिंग रोड बनने का काम अब तक शुरू नही हो सका।क्षेत्र की अधिकांश सड़के जर्जर हो गई हैं। सरकारी अस्पताल केवल रेफरल अस्पताल बन कर रह गए हैं इनमें बुनियादी सुविधाओं का अभाव है।अगर आप सभी का आशीर्वाद प्राप्त हुआ तो देवरिया जिले व संसदीय क्षेत्र में विकास का नया कीर्तिमान स्थापित करूंगा। जिलाध्यक्ष रामजी गिरि ने कहा कि विकास पुरुष अखिलेश प्रताप सिंह ने क्षेत्र में विधायक रहते हुए बेहतर सड़को व पुल का जाल बिछाकर साबित कर दिया कि इस बार इसी मिट्टी का बेटा आपका आशीर्वाद प्राप्त करेगा। गोरखपुर से देवरिया होते हुए सलेमपुर का फोरलेन सड़क इनके प्रयास से ही स्वीकृति हुआ जो अब बनकर तैयार हो गया है।भाजपा ने केवल देश के बेरोजगार ,नौजवान किसान,छोटे व मध्यम व्यापारियों को धोखा देने का काम किया है। कार्यक्रम को पुर्व जिलाध्यक्ष सुयश मणि त्रिपाठी, बिस्मिल्लाह मुन्ना लारी,राघवेंद्र सिंह राकेश,धर्मेन्द्र सिंह, शहला अहरारी, पुरुषोत्तम नारायण सिंह, आनंद श्रीवास्तव, दीनानाथ भारती, आनन्द देव गिरि चुन्नु, जयदीप त्रिपाठी, वरुण राय, शाकिर हुसैन, जुलेखा खातून, डॉ धर्मेन्द पांडेय, दीनदयाल यादव, आलोक त्रिपाठी राजन, नीलेश त्रिपाठी, सुनील द्विवेदी, नौशाद रजा, नागेन्द्र शुक्ल, गोविंद मिश्र, बदरे आलम,आसमा खातून, उपेन्द्र कुमार, अशोक गौंड, नौशाद खान एपी,भरत मणि त्रिपाठी, मानवेंद्र तिवारी, जेपी यादव, सत्यम पांडेय, धनंजय पांडेय, सुहैल अंसारी, कैलाश तिवारी, बृजेश सिंह, प्रेमलाल भारती, अवधेश यादव, दीपू सिंह, धर्मबीर भारती, विवेक मिश्र, ऋषभ शुक्ल, अंकुर भारती, हरिश्चंद्र सिंह, सोहन मिश्र, पन्नालाल पाठक आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# देवरिया में गैस सिलेंडर ब्लास्ट में मां समेत तीन बच्चों की मौत



अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** देवरिया में गैस सिलेंडर ब्लास्ट में 4 लोगों की मौत हो गई। भलुअनी कस्बे के पास डुमरी गांव में शनिवार सुबह करीब छह बजे गैस सिलेंडर फटने से महिला समेत तीन बच्चों की मृत्यु हो गई है। धमाका इतना तेज था कि कमरे की छत और दीवार भी क्षतिग्रस्त हो गई। जिस समय हादास हुआ उश समय महिला अपने पति के लिए चाय बनाने गई थी। पति कमरे के बाहर था, जिसकी वजह से वह बच गया। डुमरी गांव के रहने वाले शिव शंकर गुप्ता की 35 वर्षीय पत्नी आरती देवी ने शनिवार सुबह सोकर उठने के बाद चूल्हे पर चाय का पैन रखा और जैसे ही गैस जलाया रेगुलेटर में आग लग गई। उसने शोर मचाया, लेकिन तभी सिलेंडर में विस्फोट हो गया। आग इतनी भयानक थी कि घर के दूसरे कमरे तक पहुंच गई, जिससे कमरे में सो रही 14 वर्षीय आंचल, 12 साल का कुंदन और 11 वर्षीय सृष्टि आग की चपेट में आ गए। मौके पर आई फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया। वहीं, पत्नी और तीन बच्चों के एक झटके में मौत से शिवशंकर बेसुध हो गया है।

# दिव्यांग मतदाताओं ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

- डीएम ने दिलायी मतदाता शपथ तथा रैली को किया रवाना

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 में शत प्रतिशत मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित कराये जाने के दृष्टिगत सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्र म (स्वीप) अन्तर्गत विशेषकर नवीन एवं युवा मतदाताओं को लोक सभा सामान्य निर्वाचन के मतदान प्रकिया में शत प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित कराये जाने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी ने मुख्य विकास अधिकारी/ नोडल अधिकारी (स्वीप) रम्या आर, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी वी.पी. सत्यार्थी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अव्यक्तराम तिवारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी राजन कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह व अन्य के साथ कलेक्ट्रेट परिसर से दिव्यांग मतदाताओं मतदाता शपथ दिलाने के उपरान्त रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। दिव्यांगजनों की मतदाता जागरूकता रैली कलेक्ट्रेट परिसर से डीएम तिराहा, पानी टंकी चौराहा होते हुए इन्दिरा गॉधी स्पोर्टस स्टेडियम में पहुंचकर सम्पन्न हुई। इस अवसर पर नोडल सरयू नहर परियोजना दिनेश कुमार, अधि. अभि. विद्युत बहराइच शैलेन्द्र कुमार सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# मेधावी सम्मान समारोह एवं परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** सरस्वती विद्या मन्दिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ज्ञान कुंज विवेकानंद नगर सुल्तानपुर में मेधावी छात्र सम्मान समारोह एवं परीक्षाफल वितरण कार्यक्र म सम्पन्न हुआ। परीक्षा परिणाम घोषित करते हुए विद्यालय के यशस्वी प्रधानाचार्य श्रीमान् राकेश मणि त्रिपाठी जी ने अतिथियों का परिचय प्राप्त किया, तथा परीक्षाफल का सम्पूर्ण वृत्त प्रस्तुत करके हुए भविष्य की कार्ययोजना पर प्रकाश डाला उन्होंने कहा कि विद्यालय स्तर पर कक्षा ससम क के छात्र भैया दिव्यांशु पाण्डेय ने 99.1 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम , कक्षा नवम ज की बहन पल्लवी मौर्या ने 98.7 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा 96.5प्रतिशत अंक प्राप्त कर 11 क के भैया प्रखर पाण्डेय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय का परीक्षाफल उत्साहवर्धक रहा है। कक्षा 6,7,8,9और 11में कुल 2590 छात्रों में से 2581छात्र विद्यालय की वार्षिक परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिसमें से 2463परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं।जबकि 87 छात्र कम्पार्टमेन्ट परीक्षा में प्रतिभाग करेंगे। उन्होंने बताया कि आगामी शैक्षिक सत्र में सुधारात्मक उपायों के माध्यम से छात्रों को कोरोनाकाल की त्रासदी के कुप्रभाव से मुक्त कराने की दिशा में हम सकारात्मक कदम उठाने जा रहे हैं। भविष्य में शत प्रतिशत परीक्षाफल हमारी प्राथमिकता है। समारोह को सम्बोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि विभाग प्रचारक आदरणीय श्री प्रकाश जी ने परीक्षा में सम्मिलित सभी छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छात्र अपनी मेधा को सशक्त बनाएं। ये भैया बहनें ही राष्ट्र के भविष्य और विकास के मेरुदण्ड हैं। मंच पर उपस्थित आमंत्रित अतिथि जनों ने मेधावी भैया बहनों और उनके माता-पिता को पुरस्कृत किया ।मुख्य अतिथि कमला नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी सुल्तानपुर के डायरेक्टर डॉ राजीव कुमार उपाध्याय जी ने मेधावी छात्रों को पुरस्कृत करते हुए कहा कि जो छात्र किसी भी कारणवश पुरस्कार से वंचित रह गए हैं, भविष्य में वे भी सम्मान पाने के हकदार होंगे। पुरस्कार पूर्व में हमारे द्वारा किए गए परिश्रम का ही प्रतिफल होता है। कार्यक्र म की अध्यक्षता जनपद के लब्धप्रतिष्ठ शल्य चिकित्सक एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक सेवक संघ के विभाग संघ चालक डॉ ए के सिंह जी ने की। तथा संचालन हिन्दी विभागाध्यक्ष श्रीमान् रवीन्द्र तिवारी एवं अंग्रेजी विभाग की वरिष्ठ आचार्या श्रीमती सरिता त्रिपाठी जी ने किया। परीक्षा विभाग की तरफ से वरिष्ठ आचार्या श्रीमती रंजना पाण्डेय द्वारा आगन्तुक अतिथियों का आभार ज्ञापन किया गया। समारोह में बतौर अतिथि विद्यालय प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष डॉ वी के झा,सदस्य, आलोक कुमार आर्य , शैलेन्द्र चतुर्वेदी जी , उप प्रधानाचार्य सभाजीत वर्मा, आचार्य अनिल कुमार पाण्डेय, राजनारायण शर्मा, गिरीश पाण्डेय, विवेकानंद यादव शशी द्विवेदी, श्रद्धा सिंह आदि उपस्थित रहे।

# छात्राओं को दिलाई गई मतदाता जागरूकता की शपथ



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** राजकीय बालिका इंटर कालेज में छात्राओं को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई। साथ ही विद्यालय की प्रधानाचार्या पूनम मलिक ने छात्राओं को मतदान के प्रति बच्चों को जानकारी दी तथा अपने अपने माता पिता बड़े भाई बहनों को मतदान करने का आस पास के लोगो को मतदान के प्रति जागरूक करना सिखाया। रितु गुप्ता ने मतदान से जुड़े पहले पर नजर डालते हुए बच्चों को सुझाव दिये व मतदान के नामांकन के 10 दिन पूर्व तक वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाना व अपने अपने नाम वोटर लिस्ट में देख ले ताकि मतदान के समय परेशान न होना पड़े। इस मौके पर पूनम मलिक, अर्पिता जैन, शिखा कौशल, मनीष वर्मा, प्रियंका गौरव, गायत्री रैकवार, रितु गुप्ता,शिवानी सक्सेना, पारुल जैन, सावित्री पटेल, नूपुर श्रीवास्तव, मायंका कुमारी, अनिता कुमारी, शशि दुबे, शाहनवाज, श्रुति यादव, अनुराधा, सुनैना पंथ, सविता भोंडले, खुशबू फलक, आशीष तिवारी, अंजलि पुरोहित, संजय, नेहा परिहार, राधा निगम, सीमा वर्मा, रानी योगी, स्वाति श्रीवास, रितु मिश्रा, रमा गोस्वामी, कदंबिनी तिवारी, अंजुम खान, नीलू जैन,सुरभि राजा, साहिबा, कीर्ति, आरती खरे, रश्मी, कविता राजपूत, आयशा, अंजना, पूजा श्रीवास, रुकसाना के अलावा अभिभावक संघ जिलाध्यक्ष रहीश खान, धरनीधर द्विवेदी, रानू बरया, इरशाद खान, लल्लूराम गुप्ता, रवि पंथ आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा की कामकाजी बैठक में कार्यकर्ताओं को दिये चुनावी टिप्स




अवधनामा संवाददाता

- सांसद के समक्ष अनेकों लोगों ने ग्रहण की भाजपा की सदस्यता

**ललितपुर।** भाजपा की कामकाजी बैठक कार्यालय पर जिलाध्यक्ष राजकुमार जैन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। संचालन क्षेत्रीय सदस्य धर्मेन्द्र गोस्वामी ने किया। मुख्य अतिथि सांसद अनुराग शर्मा एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व एम.एल.सी.श्याम सुंदर उपस्थित रहे। सांसद ने कार्यकर्ताओं को चुनावी टिप्स दिये। वहीं अल्पसंख्यक समाज के दर्जनों लोगों ने पार्टी की सदस्यता ली। विधायक रामरतन कुशवाहा ने कहा कि हम सब कार्यकर्ता पार्टी की माला के एक एक पुष्प हैं और हर पुष्प का अपना एक महत्व है। पुष्प जब संघर्ष करेंगे तो माला ताकतवर और सुन्दर होगी। राज्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि इस समय सब लोग भाजपा में शामिल हो रहे हैं। हमारे पूर्व एम एल सी श्याम सुंदर सिंह यादव आ गये हैं। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री तेईस साल से सरकार चला रहे हैं तेरह साल वे गुजरात के मुख्यमंत्री रहे और दस साल से देश के प्रधानमंत्री हैं। वे बड़े से बड़े संकटों से देश को उवारने में सफल रहे। जिलाध्यक्ष ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान अनेकों भाजपा नेता मौजूद रहे।

# प्रज्ञा एकेडमी में हवन यज्ञ के साथ नए शैक्षणिक सत्र की हुई शुरुआत

- डायरेक्टर आशीष अग्रहरि बोले, बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार भी उपयोगी

अवधनामा संवाददाता



**कुड़वार,सुल्तानपुर।** गुरुवार को कस्बा स्थित प्रज्ञा एकेडमी नर्सरी स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत हुई। नए सत्र के शुभारंभ पर स्कूल में अध्यापक व बच्चों ने मिलकर हवन यज्ञ किया। संचालक आशीष अग्रहरि,प्रिंसिपल एस एन उपाध्याय व सभी टीचर्स ने स्कूल के सभी बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए मां गायत्री से प्रार्थना की।

गुरुवार को कुड़वार कस्बा के प्रज्ञा एकेडमी नर्सरी स्कूल में नया शैक्षणिक सत्र 2024-25 के शुभारंभ पर कार्यक्र म आयोजित हुआ। विद्यालय के प्रबंधक दयाराम अग्रहरि जौहरी, संचालक आशीष अग्रहरि, प्रिंसिपल एस एन उपाध्याय व सभी उपस्थित बच्चों,शिक्षक शिक्षिकाओं ने हवन यज्ञ में आहूति डाली। सभी बच्चों के माथे पर तिलक लगाकर उनका स्वागत किया गया। *प्रबंधक दयाराम अग्रहरि जौहरी* ने कहा कि विद्यालय का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापरक और संस्कारवान शिक्षा प्रदान करना है। विद्यालय के प्रिंसिपल एस एन उपाध्याय ने सभी बच्चों को नए सत्र में सफलता की नई ऊंचाईयों को छूने के लिए आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी हमारे *प्रज्ञा एकेडमी नर्सरी स्कूल* के सभी छात्र छात्राएं उत्तम शिक्षा नीति के साथ अपने भविष्य को उज्जवल बनायेंगें। इस यज्ञ हवन अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार तेज बहादुर सिंह,विद्यालय संचालक आशीष अग्रहरि,सभी टीचर्स व सभी स्टाफ आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### ईवीएम वेयर हाउस का डीएम ने किया त्रैमासिक निरीक्षण



**बहराइच।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, प्रभारी इवीएम अधिशासी अभियंता जल निगम कमला शंकर व अन्य अधिकारियों भाजपा के सुनील श्रीवास्तव, सपा के जफरुल्लाह खां बंटी व सईद अहमद, कांग्रेस के गोपीनाथ, अपना दल से गिरीश पटेल, बसपा के अशर्फी लाल गौतम व अन्य के साथ इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण कर ईवीएम की सुरक्षा इत्यादि का जायजा लिया। इस अवसर पर डीएम ने सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शिखा श्रीवास्तव को निर्देश दिया कि गर्मी के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए जिला निर्वाचन कार्यालय में शीतल पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं।

### मतदान दिवसो पर जनपद में रहेगा सार्वजनिक अवकाश

**बहराइच।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु घोषित किये गये कार्यक्रम के अनुसार 56-बहराइच (अ.जा.) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में समाहित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों बलहा, नानपारा, मटेरा, महसी व बहराइच में चतुर्थ चरण हेतु 13 मई 2024 तथा 57-कैसरगंज (आंशिक) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र अन्तर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों पयागपुर व कैसरगंज में पंचम चरण हेतु 20 मई 2024 को मतदान सम्पन्न होगा। यह जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि चतुर्थ चरण के मतदान दिवस 13 मई व पंचम चरण के मतदान दिवस 20 मई 2024 को जनपद में निगोशिएबुल इन्स्ट्रूमेन्ट एक्ट के तहत सार्वजनिक अवकाश रहेगा।

### जनपद न्यायाधीश ने डीएम व एसपी के साथ किया कारागार का निरीक्षण



**बहराइच।** जनपद न्यायाधीश उत्कर्ष चतुर्वेदी ने जिलाधिकारी मोनिका रानी, पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला, सीजेएम शिवेन्द्र कुमार मिश्रा व अन्य अधिकारियों के साथ जिला कारागार का निरीक्षण कर कारागार प्रशासन द्वारा बन्दियों को मुहैय्या करायी जा रही सुविधाओं व कारागार की साफ-सफाई इत्यादि व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कारागार के निरीक्षण के दौरान उच्चाधिकारियों ने पाकशाला सहित विभिन्न बैरकों का भी निरीक्षण किया। पाकशाला के निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई तथा भोजन की गुणवत्ता तथा अन्य व्यवस्थाएं संतोषजनक पायी गईं। जिला कारागार के निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक राजेश यादव, डिप्टी जेलर शेषनाथ यादव, अनीता सक्सेना, देवकान्त वर्मा व माधुरी तिवारी, चिकित्सक प्रवीण पाण्डेय सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

### धूमधाम से मनाया गया विद्यालय का वार्षिकोत्सव



**सुल्तानपुर।** भदैया ब्लाक स्थित प्राथमिक विद्यालय पतीपुर मे धूमधाम से वार्षिकोत्सव मनाया गया। जिसमें स्कूल की छात्र छात्राओं द्वारा सरस्वती वन्दना वीणा के बजैया सुर के रचैया,तथा होली आई होली आई, बड़ा निक लागई देशवा की माटी जैसे मनमोहक गीत पर नृत्य किया गया।स्कूल स्टाफ द्वरा बच्चो को पुरस्कार वितरण किया गया।अवसर पर ब्लाक प्रमुख श्री राजेन्द्र वर्मा , ग्राम प्रधान श्री कमलेश यादव,प्राथमिक शिक्षक संघ भदैया अध्यक्ष अंजनी कुमार शर्मा, प्रधानाध्यापक यासीन बानो ,सहायक अध्यापक सन्तोष चौरसिया, नीलम रावत ,मालती तिवारी एवम अभिभावक गण मौजूद रहे।

### बिजली के खंभे से टकराई कार उड़े परखच्चे, मौत

**कूरेभार,सुलतानपुर।** जनपद अयोध्या से प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग 330 पर बीती रात पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के पास एक तेज रफ्तार कार बिजली के खंभे से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे में गोसाईगंज थाना क्षेत्र निवासी प्रशांत तिवारी पुत्र रामकिशोर तिवारी की मौके पर ही मौत हो गई। वही कूरेभार थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार मिश्रा ने बताया कि परिजनो को घटना की सूचना देकर विधिक कार्रवाई की जा रही है। इस बावत परिजन द्वारा मिली तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

### पूर्व शिक्षक विधायक व उ प्र मा शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश त्रिपाठी का हुआ आगमन

**ललितपुर।** आज राजकीय इंटर कॉलेज ललितपुर के मूल्यांकन केन्द्र पर पूर्व शिक्षक विधायक एवं उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कुमार त्रिपाठी ने जनपद के शिक्षक साथियों से मिलने के लिए आए माध्यमिक शिक्षक संघ जनपद ललितपुर के राजेंद्र सिंह बुंदेला जिलाध्यक्ष, शतेंद्र कुमार सिंघई जिला मंत्री ने पूर्व विधायक का , चंद्रभान यादव , राजीव सैनी जिला मंत्री, विजय सिंह झांसी का माला पहनाकर स्वागत किया गया । इसके बाद मूल्यांकन केंद्र पर भ्रमण करके सभी शिक्षक साथियों से मुलाकात कर उनकी कुशलता के हाल-चाल लिए । पूर्व शिक्षक विधायक सुरेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि संगठन के बदौलत पिछले दिनों श्री धर्मेंद्र कुमार राजकीय शिक्षक की हत्या के विरोध में राजकीय शिक्षक संघ, मध्यमिक शिक्षक संघ, वित्त विहीन शिक्षक संगठनों ने एकजुट होकर मूल्यांकन कार्य का बहिष्कार किया गया जिसके कारण सरकार ने दिवंगत शिक्षक के परिवार को 25 लाख की सहायता राशि, पेंशन तथा शिक्षकों द्वारा कापियो को ले जाने वाले कार्य से मुक्त करने का आदेश सरकार द्वारा जारी किया गया। इस अवसर पर प्रताप सिंह परिहार पूर्व जिलाध्यक्ष, मुकेश कुमार पंथ, रमेश कुमार तिवारी प्रवक्ता, ओम प्रकाश पटेल प्रवक्ता, शिव लखन सहायक अध्यापक, अजब सिंह प्रधानाचार्य, दिवाकर पटेल प्रवक्ता , लवकुश यादव प्रवक्ता , राजकीय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष कमलेश कुमार, अमित शुक्ला प्रवक्ता , श्रीकांत खरे ,लाखन विश्वकर्मा, धर्मराज यादव आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

# आज से होगा बाबा सदन के उर्स का आगाज

- एसडीएम व सीओ ने निरीक्षण कर तैयारियों का लिया जायजा

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** कौमी एकता के प्रतीक अजीमुश्शान हजरत बाबा सदनशाह रहमत उल्ला अलैह का 106वां सालाना उर्स की तैयारियां लगभग हो चुकी हैं। शुक्र वार को उर्स की तैयरियों का एसडीएम सदर चन्द्र भूषण प्रताप सिंह व सीओ सदर अभयनारायण राय ने निरीक्षण कर जायजा लिया। निरीक्षण करने से पहले उन्होंने उर्स कमेटी के साथ बैठक तैयारियों के बारे में जानकारी ली। जनरल सैक्ट्री मोहम्मद नसीम ने विस्तार से उर्स की व्यवस्थाओं के बारे में बताया, जिस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कमियां दूर करने के निर्देश दिए। बैठक के बाद अधिकारियों ने निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान उर्स में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के अलावा अन्य व्यवस्थाओं का नरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान अल्पसंख्यक अधिकारी थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक शशि भूषण, यातायात प्रभारी अलोक कुमार तिवारी, सिविल लाइन चौकी इंचार्ज विवेक धामा, उर्स कमेटी सदर हाजी बाबू बदरुद्दीन कुरैशी, नायब सदर अब्दुल रहमान कल्ला, अबरार अली, शाकिर अली, सरवर घड़ीसाज, जनरल सैकेट्री समीरकान्त चौबे, राजकुमार, राजू सिंधी, हमीद मंसूरी, इरशाद मंसूरी, शाकिर मंसूरी, हाजी सईद मंसूरी, इमरान मंसूरी, रज्जब अली शाह के अलावा अन्य लोग मौजूद रहे। आफताफ हाशमी, सावरी ब्रदर्स, सरफराज चिश्ती संभल मुरादाबाद, शाकिव अली मेरठ कब्बल करेंगे फन पेश उर्स मुबारक के आगाज पर प्रमुख शायरों मे अबरार कासिम जौहर कानपुरी, इकबाल अजहर देहलवी, शकील आरिफी फर्रुखाबाद, कमल वर्मा, शाहिद अंजुम हिमाचल प्रदेश, राजीव रियाज प्रतापगढ़ी, अबरार दानिश मोहदबी, शकील झांसबी, वसीम झंझॉनबी पहली अप्रैल को कबबाल आफताफ हाशमी सावरी ब्रदर्स, 2 अप्रैल को सरफराज चिश्ती संभल मुरादाबाद, 3 अप्रैल को शाकिव अली मेरठ प्रोग्राम में शिरकत करेंगे। हर वर्ष की भांति 4 अप्रैल को आयोजित होने वाली इज्तिमाई शादियों की तारीख में रमजान मुबारक शुरू होने वजह से अब 14 अप्रैल की कार्ययोजना तैयार की गयी, जिसमें जोड़ों के पंजीयन भी शुरू हो गये हैं।

## गृहमंत्री अमित शाह के मामले में नही हो सकी सुनवाई

**सुलतानपुर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह व दो अन्य के खिलाफ दायर मानहानि केस में शुक्र वार को तलबी बहस नही हो सकी। कोर्ट ने सुनवाई के लिए अगली तारीख नियत की है ।मामले में परिवादी व उसके दो गवाहों की गवाही हो चुकी है । यूथ कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष वरुण मिश्र ने गृहमंत्री अमित शाह , पूर्व जिला पंचायत सदस्य अजय जायसवाल और विनय मालवीय के खिलाफ फरवरी 2018 को कोर्ट में परिवाद दायर किया था। परिवादी का आरोप है कि गृहमंत्री अमित शाह ने 10 जून 2017 को छत्तीसगढ़ में महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। अजय जायसवाल और विनय मालवीय पर सोशल मीडिया में टिप्पणी करने का आरोप है।

# जीजीआईसी में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज में वार्षिक परीक्षाफल का परिणाम घोषित कर दिया। विद्यालय के सभागार में आयोजित कार्यक्र म की अध्यक्षता प्रधानाचार्या पूनम मलिक ने की। इस दौरान कक्षा 1 से 8 व 9 और 11 वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। परीक्षा परिणामों में कक्षा 1 में प्रथम नसरीन बानो, द्वितीय स्थान पर हया फातिमा तृतीय स्थान पर आयत रही। कक्षा 2 मे प्राची प्रथम अपेक्षा द्वितीय स्थान पर व तृतीय स्थान पर शिफा रही। कक्षा 3 में प्रथम खुशनुमा द्वितीय स्थान पर मनोरम व तृतीय स्थान पर आयशा रही। कक्षा 4 प्रथम राधा द्वितीय स्थान पर इलमा व तृतीय स्थान पर समरीन रही। कक्षा 5 प्रथम रहनुमा द्वितीय स्थान पर भावना व तृतीय स्थान पर शालिनी रही। कक्षा 6 प्रथम साधना द्वितीय स्थान पर तनिश अली व तृतीय स्थान पर साइना खां रही। कक्षा 7 में प्रथम अर्सिफा द्वितीय स्थान पर लतापाल व तृतीय स्थान पर इलमा रही। कक्षा 8 प्रथम महक द्वितीय स्थान पर निहारिका व तृतीय स्थान पर रौनक रही। कक्षा 9 में प्रथम स्थान पर इच्छा नामदेव, द्वितीय स्थान पर सोनाक्षी पटेल, तृतीय स्थान पर निकिता रही। कक्षा 11 में प्रथम स्थान पर दिशि गोस्वामी, द्वितीय स्थान पर रौनक कुशवाहा,व दीपांशी एवं सोनम राजपूत सयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रही। विद्यालय की प्रधानाचार्या ने बालिकाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुये मन लगाकर आगे पढ़कर अपने माता पिता का व विद्यालय का नाम रोशन करने की प्रेरणा दी। साथ ही छात्राओं को पुरुस्कार वितरित किया। इस दौरान अर्पिता जैन, शिखा कौशल, मनीष वर्मा, प्रियंका गौरव, गायत्री रैकवार, रितु गुप्ता, शिवानी सक्सेना, पारुल जैन, सावित्री पटेल, नूपुर श्रीवास्तव, मायंका कुमारी, अनिता कुमारी, शशि दुबे, शाहनवाज, श्रुति यादव, अनुराधा, सुनैना पंथ, सविता भोंडले, खुशबू फलक, आशीष तिवारी, अंजलि पुरोहित, संजय, नेहा परिहार, राधा निगम, सीमा वर्मा, रानी योगी, स्वाति श्रीवास, रितु मिश्रा, रमा गोस्वामी, कदंबिनी तिवारी, अंजुम खान, नीलू जैन, सुरभि राजा, साहिबा, कीर्ति, आरती खरे, रश्मि, कविता राजपूत, आयशा, अंजना, पूजा श्रीवास, रुकसाना के अलावा अभिभावक संघ जिलाध्यक्ष रहीश खान, धरनीधर द्विवेदी, रानू बरया, इरशाद खान, लल्लूराम गुप्ता, रवि पंथ आदि उपस्थित रहे।

# दो बच्चे अटल आवासीय विद्यालय में हुए चयनित

अवधनामा संवाददाता

**बिरधा (ललितपुर)।** श्रम विभाग द्वारा संचालित अटल आवासीय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा में विकास खण्ड बिरधा के पूर्व माध्यमिक विद्यालय करमरा के छात्रों नें विधालय सहित गांव का नाम रोशन किया। बताते चलें कि उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्णाय कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए 3 मार्च को जी.आई.सी.में आयोजित प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। जिसमें ग्राम करमरा स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय के कक्षा 6 के छात्र कृष्ण कांत सिंह लोधी एवं कक्षा 8 में रितिक राजा ने परीक्षा उत्तीर्ण की। पूर्व माध्यमिक विद्यालय का वार्षिक परीक्षा फल घोषित किया गया, जिसमें विद्यालय प्रबन्ध समिति सहित विधालय स्टाफ ने चयनित बच्चों को माला पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान विद्यालय इंचार्ज प्रधानाचार्य असलम खां, धर्मपाल सिंह निरंजन, इकबाल खां, आरती, अर्चना विद्यालय स्टाफ एवं एसएमसी पदाधिकारी कपूरी देवी, छत्रपाल सिंह, ब्रजभान सिंह, कैलाश रजक, साबित्री देवी, गेदारानी, रामसखी आदि लोग उपस्थित रहे। गुरूजनों के प्रयासों से हुआ चयन छात्र कृष्णकांत ने कहा कि मैं बहुत गौरव तथा खुशी की अनुभूति कर रहा हूं।

## मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**राठ।** नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आज राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्र म के अंतर्गत इंटरनेशनल बाइपोलर दिवस के अवसर पर जन जागरूकता हेतु मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मानसिक रोग से सम्बंधित आने वाले दर्जनों मरीजों की काउंसलिंग कर उन्हें दवाएं उपलब्ध कराई गई। अधीक्षक डॉ0 अखिलेश कुमार ने आयोजित मानसिक स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ कराया। इस दौरान मनोवैज्ञानिक डॉ नीता ने बताया कि आज विश्व बाइपोलर दिवस के अवसर पर आयोजित मानसिक स्वास्थ्य शिविर में मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित लगभग दो दर्जन मरीजों की काउंसलिंग की गई।

# पेयजल समस्या का निरीक्षण करने पहुंचे जल संस्थान के अधिशासी अभियंता

अवधनामा संवाददाता

- पार्षद व मोहल्लेवासियों वाले कई दिनों से नलों में नहीं टपका पानी



**ललितपुर।** गर्मी शुरू होते ही शहर में पेयजल संकट गहराने लगा है। वार्ड नंबर 17 सिविल लाइन द्वितीय में कई स्थानों पर कई दिनों से पानी नलों में नहीं टपका है।

पानी नहीं आने से मोहल्लेवासी बूंद-बूंद को परेशान हो रहे हैं। दूर दराज से पानी लेने को मजबूर हैं। वार्ड के पार्षद ने पेयजल समस्या की सूचना जल संस्थान के अधिशासी अधिकारी को दी, जिसके बाद अधिशासी अभियंता ने शुक्र वार की सुबह वार्ड नंबर 17 में पहुंचकर पेयजल समस्या को देखा और मोहल्लेवासियों से वार्ता कर समस्या के निस्तारण का आश्वासन दिया।

सिविल लाइन द्वितीय वार्ड नंबर 17 में पेयजल समस्या को लेकर शुक्र वार की सुबह 7 बजे अधिशासी अभियंता जल संस्थान शिवराज वर्मा वार्ड में पहुंचे। उन्होंने देवगढ़ रोड स्थित आरएमएस वाली गली व ओवरब्रिज के पास पहुंचकर लोगों से वार्ता की। इस दौरान मौके पर मौजूद पार्षद कुन्दन पाल ने पेयजल समस्या से अवगत कराते हुए बताया कि कई वर्षो से क्षेत्र में पेयजल समस्या बनी हुयी है। जिससे लोगों को पेयजल के लिए परेशान होना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि दूर दराज में लगे हैंडपंपों से पानी लाना पड़ रहा है। क्षेत्र में लगे हैंडपंप भी खराब पड़े हैं, टैंकर भी कई कई दिनों तक नहीं पहुंच रहे हैं। उन्होंने आगे बताया कि कपिल गेस्ट हाऊस के पीछे रवि चौबे, राजू चौबे के मकान के पास, वर्णी कालेज व क्षेत्रपाल मंदिर के पीछे, पुराने सूचना केन्द्र के पास पेजयल समस्या होने लगी है।

इस दौरान अधिशासी अभियंता जल संस्थान ने पेयजल समस्या के निदान का आश्वासन दिया।

# पढ़ोरी व सिसोलर गांव में अधिकाधिक मतदान के लिए प्रेरित करते हुए निकाली मतदाता जागरूकता रैली

अवधनामा संवाददाता

**मौदहा हमीरपुर।** आगामी लोकसभा चुनावों के दृष्टिगत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारी अपने अपने कार्य क्षेत्र में जुटे हुए हैं तथा अपने अपने क्षेत्र में सर्वाधिक मतदान कराने के लिए भी तैयार हैं। वहीं शनिवार को विकासखंड कार्यालय के पढ़ोरी व सिसोलर गांव में खंड विकास अधिकारी ने अपने मातहतों के साथ मतदाता जागरूकता रैली निकाल ग्रामीणों को अधिकाधिक मतदान करने के लिए प्रेरित करते हुए जागरूक किया।




बताते चलें कि लोकसभा चुनावों के ऐलान के बाद हमीरपुर लोकसभा चुनाव पांचवें चरण में सम्पन्न होना है जिसके बाद जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार विभिन्न विभागों के जिम्मेदार अधिकारी अपने अपने क्षेत्र में अपने मातहतों के साथ मतदाता जागरूकता रैली निकालकर लोगों को जागरूक करने में जुटे हुए हैं जिससे इस बार जनपद में मतदान प्रतिशत सर्वाधिक हो सके। इसी क्रम में खंड विकास अधिकारी दुर्योधन ने ग्राम पंचायत पढ़ोरी तथा सिसोलर में ब्लॉक मिशन मैनेजर आशुतोष, पंचायत सचिव ब्रजेश शुक्ला, दिगंबर सिंह, सहायक विकास अधिकारी जगदंबा प्रसाद के साथ गांवों के स्कूली बच्चों तथा अध्यापकों की मदद से हांथो में तख्तियां, बैनर लेकर गांव की विभिन्न गलियों से घूमते हुए लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया तथा लोकसभा चुनाव में इस बार सर्वाधिक मतदान करने के लिए प्रेरित भी किया। वहीं खंड विकास अधिकारी ने लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है जहां प्रत्येक पांच वर्षों में सभी तरह के चुनाव सम्पन्न होते हैं और आप सभी लोग अपने पसंद के जनप्रतिनिधि को चुनकर अपना नुमाइंदा बनाकर देश की संसद में पहुंचाएंगे जो आपके हक की बात वहां पर उठाकर आप लोगों के हित के कामों को पूरा करने के लिए कटिबद्ध रहेगा, जिसके लिए मतदान करना अति आवश्यक है। इस दौरान दोनों ग्राम पंचायतों में स्थित विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, सहायक अध्यापक, शिक्षा मित्र सहित विद्यार्थी मौजूद रहे।

## ट्रक व बाइक की टक्कर में एक की मौत एक घायल

**मौदहा।** मुस्करा थाना क्षेत्र के बसवारी गांव के पास सड़क दुर्घटना में एक बाइक सवार की मौत हो गयी जबकि दूसरा युवक घायल हो गया। इस घटना में एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। पुलिस की मदद से घायल को सीएचसी मुस्करा भेजा गया।

मुस्करा थाना प्रभारी ने बताया कि आज करीब 1.30 बजे बाइक सवार सचिन 35 वर्ष पुत्र प्रेमनारायण राजपूत अपने चचेरे भाई सुनील 40 वर्ष पुत्र टेकचन्द्र राजपूत निवासीगण ग्राम बिलगावं थाना जलालपुर अपने रिश्तेदार सुसेन्द्र राजपूत निवासी ग्राम बसवारी से मिलकर वापस अपने गांव जा रहे थे। तभी बसवारी गांव में ही रास्ते में तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आ गये। सूचना पर पुलिस ने दोनो घायलों को एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी मुस्करा पंहुचाया। जहाँ पर चिकित्सकों ने सुनील को मृत घोषित कर दिया है। घायल सचिन की हालत सामान्य बतायी जा रही है।

# पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर अनुमति प्रदान की जायेगी

अवधानामा संवाददाता

**हमीरपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल पाण्डेय की अध्यक्षता में लोकसभा सामान्य निर्वाचन -2024 के दृष्टिगत जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ बैठक आयोजित की गयी। बैठक में अपर जिलाधिकारी विजय शंकर तिवारी, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे सुरेश कुमार अपर जिलाधिकारी न्यायिक डॉ नागेन्द्र नाथ यादव सहित समस्त दलों के अध्यक्ष एवं सदस्य उपस्थित रहे। सुरेश कुमार द्वारा समस्त राजनैतिक दलों को अवगत कराया गया कि चुनाव प्रचार की अनुमति अवश्य रूप से लेलें। बिना अनुमति प्रचार नहीं किया जायेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा



अवगत कराया गया कि सभी अनुमति आनलाइन एवं आफलाइन माध्यम से ली जा सकती हैं। आनलाइन माध्यम से आवेदन कैसे करें के सम्बन्ध में किसी भी जानकारी के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं। चुनाव से पूर्व बैठक किये जाने हेतु, चुनाव कार्यालय खोलन के लिए, प्रचार वाहन के लिए, रैली/जुलूस के लिए, वाहनों की अनुमति, लाउडस्पीकर /बैनर इत्यादि एवं नुक्कड़ नाटक इत्यादि के लिए भी अनुमति लेना आवश्यक है। अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे द्वारा समस्त राजनैतिक दलों को अवगत कराया गया कि कोई भी अनुमति लेने के लिए आवेदन करना अत्यन्त आवश्यक है। आवेदकों को पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर अनुमति प्रदान की जायेगी।

# भाजपा विधानसभा संचालन समिति की बैठक हुई संपन्न



अवधनामा संवाददाता

**राठ।** भाजपा की विधानसभा संचालन समिति बैठक हमीरपुर रोड स्थित हिन्द एंजिल्स पब्लिक स्कूल में आयोजित की गई। जिसमें भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अनिल यादव ने संबोधित किया। साथ ही लोस चुनाव को लेकर आवश्यक सुझाव दिए।

क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अनिल यादव ने कहा कि विधानसभा संचालन समिति के प्रत्येक पदाधिकारी को अपने कार्य की जानकारी होना अति आवश्यक है। उन्होंने बताया कि बूथ की संरचना पार्टी की अहम कड़ी है। जिलाध्यक्ष सुनील पाठक ने कहा कि हमें बूथ के प्रत्येक पन्ना प्रमुख से संपर्क करके बूथ के मतदाताओं से वोट करने की अपील करनी है। जिससे विधानसभा के सभी बूथों पर वोट प्रतिशतता बढ़ेगी। विधानसभा प्रभारी शैलेंद्र कुमार पांडेय ने पार्टी की नीतियों का बखान किया।

संचालन जिला महामंत्री नवेंद्र सिंह ने किया। इस दौरान प्रियम मिश्रा, रामहेत राजपूत, अरविंद मुखिया, राकेश मिश्रा, महेंद्र शुक्ला, उमाकान्त राजपूत, अभिषेक तिवारी, के के बंटी, सुनील नगायच, रविंद्र शर्मा, स्वदेश राजपूत, जयशंकर त्रिपाठी, हरचरन अनुरागी, वीरनारायण राजपूत, उदित त्रिपाठी आदि रहे।

## मच्छर भगाने के लिए जलाई आग से भूसा घर हुआ खाक

**हमीरपुर।** सुमेरपुर विकासखंड की ग्राम पंचायत अतरार की गौशाला में बीती रात मच्छर भगाने के लिए जलाई आग से भूसा घर में आग लग जाने से बड़ा हादसा होते-होते बचा। पुलिस एवं फायर ब्रिगेड दस्ते ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। आग से करीब 50 हजार रुपये का भूसा सहित अन्य सामान जलकर खाक हो गया। ग्राम पंचायत अतरार की सचिव अनामिका पांडे ने बताया कि बीती रात पंचायत की गौशाला में बने भूसा घर में अचानक आग लग गई। इसकी सूचना चौकीदार जुराखन एवं शैलेंद्र कुमार ने ग्राम प्रधान अमरचंद वर्मा को दी। ग्राम प्रधान ने घटना से थानाध्यक्ष बिवांर एवं फायर ब्रिगेड को सूचित किया। सूचना पाकर थानाध्यक्ष फायर दस्ते के साथ गांव पहुंचे और आग पर काबू पाया। आग से करीब 50 कुंतल भूसा जलकर खाक हुआ है। पंचायत सचिव ने बताया कि फायर दस्ते ने टीन शेड को काटकर आग पर काबू पाया।

# मझगवां पुलिस की सह पर हो रहा अवैध मोरम खनन



अवधानामा संवाददाता

**राठ।** मझगवां थाना क्षेत्र की सीमा से निकली धसान नदी में कई जगह पुलिस की सह पर अवैध ट्रैक्टर ट्रालियों से जमकर मोरम खनन हो रहा है। दिन रात निकालने वाली ट्रैक्टरों की धमा चौकड़ी से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है।

बताते चलें कि मझगवां थाना क्षेत्र से निकली धसान नदी के किनारे मल्हेटा, कुछेछा, सरगांव इत्यादि गांव पर मोरम निकालने के लिए अवैध तरीके से माफियाओं ने अड्डियां बना रखी है। जिनको कई बार प्रशासनिक अधिकारियों ने तुड़वाकर इस अवैध कार्य को बंद करने का भरकस प्रयास भी किया है। लेकिन लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही मझगवां पुलिस ने अपनी वर्दी का रौब दिखाते हुए सूनी पड़ी इन अड्डियों को खुलवाकर पुनः अवैध मौरम खनन शुरू कर दिया है। रात के समय अवैध मौरम भारी ट्रैक्टर ट्रालियों के गांव के बीच से होकर निकलने से ग्रामीणों में दहशत है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार इसकी शिकायत उन्होंने उच्च अधिकारियों से की है। लेकिन पुलिस की मिली भगत से इनका बराबर निकलना जारी है। जिससे उनमें रोष व्याप्त है।

## क्रांतिकारी श्यामजी कृष्ण की पुण्यतिथि में नमन कर दी श्रृद्धांजलि

**हमीरपुर।** सुमेरपुर कस्बे में वर्णिता संस्था ने श्यामजी कृष्ण वर्मा की पुण्यतिथि मनाकर नमन करके श्रृद्धांजलि अर्पित की। संस्था के अध्यक्ष डा. भवानीदीन ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुये बताया कि वह सच्चे अर्थों में भारत मां के एक समर्पित संघर्षी सपूत थे। उनका जन्म चार अक्टूबर 1857 को गुजरात के मांडवी शहर के पास वलायल गांव में करसन भानुशाली व गोमतीबाई के घर हुआ था। 1905 में वर्मा ने लन्दन में इंडियन होमरूल सोसायटी एवं इंडिया हाउस की स्थापना की। वहां अध्ययन के लिए पहुंचे भारतीय युवाओं को देशभक्ति की शिक्षा प्रदान की। इन्होंने अन्य देशों में रहकर भी भारतीय आजादी के लिए काम किया। यहीं पर इस महान देशभक्त का 30 मार्च 1930 को निधन हो गया। इस कार्यक्रम मे अवधेश कुमार गुप्ता एडवोकेट, अशोक अवस्थी, कल्लू चौरसिया, प्रेम, सागर, सिद्धा, संतोष, आशुतोष, विकास प्रजापति, होरीलाल, दस्सी, रिचा आदि शामिल रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### दुष्कर्म के अभियुक्त को 20 वर्ष की सजा व 20,000 का जुर्माना

**हमीरपुर।** थाना- मौदहा धारा-376डी,342 भा0द0सं0 व 6 पॉक्सो एक्ट में दिनांक 13.06.2015 को थाना- मौदहा जनपद हमीरपुर में पंजीकृत अपराध संख्या- 759/2015, धारा- 376डी,342 भा0द0सं0 व 6 पॉक्सो एक्ट में अभियुक्त वीरेन्द्र पुत्र विशुकरन निवासी ग्राम ढीहा डेरा थाना मौदहा जनपद हमीरपुर के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया।अभियोजन विभाग से समन्वय करके समयबद्ध रूप से साक्षियों का साक्ष्य कराकर प्रभावी पैरवी किये जाने के फलस्वरुप दिनांक- 30.03.2024 को न्यायालय विशेष पॉक्सो एक्ट जनपद हमीरपुर, द्वारा अभियुक्त वीरेन्द्र उपरोक्त प्रत्येक को 20 वर्ष के कठोर कारावास व प्रत्येक को 20,000 रु0 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**मौदहा हमीरपुर।** पुलिस अधीक्षक हमीरपुर के निर्देशन में अपराध नियंत्रण एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना मौदहा पुलिस टीम द्वारा थाना मौदहा में पंजीकृत मु0अ0सं0 66/24 धारा 380/457/411 भा0द0सं0 से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त विजय बाबू पुत्र शिव कुमार निषाद को उसके कब्जे से चोरी के नकदी रुपयें व 01 अदद तमंचा 12 बोर व 02 अदद कारतूस 12 बोर नाजायज के साथ परछा मोड़ से गिरफ्तार किया गया । नाजायज तमंचा/कारतूस के बरामदगी के सम्बन्ध में थाना मौदहा पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 116/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया ।विजय बाबू पुत्र शिव कुमार निषाद निवासी ग्राम नई दिल्ली डेरा पढोरी थाना मौदहा जिला की उम्र 22 वर्ष।

### पंधरी व बदनपुर में निकली मतदाता जागरूकता रैली




**भरुआ सुमेरपुर।** क्षेत्र के ग्राम पंधरी व बदनपुर में स्वीप के अंतर्गत रैली निकालकर ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। प्रभारी बीडीओ ने लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए मतदान के लिए शपथ दिलाई। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शनिवार को ग्रामपंधरी व बदनपुर में मजबूत लोकतंत्र सबकी भागीदारी स्वीप कार्यक्रम के तहत रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ डिप्टी कलेक्टर/ प्रभारी बीडीओ शांतुन कुमार सिनसिनवार ने किया। ई-रिक्शा में माइक लगाकर प्रचार प्रसार किया गया। उन्होंने रैली के साथ में गांव भ्रमणकर मतदान का प्रतिशत बढाने के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया। रैली में शामिल छात्र छात्राएं व महिलायें मतदान बढ़ाने के लिए नारे लिखी तख्तियां लेकर घूमी और गलियों में माइक से नारे लगाए। जिसमें सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो। अपना कर्तव्य निभाएंगे, पहले मतदान कराएंगे। आओ मिलकर अलख जगाएं, शत प्रतिशत मतदान कराएं शामिल रहे। डिप्टी कलेक्टर ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने लिए मतदान जरूरी है। इसके बाद रैली में शामिल लोगों को शपथ दिलाई। इस मौके पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं समूह की महिलाएं शामिल रहीं।

### वरिष्ठ पत्रकार के ऊपर हुआ जानलेवा हमला



**ओबरा/सोनभद्र।** ओबरा थाना अंतर्गत तहसील पारिषर तहसील ओबरा सोनभद्र मे कमाल अहमद वरिष्ठ पत्रकार/ पीएलबी जनपद सोनभद्र के ऊपर हुआ जान लेवा हमला ओबरा पुलिस ने अभी तक नहीं किया मुक़दमा दर्ज। गौरतलब है कि ओबरा थाना अंतर्गत निवास करने वाले वरिष्ठ पत्रकार कमाल अहमद जो तीन दशक से पत्रकार है उनके ऊपर दबंगो द्वारा तहसील परिसर ओबरा जनपद सोनभद्र मे दौडा-दौडा कर पीटा गया। पुलिस ने अभी तक उक्त मामले मे मुक़दमा दर्ज नहीं किया है। उक्त पत्रकार दर- दर भटकने को मजबूर है। उक्त पत्रकार का परिवार दहशत में है। इस घटना को लेकर जनपद के पत्रकारों मे रोष व्याप्त है।

### आगामी लोकसभा चुनाव एवं त्यौहारों को सकुशल संपन्न कराने को की अपील



**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन में शनिवार को जनपद में आगामी लोकसभा चुनाव एवं त्यौहारों को सकुशल संपन्न कराये जाने एवं जनपद में चाक-चौबन्द सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था तथा बालिका/महिला सुरक्षा हेतु जनपद सोनभद्र के थाना कोन क्षेत्र में क्षेत्राधिकारी ओबरा डॉ0 चारू द्विवेदी ने एसएसबी व भारी पुलिस बल के साथ मय दंगा उपकरणों सहित एरिया डोमिनेशन किया गया ।एरिया डोमिनेशन के दौरान प्रमुख मार्गो, चौराहों, बाजारों व भीड़-भाड़ वाले स्थानों आदि पर संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की गहनता से चेकिंग की गई। एरिया डोमिनेशन के दौरान आम जन को आश्वस्त कराया जा रहा है कि जनपद सोनभद्र पुलिस शांति,सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कटिबद्ध है।

# अनपरा प्रो वॉलीबॉल लीग संस्करण-6 का उद्घाटन ऑपरेटिंग क्लब अनपरा में हुआ

अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/अनपरा।** अनपरा प्रो वॉलीबॉल लीग संस्करण -6 का उद्घाटन 29 मार्च क़ो ऑपरेटिंग क्लब अनपरा में हुआ। जिसमे मुख्य अतिथि इं. आर. सी. श्रीवास्तव (मुख्य महाप्रबंधक ) साथ मे नगर पंचायत अध्यक्ष विश्राम प्रसाद वैसवार विशिष्ठ अतिथि के रूप मे इं दूधनाथ (महाप्रबंधक अ ताप, ) इं जे. पी. कटियार (महाप्रबंधक ब ताप )इं आर. के अग्रवाल (महाप्रबंधक द ताप )इं. एस. पी. यादव, इं. पीयूष राय, इं अदालत वर्मा प्रतियोगिता के अध्यक्ष इं. उत्पल शंकर,प्रतियोगिता के सचिव इं दिनेश त्रिपाठी, , प्रतियोगिता के संरक्षक इं. सुशील कुमार सिंह,इं धर्मेंद्र यादव,सभी की उपस्थिति मे हुआ। इस प्रतियोगिता मे अनपरा, डिबूलगंज, बीना, ककरी, रेणुसागर,और आस पास के वॉलीबॉल खिलाडियो को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है।



ये प्रतियोगिता सुरेश चंद्र मिश्र (सचिव सोनभद्र वॉलीबाल संघ )कि एक योजना के तहत स्पोर्टिंग क्लब अनपरा द्वारा 5वर्षो से कराया जा रहा है। जिसमे नए खिलाडियो को भी अपना प्रदर्शन दिखाने का मौका मिलद्य इस प्रतियोगिता मे इं सुनील पांडेय(मालिक टीम स्पाइकर्स ), इं बी. आर. पटेल ( मालिक टीम अटैकर्स ) इं एस के रजक(मालिक टीम डिफेंडर्स ), इं अनिरुद्ध सिंह (मालिक टीम ब्लॉकर्स) की भूमिका निभा के इन बच्चों को आगे बढ़ाने का प्रयास किया। पहला मैच टीम ब्लॉकर्स और टीम स्पाइकर्स के बिच खेला गया जिसमे रोमांचक मुकाबले मे टीम स्पाइकर्स ने ब्लॉकर्स क़ो 22-25,25-19,25-18,25-21से हराया। कोच, मैनेजर की भूमिका मे रामाज्ञा यादव, ओमब्रतसिंह,, इंद्रमन प्रसाद जयप्रकाश विश्वकर्मा जफ़रअहमद, देवेंद्र मल्ल , कमलेश कुमार, ओमप्रकाश पांडेय, ने निभाई प्रायोजक संजय सिंह, विक्रमा राम,शिवप्रकाश, अमित सिंह, सतेंद्र यादव रहे। आयोजक समिति मे इं. पवन सिंह, डी. एन. द्विवेदी,पवन चौरसिया, इं जनकधारी इं सतीश सिंह,इं कमलेश, प्रवीण सर, मनोज सर,ओमप्रकाश गुप्ता. जयप्रकाश, आदित्य परमार, अवनीश, धीरज, आकाश सुशील यादव रहे।

## तीन अपराधी छह माह के लिए जिला बदर

**बांदा।** लोकसभा चुनाव को प्रभावित करने वाले अराजक तत्वों पर कार्यवाही तेज करते हुए तीन अभियुक्तों को न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा गुण्डा घोषित कराते हुये छह माह के लिये कराया गया जिला बदर किया गया। एसपी अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में लोकसभा चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए की जा रही कार्यवाही के क्रम में पुलिस द्वारा लगातार ऐसे अराजक तत्वों पर कार्यवाही की जा रही है जो लोकसभा चुनाव को प्रतिकूल तरीके से प्रभावित कर सकते हैं। इसी क्रम में तीन अभियुक्तों को गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए न्यायालय अपर जिलाधिकारी द्वारा छह माह के लिये जिला बदर घोषित कराया गया। गौरतलब हो कि अभियुक्त ठेकिया उर्फ प्रदीप पुत्र राजबहादुर सिंह निवासी ग्राम गहबरा थाना कालिंजर, जंगू उर्फ अरविन्द पुत्र श्यमासुन्दर रैदास निवासी घूरी थाना बिसंडा और तेजराम पुत्र धर्मराज केवट निवासी मोहारी थाना बबेरू लगातार आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त थे।

# दरोगा, लेखपाल सहित दबंग एससी एसटी में तलब



अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** मामला बीजपुर के ग्राम अंजनी का है घटना 27.8. 2023 को मुन्ना सिंह गोड़ की जमीन में लगी धान की फसल को समय करीब 3ः00 बजे दोपहर वहां के रसूखदार प्रभावशाली व्यक्ति बालेश्वर सिंह अपने साथ अमिताभ चांद दरोगा बीजपुड़, लेखपाल राजेश चौबे, विकास चौबे, संतोष यादव को अपने प्रभाव में लेकर जेसीबी लेकर आए और बिना किसी आदेश के जबरन गुंडई के बल पर मुन्ना गौड़ के खेत में लगी धान की फसल को जेसीबी से खुदवा कर जमीन पर पिलर लगा दिए जब पीड़ित व उसके घर वालों ने ऐसा करने से मना किया तो स्ढ्ढ अमिताभ चंद लेखपाल राजेश चौबे,संतोष यादव,विकास चौबे व बालेश्वर सिंह ने मुन्ना सिंह व उनके घर वालों को सबके सामने जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर गाली-गलौज दिए व मार पिट कर,जान माल की धमकी दिए जिस संबंध में थाना बीजपुर में एप्लीकेशन देने पर कोई कार्रवाई नहीं हुई तब मुन्ना सिंह ने अपने विद्वान अधिवक्ता अनिल कुमार मौर्य के माध्यम से माश्न न्यायालय एससी/ एसटी सोनभद्र के समक्ष परिवाद दाखिल किया जिसमें प्रथम दृष्टिया अपराध गठित होने पर माश्न न्यायालय द्वारा अभियुक्तों को धारा 504 506 आईपीसी और 3(1) जी एससी एसटी एक्ट में तलब किया गया है।

# एनटीपीसी-विंध्याचल द्वारा 07 कर्मचारियों के सेवानिवृत होने पर दी गई भावभीनी विदाई

अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/विंध्याचल।** एनटीपीसी-विंध्याचल परियोजना मे दिनांक 30.03.2024 को अपनी दीर्घ सेवा देने के पश्चात कुल 07 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी इस प्रकार से हैं ः- दिनेश कुमार वशिष्ठ, महाप्रबंधक (परियोजना निर्माण), सुरेश कुमार वर्यानी, महाप्रबन्धक (अनुरक्षण), कन्हैया लाल श्रीवास्तव, उप प्रबन्धक (प्रचालन), मथुरा प्रसाद पटेल, अभियंता/एसएलपीएस(रसायन), तेज कुमार कुजूर, अभियंता/ एसएलपीएस (बीएमडी), राकेश सोनी, अभियंता/ एसएलपीएस (प्रचालन) एवं मन्नूलाल बंजारे, सहायक ग्रेड-3(मानव संसाधन)। एनटीपीसी-विंध्याचल प्रबंधन द्वारा सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों का सम्मान परियोजना के उमंग भवन के सभागार में किया गया। स्वागत की कड़ी में परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार एवं मुख्यमहाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण) समीर शर्मा नें सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों का पुष्पमाला से स्वागत किया। साथ ही परियोजना की यूनियन/एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने भी पुष्पमाला पहनाकर अतिथि कर्मचारियों का स्वागत किया। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख(विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार नें सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि एनटीपीसी-विंध्याचल को वर्तमान ऊंचाइयों तक पहुंचाने में आपके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा और एनटीपीसी-विंध्याचल सदा ही आपकी सेवा के लिए आपका कृतज्ञ रहेगा। साथ ही मुख्य महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण) समीर शर्मा नें सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को अपने जीवन की नई पारी की नए सिरे से शुरुआत करने हेतु शुभकामनायें दीं तथा सभी के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इसी कड़ी मे विभागाध्यक्षों ने भी सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को अपने जीवन की नई पारी की नए सिरे से शुरुआत करने हेतु शुभकामनायें दीं तथा सभी के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।सम्मान की कड़ी में सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों का मुख्य परियोजना प्रमुख(विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार एवं अन्य महाप्रबंधकगणों द्वारा फल, शाल एवं स्मृति-चिन्ह से सम्मानित किया। साथ ही सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को सम्मानित करते समय उनके परिजनों को आमंत्रित कर इस भावुक क्षण को उनके लिए यादगार बनाने का प्रयास किया गया। इसके अतिरिक्त सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को एनटीपीसी मे उनके द्वारा दी गई दीर्घ सेवाओं के लिए दीर्घ सेवा प्रमाण-पत्र आदि भी प्रदान किया गया। तत्पश्चात सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों ने बारी-बारी से एनटीपीसी से जुड़ी अपनी यादों को साझा किया। सभी नें एनटीपीसी में अपने बिताए समय को अविस्मरणीय कहा। उन्होने कहा कि उनकी पहचान एनटीपीसी के कारण ही बनी है और वे अपने आप को गौरवान्वित महसूस करते हैं। इसी के साथ सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों ने सभी सहकर्मियों को उनके सहयोग एवं सानिध्य के लिए विशेष तौर से धन्यवाद दिया। अभिनंदन समारोह के दौरान विभागाध्यक्ष, यूनियन एवं एसोशिएशन के प्रतिनिधिगण, सेवानिवृत होने वाले विभाग के कर्मचारीगणों के साथ-साथ एवं उनके परिवार जन भी उपस्थित रहे। अभिनंदन समारोह का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ प्रबंधक (मानव संसाधन) श्रीमती कामना शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में इस क्षण को अविस्मरणीय बनाने के लिए सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों के साथ परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार एवं अन्य महाप्रबंधकगणों के साथ एक सामूहिक एवं सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की व्यक्तिगत फोटोग्राफ भी ली गई।

## होली मिलन समारोह आज, सहभोज भी होगा

**बांदा।** कायस्थ सभा की चित्रगुप्त मंदिर कटरा में अध्यक्ष संतोष कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कार्यकारिणी की बैठक आहूत की गई। इसमें विगत वर्षो की भांति कायस्थ समाज का होली मिलन कार्यक्रम रविवार 31 मार्च को आहूत होगी। महामंत्री पुष्पेंद्र श्रीवास्तव ने कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए बताया कि शाम छह बजे हों मिलन कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। साथ ही सात बजे चित्रगुप्त भगवान की आरती के बाद सहभोज कार्यक्रम चित्रगुप्त मंदिर कटरा में होना है।

# महिला खो-खो चैंपियनशिप में छात्राओं का शानदार प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता

**बांदा।** नई दिल्ली के प्रतिष्ठित इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में 56वीं राष्ट्रीय खो-खो चैंपियनशिप के उद्घाटन समारोह की पूर्व संध्या पर, जिसमें देश भर से 74 टीमों ने भाग लिया, इस कार्यक्रम का उद्घाटन सम्मानित पूर्व अध्यक्ष सुमित्रा महाजन ने किया। भारतीय खो-खो महासंघ (केकेएफआई) के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल और महासचिव एमएस त्यागी ने भी उपस्थिति दर्ज कराई। भागवत प्रसाद मेमोरियल अकादमी (बीपीएमए) की छात्राओं ने उद्घाटन समारोह के दौरान अपनी असाधारण प्रतिभा और सांस्कृतिक कुशलता का प्रदर्शन किया, जिसमें बुन्देलखंड लोक कला को समकालीन नृत्य रूपों के साथ संयोजित किया गया। उनके प्रदर्शन ने न केवल दर्शकों का ध्यान खींचा, बल्कि कार्यक्रम में मौजूद उल्लेखनीय हस्तियों से भी सराहना बटोरी। अध्यक्ष सुधांशु मित्तल और महासचिव एमएस त्यागी ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बीपीएमए छात्राओं की सराहना की,



एक राष्ट्रीय मंच पर अपने स्कूल और बांदा जिले का प्रतिनिधित्व करने में उनके समर्पण और कौशल को प्रोत्साहित किया। खेल समुदाय की एक प्रमुख हस्ती नशरीन शेख ने भी प्रदर्शन के बाद बीपीएमए टीम से मिलने के लिए समय निकाला। विद्यालय चेयरमैन शिवशरण कुशवाहा और संस्थापक शिवकन्या कुशवाहा ने कहा कि यह आयोजन विद्यालय की छात्राओं के लिए अपनी प्रतिभा और समर्पण दिखाने का एक शानदार अवसर था। इस उपलब्धि के अनुरूप, बीपीएमए शैक्षणिक सत्र 2024-25 में सीबीएसई पाठ्यक्रम के अनुसार संगीत और नृत्य पाठ्यक्रम शुरू करेगा, जो हमारे छात्रों के समग्र विकास को और समृद्ध करेगा। प्राचार्या वृंदा विजय जिनराल और पूरा बीपीएमए परिवार उन सभी गणमान्य व्यक्तियों, गुरुओं और समर्थकों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता है जिन्होंने स्कूल के लिए इस गौरवपूर्ण क्षण में योगदान दिया।

# 1657 पेट्रोल पंपों पर मतदाता जागरूकता होर्डिंग स्थापित

अवधनामा ब्यूरो



- सभी विभाग जनपद स्तर तक मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का कर रहे प्रचार-प्रसार
- माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा अब तक 208283 संकल्प पत्र भरवाये गये
- 3783 इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब गठित एवं क्रियाशील
- 80 हजार राशन की दुकानों के माध्यम से किया जा रहा है मतदाताओं को जागरूक
- 25000 पोस्ट आफिस में पोस्टर एवं 73 हेड ऑफिस में स्थापित स्क्रीन के माध्यम से किया जा रहा है लोगों को जागरूक

**लखनऊ।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी उ.प्र. नवदीप रिणवा की अध्यक्षता में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने एवं अधिक से अधिक मतदान करने के लिए मतदाताओं को जागरूक करने हेतु गठित राज्य स्तरीय स्वीप कोर कमेटी की बैठक शनिवार को सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों के साथ संपन्न हुई।

अपने संबोधन में मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सभी विभाग मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों के द्वारा मतदाताओं को जागरूक कर रहे हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से उपलब्ध कराये गये मतदाता जागरूकता संबंधी प्रचार-प्रसार सामग्री के माध्यम से जनपद स्तर पर भी व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मतदान का दिन महत्वपूर्ण होता है, सभी मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान करने हेतु प्रेरित किया जाए।

उन्होंने कहा कि विद्यालयों में 09 और 10वीं क्लास के बच्चों को मतदाता बनने की पूरी जानकारी दी जाए, जिससे 18 वर्ष पूरे होने पर वे प्रेरित होकर मतदाता बनने के लिए आवेदन कर सके। उन्होंने कहा कि बैंकों, एटीएम तथा पोस्ट आफिस में मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों से सबंधित प्रचार सामग्री को प्रदर्शित किया जाये। सभी पेट्रोल पंपों और उचित दर की दुकानों पर मतदान करने हेतु लोगों को जागरूक किया जाय। सभी विभाग अपने वेबसाइट व पोर्टल पर मतदाता जागरूकता संबंधी स्लोगन, वीडियो, संदेश आदि प्रदर्शित करें। स्वीप गतिविधियों में आधुनिक तकनीकों का उपयोग कर प्रदेश भर में व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाय। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि आवास विकास विभाग अपने अधीन समस्त सहकारी आवास समितियों और रेजिडेंट वेलफेयर सोसायटीज के माध्यम से, महिला कल्याण विभाग महिलाओं का मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु मतदाता जागरूकता कार्यक्रम गतिविधियां संचालित करते रहे। खाद्य एवं रसद विभाग, गैस एजेंसियों, पेट्रोल पंपों और राशन की दुकानों के माध्यम से, एयरपोर्ट पर तथा रेलवे द्वारा रेलवे स्टेशनों पर अनाउंसमेंट सिस्टम के माध्यम से मतदाता जागरूकता संबंधी प्रचार प्रसार किया जाये। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों पर मतदाता जागरूकता से संबंधित पोस्टर व बैनर लगाये जायें। नगर विकास विभाग द्वारा चौराहों पर स्थापित साउण्ड बार्क्स पर अनाउंसमेंट सिस्टम के माध्यम से तथा अन्य उपलब्ध माध्यमों से जन जागरूकता कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाये। इससे पूर्व बैठक में बताया गया कि माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा अब तक 208283 संकल्प पत्र भरवाये गये है। 3783 इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब गठित एवं क्रियाशील है।

# सेवा से ही व्यक्ति बनता है महानः अपर महाधिवक्ता

अवधनामा ब्यूरो




**लखनऊ।** व्यक्ति अपने द्वारा किये गए सेवा कार्यो से ही महान बनता है। भारत भूमि पर अनेक महापुरुष हुए हैं जो अपनी सेवा कार्यो के आधार पर ही महान बने हैं चाहे विवेकानंद हो या प्रभु श्री राम सभी ने अपने जीवन आदर्शों पर चलते हुए समाज को एक नई दिशा दी है। यह विचार उत्तर प्रदेश सरकार के अपर महाधिवक्ता कुलदीप पति त्रिपाठी ने बीएसएनवी पीजी कॉलेज (केकेवी) लखनऊ में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्तदिवसीय विशेष शिविर के समापन समारोह में दिए। वे इस समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। बीएसएनवी पीजी कॉलेज लखनऊ की राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष शिविर दिनांक 22 मार्च से 30 मार्च तक आयोजित किया गया जिसमें लालकुआं एवं बाबू बनारसी दास वार्ड के क्षेत्र में जाकर अनेक सेवा कार्यक्रम संचालित किए गए। समारोह की विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित नवयुग कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. मंजुला उपाध्याय ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से समाज के उत्थान हेतु प्रयासत रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने इस अवसर पर यह भी कहा कि वर्तमान समय में चुनाव आचार संहिता लागू है और शीघ्र ही चुनाव होंगे। इसके लिए सभी स्वयंसेवकों को चाहिए कि वह समाज के लोगों को जागरुक करते हुए आधिकारिक मतदान के लिए प्रेरित करें। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर संजय मिश्रा ने कहा कि महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की सभी इकाइयां समाज के लिए संस्थाओं के दायित्व का सम्यक रूप से निर्वहन करते हुए समाज सेवा का कार्य कर रही है। विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान के क्षेत्र संयोजक प्रोफेसर जयशंकर पांडे ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों की चर्चा करते हुए इसे सर्वांगीण विकास हेतु महत्वपूर्ण उपकरण बताया। प्रोफेसर संजीव शुक्ला ने राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों के लिए कार्यक्रम अधिकारियों को बधाई दी।

# नवरात्रि नौ अप्रैल से 17 अप्रैल तक मनायी जायेगी

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** इस बार नवरात्रि नौ अप्रैल से 17 अप्रैल तक मनाया जायेगा। इस दौरान वैष्णो देवी दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ के चलते जम्मूतवी की नियमित ट्रेनों में वेटिंग शुरू हो गई है। श्रद्धालुओं के सामने नवरात्रि में वैष्णो देवी पहुंचने का सफर मुश्किल होता जा रहा है। लखनऊ होकर वैष्णो देवी के लिए विभिन्न शहरों से आठ ट्रेनें चलती हैं। इनमें दो ही नियमित हैं। बाकी चार ट्रेनें सप्ताह में एक दिन हैं। एक ट्रेन दो दिन और एक तीन दिन चलती हैं। इन सबके बीच नवरात्रि से गोमतीनगर स्टेशन से नई ट्रेनें कटरा तक शुरू करने का सपना अधूरा नजर आ रहा है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रेल मंत्री से अनुरोध कर गोमतीनगर से कटरा के बीच नई ट्रेन की घोषणा की थी। मगर ट्रेन शुरू होने का इंतजार आचार संहिता के लिए बढ़ गया है। लखनऊ से जम्मू जाने वाली ट्रेनें बेगमपुरा एक्सप्रेस प्रतिदिन, कोलकाता जम्मूतवी प्रतिदिन, हिमगिरी एक्सप्रेस बुधवार, शनिवार, रविवार अर्चना एक्सप्रेस मंगलवार व शनिवार, अमरनाथ एक्सप्रेस सोमवार, गाजीपुर वैष्णो देवी एक्सप्रेस शुक्रवार, हमसफर एक्सप्रेस मंगलवार व लोहित एक्सप्रेस मंगलवार को चलेगी।

# प्रथम चरण की 08 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए चुनाव मैदान में 80 उम्मीदवार

- प्रथम चरण के लिए 73 पुरूष उम्मीदवार एवं 07 महिला उम्मीदवार लड़ेंगे चुनाव

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के प्रथम चरण की 08 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 20 मार्च को नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया प्रारम्भ हुई, जिसमें कुल 155 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया। 28 मार्च को नामांकन पत्रों की जांच में 71 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र खारिज हो गए। प्रथम चरण में 30 मार्च, 2024 शनिवार को प्रत्याशियों द्वारा नाम वापसी की जानी थी, इसमें कुल 04 प्रत्याशियों ने अपने नाम वापस लिए। जो कि लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 1-सहारनपुर से 02 प्रत्याशियों ने नाम वापस लिए, इसमें भूपेन्द्र सिंह एवं संजय हैं। इसी प्रकार 2-कैराना से 01 प्रत्याशी इसरार और 6-मुरादाबाद लोकसभा सीट से भी एक प्रत्याशी वकी रशीद ने अपना नाम वापस लिया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रथम चरण की 08 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 30 मार्च को नाम वापसी की अंतिम तिथि के पश्चात कुल 80 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इसमें 73 पुरूष उम्मीदवार और 07 महिला उम्मीदवार हैं। उन्होंने बताया कि निर्वाचन लड़ने वाले सभी उम्मीदवारों की सूची प्रारूप 7क तैयार कर सभी उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह भी आवंटित कर दिए गए हैं। प्रथम चरण की 08 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 19 अप्रैल, 2024 दिन शुक्रवार को मतदान होगा।

# रमज़ान के आखिरी अशरे की अहम इबादत ऐतिकाफ है

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** रमजान के आखिरी अशरे की अहम इबादत ऐतिकाफ है। ऐतिकाफ का वक्त 20 रमजान को सूरज डूबने के बाद से शुरू हो जाता है और ईद का चांद दिखने तक रहता है। आखिरी अशरे का ऐतिकाफ सुन्नत है, यानि अगर किसी मोहल्ले या गांव की मस्जिद में कोई ऐतिकाफ करे तो सुन्नत अदा हो जाएगी, लेकिन अगर किसी ने नहीं किया तो पूरा मोहल्ला या गांव गुनहगार होगा। यह बात इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया के चेयरमैन और इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने कही। मौलाना खालिद रशीद ने कहा कि आखिरी अशरे की पांच ताक रातों में शबे-कद्र की तलाश करना चाहिए यानि 21, 23, 25, 27 और 29 रमजान मुताबिक 31 मार्च, 2 अप्रैल, 4, 6 और 8 अप्रैल में से कोई एक रात शबे-कद्र होगी। इस बरकत वाली रात के लिए खुदा ने फरमाया है, शबे-कद्र हजार महीनों से बेहतर है। यानि इस एक नूरानी रात में इबादत का सवाब 83 साल 4 महीने से अधिक है। रसूले अकरम का इरशाद है कि जिस शख्स ने शबे-कद्र में ईमान के साथ और सवाब की उम्मीद के साथ कयाम किया तो उसके पिछले गुनाह माफ कर दिये जाते हैं। मौलाना ने ईद की नमाज से पहले फितरा अदा करने की अपील की जिससे जरूरतमंद लोग भी ईद की खुशियों में शरीक हो सकें।

## वैजयंत जय पांडा ने समीक्षात्मक चर्चा की

**लखनऊ।** भारतीय जनती पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के प्रभारी वैजयंत जय पांडा ने शनिवार को भाजपा प्रदेश मुख्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों व अभियानों की प्रदेश टोलियों के साथ समीक्षात्मक चर्चा की। इस दौरान प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह, लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक स्वतंत्र देव सिंह, प्रदेश के सहप्रभारी संजीव चौरसिया, संजय भाटिया एवं रमेश विधूड़ी, लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश सहसंयोजक जेपीएस राठौर ने चुनाव प्रबंधन, प्रवास कार्यक्रम विभाग, प्रचार विभाग सहित विभिन्न कार्यक्रमों व अभियानों की प्रदेश टोली के साथ बूथ अध्यक्ष सम्मेलन, प्रबुद्ध सम्मेलन, घर-घर सम्पर्क अभियान, टिफिन बैठक, मोर्चो बैठकें, की-वोटर्स सम्पर्क, लाभार्थी सम्पर्क सहित विभिन्न अभियानों पर चर्चा की।

# निकाला गया गिलीम के ताबूत का जुलूस

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** अमीर-उल-मोमेनीन हजरत अली (अ.स.) को जरबत (तलवार) मारे जाने की याद में शनिवार को तड़के बड़ी अकीदत के साथ गिलीम के ताबूत का जुलूस निकाला गया। जिसमें में हजारों पुरूषों के अलावा पर्दानशीन महिलाओं व बच्चों ने काले लिबास पहने शिरकत की। मस्जिदे कूफा काजमैन से निकाला गया यह ताबूत इमामबाड़ा हकीम सैयद मोहम्मद तकी ले जाया गया। जुलूस को निकलवाने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये थे। जुलूस से पूर्व सुबह 4.28 बजे मस्जिद में कारी ताहिर जाफरी ने फज्र की अजान दी। अजान होते ही मस्जिद परिसर नमाजियों से खचा-खच भर गया। मौलाना जहीर अहमद ने नमाज अदा करायी और मौलाना मुत्तकी जैदी ने मजलिस को खिताब किया। उन्होंने जब 19वीं रमजान को हजरत अली (अ.स.) पर सुबह की नमाज के दौरान अब्दुर्रहमान इब्ने मुल्जिम ने जहर से बुझी तलवार से वार करने का मंजर बयान किया तो अजादार रोने लगे। मजलिस के बाद जैसे ही कंबल में लिपटा ताबूत बाहर आया तो अजादार ताबूत का बोसा लेने लगे। अब यह ताबूत अपनी मंजिल के लिए बढ़ने लगा। जुलूस के आगे %जुलूसे शबीह ताबूत÷ का काला बैनर चल रहा था। मर्सियाख्वानी और आंसुओं के साथ यह जुलूस मंसूर नगर, गिरधारी सिंह इंटर कालेज, संजीवनी अस्पताल बिल्लौचपुरा व नक्खास होते हुए पाटानाला के पास पहुंचा। जहां पुरुषों ने ताबूत महिलाओं को सौंप दिया जिसे वह इमामबाड़ा हकीम सैयद मोहम्मद तकी ले गयी। जहां दिनभर अजादारों ने की जुलूस की जियारत। जुलूस के साथ हजरत अब्बास (अ.स.) के अलम भी थे। रास्ते के दोनों ओर ताबूत की जियारत करने वालों का हुजूम था। ताबूत देख हर आंख से आंसू जारी हो जाते थे। इसके बाद अलविदायी मजलिस को मौलाना मीसम जैदी ने खिताब किया। मजलिस खत्म होते ही सीनाजनी के साथ हैदर मौला-या अली मौला की सदाएं गूंजने लगी। इसके बाद नदीम नजफी ने जियारत पढ़ायी।

## इमामबाड़ा अबुतालिब में ताबूत की जियारत आज

अंजुमन गुंचाए मजलूमियां की ओर से इस साल भी इमामबाड़ा अबुतालिब हसन पुरिया में रविवार को मजलिस को मौलाना अब्बास इरशाद रात 10 बजे खिताब करेंगे। अंजमुन के सचिव इमरान अख़तर ने बताया कि मजलिस के बाद ताबूत की जियारत होगी व अंजुमन नौहाख्वानी करेंगी।

## पुराने शहर में गूंजीं या अली मौला हैदर मौला की सदायें

**लखनऊ।** हजरत अली (अ.स.) की शहादत के गम में शहर में हैदर मौला-या अली मौला की सदाएं गूंजती रहीं। इमाम के गम मनाने के लिए अजादार काले लिबास पहने मजलिसों व मातम का आयोजन करके इमाम की शहादत का गम मना रहे हैं। जहां आज सुबह से ही पुरूषों व बच्चे ने विभिन्न कर्बलाओं व इमामबाड़ों में होने वाली मजलिसों में शिरकत की,वहीं महिलाओं ने घरों में नौहाख्वानी की। हर एक घर में यह नौहा पढ़ा गया। %आलमे शबे जरबत ऐ मोमिनों आयी है, तारीक सी दुनिया पर हर सिम्त को छायी है,19वीं रमजान को शब भर मेरे मौला ने तकिये पर सर न रखा और नींद न आयी है। अजाखाने अख्तर हुसैन हसनपुरिया में महिलाओं की मजलिस को जाकिरा सलमा फातिमा ने खिताब किया। इसके बाद ताबूत की जियारत करायी गया। आज सुबह नजफ में हजरत अली (अ.स.) का ताबूत सजा दिया गया। जिसे हसन मिर्जा के ताबूत के नाम से जाना जाता है। यहां मौलाना शौजफ काजिम जरवली व मीसम जैदी ने मजलिस को खिताब किया। सुबह से देर रात तक पुरूषों ने ताबूत की जियारत की और अंजुमन गुंचाए मजलूमिया, काजमिया आबिदया, रौनके दीने इस्लाम और फिरदौसिया आदि ने नौहाख्वानी व मातम किया। इमामबाड़ा लाडो खानम नक्खास व काजमैन में मौलाना मीसम जैदी,अजाखाना जफर रजा हसन पुरिया में मौलाना सैफ अब्बास, इमामबाड़ा नाजिम साहब में मौलाना यासूब अब्बास,कर्बला अजमतुतदौला में मौलाना अब्बास इरशाद ने मजलिस को खिताब किया।

## कल सुबह निकलेगा 21वीं रमजान का जुलूस

**लखनऊ।** हजरत अली (अ.स.) की शहादत की याद में सोमवार को सुबह की नमाज के बाद 21वीं रमजान का जुलूस रौजाए शबीह नजफ रूस्तम नगर से निकाला जायेगा। नजफ के मुतवल्ली अबरार हुसैन व वारिसाने ताबूते हजरत अली कमेटी के महासचिव मुख्तार हुसैन ने बताया कि इस मौके पर मजलिस को मौलाना यासूब अब्बास खिताब करेंगे। मजलिस के बाद महिलाएं ताबूत को रौजे से उठाकर पुरूषों को सौंप देंगी। जुलूस यहां से निकल कर छोटे साहब आलम रोड, कर्बला दियानुतदौला, काजमैन, मंसूर नगर तिराहा, गिरधारी सिंह इंटर कालेज, संजीवनी अस्पताल से दाहिने मुड़कर हैदरगंज, बुलाकी अड्डा होते हुए कर्बला तालकटोरा पहुंचेगा जहां ताबूत को दफ्न किया जायेगा। अजादार दिन भर कर्बला पहुंच कर हजरत अली (अ.स.) की तुरबत पर फातेहा पढ़ेंगे।

# शहादते मौला अली पर दो दिवसीय मजलिस का आयोजन



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** कुरान में अल्लाह रब्बुल इज़्ज़त का इरशाद हो रहा है की ए ईमान वालों अल्लाह की इतात करो रसूल की इतात करो और साहबे अम्र की इतात करो और सच्चों के साथ हो जाओ यह बयान मौलाना नज़हत हुसैन बहिशते जहरा इमाम बाड़े में कर रहे थे। बहिष्ते ज़हरा इमाम बाड़े में ब सिलसिलए शहादत अमीरूल मोमनीन हज़रत अली इब्ने अबू तालिबअ. के दो दिवसीय मजलिस पिछले साल की तरह इस साल भी जारी है।मौलाना ने अपने बयान में कहा की इस्लाम पर जीना कामयाबी नहीं इस्लाम पर मरना कामयाबी है। मौलाना ने अपने बयान में आगे कहा की मौला अली की ज़िंदगी फजीलतों से भरी हुई थी लेकिन मौला अली ने किसी मरहले पर अपने आपको कामयाब नही कहा लेकिन जब 21 रमज़ान को मौला अली को जरबत लगी तो मौला अली अलैहिस्सलाम ने कहा की रब्बे काबा की कसम मैं कामयाब हो गया।दूसरी मजलिस चार बजे आज 20 रमज़ान को मौलाना मोहम्मद अली बयान करेंगे।

# पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर समेत कई महानगरों से चलायेगा कई स्पेशल ट्रेनें



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** होली के बाद वापसी करने वाले यात्रियों की भीड़ को देखते हुए पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर समेत कई महानगरों से स्पेशल ट्रेनें 31 मार्च को चलाने जा रहा है। यह ट्रेनें लखनऊ होकर गुजरेंगी। लम्बी दूरी की ट्रेनों में जनरथ, स्लीपर व एसी के कोच होंगे। जहां दिल्ली, मुम्बई और गुजरात जैसे महानगरों तक यात्री आसानी से पहुंच सकेंगे। यात्री ट्रेनों की ताजा स्थिति के बारे में रेलवे के पूछताछ नम्बर 139 पर संपर्क कर सकते है।

**यह स्पेशल ट्रेनें चलेंगी:**

ट्रेन नम्बर 05023 गोरखपुर से आनंद विहार टर्मिनल के लिए 31 मार्च को ट्रेन नम्बर 05024 आनंद विहार टर्मिनल से गोरखपुर के लिए 1 अप्रैल को ट्रेन नम्बर 05531 रक्सौल से आनन्द विहार टर्मिनल के लिए 31 मार्च को ट्रेन नम्बर 05532 आनंद विहार टर्मिनल से रक्सौल के लिए 01 अप्रैल को ट्रेन नम्बर 05045 लालकुआं से राजकोट के लिए 31 मार्च को ट्रेन नम्बर 05046 राजकोट से लालकुआं के लिए 1 अप्रैल को ट्रेन नम्बर 04061 बरौनी से दिल्ली के लिए 1 अप्रैल को ट्रेन नम्बर 04062 दिल्ली से बरौनी के लिए 31 मार्च को ट्रेन नम्बर 05052 सिकंदराबाद से छपरा के लिए 1 अप्रैल को ट्रेन नम्बर 09196 मऊ से वडोदरा के लिए 31 मार्च को।

## वैष्णो देवी कटरा वाया लखनऊ के बीच चलेगी विशेष ट्रेन


**लखनऊ।** उत्तर रेलवे बनारस से श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा वाया लखनऊ के बीच एक एक फेरे के लिए विशेष ट्रेन चलाने जा रहा है। ट्रेन नम्बर 04085 बनारस से 31 मार्च को दोपहर दो बजे चलकर शाम 07:50 बजे लखनऊ होकर दोपहर साढ़े तीन बजे जम्मूतवी पहुंचेगी। वापसी में जम्मूतवी से ट्रेन नम्बर 04086 श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा से एक अप्रैल को जम्मूतवी से रात 11:20 बजे चलकर अगली शाम 5:55 बजे लखनऊ पहुंचकर रात 11:45 बजे बनारस पहुंचेगी।

# रमज़ान पर किये गये सवालों के जवाब

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया की ओर से दारुल उलूम निजामिया फरंगी महल में रमजान हेल्पलाइन पर सवालों के जवाब इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली की अध्यक्षता में उलमा के पैनल ने दिये। सवाल पूछने के लिए मोबाइल नम्बर 9335929670, 9415102947, 7007705774 और 914 0427677 के साथ ही ई-मेल ramzanhelplinewz@gmail.com और वेबसाइट www.farangimahal.in पर सम्पर्क किया जा सकता है।

**सवाल:** ऐतिकाफ की शरई हैसियत क्या है और किन लोगों पर है?
**जवाब:** ऐतिकाफ सुन्नते मोअक्किदा है और मोहल्ले के तमाम लोगों की जिम्मेदारी है। लेकिन एक आदमी भी ऐतिकाफ कर ले तो सबकी तरफ से काफी होगा।
**सवाल:** शबे-कद्र में कौन सी इबादत करना चाहिए?
**जवाब:** नफल पढ़ें, तिलावते कलामे पाक, बेहतर है कजा-ए-उमरी अदा करें और ज्यादा से ज्यादा दुआएं मांगें।
**सवाल:** सोने-चोदी के जेवर की जकात किस रेट से निकाली जाएगी?
**जवाब:** सोने-चांदी के जेवर की जकात बाजार में जेवर की कीमत के हिसाब से निकाली जाएगी।
**सवाल:** क्या इस्तेमाल होने वाले जेवरात पर भी जकात है?



**जवाब:** जी हां, इस्तेमाल होने वाले जेवरात पर भी जकात है।
**सवाल:** रोजे के फिदये की मात्रा क्या है?
जवाब: एक किलो छह सौ बानवे ग्राम गेहूं अगर किसी गरीब को खाना खिलाना है तो दो वक्त भर पेट खाना खिलाएं।

इसी तरह इदारए शरैय्या फिरंगी महल की हेल्पलाइन पर मौलाना अबुल इरफान फिरंगी महली की अध्यक्षता में उलमा ने लोगों के सवालों के जवाब दिये। सवाल पूछने के लिए मोबाइल नम्बर 9807404508 और 9918117798 तथा ई-मेल firangimahel@gmail.com पर सम्पर्क किया जा सकता है।

**सवाल:** तहज्जुद में कितनी रकअत नमाज पढना चाहिए?
**जवाब:** कम से कम चार और ज्यादा से ज्यादा बारह रकअत नमाज पढ़ी जाती है।

## मौलाना सैफ अब्बास नकवी के नेतृत्व में उलमा के पैनल ने दिये जवाब

कार्यालय आयतुल्लाह सादिक हुसैनी शीराजी की ओर से हेल्पलाइन सवालों के जवाब मौलाना सैफ अब्बास नकवी के नेतृत्व में उलमा के पैनल ने दिये। हेल्पलाइन पर सवाल मोबाइल नम्बर 9415580936, 98390 97407 पर सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक या ई-मेल masael@gmail .com पर पूछे जा सकते हैं। महिलाओं के सवालों के लिए मोबाइल नम्बर 638689 7124 पर सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं।

**सवाल:** क्या शबे-कद्र में 100 रकअत नमाज वाजिब की नियत से पढ़ी जाएगी?
**जवाब:** शबे-कद्र पर नमाज वाजिब की नियत से नहीं पढ़ी जाएगी, लेकिन कोई अपनी कजा नमाज अदा करे तो उसमें वाजिब नियत रहेगी।
**सवाल:** शबे-कद्र पर पढ़ी जाने वाली 100 रकअत नमाज जमाअत के साथ पढ़ी जाना चाहिए?
**जवाब:** अगर शबे-कद्र पर कजा की नियत से 100 रकअत नमाज पढ़ते हैं तो जमाअत के साथ पढ़ सकते हैं। लेकिन मुस्तहब नमाज जमाअत के साथ नहीं होगी।
**सवाल:** कोई औरत अपने पति की इजाजत के बिना ऐतिकाफ करे तो क्या यह सही होगा?
**जवाब:** कोई औरत ऐतिकाफ करे और पति राजी न हो तो ऐतिकाफ सही नहीं होगा।
**सवाल:** क्या बेटों पर मां-बाप की कजा नमाज और रोजे रखना फर्ज है?
**जवाब:** बड़े बेटे पर मां-बाप की नमाज और रोजे रखना वाजिब है।
**सवाल:** क्या फितरे का पैसा गैर सैय्यद को दिया जा सकता है?
**जवाब:** अगर फितरे की रकम गैर सैय्यद को दी जाए तो कोई हर्ज नहीं लेकिन सैय्यद का फितरा सैय्यद को भी दे सकते हैं।

**सवाल:** एक रोजे का फिदया कितना देना चाहिए?
**जवाब:** एक व्यक्ति के लिए प्रतिदिन 60 रुपये।
**सवाल:** सास की तबियत बहुत खराब होने से रोजा नहीं रख सकी तो क्या कजा करें या कफ्फारे के 60 दिनों तक रोजा रखें?
**जवाब:** हर रोजे का फिदया और जब ठीक हो जाएं तो कजा करना होगा।
**सवाल:** रोजे की नियत जुबान से करना जरूरी है या दिल में भी की जा सकती है?
**जवाब:** नियत जुबान से करना बेहतर है दिल में भी की जा सकती है।